RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 342
लखनऊ, बुधवार, 5 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर



फैजाबाद छावनी का नाम बदलकर हुआ अयोध्या छावनी
राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

# बर्फीले तूफान से 10 पर्वतारोहियों की मौत

- उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में स्थित माउंट द्रौपदी का डांडा द्वितीय शिखर पर हुई दुर्घटना, फंसे हुए कई पर्वतारोही बचाए गए

**पायनियर समाचार सेवा।** उत्तरकाशी

**उत्तराखंड** के उत्तरकाशी जिले में माउंट द्रौपदी का डांडा-2 शिखर पर मंगलवार को नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (निम) की 41 सदस्यीय टीम के हिमस्खलन की चपेट में आने के बाद वहां दस शव देखे गए हैं। यह बात नेहरू पर्वतारोहण संस्थान के प्राचार्य ने कही। हालांकि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने चार व्यक्तियों की मौत होने की पुष्टि की है।

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा कि राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के पांच कर्मियों और नेहरू पर्वतारोहण संस्थान के तीन प्रशिक्षकों की एक टीम को खोज और बचाव अभियान संचालित करने के लिए संस्थान के डोकरानी बमक ग्लेशियर आधार शिविर में उतारा गया। उत्तर प्रदेश के सरसावा स्थित भारतीय वायुसेना के आधार शिविर के दो हेलीकॉप्टरों ने भी हिमस्खलन स्थल का निरीक्षण किया और उसके बाद हर्षिल हेलीपैड पर लौट गए। संस्थान के प्राचार्य कर्नल अमित बिष्ट ने कहा कि हिमस्खलन सुबह करीब पौने नौ बजे लगभग 17,000 फुट पर हुआ, जब उत्तरकाशी स्थित निम के 34 प्रशिक्षु ( शेष पेज 4 )



बर्फीले तूफान में फंसे पर्वतारोहियों को निकालने के लिए रवाना होते राज्य आपदा मोचन बल के कर्मचारी

## गुजरात में सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत, सात घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** वडोदरा

**गुजरात** के वडोदरा शहर में मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक कंटेनर ट्रक ने एक तिपहिया वाहन को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो बच्चों समेत 10 लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हुए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दो घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस घटना पर शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना में तिपहिया वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके चलते इसमें फंसे शवों को निकालने में मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि घायलों को शहर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रनी थाने के निरीक्षक एस.आर. वेकारिया ने कहा, दोपहर के समय कंटेनर ट्रक एक कार से टकराने के बाद संतुलन खो बैठा और डिवाइडर तोड़कर सड़क के दूसरी तरफ चला गया और एक चक्र (तिपहिया वाहन) से जा टकराया। हादसे में दो बच्चों और दो महिलाओं समेत 10 लोगों की मौत हो गई। सात अन्य घायलों का अस्पताल में ( शेष पेज 4 )

## पौड़ी में बस खाई में गिरी, भारी जनहानि होने की आशंका

**पौड़ी।** उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के बीरोंखाल इलाके में मंगलवार शाम 45-50 लोगों को लेकर जा रही एक बस के खाई में गिरने से भारी जनहानि की आशंका जताई जा रही है। आपदा नियंत्रण कक्ष ने यह जानकारी दी। वाहन लालढांग से बीरोंखाल के एक गांव की ओर जा रहा था, तभी शादी समारोह के मेहमानों से भरी हुई बस सिमरी मोड़ के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। नियंत्रण कक्ष के मुताबिक, दुर्घटना शाम को करीब साढ़े सात बजे हुई थी। स्थानीय लोगों की मदद से बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है, लेकिन अंधेरे के कारण बचावकर्मियों को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटनास्थल पर रोशनी की कोई व्यवस्था नहीं है और गांव के निवासी अपने मोबाइल फोन की फ्लैशलाइट की मदद से बस में फंसे लोगों को बचाने में जुटे हुए हैं। उनका कहना है कि हादसे में हताहतों की संख्या अधिक हो सकती है। हालांकि, आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और आगे की जानकारी की इंतजार किया जा रहा है।

# जम्मू-कश्मीर में गुज्जर, बकरवाल और पहाड़ी समुदायों को आरक्षण

- जम्मू-कश्मीर के राजौरी की विशाल रैली में केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने किया वादा
- इन समुदायों को नौकरी में आरक्षण मिला तो देश में भाषायी आधार पर यह पहला मामला होगा

**मोहित कंधारी।** जम्मू

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में गुज्जर, बकरवाल और पहाड़ी समुदायों के बीच बढ़ते तनाव को शांत करते हुए सभी को नौकरी में आरक्षण का वादा किया। अगर भाषाई समूह के इस आरक्षण को लागू किया जाता है तो भारत का यह पहला मामला होगा।

केंद्र सरकार को इसके लिए संसद में आरक्षण कानून में बदलाव करना होगा। सीमांत जिले राजौरी में विशाल रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि केंद्र जीडी शर्मा कमेटी की सिफारिशों पर गुज्जर, बकरवाल और पहाड़ी समुदाय को आरक्षण का लाभ देगी। शाह ने अपने भावनात्मक संबोधन में कहा कि अगर पहाड़ी समुदाय को आरक्षण मिलता है तो इससे अनुसूचित जनजाति के गुज्जर और बकरवाल के हित प्रभावित नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि गुज्जर, बकरवाल और पहाड़ी समुदाय को आरक्षण के लिए गठित जीडी शर्मा आयोग ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है, जिसे जल्द लागू किया जाएगा।


शाह ने कहा कि वर्ष 2019 में संविधान की धारा-370 को समाप्त किए जाने से जम्मू कश्मीर में समाज के वंचित तबकों को आरक्षण का लाभ मुहैया कराने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। अब अल्पसंख्यक, दलित, जनजाति, पहाड़ी समुदायों को उनका हक मिलेगा। शाह ने कहा कि न्यायमूर्ति शर्मा आयोग ने सिफारिश की है और इसमें एसटी आरक्षण के लाभ के लिए पहाड़ी, बकरवाल और गुज्जर को शामिल किया है। ये सिफारिशें कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के तुरंत बाद गुज्जर, बकरवाल और पहाड़ी समुदायों को आरक्षण का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने पहाड़ी लोगों को एसटी का दर्जा दिए जाने के नाम पर गुज्जरों और बकरवालों को उकसाने का प्रयास किया लेकिन लोगों ने उनके इरादों को नाकाम कर दिया।

गृह मंत्री ने जम्मू कश्मीर में विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि पहले सिर्फ तीन राजनीतिक परिवार तत्कालीन राज्य पर शासन करते थे, लेकिन अब सत्ता उन 30,000 लोगों के पास है जो निष्पक्ष चुनाव के जरिए पंचायतों और जिला परिषदों के लिए चुने गए हैं। शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर का विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ( शेष पेज 4 )



राजौरी में एक जनसभा को संबोधित करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

## अवकाश सूचना



**विजयादशमी के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में दिनांक 5 अक्टूबर 2022 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 7 अक्टूबर 2022 को प्रकाशित होगा।**

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,065 | ↑ | 1276 | |
| निफ्टी | 17,274 | ↑ | 386 | |
| सोना | 51,718 | ↑ | 980 | /10g |
| चांदी | 61,997 | ↑ | 3790 | /kg |

## क्विक न्यूज

### मुलायम सिंह यादव की हालत अब भी चिंताजनक

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक और पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की हालत अब भी चिंताजनक बनी हुई है। गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती यादव के मंगलवार को जारी स्वास्थ्य बुलेटिन के मुताबिक पूर्व रक्षा मंत्री की हालत अब भी चिंताजनक बनी हुई है और उन्हे सघन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में दाखिल किया गया है। सपा द्वारा ट्वीट किए गए इस बुलेटिन के मुताबिक विशेषज्ञों की एक टीम यादव की स्थिति पर लगातार निगरानी रख रही है। सपा संस्थापक को सांस लेने में तकलीफ और निम्न रक्तचाप की शिकायत पर पिछले महीने अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### आरवीएनएल के पूर्व प्रमुख के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने लोकपाल के आदेश पर रेल विकास निगम लिमिटेड के पूर्व सीएमडी सतीश अग्निहोत्री के खिलाफ पद का दुरुपयोग कर एक निजी कंपनी को 1,100 करोड़ रुपए का अनुचित लाभ पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। अग्निहोत्री को आरवीएनएल से सेवानिवृत्ति के बाद पिछले साल राष्ट्रीय हाई स्पीड रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था, जो सरकार की बुलेट ट्रेन परियोजना का काम संभाल रही है।

# जजों की नियुक्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम में उभरे मतभेद

- मुख्य न्यायाधीश के बैठक आयोजित करने के बजाय पत्र भेजकर सहमति मांगने पर दो सदस्यों ने जताई आपत्ति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** के मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित द्वारा शीर्ष अदालत में चार न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए अपनाई गई प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम में मतभेद उभर आए हैं। इस नियुक्ति के लिए मुख्य न्यायाधीश द्वारा जारी किए गए सहमति मांगने वाले पत्र पर कॉलेजियम के दो न्यायाधीशों ने आपत्ति जताई है।

यह पता चला है कि कॉलेजियम में शामिल दो जजों को नियुक्त किए जाने वाले जजों पर कोई आपत्ति नहीं है, बल्कि वे मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाले चार वरिष्ठतम जजों के कॉलेजियम की बैठक के बजाय पत्र जारी कर सहमति मांगने के अभूतपूर्व तरीके से खफा हैं। अभी तक परंपरा यही रही है कि कॉलेजियम पदोन्नति के लिए नामों पर चर्चा करने के लिए बैठक बुलाता है, जिसमें पांच न्यायाधीशों की सहमति मांगी जाती है। चूंकि कॉलेजियम में शामिल न्यायाधीश दशहरा की छुट्टियों के कारण दिल्ली से बाहर थे, इसलिए मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित ने उन्हें पत्र के माध्यम से चार नए नामों का सुझाव दिया।

जिन नामों पर सुझाव मांगा गया, इनमें उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रविशंकर झा (पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट), संजय करोल (पटना हाईकोर्ट), पीवी संजय कुमार (मणिपुर हाईकोर्ट) और वरिष्ठ अधिवक्ता केवी विश्वनाथन के नाम शामिल हैं। कॉलेजियम की बैठकें शारीरिक रूप से होती हैं, लेकिन 30 सितंबर को तय बैठक आयोजित नहीं हो सकी, क्योंकि न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ की अदालत की कार्यवाही रात 9.30 ( शेष पेज 4 )

# मुख्यमंत्री ने किया कन्या पूजन



**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को नवरात्र में नवमी के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ की विशेष पूजा और कन्या पूजन किया। कन्या पूजन के दौरान मुख्यमंत्री ने छोटी बच्चियों के चरण पखारे, आरती की और उन्हें दक्षिणा तथा उपहार दिए। उसके बाद उन्होंने परम्परानुसार गोरक्षपीठाधीश्वर के तौर पर बटुक पूजा की। आदित्यनाथ ने भगवान शिव का अवतार माने जाने वाले गुरु गोरखनाथ की विशेष पूजा भी की। कन्या पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने सनातन धर्म में महिलाओं की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष में दो बार देवी दुर्गा की नौ दिनों तक पूजा करने की परम्परा सनातन धर्म में महिलाओं के सम्मान की भावना की प्रतीक है। उन्होंने कहा, नवरात्र और विजयादशमी हमें सत्य की राह पर चलने की याद दिलाते हैं और यह ( शेष पेज 4 )

# जम्मू-कश्मीर डीजी (जेल) की हत्या आतंकी घटना नहीं: पुलिस

- 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी की सोमवार रात दोस्त के घर में कर दी गई थी हत्या, आरोपी घरेलू सहायक गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** के महानिदेशक (कारागार) हेमंत के. लोहिया की यहां कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में 23 वर्षीय घरेलू सहायक यासिर लोहार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि शुरुआती जांच से इसके आतंकी घटना होने का कोई सबूत नहीं मिला है। वर्ष 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी सोमवार रात जम्मू के बाहरी इलाके में अपने दोस्त के घर पर मृत पाए गए थे। उनका गला रेता गया था और शरीर पर जलने के भी निशान थे।

केंद्र शासित प्रदेश की जेलों के प्रमुख बनकर लौटे लोहिया (57) की हत्या ऐसे समय की गई है जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह ने कहा कि जम्मू कश्मीर पुलिस द्वारा रातभर चलाए गए बड़े तलाशी अभियान में कारागार महानिदेशक की हत्या के मामले में शामिल आरोपी को यहां कान्हाचक इलाके के एक खेत से पकड़ लिया गया। एडीजीपी ने कहा कि घटनास्थल से एकत्र किए गए सीसीटीवी फुटेज में आरोपी अपराध करने के बाद भागते हुए दिख रहा है। उन्होंने कहा कि लोहार करीब छह महीने से इस घर में काम कर रहा था और अवसादग्रस्त था। अपराध में प्रयुक्त हथियार जब्त कर लिया गया है।

हालांकि, आतंकवादी समूह पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फ्रंट (पीएएफएफ) ने लोहिया की हत्या की जिम्मेदारी ली है। इस पर, अपराध स्थल का दौरा करने वाले पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने संवाददाताओं से ( शेष पेज 4 )

## चुनावी घोषणाओं पर निर्वाचन आयोग ने संहिता में संशोधन का किया प्रस्ताव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मुफ्त** चुनावी सौगातों को लेकर देश में जारी बहस के बीच निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों के समक्ष आदर्श चुनाव संहिता में संशोधन का एक प्रस्ताव रखा है। आयोग ने इसके तहत चुनावी वादों की वित्तीय व्यवहार्यता के बारे में मतदाताओं को प्रामाणिक जानकारी देने को लेकर राजनीतिक दलों की राय मांगी है। सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय दलों को लिखे गए एक पत्र में आयोग ने उनसे 19 अक्टूबर तक उनके विचार साझा करने को कहा है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि वह चुनावी वादों पर अपर्याप्त सूचना और वित्तीय स्थिति पर अवांछित प्रभाव की अनदेखी नहीं कर सकता है, क्योंकि खोखले चुनावी वादों के दूरगामी प्रभाव होंगे। पत्र के अनुसार आयोग ने कहा, चुनावी घोषणा पत्रों में स्पष्ट रूप से यह ( शेष पेज 4 )


# मोदी ने जेलेंस्की से बात की


- कहा: यूक्रेन संकट का सैन्य समाधान नहीं हो सकता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से टेलीफोन पर बातचीत की और इस बात पर बल दिया कि यूक्रेन संकट का कोई सैन्य समाधान नहीं हो सकता। उन्होंने यह रेखांकित भी किया कि परमाणु प्रतिष्ठानों को खतरे में डालने के दूरगामी और विनाशकारी प्रभाव हो सकते हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि मोदी और जेलेंस्की ने यूक्रेन में जारी युद्ध पर बातचीत की और इस दौरान एकबार फिर दोहराया कि वार्ता और कूटनीति के जरिए ही इसका समाधान निकल सकता है। मोदी ने जल्द से जल्द युद्ध की समाप्ति का भी आह्वान किया। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दृढ़ विश्वास जताया कि यूक्रेन संकट का कोई सैन्य समाधान नहीं हो सकता। उन्होंने यह संदेश भी दिया कि भारत किसी भी शांति प्रयास में योगदान देने के लिए तैयार है। मोदी ने इस दौरान संयुक्त राष्ट्र चार्टर, अंतरराष्ट्रीय कानूनों और सभी देशों की क्षेत्रीय एकता व सार्वभौमिकता का सम्मान करने के महत्व को एक बार फिर दोहराया। बातचीत के दौरान मोदी ने यूक्रेन सहित अन्य परमाणु प्रतिष्ठानों की सुरक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि परमाणु प्रतिष्ठानों को खतरे में डालने के जन स्वास्थ्य, पर्यावरण पर दूरगामी और विनाशकारी प्रभाव हो सकते हैं। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की। दोनों नेताओं के बीच पिछले साल नवंबर में ग्लासगो में द्विपक्षीय वार्ता हुई थी।





# रूसी हैकर ने जेईई में की 820 छात्रों की मदद

- सीबीआई ने अदालत में कहा- आरोपी के फोन, लैपटॉप, अतिरिक्त हार्ड डिस्क से खुलेंगे और कई राज
- अधिकारियों ने आरोपी पर जांच में सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया, अदालत ने दो दिन की रिमांड दी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आईआईटी** जैसे भारत के शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन में कथित रूप से हेरफेर करने के आरोपी रूसी नागरिक मिखाइल शार्गिन ने 820 छात्रों को धोखाधड़ी करने में मदद की थी। यह आरोप अदालत में सीबीआई ने लगाया है। दिल्ली की एक अदालत ने हैकर को दो दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया है। इस मामले में अब तक 24 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

सीबीआई ने कहा कि शार्गिन जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। जांच एजेंसी ने अदालत को बताया कि वह एक पेशेवर हैकर है और उसने परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों की प्रणाली तक रिमोट एक्सेस हासिल करने के लिए इलियन सॉफ्टवेयर में सेंध लगाई थी। उधर, आरोपी शार्गिन ने मांग की है कि उसके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच उसकी उपस्थिति में होनी चाहिए। केंद्रीय एजेंसी ने मंगलवार को मिखाइल शार्गिन को अदालत में पेश किया था और साजिश से पर्दा उठाने के लिए उसकी हिरासत मांगी थी। इसके बाद ड्यूटी मजिस्ट्रेट वैभव मेहता ने आरोपी को छह अक्टूबर तक सीबीआई हिरासत में भेज दिया। न्यायाधीश ने कहा कि अदालत का विचार है कि मामले की जांच करने के लिए आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की जरूरत है। अपने आवेदन में आरोपी की पांच दिन की हिरासत का आग्रह करते हुए सीबीआई ने अदालत से कहा था कि उससे फोन, लेपटॉप और अतिरिक्त हार्ड डिस्क में मौजूद डेटा के बारे में पूछताछ करनी है।

सीबीआई ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी ने इस जेईई (मुख्य) की प्रतिष्ठित परीक्षा में कथित छेड़छाड़ के लिए शार्गिन के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया था जिस पर मुख्य हैकर होने का संदेह है। अधिकारियों ने बताया कि जब रूसी नागरिक शार्गिन कजाकिस्तान के अलमाती से दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचा तो आव्रजन ब्यूरो ने सीबीआई को सतर्क किया। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने सोमवार को उसके यहां पहुंचने पर उसे हिरासत में ले लिया। सीबीआई ने कहा कि जांच के दौरान सामने आया कि कुछ विदेशी नागरिक जेईई (मुख्य) समेत कई ऑनलाइन परीक्षाओं में धांधली में शामिल ( शेष पेज 4 )



# समाज को खोखला बना रही राक्षसी प्रवृत्तियां

## विजयादशमी का पर्व हिंदू धर्म को सदैव सत्य, न्याय और धर्म के पर्थ पर चलने की प्रेरणा देता है: सीएम

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर, लखनऊ



**गोरक्षपीठाधीश्वर** और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राम और रावण का युद्ध हर युग में निरंतर चलता है। अन्यायी और अत्याचारी ताकतें अलग-अलग रूप में अलग-अलग कालखंड में पैदा होती हैं। कभी अधर्म के रूप में, कभी रावण के रूप में और कभी कंस, दुर्योधन, आतंकवाद, नक्सलवाद और भ्रष्टाचार के रूप में पैदा होती हैं। यह सभी राक्षसी प्रवृत्तियां हैं। यह समाज को खोखला बना रही हैं। अराजकता को बढ़ावा दे रही हैं।

मंगलवार को विजयादशमी की शोभा यात्रा के बाद रामलीला मैदान में उन्होंने कहा कि विजयादशमी का पर्व सनातन हिंदू धर्म को सदैव सत्य, न्याय और धर्म के पर्थ पर चलने की प्रेरणा देता है। सम और विषम कोई भी परिस्थिति हो। हम गलत मार्ग पर नहीं चलेंगे। सत्य का आचरण करेंगे। न्याय के पथ पर चलेंगे, धर्म के पथ पर चलेंगे। विजय हमारी अवश्य होगी। विजयादशमी इस बात का हजारों वर्षों से हमें अहसास करा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी कल्याणकारी शासन, व्यवस्था का और समाज का यह एक महत्वपूर्ण पहलू होता है। वह समाज की पीड़ा को अपनी पीड़ा के साथ जोड़ता है। राष्ट्र की पीड़ा के साथ अपने आप को जोड़ता है। समाज की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए अपने आपको जोड़ता है। तभी महानता का रास्ता निकलता है। आज हम भगवान राम की पूजा करते हैं, उनकी वंदना कर रहे हैं। इसलिए क्योंकि भगवान राम ने अपने आदर्शों से एक आदर्श प्रस्तुत किया है। हमारे यहां कहा गया है कि रामो विग्रहवान धर्मः यानि धर्म की अगर को परिभाषा है और उसे किसी छोटी सी परिभाषा में सीमित करना हो, धर्म के बारे में जानना हैए तो भगवान राम के चरित्र के बारे में जान लो। सीएम योगी ने कहा कि शारदीय नवरात्रि की नौ तिथियों में जगत जननी मां भगवती के नौ रूपों की पूजा करने के उपरांत विजय दशमी का पर्व आता है। हम देवी के नौ रूपों की पूजा करने के बाद विजय दशमी पर्व के साथ जुड़ते हैं। विजयादशमी का पर्व केवल धर्म और सत्य का ही नहीं था। मातृ शक्ति के सम्मान का भी था। रावण अगर माता सीता का अपहरण करके अपनी मौत को नहीं बुलाता, तो संभवतः कुछ दिन और जीवित रह सकने का अधिकारी बन सकता था लेकिन उसके कृत्यों ने उसके पाप का घड़ा भर दिया था। अंततः उसे प्रभु राम के हाथों मरना पड़ा। यानि मातृ शक्ति के सम्मान का भी विजयादशमी का पर्व प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज का दिन भारत वर्ष का विजय पर्व विजयादशमी है। यह उत्साह और उमंग दिखना भी चाहिए। इस दौरान उन्होंने विजयादशमी पर सबको बधाई और शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि गोरक्षपीठ की परंपरा का निर्वहन करने के लिए मैं एक बार फिर यहां आया हूं। आर्यनगर की यह रामलीला समिति प्रति वर्ष आयोजन के साथ न केवल अपनी विरासत और परंपरा के प्रति अपनी संस्कृति और सनातन धर्म के प्रति अटूट निष्ठा का परिचय देती है बल्कि वर्तमान पीढी का ज्ञानवर्धन और मनोरंजन दोनों का कार्य करती है।



मुलायम सिंह यादव के स्वास्थ्य लाभ के लिए हवन पूजन करते सपा कार्यकर्ता

# त्योहारों के दौरान सुरक्षा को लेकर डीजीपी ने पुलिस अफसरों के साथ की वीडियो कांफ्रेंसिंग




### ● माफियाओं के खिलाफ अभियान, अपराध नियंत्रण व महिला सुरक्षा सहित अन्य बिन्दुओं पर भी विस्तृत चर्चा की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आगामी** त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीजीपी डीएस चौहान ने वरिष्ठ पुलिस अफसरों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग कर विस्तृत दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने यातायात प्रबंधन, अपराध एवं कानून-व्यवस्था, मादक पदार्थों व शराब के तस्करों, बड़े माफियाओं, महिला सुरक्षा सहित अन्य कई बिन्दुओं की भी समीक्षा की। वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान पुलिस मुख्यालय पर एडीजी कानून-व्यवस्था, अपराध, अभियोजन, रेलवे, यातायात भी मौजूद रहे। वहीं वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी जोन के एडीजी और रेंज के आईजी, चारों पुलिस कमिश्नर भी जुड़े थे।

डीजीपी ने जनपद कानपुर आउटर में हुई ट्रैक्टर ट्राली की दुर्घटना में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य कर स्थिति को नियंत्रित करने की सराहना की तथा कानून व्यवस्था की चुनौती में जनपदों में अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों की भी सराहना की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान समस्त एडीजी जोन एवं पुलिस आयुक्तों ने आगामी त्योहारों के संबंध में किए गए पुलिस प्रबंध के सम्बंध में डीजीपी को जानकारी दी। डीजीपी ने त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने एवं माफियाओं,अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुए अपनी महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं से पुलिस अफसरों को अवगत कराया। डीजीपी ने निर्देश दिए कि विभिन्न धर्मों के धार्मिक जुलूसों के मार्ग व समय इत्यादि का वरिष्ठ अधिकारी पूर्ण अध्ययन कर लें एवं उन्हें सकुशल सम्पन्न कराएं। मार्ग की संवेदनशीलता का समुचित अध्ययन कर तदोपरांत ड्यूटी लगाएं। एडीजी जोन, आईजी रेंज स्वयं पुलिस बंदोबस्त का अध्ययन करें। अध्ययन करते समय यह सुनिश्चित करें कि जुलूस में पर्याप्त संख्या में फोर्स लगाई जाए एवं आवश्यकतानुसार वरिष्ठ अधिकारी की ड्यूटी लगाई जाए। ग्राउंड पर लगाई गई ड्यूटियों को एडीजी जोन, आईजी रेंज स्वयं चेक करें। ड्यूटी लगाने में समुचित कम्युनिकेशन प्लान तैयार किया जाए। पुतला दहन के स्थान की भौगोलिक स्थिति का अध्ययन किया जाए और वहां पर समुचित एंट्री एवं एक्जिट प्वाइंट का प्रावधान हो । पुतलों में विस्फ ोटक पदार्थ का इस्तेमाल न हो। रेलवे लाइन के निकट पुतला दहन स्थानें पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। पुतले के ऊपर बिजली के तार न हों। महिलाओं, बच्चों के लिये पृथक स्थान की व्यवस्था करायी जाए। गम्भीर घटनाओं में वरिष्ठ अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और तत्काल कार्रवाई कराएं। घटनाओं के बारे में सम्पूर्ण जानकारी कर समय से मुख्यालय को अवगत कराया जाए।

**तस्करों व माफियाओं के खिलाफ की जाए कठोर कार्रवाई:** वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान डीजीपी ने मादक पदार्थों, शराब तस्करों और माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया इन सभी के खिलाफ गुणवत्तापूर्वक कठोर कार्रवाई की जाए। जेल में बंद माफि याओं की सूची बनाकर उनकी निगरानी कराते हुए कार्रवाई कराई जाए। सोशल मीडिया पर अफ वाहों का खण्डन कराया जाए एवं अफ वाह फैलाने वालों को थाने पर बुलाकर जानकारी प्राप्त की जाए एवं उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाए। अपराध. हत्या की घटनाओं में प्रिवेंटिव कार्रवाई कराते हुए रंजिश के कारणों का निवारण कराया जाए। प्रासिक्यूशन ब्रांच से समन्वय स्थापित करें एवं माफि याओं को सजा दिलाई जाए।

**यातायात प्रबंधन पर दिया जाए विशेष ध्यान:** डीजीपी ने कहा कि त्योहारों में यातायात प्रबन्धन पर विशेष ध्यान दिया जाये । यातायात व्यवस्था सामान्य होने तक लगातार पेट्रोलिंग की जाए एवं पुलिस व्यवस्था बनी रहे। ट्रैक्टर ट्राली धारकों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाए एवं उन्हें सवारी ढोने के लिए इस्तेमाल न करने को प्रेरित किया जाए।

# राज्यपाल ने दुर्गा पूर्जा व दशहरा पर्व पर दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल ने दुर्गा पूजा एवं विजयादशमी (दशहरा) पर्व पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके सुख-समृद्धि की कामना की है। राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा कि यह त्यौहार हमें नैतिकता, अच्छाई और सदाचार के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि विजयादशमी पर्व को सभी लोगों को आपसी प्रेम और सौहार्द से मनाते हुए समाज में व्याप्त बुराइयों एवं कुरीतियों का परित्याग करना चाहिए।

### बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह एवं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने प्रदेशवासियों को विजयादशमी पर्व पर बधाई और शुभकामनाएं दी। भूपेन्द्र सिंह ने विजयादशमी पर्व पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विजयादशमी पर्व हमें मर्यादापुरूषोत्तम प्रभु श्री राम के द्वारा प्रशस्त मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा दशहरा का पर्व हम सभी को असत्य पर सत्य की तथा अन्याय पर न्याय की विजय का सन्देश देता है। श्री सिंह ने कहा कि प्रदेशवासी सदैव की भांति महापर्व को स्वच्छता, सदभावना, उमंग व उत्साह के साथ मनाते हुए आध्यात्मिकता का संदेश देंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी मर्यादा, धर्म, नीति, नैतिकता, आदर्श व सत्य की जय के महापर्व पर सत्य व धर्म के शास्वत मार्ग पर मर्यादा को लेकर आगे बढ़े और सभी के मंगल की कामना से देश व प्रदेश की समृद्धि व आत्मनिर्भरता के लिए अपनी भूमिका सुनिश्चित करें।

### कांग्रेस नेताओं ने दी दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना एवं पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने विजयदशमी के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखी जीवन की कामना की है। शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि दशहरा का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय एवं असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। यह पर्व समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने और सत्य की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। कांग्रेस नेताओं ने समस्त प्रदेशवासियों से इस पवित्र पर्व को आपसी भाईचारा एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने की अपील करते हुए एक बार पुनः उनके उज्जवल एवं सुखमय जीवन की कामना की है।

# प्रदेश में पांच और मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की होगी स्थापना

### ● रायबरेली, गोरखपुर, बरेली, प्रयागराज और लखनऊ में होगी स्थापना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**स्वयं** सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बुंदेलखंड में संचालित बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की सफलता और काशी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी के प्रति महिला किसानों के सकारात्मक रुझान को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में दूध के उत्पादन को बढ़ाने के लिए महिला सामर्थ्य योजना की शुरुआत की है। इसके लिये 200 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। इससे जहां एक ओर प्रदेश की महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी, वहीं दूसरी ओर प्रदेश की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। इस योजना के तहत रायबरेली, गोरखपुर, बरेली, प्रयागराज और लखनऊ में पांच मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की स्थापना का लक्ष्य है। इन सात कंपनियों बलिनी और काशी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी समेत अगले पांच वर्षों में रोजाना करीब 15 लाख लीटर दूध के संकलन का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्य में तकनीकी सहायता के लिए राज्य के ग्रामीण आजीविका मिशन ने राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड की अनुसंगी संस्था एनडीडीबी डेरी सर्विसेस के साथ अनुबंधन किया है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के निदेशक भानुचन्द्र गोस्वामी ने बताया कि प्रदेश के रायबरेली और गोरखपुर में मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की स्थापना हो चुकी है। वहीं बरेली में रजिस्ट्रेशन के लिए प्रारम्भिक कार्यवाही शुरू कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि रायबरेली में स्थापित सामर्थ्या मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी और गोरखपुर में स्थापित श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी के फरवरी में संचालन के लिए तैयारी शुरू कर दी गयी है। इन दोनों कंपनियों के शुरू होने से रायबरेली के आस पास के 7 जिलों रायबरेली, अमेठी, अयोध्या, सुल्तानपुर, फतेहपुर, कानपुर नगर और प्रतापगढ़ और गोरखपुर के आस-पास के 4 जिलों गोरखपुर, महाराजगंज, देवरिया और कुशीनगर के 1 लाख से अधिक महिला किसानों को संगठित दूध व्यवसाय से जोड़ा जाएगा। निदेशक ने बताया कि बरेली में स्थापित होने वाली मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी के आस पास के 6 जिलों बरेली, रामपुर, पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी और सीतापुर के 40 हज़ार से अधिक महिला किसान लाभान्वित होंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि प्रयागराज और लखनऊ के आस-पास के जिलों को इस योजना से जोड़ने के लिए एनडीडीबी डेरी सर्विसेस से डीपीआर के लिए अनुरोध किया गया है और दिसंबर तक इसके लिए स्वीकृति प्राप्त हो जाएगी। इन 5 नयी कंपनियों के साथ-साथ पूर्व में निगमित 2 कंपनियां मिल कर अगले पांच वर्षों में रोजाना करीब 15 लाख लीटर दूध का संकलन करेंगी। इससे जहां प्रदेश की ग्रामीण महिलाएं सशक्त, स्वावलंबी और आत्मनिर्भर होंगी, वहीं इससे प्रदेश की आय में वृद्धि होगी।

# मिथाइल एल्कोहल युक्त विषैले पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह का खुलासा

### ● एसटीएफ ने दो अभियुक्तों को मड़ियांव इलाके से दबोचा, 7000 लीटर विषैला पदार्थ बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एसटीएफ** ने अन्तर्राज्यीय स्तर पर मिथाइल एल्कोहल युक्त विषैला पदार्थ तस्करी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को लखनऊ के मड़ियांव थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से एक टैंकर मय सात हजार लीटर मिथाइल एल्कोहल युक्त विषैला पदार्थ बरामद हुआ।

प्रदेश शासन ने यूपी में अवैध मिथाइल एल्कोहल की तस्करी की रोकथाम के लिए एसटीएफ को निर्देशित किया गया था। शासन ने निर्देशित किया था कि विशेष अभियान चलाकर तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। निर्देशों के क्रम में एसटीएफ की विभिन्न टीमें छानबीन में जुटी हुई थीं। छानबीन के दौरान एसटीएफ को सूचना मिली कि अवैध एल्कोहल से लदा एक कैंटर दिल्ली से आईआईएम रोड पर कैरियर डेन्टल कालेज, घैला के पास आने वाला है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ की टीम ने आबकारी विभाग के साथ मिलकर कैंटर को रोककर धरपकड़ की। कैंटर में 35 ड्रम मिक्स सालवेंट भरा हुआ पाया गया। जिसके संबंध में कागजात मांगने पर कैंटर पर सवार अभियुक्तों द्वारा मिक्स साल्वेंट का पेपर दिखाया गया। आबकारी निरीक्षक के सहयोग से ड्रम को खोलकर चेक किया गया तो मिक्स साल्वेंट से भिन्न तीक्ष्ण अल्कोहल पाया गया। जिसके उपरान्त मौके पर आबकारी निरीक्षक द्वारा नमूना लेकर क्षेत्रीय आबकारी प्रयोगशाला भेजा गया। प्रयोगशाला रिपोर्ट में मिथाइल एल्कोहल की पुष्टि होने पर दोनों अभियुक्तों अंकित साहू निवासी बजरंग बिहार, बुद्धेश्वर, पारा, लखनऊ और आशीष सोनी निवासी मानसरोवर योजना, लखनऊ को गिरफ्तार कर लिया गया। एसटीएफ के अनुसार सात हजार लीटर मिथाइल एल्कोहल युक्त विषैला पदार्थ बरामद हुआ है। एसटीएफ और आबकारी विभाग की संयुक्त पूछताछ पर अभियुक्तों ने बताया गया कि दिल्ली जीएसटी कागजात पर बिना वैध लाइसेंन्स के मिक्स साल्वेंट के नाम पर मिथाइल एल्कोहल लाकर जनपद लखनऊ के आसपास के पेंट की दुकानों पर थिनर के नाम से बेचते थे।

# सदन में न बोलने वाले विधायकों के लिए आयोजित होगा एक दिन का विशेष सत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महिला** विधायकों के लिए एक दिन का विशेष सत्र आयोजित कर इतिहास रचने वाले यूपी विधानमंडल में एक और नई पहल होने जा रही है। ऐसे विधायक जिन्होंने 18वीं विधानसभा के बजट सत्र से लेकर मानसून सत्र तक चुप्पी साधे रखी, उनकी चुप्पी तोड़ने के लिए विधानसभा में एक विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने ऐसे सभी विधायकों का ब्योरा मांगा है जो दोनों सत्रों में एक बार भी अपनी बात नहीं रख सके हैं। ऐसे विधायकों के लिए शीतकालीन सत्र में एक विशेष सत्र रखा जाएगा। विधानसभा के सूत्रों के मुताबिक सत्ता पक्ष व विपक्ष के 100 से अधिक ऐसे विधायक हैं जिन्हें सदन में या तो बोलने का अवसर नहीं मिला या उन्होंने प्रयास ही नहीं किया। महाना का कहना है कि ऐसे विधायकों को अवसर देने के लिए ही नई पहल की जा रही है।

### खाबरी व कांग्रेस के सभी 6 प्रांतीय अध्यक्ष 8 अक्टूबर को संभालेंगे कार्यभार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष बृजलाल खाबरी तथा अन्य छह प्रांतीय अध्यक्ष आठ अक्टूबर को लखनऊ में अपना कार्यभार संभालेंगे। माल एवेन्यु में कांग्रेस के दफ्तर ने इनके कक्ष को तैयार किया जा रहा है। बृजलाल खाबरी के साथ ही छह प्रांतीय अध्यक्षों के नामों की घोषणा एक अक्टूबर को की गई थी। कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष व सभी प्रांतीय अध्यक्षों के कार्यभार संभालने के बाद पार्टी की ओर से राजनीतिक कार्यक्रम जारी किए जाएंगे। इनमें प्रमुख से संगठन को विस्तार देने की दिशा में प्रयास करते हुए नए लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम प्रमुखता से किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस हाईकमान ने बृजलाल खाबरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाने के साथ ही वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी, अजय राय, योगेश दीक्षित, नकुल दुबे, अनिल यादव और विधायक वीरेंद्र चौधरी को प्रांतीय अध्यक्ष नियुक्त किया है।

# गोरखपुर में और तेज होगी औद्योगिक विकास की रफ्तार

## आकार ले रही गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की कार्ययोजना

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर, लखनऊ

**गोरखपुर** आने वाले समय में इंडस्ट्रियल हब बनने के रूप में प्रतिष्ठित होने की दिशा में बढ़ चला है। योगी सरकार की मंशा के अनुरूप गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण गीडा की कार्ययोजना और उसके मुताबिक जारी गतिविधियां इसकी तस्दीक करती हैं। गीडा के वर्तमान औद्योगिक क्षेत्र में तेजी से बिछ रहे उद्योगों के संजाल ले साथ ही औद्योगिक विकास की गतिविधियों बढ़ाने के लिए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप भी आकार लेने लगी है।

इनमें सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप का। गीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पवन अग्रवाल बताते हैं कि इस टाउनशिप को धुरियापार क्षेत्र के 18 ग्रामों में अधिसूचित 8385 एकड़ भूमि के दायरे में बसाया जाएगा। इसके लिए मेसर्स आरईपीएल द्वारा तैयार किया जा रहा मास्टर प्लान अंतिम चरण में है। फाइनल मास्टर प्लान के पूर्व प्री ड्राफ्ट का प्रेजेंटेशन मुख्यमंत्री के समक्ष हो चुका है। फाइनल मास्टर प्लान में कुल क्षेत्रफल में 37.07 प्रतिशत क्षेत्र औद्योगिक, 20.05 प्रतिशत आवासीय, 13.39 प्रतिशत पीएसपी, 5.81 प्रतिशत व्यावसायिक, 14.50 प्रतिशत हरित-खुला क्षेत्र तथा 9.18 प्रतिशत सड़क व अन्य सुविधाओं के लिए प्रस्तावित किया जा रहा है। इस ड्राफ्ट को संबंधित विभागों के पास भेजकर सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे और सुझावों को समाहित कर मास्टर प्लान को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गत दिनों समीक्षा बैठक में भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए थे। मूर्त रूप में आने के बाद यह इंडस्ट्रियल टाउनशिप धुरियापार समेत समूचे गोरखपुर दक्षिणांचल के लिए गेम चेंजर साबित होगी। धुरियापार की पहचान अति पिछड़े क्षेत्र के रूप में रही लेकिन आने वाले दिनों में इसकी ख्याति गोरखपुर के नए औद्योगिक क्षेत्र के गेटवे के रूप में होगी। बीते पांच सालों में देश-दुनिया के कई निवेशकों का रुझान गोरखपुर की तरफ देखते हुए योगी सरकार धुरियापार क्षेत्र को ग्रेटर गीडा बनाने की तैयारी कर रही है। औद्योगिक विकास के साथ ही यहां रोजगार की बहार भी बहेगी। उधर गीडा के वर्तमान औद्योगिक क्षेत्र और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप बड़े निवेश धरातल पर उतरने लगे हैं। निवेशकों के उत्साह को सरकार की उद्योग मित्रवत नीतियों और गीडा प्रशासन की तत्परता का पूरा साथ मिल रहा है। गीडा औद्योगिक सेक्टर 27 में विश्व प्रसिद्ध पेय पदार्थ की कम्पनी पेप्सिको का बॉटलिंग प्लांट लगाने के लिए पेप्सिको की फ्रेंचाइजी मेसर्स वरुण बेवरेजेस को 43.81 एकड़ भूमि आवंटन की प्रक्रिया को एक सप्ताह से भी कम समय में पूरा कर दिया गया। गीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी का कहना है कि एक सप्ताह में कम्पनी को भौतिक कब्जा भी प्रदान कर दिया जाएगा। पेप्सिको के इस बॉटलिंग प्लांट पर 1071 करोड़ रुपये का निवेश होगा और इससे करीब 1509 लोगों को रोजगार मिलेगा। औद्योगिक गतिविधियों को पंख लगाने के लिए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप औद्योगिक गलियारे के ग्राम भगवानपुर में 88 एकड़ क्षेत्रफल में 70 करोड़ रुपये की लागत से प्लास्टिक पार्क की स्थापना होने जा रही है। प्लास्टिक पार्क की स्थापना के लिए भारत सरकार के पेट्रो एवं रसायन मंत्रालय से अनुमोदन प्राप्त हो चुका है। गीडा की तरफ से इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवेलपमेंट के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है और अगले तीन माह में यहां भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। गीडा के सेक्टर 13 में एक जिला एक उत्पाद योजना में शामिल रेडीमेड गारमेंट के उद्यमियों के लिए 2.68 एकड़ भूमि पर 33.92 करोड़ रुपये की लागत से फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स के निर्माण को भी केंद्र सरकार से मंजूरी मिल चुकी है। इस फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स में रेडीमेड गारमेंट की 80 यूनिट लग सकेंगी और 40 मार्केटिंग आउटलेट भी बन सकेंगे।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित।
स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

दक्षिण अफ्रीका बनाम इंडिया के मैच से पूर्व तैयारियां तेज

# मंडलायुक्त पहुंची अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम

● बंधे के अधूरे कार्य और अप्रोच सड़क के कार्य को पूरा करने का निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अटल** बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में होने वाले दक्षिण अफ्रीका और इंडिया के क्रिकेट मैच की तैयारियों का मंडलायुक्त द्वारा स्टेडियम पहुंचकर जायजा लिया गया। मंडलायुक्त द्वारा डीएम के साथ हेलीपैड, पार्किंग, स्टेडियम ग्राउंड, ड्रेसिंग रूम सहित बाहरी और आतंरिक परिसर का भ्रमण कर तैयारियों का परखा गया है। बंधे का अधूरा कार्य सिंचाई विभाग से वार्ता कर पूरा करने को आदेश दिया।

मंगलवार को मण्डलायुक्त डॉ रौशन जैकब व ज़िलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने आगामी 6 अक्टूबर को भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले क्रिकेट मैच के तहत की जा रही व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने इकाना स्टेडियम पहुँचे। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त एवं ज़िलाधिकारी द्वारा हेलीपैड, पार्किंग, स्टेडियम ग्राउंड, ड्रेसिंग रूम सहित सम्पूर्ण बाहरी व आंतरिक परिसर का जाएज़ा लिया गया। मंडलायुक्त द्वारा अधिकारियों को वाटर लागिंग, नालियों और ड्रेनेज सम्बन्धित समस्याओं का पहले से निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। मैच के दौरान कोई भी अव्यवस्था होने न पाए। इकाना स्टेडियम के बगल में अपूर्ण बंधे का कार्य पूर्ण कराने के लिए सिंचाई विभाग से तालमेल स्थापित करके, आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए । सीजी सिटी योजना के द्वारा विकसित हो रहे अर्द्धनिर्मित नाले व अप्रोच सड़क को भी पूर्ण कराने के निर्देश दिए । इकाना स्टेडियम से लगे हुए राष्ट्रिय राजमार्ग, शहीद पथ के बगल में साइड डेवलपमेंट एग्रीन एरिया बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान नदी में डूबने से दो की मौत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के मड़ियांव स्थित घैला पुल के पास गोमती नदी में मंगलवार दोपहर को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए गए अमन साहू 22 और संतराम यादव 33 डूब गये। युवकों को डूबता देख लोगों ने शोर मचाया। कुछ युवकों ने नदी में उतरकर बचाने की कोशिश भी की। इसी बीच पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवकों की तलाश शुरू की। करीब दो घंटे बाद दोनों युवकों का शव नदी से बाहर निकाला गया। वहीं एक युवक बचाने के लिए नदी में उतरा रहा था। वह भी डूबने लगा था किसी तरह बाहर निकला। पुलिस के मुताबिक दुर्गा प्रतिमा ठाकुरगंज के लाला बाग रमना में स्थापित थी। उसे विसर्जित करने के लिए लोग गये थे।

डीसीपी उत्तरी सैय्यद कासिम आब्दी के मुताबिक ठाकुरगंज के लाला बाग रमना में दुर्गा प्रतिमा की स्थापना हुई थी। मंगलवार को हवन पूजन के बाद दोपहर करीब एक बजे इलाके के लोग मूर्ति विसर्जित करने के लिए घैला पुल के पास गये थे। इस में बालागंज के नई कालोनी का अमन साहू और लाला बाग रमना का संतराम यादव भी गया था। अमन साहू की मिठाई व चाय का होटल है। वहीं संतराम गांव के बाहर सड़क पर पान की दुकान चलाता था। दोनों गोमती नदी के किनारे पहुंचे तो वहां मूर्ति लेकर पानी में उतरने लगे। उनके साथ कई अन्य लोग भी थे। जिस तरफ मूर्ति विसर्जित कर रहे थे वहां काफी गहरान थी। जिसका अंदाजा नहीं था। दोनों अचानक गहरे पानी में चले गये। अभी लोग समझ पाते तो गहराई की तरफमूर्ति झूकी और नदी में गिर गई। दोनों मूर्ति के नीचे दब गये थे। दोनों डूब गये। मूर्ति विसर्जन कर बाहर निकलने के दौरान कुछ लोगों ने अमन व संतराम को न देखकर शोर मचाया। इस पर लाला बाग रमना का पवन नदी में कूद गया। पवन के मुताबिक उसने अमन व संतराम को डूबते देख लिया था। काफी देर तक वह नदी में तलाशता रहा लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा। वह भी गहरे पानी में जाने के कारण डूबने लगा। किसी तरह बाहर निकला और अपनी जान बचाई।

### युवकों के डूबने से अफरा तफरी का माहौल

मूर्ति विसर्जन के दौरान दो युवकों के डूबने की पुष्टि होते ही वहां अफरा तफरी का माहौल हो गया। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से दोनों की तलाश शुरू की गई। लेकिन पुलिस काफी देर तक मौके पर नहीं पहुंची। जिसे लेकर लोगों को हंगामा शुरू कर दिया। हालांकि पुलिस का दावा है कि सूचना मिलने के 15 मिनट के अंदर टीम पहुंच गई थी। गोताखोरों की मदद से शव की तलाश शुरू कर दी गई थी। डीसीपी उत्तरी कासिम आब्दी के मुताबिक सूचना मिलते ही मड़ियांव व ठाकुरगंज की पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों की तलाश शुरू की। करीब दो घंटे तक नदी में सर्च अभियान चला। इसके बाद शव को बाहर निकाला गया। पुलिस के मुताबिक हादसा दो बजे के करीब हुआ था। वहीं मूर्ति विसर्जन के लिए गये लोगों में ज्यादातर नशे में धुत्त थे।

# पत्नी की हत्या कर खुद फांसी के फंदे पर झूला, मौत

● वारदात की वजह का नहीं हो सका है खुलासा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** लखनऊ में पेशेवर अपराधी नहीं बल्कि अपने ही अपनों का खून बहाकर रिश्ते को कलंकित कर रहे हैं। कहीं पर शक की आशंका तो कहीं पर बेरोजगारी को लेकर एक दूसरे की जान लेने से नहीं हिचक रहे हैं। तीन पहले चिनहट क्षेत्र में एक कलयुगी पति ने पत्नी को मौत की नींद सुला दिया था। इस सनसनीखेज मामले को लोग भुला भी नहीं पाए थे कि तालकटोरा क्षेत्र में एक ठेकेदार ने अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद खुद भी फांसी पर लटक कर जान दे दी। महिला किसी से मोबाइल फोन पर बात कर रही थी कि इसी दौरान किसी भारी वस्तु से सिर पर वारकर मौत के घाट उतार दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल शुरू की लेकिन यह पता नहीं चल पाया कि घटना होने की असल वजह क्या है। पुलिस पड़ताल कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।जानकारी के अनुसार तालकटोरा क्षेत्र के आलमबाग स्थित केतन विहार निवासी 45 वर्षीय कुलवंत सिंह अपनी 40 वर्षीय पत्नी पुष्पा सिंह व दो बच्चों के साथ रहकर मकान बनाने की ठेकेदारी करता था। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह करीब आठ नौ बजे के बीच बड़ा बेटा किसी कोचिंग सेंटर में ट्यूशन पढ़ने गया था जबकि छोटा बेटा घर पर था। इसी दौरान ठेकेदार कुलवंत और पुष्पा के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई और बात इतनी बढ़ गई कि कुलवंत सिंह के सिर पर खून सवार हो गया। तभी कुलवंत छोटे छोटे को दुकान से सामान लेने के लिए बाहर भेज दिया और घर में रखा सील पा बट्टा उठाया पत्नी पुष्पा के सिर पर वारकर मौत की नींद सुला दिया। बताया जा रहा है कि जबतक छोटा बेटा घर में दाखिल होता कि इससे पहले कुलवंत खुदकुशी कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। दुकान से सामान लेकर घर पहुंचे छोटे बेटे ने देखा कि उसकी मां का खून से लथपथ पड़ी है और पिता का शव फांसी के फंदे पर झूल रहा था। यह माजरा देख बेटा चीख पड़ा। उसकी चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस दंपति को आनन फानन में अस्पताल भिजवाया जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक कुलवंत ने यह कदम क्यों उठाया इसके बारे में गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है।

### झांकियों के साथ होगा अलीगंज दशहरे मेले का शुभारंभ

**लखनऊ।** श्री बाल संग विजयदशमी समिति द्वारा लगातार 61 वर्षों से आयोजित किया जाने वाला अलीगंज दशहरा मेला 5 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। अलीगंज दशहरा मेला ट्रांस गोमती का सबसे प्राचीन मेला है और इस बार 61वां मेला आयोजित किया जा रहा है। मेले का खास आकर्षण बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत रामलीला का मंचन, वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक झांकियां और शानदार जवाबी आतिशबाजी है। जवाबी आतिशबाजी चिनहट और भिटरिया के बीच होगी। विजेता को समिति द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया जाएगा। इस बात की जानकारी देते हुए दशहरा मेला के संस्थापक आनंदी लाल गुप्ता बताया कि दशहरा मेला में इस बार रामलीला के अलावा विशेष झांकियों की व्यवस्था की गई है, जो मेले में आए श्रद्धालु और भक्तजनों को भक्ति रस से सराबोर कर देंगी। जवाबी आतिशबाजी और रावण दहन 9:00 बजे से होगा जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# बेरोजगारों से करोड़ों ठगने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

● विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी दिलाने के नाम पर रकम वसूलने के बाद थमा देते थे फर्जी नियुक्ति पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विभिन्न** सरकारी विभागों में नौकरी दिलाने के नाम पर सैकड़ों बेरोजगारों से बीते कुछ सालों के दौरान करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह के सरगना को एसटीएफ ने लखनऊ के गाजीपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पकड़ा गया चंद्र भूषण दुबे लखनऊ के विकास नगर का रहने वाला है। उसके पास से कई कूटरचित नियक्ति पत्र, शपथ पत्र, फर्जी पहचान पत्र, बैंक की चेक, एटीएम कार्ड व सिम कार्ड बरामद हुए हैं।

एसटीएफ को जानकारी मिली थी कि चंद्र भूषण दुबे द्वारा कूटरचित नियुक्ति पत्र व पहचान-पत्र के माध्यम से नौकरी दिलाने का झांसा देकर लगभग सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी की गयी है। इस संबंध में एक पीड़ित पुनीत कुमार सिंह ने 14 अगस्त 2022 को महानगर थाने में उसके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज करा रखा है। एसटीएफ ने पुनीत से संपर्क उसके साथ हुई ठगी के बारे में जानकारी हासिल की। पुनीत ने बताया कि चन्द्र भूषण दुबे से मेरा परिचय कन्हैया अग्रहरी के माध्यम से हुआ था। चन्द्र भूषण ने बताया था कि वह सरकारी विभागों में नियुक्तियॉ कराने का काम करता है। नियुक्ति के अनुसार पैसा लगता है। वर्ष-2019 में मेरे जानने वाले 6 युवकों को भारतीय खाद्य निगम में नियुक्ति कराने के लिए तीन लाख रुपए प्रति अभ्यर्थी, मण्डी परिषद में भर्ती कराने के लिए 8 युवकों से 55 हजार रुपए प्रति अभ्यर्थी, ग्रामीण डाक सेवा में 3 व्यक्तियों से 1.50 लाख रुपए प्रति अभ्यर्थी, 108 एम्बुलेन्स सेवा में भर्ती कराने के नाम पर एक युवक से 60 हजार रुपए लेकर उन्हे फर्जी नियुक्ति पत्र दे दिया था। नयुक्ति पत्र लेकर लोग ज्वाइन करने अपने-अपने विभाग में पहुचे तो वहां पता चला कि यह सब कूटरचित है। चन्द्रभूषण दुबे ने कई अभ्यर्थियों से कुल 28 लाख 40 हजार रुपए की ठगी की है। पुनीत से जानकारी होने के बाद एसटीएफ ने चंद्र भूषण दुबे की गिरफ्तारी के लिए प्रयास प्रारंभ किए। सटीक सूचना के आधार पर एसटीएफ ने महानगर पुलिस को साथ लेकर दुबे को बीते सोमवार को पालीटेक्निक चौराहा, थाना गाजीपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पूछताछ में चन्द्र भूषण दुबे ने बताया कि वर्ष-2008 मे मैंने ईगल सिक्यूरिटी गार्ड सर्विसेज के नाम से एक कम्पनी बनाई जिसका आफिस विकास नगर में खोला। परन्तु काम अच्छा न चलने के कारण वर्ष-2016 में इस कम्पनी को बन्द कर प्रापर्टी का काम करने लगा। इसी दौरान मेरी मुलाकात अभिलाष मणि त्रिपाठी से हुई। त्रिपाठी ने बताया कि वह पोस्ट आफिस में नौकरी दिलाने का काम करता है। उसके साथ मनोज यादव व हरिवंश वर्मा भी काम करते थे। जिस पर हम लोगों ने मिलकर योजना बनाई कि बेरोजगार युवको को अलग-अलग विभागों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे मोटी रकम वसूली जा सकती है। इसके बाद हम लोगों ने वायरलेस चौराहा महानगर में एक फर्जी आफिस बनाया जहां पर हम लोगों द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को बुलाकर विभाग के अनुसार पैसा लिया जाता था। अभ्यर्थियों को यह विश्वास दिलाने के लिए कि उनकी नौकरी लग लग गयी है हम लोग कूटरचित नियुक्ति पत्र व पहचान पत्र बनाकर उनको देते थे और उनसे रुपए ले लेते थे। अभ्यर्थी अपने-अपने विभागों में ज्वाइनिंग करने जाते थे तो उनको पता चलता था कि यह फर्जीवाड़ा है, जिस पर हम लोग पहले उनको अलग अलग बहाने बनाकर कुछ दिन टालते रहे फिर वर्ष-2020 में अपना आफिस बन्द कर फरार हो गए और मोबाइल नम्बर भी बदल दिया।

# वार्डों के परिसीमन से कई नेताओं का भविष्य दांव पर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में नगर निकाय के चुनाव की तैयारियां तेजी से शुरू हो गयी हैं। नगर निकाय के चुनावों में लखनऊ के वार्डों के परिसीमन से कई नेताओं का भविष्य दांव पर लगा है। हालांकि शासन वार्डों का परिसीमन वहीं बदलेगा, जहां नया क्षेत्र जुड़ने से विस्तार होगा। हालांकि नगर निकाय के परिसीमन पर शासन द्वारा जल्दी ही घोषणा की जाएगी।

उत्तर प्रदेश के ऐसे नगर निकाय जहां विस्तार किया गया है केवल वहीं पर वार्डों का परिसीमन बदलेगा, बाकी नगर निकायों में परिसीमन बदलने की उम्मीद नहीं है। नगर विकास विभाग बहुत जल्द ही नए परिसीमन की घोषणा कर देगा। उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव दिसंबर जनवरी में संभव है। विभिन्न नगर पालिका और नगर निगमों से नए परिसीमन के संबंध में शासन को प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं, जिस पर शासन की हरी झंडी होते ही नया परिसीमन लागू हो जाएगा और जिसके बाद नगर निकाय चुनाव की घोषणा कर दी जाएगी। उत्तर प्रदेश में लखनऊ से लेकर अधिकांश जिलों में परिसीमन में बदलाव की उम्मीद है। परिसीमन वार्डों का बदलने पर कई चर्चित नेताओं का भविष्य दांव पर होगा। इसमें विशेषकर सपा, कांग्रेस और बसपा के समर्थकों और प्रतिनिधियों की बेचैनी बढ़ गयी है। लखनऊ में 88 नए गांव जुड़े हैं, यह नगर निगम क्षेत्र के नए गांव है, जिसमें करीब चार नए वार्ड सृजित किये जा सकते हैं, मगर 110 से अधिक वार्ड एक नगर निगम में नहीं हो सकते, इसलिए वार्डों का क्षेत्रफल बढ़ाया जा रहा है। ऐसे में नए 88 गांव भी 110 वार्ड में ही सम्मिलित हो जाएंगे, जिससे लखनऊ में नया नगर निगम गठित नहीं करना पड़ेगा। इसी तरह से बहराइच, श्रावस्ती, देवरिया, गोरखपुर, आजमगढ़, गोंडा, अयोध्या, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, मथुरा, वृंदावन के नगरीय निकाय क्षेत्रों में नए इलाकों को शामिल किया गया है, इसलिए सभी जगह परिसीमन में बदलाव आएगा। उत्तर प्रदेश में नगरीय निकाय का चुनाव लड़ने वाले नेताओं को इस बात का लंबे समय से इंतजार है कि परिसीमन में किस तरह के बदलाव किए जाएंगे। सभी का भविष्य इस बात पर निर्भर है कि उनके वार्ड में कौन सा नया क्षेत्र जुड़ रहा है और कौन सा पुराना क्षेत्र कट रहा है। इसी के आधार पर चुनावी समीकरण तय होते हैं और नेता यह तय करते हैं कि उनको किस वार्ड से चुनाव लड़ना है। इसलिए शासन में परिसीमन के प्रस्ताव पर मुहर लगना इनके भविष्य को निर्धारित करेगा।

# बीबीएयू में नवनिर्मित ऑडियो स्टूडियो का शुभारंभ



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बाबासाहेब** भीमराव अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया सेंटर (ईएमआरसी) के नवनिर्मित ऑडियो स्टूडियो का उद्घाटन मंगलवार को विवि के कुलपति प्रो संजय सिंह द्वारा किया गया। कुलपति ने स्टूडियो के निर्माण पर सभी मीडिया सेंटर के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि आज के समय में ई. कंटेंट की उपयोगिता और लोकप्रियता जिस तरह से बढ़ रही है उसको देखते हुए यह स्टूडियो काफी उपयोगी सिद्ध होगा। मीडिया सेंटर के डायरेक्टर प्रो गोपाल सिंह ने बताया कि यह स्टूडियो ई.कंटेंट तैयार करने के साथ ही विवि के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थियों को ऑडियो वीडियो एडिटिंग, रिकॉर्डिंग और एंकरिंग से जुड़ा प्रशिक्षण देने के लिए भी प्रयोग किया जाएगा। मीडिया सेंटर में कुशल एवं अनुभवी कैमरा पर्सनए ग्राफिक डिज़ाइनर, वॉइस ओवर आर्टिस्ट से लेकर प्रोडक्शन की एक पूरी टीम है जो हर प्रकार के वीडियो कंटेंट तैयार करने में सक्षम है। यह सेंटर न सिर्फ विवि के लिए उपलब्ध है बल्कि अपने आय के स्त्रोत स्वयं तैयार करने की दिशा में बाहर से कार्यों जैसे डाक्यूमेंट्री, प्रमोशनल शूट, सरकारी एवं गैर सरकारी वीडियो कंटेंट तैयार करने के लिए भी यह सेंटर उपलब्ध है।

# डायरेक्टर का अपहरण करने वाले चार गिरफ्तार

● मड़ियांव के घैला इलाके में स्थित एक मकान रखा था और मांग रहे थे पत्नी से 12 लाख फिरौती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के कैसरबाग इलाके के बारादरी से अपहृत डायरेक्टर सेल्स एसोसियेट्स आर एस इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर सुमित कुमार शर्मा को मड़ियांव क्षेत्र के घैला के पास स्थित एक मकान में रखा गया था। यह हाईप्रोफाइल गैंग यहीं से शर्मा की पत्नी के मोबाइल फोन पर कॉल कर 12 लाख रुपए की फिरौती की मांग कर रहा था।

मदेयगंज थाने की क्राइम टीम व मड़ियांव पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को इस गैंग का खुलासा किया और चार लोगों को दबोच लिया बाकी अन्य की तलाश की जा रही है। अपहरणकर्ताओं ने डायरेक्टर सुमित कुमार शर्मा को गन प्वाइंट पर ले रखा था और वहीं से बार बार उन्हीं के मोबाइल फोन से कॉल कर पत्नी से 12 लाख रुपए की फिरौती मांगी जा रही थी। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी एस चनप्पा का कहना है कि मौके से चार अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर डायरेक्टर सुमित कुमार शर्मा को सकुशल बरामद कर लिया गया है। मामले का राजफाश करने वाली टीम के लिए पुलिस कमिश्नर एसबी शिरडकर ने इनाम देने की घोषणा की है और इस मामले में अहम भूमिका निभाने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने की भी घोषणा की है। डीसीपी पश्चिमी एस चनप्पा ने बताया कि गैंग के सरगना अंकुर तिवारी है जिसने अपने साथी विपुल राजीव शेरा सतीश गौतम रोहित गौतम, रवि दीक्षित राजेश कुमार व नितिश श्रीवास्तव के साथ मिलकर एक अक्टूबर 2022 को खदरा मदेयगंज निवासी डायरेक्टर सुमित कुमार शर्मा को कैसरबाग क्षेत्र से अगवा किया था। पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम सेक्टर बी अलीगंज निवासी नीतीश श्रीवास्तव सेक्टर एच अलीगंज निवासी राजेश कुमार बड़ी पकड़िया मदेयगंज निवासी रवि दीक्षित व सीतापुर जिले के महमूदाबाद थाना क्षेत्र स्थित बाबू पुर गांव निवासी सतीश बताया। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह का सरगना अंकुर तिवारी है जिसने अपने आठ साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया है। पकड़े गए बदमाशों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि सरगना अंकुर तिवारी भी बैंक में सेल्स एसोसियेट्स का काम करता है जो सुमित कुमार शर्मा को एक डेढ़ साल से जानता है। बदमाशों ने पुलिस को बताया कि कारोबार बढ़ाने और जल्द अमीर बनने के लिए सुमित को अगवा कर 12 लाख रुपए की फिरौती की मांग करने की बात स्वीकार की है। पुलिस को इनके पास से घटना में इस्तेमाल चार मोबाइल फोन एक चश्मा गमछा व लोहे की जंजीर बरामद हुई है।

### मीडिएशन सेंटर में साक्षात्कार 8 अक्टूबर तक

**लखनऊ।** चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सिल एवं डिप्टी, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउन्सिल के चयन का साक्षात्कार मीडियेशन सेंटर पुराना उच्च न्यायालय में होगा। साक्षात्कार 7 से 8 अक्टूबर 2022 तक होगा। प्रार्थी अपने मूल प्रमाणपत्रों के साथ साक्षात्कार देने आना होगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ निहारिका जायसवाल ने बताया है कि लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम में चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सिल एवं डिप्टी, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउन्सिल के चयन के लिए जिन अधिवक्ता ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ में आवेदन किया है, उन समस्त अधिवक्ता को सूचित करना है कि उनका साक्षात्कार 7 अक्टूबर 2022 से 8 अक्टूबर 2022 तक मीडियेशन सेन्टर पुराना उच्च न्यायालय कैसरबाग लखनऊ में किया गया है। इस संबंध में समस्त आवेदक अधिवक्ता को एसएमएस एवं फोन कॉल से सूचित किया जा रहा । इसके अतिरिक्त पूरी जानकारी जिला न्यायालय, लखनऊ की वेबसाईट पर उपलब्ध है। साक्षात्कार में मूल प्रमाणपत्रों सहित उपस्थित हो।

# चार शातिर लुटेरे गिरफ्तार लाखों के जेवरात बरामद

● घटना में इस्तेमाल ऑटो भी बरामद, बंद मकानों में चोरी के साथ साथ चेन लूट की घटनाओं को देते थे अंजाम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** की विकासनगर व डीसीपी उत्तरी की सर्विलांस टीम ने चार ऐसे शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है जो बंद मकानों में चोरी के साथ साथ चेन लूट की घटनाओं को भी अंजाम देते थे। बताया जा रहा है कि पकड़े गये शातिरों पर विभिन्न थानों में करीब 16 अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से लाखों कीमत जेवरात नकदी व मोबाइल फोन बरामद किये हैं।जानकारी के अनुसार एसीपी महानगर जया शांडिल्य ने बताया कि इलाके में काफी समय से चोरी की घटनाएं कारित होने की सूचनाएं मिल रही थीं जिसकी वजह से विकासनगर इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह को आदेशित किया गया था। पुलिस शातिरों की गिरफ्तारी के लिए डीसीपी उत्तरी की क्राइम टीम व सर्विलांस सेल से मदद ली और कुछ नम्बरों को सुनने के लिए कहा गया। पुलिस इसी सम्बंध में विचार विमर्श कर रही थी तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चार शातिर किस्म के बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में इलाके में घूम रहे हैं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा किया और ततकाल मौके पर पहुंच गयी। पुलिस को देखते ही यह शातिर वहां से भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने भाग रहे बदमाशों को घेराबंदी कर दबोच लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम सीतापुर निवासी संदीप कुमार जानकीपुरम निवासी सोनू वर्मा इटौंजा निवासी रवि कुमार व लखीमपुर निवासी इकरार अहमद बताया। पुलिस का कहना है कि अभियुक्तों के कब्जे से भारी मात्रा में सोने के जेवरात नकदी व मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से एक ऑटो भी बरामद किया है जिससे यह लोग बंद मकानों की रैकी करते थे और मौका मिलने पर बाइक द्वारा चेन लूट की भी घटनाएं अंजाम देते थे।

### विशेषज्ञ तैयार करने में केजीएमयू अव्वल, एमबीबीएस से अधिक पीजी की सीटें

**लखनऊ।** प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेषज्ञों की कमी को पूरा करने में किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी अव्वल है। यहां पर एमबीबीएस से ज्यादा सीटें पीजी कोर्सों के तहत है। संस्थान में हर साल एमबीबीएस में 250 छात्र दाखिला लेते हैं। जबकि एमडी व एमएस में 328 छात्र प्रवेश पाएंगे। इससे पहले पीजी में 293 सीटें थीं। इधर पीजी स्तर के कोर्सों में 45 सीटों का इजाफा हुआ है। सुपर स्पेशियालिटी के डीएम व एमसीएच पाठ्यक्रम में 75 सीटें हो गईं हैं। अभी तक 56 सीटों पर दाखिले हो रहे थे। कुल 19 सीटें बढ़ चुकी हैं। इसमें कई नए विभाग हैं जिनमें पहली बार सुपर स्पेशियालिटी के कोर्स शुरू हुए हैं।

### हिमेटोलॉजी विभाग में होगी डीएम की पढ़ाई

**नेशनल** मेडिकल काउंसिल की तरफ से संस्थान के हिमेटोलॉजी विभाग को डीएम की पढ़ाई कराने की अनुमति मिल गई है। इस विभाग में तीन सीटों पर दाखिले होंगे। हीमेटोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ एके त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने निरीक्षण के बाद कोर्स चलाने की अनुमति प्रदान कर दी है। विभाग में सुपर स्पेशियालिटी डीएम का कोर्स संचालित होगा। इससे विशेषज्ञ डॉक्टर तैयार करने में मदद मिलेगी। इसी शैक्षिक सत्र से दाखिल होंगे।



ऐशबाग स्थिति रामलीला मैदान में दशहरे के पर्व पर रावण दहन के लिए पुतला तैयार करते कारीगर

# भिक्षावृत्ति से जुड़े बच्चों की शिक्षा में मदद के लिए राजभवन करेगा विचार

## आनंदीबेन ने राजभवन में आयोजित 'भिक्षा से शिक्षा की ओर' कार्यक्रम में हिस्सा लिया

● लखनऊ में पांच हजार परिवार के लोग भिक्षावृत्ति से जुड़े मिले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि भिक्षावृत्ति से जुड़े बच्चों को उनकी प्रतिभा के अनुसार रुचि के क्षेत्र में कौशल प्रदर्शित करने कि हए प्रोत्साहित करना चाहिए। राज्यपाल ने यह भी कहा कि यदि ऐसे बच्चों की शिक्षा के लिए राजभवन से मदद की अपेक्षा की जाती है, तो सूची प्रस्तुत की जाय ताकि इस सम्बन्ध में सम्यक विचार किया जा सके और उन्होंने भविष्य में उम्मीद संस्था के कार्यालय में जाकर बच्चों से संवाद करने की भी आश्वासन दिया।



राज्यपाल मंगलवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार तथा लखनऊ नगर निगम के सहयोग से सामाजिक संस्था 'उम्मीद' द्वारा संचालित 'स्माइलस् परियोजना' के अन्तर्गत भिक्षावृत्ति से जुड़े हुए लोगों के पुनर्वासन के लिए राजभवन के गांधी सभागार में आयोजित भिक्षा से शिक्षा की ओर कार्यक्रम को संबोधित कर रहीं थीं। राज्यपाल ने कहा कि सामाजिक संस्था उम्मीद द्वारा संचालित स्माइल परियोजना के अन्तर्गत लखनऊ जनपद की बहुत सी ऐसी बस्तियों को चिन्हित किया गया है, जिनमें लगभग 5 हजार परिवार के लोग भिक्षावृत्ति से जुड़े पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि उम्मीद संस्था ने ऐसे परिवारों को ढूंढ़ा है जिनके पास घर नहीं है और जो अपने बच्चों को पढ़ाई के स्थान पर उनसे भिक्षावृत्ति कराकर जीविकोपार्जन कर रहे हैं। ऐसे परिवार शहर के चौराहों, सड़कों पर प्लास्टिक इत्यादि से अपने घर बनाकर किसी तरह अपना जीवन यापन कर रहे हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने अपने वक्तव्य में साबरमती नदी के किनारे बसे झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों का पुनर्वासन पूर्ण पारदर्शिता से किए जाने का भी उल्लेख किया। राज्यपाल ने नगर निगम लखनऊ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए लखनऊ को भिक्षामुक्त बनाने के प्रति संकल्पबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि इस संस्था ने अपने समाज सेवा के कार्यों से गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड्स एवं लिम्का बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड्स जैसे सर्वमान्य प्रतिष्ठानों में नाम दर्ज कराया है।

उन्होंने कहा कि लखनऊ नगर में ऐसे 5 हजार बच्चों को संभालनाए उनकी जरूरतों को पूरा करना कोई मुश्किल काम नहीं है। इस अवसर पर उन्होंने टीबी ग्रस्त मरीजों के बारे में बताते हुए कहा कि ऐसे मरीजों को गोद लेने का पुनीत कार्य लखनऊ से ही शुरू हुआ था और धीरे-धीरे समुचित देखभाल से ये सारे मरीज निरंतर ठीक हो रहे हैं। इस अवसर पर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि उम्मीद संस्था का लक्ष्य भिक्षावृत्ति से जुड़े लोगों को पुनर्वासित करना है। लखनऊ में ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनका रेस्क्यू किया जा रहा है। राजभवन में उम्मीद संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आमंत्रित ऐसे ही लगभग 150 बच्चों व उनके अभिभावकों ने जादू का खेल, कठपुतली तथा राजभवन भ्रमण, खेलकूद एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में प्रतिभाग किया। भिक्षावृत्ति से जुड़े बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत कर्णप्रिय गीत प्रस्तुत किए गए। राज्यपाल द्वारा उम्मीद के सामाजिक सरोकारों के सहयोगी कर्मयोगियों को प्रतीक चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव राज्यपाल कल्पना अवस्थी, विशेष कार्याधिकारी पंकज जानी सहित उम्मीद संस्था की संरक्षक उषा अवस्थी, संस्थापक बलबीर सिंह मान एवं संरक्षक अरविंदर सिंह उपस्थित थे।

# समय से छात्रों की समस्याओं के निस्तारण का उल्लेख करें: राज्यपाल

● विश्वविद्यालय के छात्रावास में बायोगैस तथा आटोमेटिक किचेन की सुविधा अवश्य होना चाहिए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन के प्रज्ञाकक्ष में महात्मा ज्योतिबाफुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली के नैक ग्रेडिंग हेतु तैयार प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। ज्ञातव्य है कि विश्वविद्यालय इससे पूर्व वर्ष 2016 में नैक में बी ग्रेड प्राप्त कर चुका है।

राज्यपाल ने नैक मूल्यांकन की तैयारियों हेतु गठित कमेटी के समन्वयकों से सभी सातों क्राइटेरिया पर बिंदुवार जानकारी ली तथा प्रस्तुतीकरण को और बेहतर बनाये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्रावास में बायोगैस तथा आटोमेटिक किचेन की सुविधा अवश्य होना चाहिए। उन्होंने निर्धारित शब्दों में प्रत्येक क्राइटेरिया को संक्षेप में प्रस्तुत करने और साथ ही प्लेगियरिज्म को छात्रों को समझाने की सलाह भी दी। उन्होंने पुस्तकों के नवीनतम संस्करण से छात्रों को सदैव अद्यतन रखने तथा पर्यावरण की बेहतरी के लिए छात्रों तथा शिक्षकों द्वारा विश्वविद्यालय में किये गये संयुक्त प्रयासों को नैक प्रस्तुतीकरण में सम्मिलित करने तथा छात्रों को विश्वविद्यालय की प्रत्येक गतिविधि से अद्यतन रखने के लिए यूनिवर्सिटी जरनल या पत्रिका नियमित रूप से प्रकाशित करने का सुझाव दिया। राज्यपाल जी ने कुलपति प्रो केपी सिंह को विश्वविद्यालय की सभी कमियों को अविलम्ब दूर करने तथा रिर्पोट में विश्वविद्यालय के विविध कार्य-कलापों को प्रमुखता से दर्शाने और एसएसआर को समयबद्ध रूप से जमा करने हेतु निर्देशित किया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में गूगल कक्षाओं की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पाठ्यक्रम को प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप बनाना होगा तथा एथिकल दृष्टिकोण से पाठ्यक्रम को संसोधित करने का सुझाव दिया ताकि पढ़ाई के साथ छात्र-छात्राएं विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी चयनित हो सकें। उन्होंने सर्वश्रेष्ठ संस्थानों के साथ हुए विश्वविद्यालय के ज्वाइंट वेंचर की रिर्पोट को प्रकाशित करने तथा पुस्तकालय में ई-पुस्तकें तथा ई.जर्नल के उपयोग का रिकार्ड रखने का भी सुझाव दिया। विश्वविद्यालय को समय से छात्रों की समस्याओं का निराकरण समय से करने का उल्लेख रिपोर्ट में अवश्य करे। उन्होंने विशाखा गाइडलाइन के अनुसार महिलाओं के लिए बनाये गये प्रकोष्ठ का उल्लेख भी प्रस्तुतीकरण में करने के निर्देश दिये। राज्यपाल ने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिन शिक्षकों आदि ने टीबी के मरीजों को गोद लिया है, उनसे मिलने के फोटोग्राफ्स डाक्यूमेंट्स में अवश्य सम्मिलित करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्रों को नैक ग्रेडिंग से प्राप्त होने वाले लाभों से अवगत कराकर उनमें इसके प्रति उत्साह और सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा करें। उन्होंने संलग्न फोटो और वीडियों में विविधता बढ़ाने के साथ-साथ प्रतिभागियों से युक्त गतिविधि वाले फोटो और वीडियो संलग्न करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण तथा सुविधाओं की उपलब्धता के लिए निरन्तर मॉनेटिरिंग करने आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनानेए दी गयी सामग्री की समुचित जानकारी रखनेए गोद लिए गए गांव मे सरकारी योजनाओं को जन.जन तक पहुँचाने को कहा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को गोद लिए गए विद्यालय के बच्चों को विविध गतिविधियों से जोड़ें जिससे बच्चों में उच्च शिक्षा ग्रहण करने के प्रति मानसिकता विकसित हो।

## फाइलेरिया रोगी नेटवर्क ने आयोजित किया जागरूकता शिविर



**लखनऊ।** फाइलेरिया रोगी नेटवर्क के सदस्यों ने मंगलवार को मां चन्द्रिका देवी मंदिर प्रांगण में जनजागरूकता शिविर आयोजित किया। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान और सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च के सहयोग से आयोजित इस शिविर में अनेक श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। शिविर में आये फाइलेरिया मरीज समर बहादुर सिंह ने बताया कि वह 12 वर्षों से फाइलेरिया ग्रसित हैं। नेटवर्क के सदस्यों ने परिसर में आने वाले लोगों को इस बीमारी के समुचित इलाज के बारे में जानकारी दी। अधिकतर श्रद्धालुओं ने इस बीमारी से अपने परिवार को बचाने के उपाय पूछे। शिविर में फाइलेरिया के 17 नए मरीजों की पहचान हुई। फाइलेरिया रोगी नेटवर्क चंद्रिका मैया की सदस्य मालती देवी ने शिविर में आये मरीजों को बताया कि फाइलेरिया मच्छरों से होने वाली बीमारी है। बुखार आने पर स्वयं इलाज न करें। स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच और इलाज कराएं। सरकार की ओर से हर साल सामूहिक दवा सेवन कराया जाता है। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर दवा का सेवन करवाती हैं। चाहे व्यक्ति स्वस्थ हो उसको भी दवा का सेवन करना चाहिए। फाइलेरिया के लक्षण पांच से 15 साल में पता चलते हैं। जिला मलेरिया अधिकारी डा रितु श्रीवास्तव ने बताया कि फाइलेरिया बीमारी से जान तो नहीं जाती है लेकिन बीमारी हो जाने पर यह जीना मुश्किल कर देती है। इसलिए इसकी गंभीरता समझनी चाहिए। इस मौके पर सीफार की टीम, फाइलेरिया रोगी नेटवर्क के अर्जुनलाल, परवेसा देवी और रामकली आदि उपस्थित रहीं।

## फोटोग्राफी प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार सीएमएस छात्र ने जीता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस के कक्षा-12 के प्रतिभाशाली छात्र मनु अग्रवाल ने वन्यजीवन पर आधारित फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता यूपी स्टेट बायोडायवर्सिटी बोर्ड, लखनऊ यूनिवर्सिटी एवं इन्स्टीट्यूट ऑफ वाइल्ड लाइफ साइन्सेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई। यह जानकारी देते हुए मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को वन्यजीव संरक्षण हेतु प्रेरित करना था। इस प्रतियोगिता में लखनऊ के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि सीएमएस के इस मेधावी छात्र ने अपने फोटोग्राफद्वारा जीव-जन्तुओं की विविधता को बड़े ही सुन्दर ढंग दर्शाया, साथ ही साथ जैव-विविधता को अक्षुण्ण रखने में छात्रों की भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उनमें प्रकृति प्रेम व जागरूकता उत्पन्न करने का संदेश दिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल ने सीएमएस के इस मेधावी छात्र की सुन्दर फोटोग्राफी, रचनात्मक सोच व तकनीकी ज्ञान की भरपूर सराहना करते हुए प्रथम पुरस्कार से नवाजा। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने इस होनहार छात्र को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य कामना की है।

# राजभवन में दुर्गापूजा और गरबा महोत्सव का समापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से नवरात्रि के पावन अवसर पर राजभवन के छोटे लॉन में आयोजित गरबा महोत्सव का मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। ज्ञातव्य है कि नवरात्रि के प्रथम दिवस को राजभवन में मां दुर्गा की स्थापना तथा गरबा महोत्सव का शुभारम्भ राज्यपाल जी द्वारा किया गया था। नौ दिन चले गरबा महोत्सव में राजभवन के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिजनों के अलावा लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों में रह रहे गुजराती भाई व बहनों ने गरबा महोत्सव में उत्साह के साथ हिस्सा लेकर प्रत्येक दिन गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। समापन अवसर पर प्रमुख सचिव राज्यपाल कल्पना अवस्थी, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डा पंकज जानी, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डा डीआर सिंह, डा राम मनोहर लोहिया संस्थान की निदेशक डा सोनिया नित्यानंद व उनके पति शरद मिश्रा तथा अन्य गणमान्य महानुभावों ने मां दुर्गा की आरती की। तत्पश्चात् प्रसाद का वितरण किया गया।

# पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल अन्तर विभागीय आफीसर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पूर्वोत्तर** रेलवे लखनऊ मण्डल द्वारा अन्तर विभागीय आफीसर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन दिलकुशा अधिकारी क्लब, बंदरिया बाग लखनऊ में किया गया। इस बैडमिंटन चौम्पियनशिप में कुल 22 खिलाड़ियों ने भाग लिया। महिला वर्ग प्रतिस्पर्धा में नाक आउट राउन्ड के बाद खेले गये पहले एकल फाइनल मैच में मानसी मित्तल ने शिल्पी कन्नौजिया को 15-08, 15-09 से पराजित कर खिताब जीत लिया तथा पुरुष वर्ग प्रतिस्पर्धा में खेले गये पहले एकल फाइनल मैच में अम्बर प्रताप सिंह ने सुनील सिंह को 15-05, 15-01 व फाइनल युगल मैच में अम्बर प्रताप सिंह व बलराम की जोड़ी ने शिशिर सोमवंशी व सुनील सिंह की जोड़ी को 15-09, 15-10 से पराजित कर खिताब जीत लिया। फाइनल मैच के उपरांत मण्डल रेल प्रबन्धक महोदया डा मोनिका अग्निहोत्री ने पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान महिला एवं पुरूष वर्ग एकल व युगल मैच के विजेता और उपविजेता को शील्ड प्रदान की तथा बधाई देते हुए कहा कि सभी को अपने दैनिक जीवन में किसी भी खेल को अवश्य अपनाना चाहिए। उन्होंने 'अन्तर विभागीय आफीसर्स चैम्पियनशिप' के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी खेल में भाग लेने का जज्बा, जीत व हार से ज्यादा महत्वपूर्ण होता है तथा नियमित अन्तराल पर ऐसे खेल आयोजनों में भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर मण्डल के सभी शाखाधिकारी उपस्थित थे।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की योजना पर उपभोक्ता परिषद ने उठाया सवाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विदेशी** कोयला की खरीद कराने में नाकाम केंद्र सरकार उपभोक्ताओं की जेब पर बोझ डालकर,अब स्मार्ट प्रीपेड मीटर खरीदने की तैयारी करा रही है। केंद्र सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन रेवम्प योजना के तहत पूरे उत्तर प्रदेश में चार कलस्टर में 4जी स्मार्ट प्रीपेड मीटर के जो टेंडर जारी किए गए हैं, उसमें सबसे बड़ा खेल यह है कि पश्चिमांचल में लगभग 70 लाख 4जी स्मार्ट प्रीपेड मीटर, मध्यांचल में लगभग 74 लाख, दक्षिणांचल में लगभग 59 लाख एवं पूर्वांचल में लगभग 72 लाख 4जी स्मार्ट प्रीपेड मीटर निकाले गए हैं जिसमें बड़ी संख्या में सिंगल फेस के स्मार्ट प्रीपेड मीटर हैं और बहुत कम संख्या में तीन फेस मार्केट मीटर हैं। सभी बिजली कंपनियों में अलग-अलग टेंडर की कीमत लगभग 6000 करोड़ के ऊपर होगी, यानी कि देश की मीटर निर्माता कंपनियां बहुत कम ही इसमें भाग ले पाएंगी, लेकिन देश के बड़े निजी घराने बिचौलिया के रूप में टेंडर हथिया कर मालामाल हो जाएंगे। प्रदेश में अगर सिंगल फेस के लगे इलेक्ट्रॉनिक मीटर की बात करें तो लगभग 2. 75 करोड़ विद्युत उपभोक्ताओं के घरों में जो इलेक्ट्रॉनिक मीटर चल रहे हैं उनकी प्रति मीटर कीमत यदि रुपया 900 आंकी जाए तो भविष्य में लगभग 2475 करोड़ के चलते हुए मीटर कूड़े में डाल देंगे, जिसका खर्च उपभोक्ताओं ने पूर्व में ही वहन किया है और आगे भी इसका भुगतान प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को ही करना होगा, क्योंकि बिजली कंपनियां इसे उपभोक्ताओं के बिजली-दर में भविष्य में पास करने के लिए बहुत जल्द आयोग के सामने याचिका लगाने जा रही हैं और उस के माध्यम से अपने रोल आउट प्लान को अनुमोदित कराने की मांग उठा रही हैं। केंद्र द्वारा जारी इस स्कीम में 1 मीटर पर कुल खर्चा लगभग रुपया 9000 आएगा जिसमें केंद्र द्वारा केवल प्रति मीटर रुपया 900 का आरईसी से लोन दिया जाएगा और शेष कुल लगभग प्रति मीटर 8000 के खर्च की भरपाई बिजली कंपनियों को करनी होगी। उपभोक्ता परिषद ने देश के प्रधानमंत्री से मांग उठाई है कि पूरे देश के लिए जिस प्रकार से स्मार्ट प्रीपेड मीटर खरीदने के लिए केंद्र द्वारा स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट तैयार कराया गया है वह कुछ निजी घरानों को फायदा देने के लिए बनाया गया है। इसलिए इसकी सीबीआई जांच कराई जाए ताकि सच्चाई का खुलासा हो जाएगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि यह कैसी विडंबना है कि जब विदेशी कोयला खरीद की बात आई तो प्रदेश की बिजली कंपनियों ने उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर कहा था कि इस पर होने वाला 11 हजार करोड़ का अतिरिक्त खर्च कहां से आएगा। बिजली कंपनियों के पास पैसा नहीं है। अब मैं पूछना चाहता हूं कि बिजली कंपनियों के पास 25 हजार करोड़ कहां से आएंगे ? कौन सा खजाना हाथ लग गया है जो बिजली कंपनियों द्वारा बिना सरकार से इसकी भरपाई कराए इसका भार वहन करेगा। इसका बोझ उपभोक्ताओं पर डालने का उपभोक्ता परिषद हर स्तर पर विरोध करेगा और विद्युत नियामक आयोग के सामने भी अपनी बात रखते हुए पूर्व की भांति इसे खारिज करने की मांग करेगा।

# पेज एक का शेष

## बर्फीले तूफान...

पर्वतारोहियों और सात प्रशिक्षकों का एक दल शिखर से वापस लौट रहा था। कर्नल बिष्ट ने कहा कि हिमस्खलन के बाद टीम के सदस्य दरारों में फंस गए। उन्होंने कहा कि दस शव देखे गए हैं, जिनमें से चार बरामद कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अंधेरे और खराब मौसम के कारण रात में बचाव कार्य रोक दिया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय स्थित राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय का दौरा किया। उन्होंने बुधवार के अपने सभी कार्यक्रम भी रद्द कर दिए हैं। बरेली में वायुसेना स्टेशन से सेना का एक एएलएच हेलीकॉप्टर भी बुधवार को सुबह खोज और बचाव अभियान में शामिल होने के लिए मतली में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के हेलीपैड पर इंतजार कर रहा है। कर्नल बिष्ट ने कहा कि निम में एक उन्नत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के तहत, पर्वतारोहण प्रशिक्षुओं का दल अपने प्रशिक्षकों के साथ अधिक ऊंचाई वाली चोटी पर गया था। उत्तरकाशी आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने पहले दिन में कहा था कि फंसे हुए लोगों में से आठ को बचा लिया गया है। प्रधानमंत्री ने कहाकि यह दुखद है कि हमने एनआईएम उत्तरकाशी पर्वतारोहण अभियान से जुड़े लोगों के बहुमूल्य जीवन को खो दिया है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना।

## गुजरात में...

उपचार जारी है। चक्र एक खुला तिपहिया वाहन है, जिसका उपयोग गुजरात के कुछ हिस्सों में माल की ढुलाई और परिवहन के लिए किया जाता है। इस वाहन में मोटरसाइकिल का अगला आधा भाग होता है, जिसके पीछे दो पहिया गाड़ी जुड़ी होती है। दुर्घटना में जान गंवाने वाले और सभी घायल तिपहिया वाहन में सवार थे। वेकारिया ने कहा कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि तिपहिया वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और इसमें फंसे यात्रियों को निकालने के लिए दमकल विभाग की टीम बुलाई गई। उन्होंने कहा कि चालक समेत सात घायलों का सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है, जिनमें से दो की हालत नाजुक है। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक ने कहा, जान गंवाने वालों में 10 साल और 15 साल के दो लड़के शामिल हैं। मरने वालों में ज्यादातर की उम्र 40-55 साल के बीच थी।

## जम्मू-कश्मीर...

प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पहले, केंद्र द्वारा जम्मू कश्मीर के विकास के लिए भेजे जाने वाला सारा पैसा कुछ लोग हड़प लेते थे लेकिन अब एक-एक पाई लोगों के कल्याण पर खर्च की जाती है। उन्होंने कहा कि मैं आप लोगों से जम्मू कश्मीर को इन तीन परिवारों के चंगुल से आजाद कराने और जम्मू कश्मीर की बेहतरी एवं कल्याण के लिए मोदी के हाथों को मजबूत बनाने की अपील करना चाहता हूं। हालांकि शाह ने तीन परिवारों का नाम नहीं लिया। शाह ने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ मोदी सरकार द्वारा की गई सख्त कार्रवाई के कारण जम्मू कश्मीर में सुरक्षा की स्थिति पहले से कहीं बेहतर हुई है। उन्होंने कहा कि इसके फलस्वरूप इस साल जान गंवाने वाले सुरक्षाकर्मियों की संख्या प्रति वर्ष 1,200 से कम होकर 136 रह गई।

## जजों की...

बजे तक चली। कॉलेजियम में अन्य सदस्य जस्टिस संजय किशन कौल, अब्दुल नज़ीर और केएम जोसेफ हैं। मुख्य न्यायाधीश की चिट्ठी 1 अक्टूबर को लिखी गई है। बार एंड बेंच ने एक सूत्र के हवाले से दावा किया कि मुख्य न्यायाधीश ने 1 अक्टूबर को कॉलेजियम के सभी जजों को पत्र भेजा था, लेकिन दो जजों ने अपनी सहमति देने से इनकार कर दिया।

## मुख्यमंत्री ने...

भी स्मरण कराते हैं कि जीत हमेशा सच और न्याय की होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण पिछले दो वर्ष में नवरात्र का उत्सव नहीं मनाया गया। मां भगवती की कृपा से इस बार आयोजन हो रहे हैं। आदित्यनाथ ने दुर्गा पूजा पंडालों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता करार देते हुए जनता से अपील की कि वह सुरक्षित और जिम्मेदाराना तरीके से त्यौहार मनाए। उन्होंने कहा कि पूजा समितियों को सभी तरह के सुरक्षा बंदोबस्त सुनिश्चित करने होंगे।

## जम्मू-कश्मीर...

कहा कि ये आतंकवादी समूह बेशर्मी से सब कुछ और किसी भी चीज की जिम्मेदारी ले लेते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई सुराग नहीं मिला है जो किसी आतंकवादी समूह के शामिल होने का इशारा करता हो। यदि जांच के दौरान ऐसी कोई बात सामने आती है तो हम इस पर गौर करेंगे। पुलिस प्रमुख ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण घटना करार देते हुए कहा कि बल को घटनास्थल से प्रासंगिक सुराग मिले हैं जो संकेत देते हैं कि आरोपी का आक्रामक व्यवहार का इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि संदिग्ध ने तब कमरे को अंदर से बंद कर दिया था जब डीजीपी अपने पैर पर बाम लगा रहे थे। हत्यारे ने लोहिया को दम घोंटकर मार डाला और टूटी बोतल से उनका गला रेत दिया। बाद में तकिया जलाकर शव को आग लगाने की कोशिश की। एडीजीपी ने कहा कि अधिकारी के आवास पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने उनके कमरे के अंदर आग देखी तो दरवाजा तोड़ दिया। लोहिया को अगस्त में पदोन्नत करके केंद्र शासित प्रदेश में कारागार महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। वह कुछ दिन पहले ही अपने दोस्त के घर स्थानांतरित हुए थे। पुलिस के एक अधिकारी ने आरोपी की डायरी के कुछ पन्ने साझा करते हुए कहा कि स्कूल की पढ़ाई बीच में ही छोड़ने वाला लोहार परोक्ष तौर पर अपनी जिंदगी से तंग आ चुका था। घरेलू सहायक ने अपनी डायरी में लिखा कि वह 99 प्रतिशत दुखी है लेकिन उसके चेहरे पर 100 प्रतिशत नकली मुस्कान है।

## चुनावी घोषणाओं...

संकेत मिलना चाहिए कि वादों की पारदर्शिता, समानता और विश्वसनीयता के हित में यह पता लगना चाहिए कि किस तरह और किस माध्यम से वित्तीय आवश्यकता पूरी की जाएगी। आयोग के आदर्श चुनाव संहिता में प्रस्तावित संशोधन के अनुसार चुनाव घोषणा पत्रों में चुनावी वादों का औचित्य दिखना चाहिए। आयोग ने यह पत्र ऐसे समय में लिखा है, जब कुछ दिन पूर्व ही प्रधानमंत्री ने रेवड़ी संस्कृति का उल्लेख करते हुए कुछ राजनीतिक दलों पर कटाक्ष किया था। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी और विपक्षी दलों के बीच इसे लेकर वाद-विवाद आरंभ हो गया था। राजनीतिक दलों द्वारा किए गए चुनावी वादों की घोषणा संबंधी प्रस्तावित प्रारूप में तथ्यों को तुलना योग्य बनाने वाली जानकारी की प्रकृति में मानकीकरण लाने का प्रयास किया गया है। प्रस्तावित प्रारूप में वादों के वित्तीय निहितार्थ और वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता की घोषणा करना अनिवार्य है। सुधार के प्रस्ताव के जरिए, निर्वाचन आयोग का मकसद मतदाताओं को घोषणापत्र में चुनावी वादों की वित्तीय व्यवहार्यता के बारे में सूचित करने के साथ ही यह भी अवगत कराना है कि क्या वे राज्य या केंद्र सरकार की वित्तीय क्षमता के भीतर हैं या नहीं। आयोग ने चुनाव घोषणा पत्र में किए गए वादों से जुड़ी वित्तीय आवश्यकता का विवरण देने के लिए राजनीतिक दलों के लिए एक प्रारूप भी प्रस्तावित किया है। उसने कहा है कि यदि निर्धारित समयसीमा के भीतर यदि राजनीतिक दलों का जवाब नहीं आता है, तो यह मान लिया जाएगा कि उनके पास इस विषय पर कहने के लिए कुछ विशेष नहीं है। आयोग ने कहा है कि निर्धारित प्रारूप, सूचना की प्रकृति और सूचनाओं की तुलना के लिए मानकीकरण हेतु आवश्यक है। निर्वाचन आयोग ने यह भी कहा कि किए गए वादों के वित्तीय प्रभाव पर पर्याप्त सूचना मिल जाने से मतदाता विकल्प चुन सकेंगे। आयोग ने यह भी कहा कि वह चुनावी वादों पर अपर्याप्त सूचना और वित्तीय स्थिति पर अवांछित प्रभाव की अनदेखी नहीं कर सकता। आयोग ने कहा कि ज्यादातर राजनीतिक दल चुनावी घोषणाओं का ब्योरा समय पर उसे उपलब्ध नहीं कराते।

## रूसी हैकर...

थे। इस मामले में वह अन्य आरोपियों के साथ मिले थे। जांच में संकेत मिला कि शार्गिन ने कथित रूप से आईलियॉन सॉफ्टवेयर के साथ छेड़छाड़ की थी। इस सॉफ्टवेयर पर जेईई (मुख्य)-2021 परीक्षा आयोजित की गई थी। अधिकारियों के अनुसार शार्गिन ने परीक्षा के दौरान संदिग्ध अभ्यर्थियों की कम्प्यूटर प्रणालियों को हैक करने में अन्य आरोपियों की मदद भी की थी। एजेंसी ने पिछले साल सितंबर में एफिनिटी एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड और उसके तीन निदेशकों- सिद्धार्थ कृष्ण, विश्वंभर मणि त्रिपाठी और गोविंद वार्ष्णेय के खिलाफ मामला दर्ज किया था। कुछ अन्य लोगों पर भी मामला दर्ज किया गया।

# औराई की घटना के बाद प्रशासन अलर्ट, सुरक्षा के किए गए इंतजाम

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**भदोही** के औराई में पूजा पंडाल में अग्निकांड के तीसरे दिन मंगलवार को कमिश्नरेट पुलिस की ओर से फायर सेफ्टी आडिट कराया गया। इस दौरान आग लगने की सूचना पर माकड्रिल भी किया गया। पुलिस आयुक्त , सतीश गणेश और मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनिमेष कुमार ने पूजा-पंडालों में आग से बचाव के तैयारियों का जायजा लिया। हथुआ मार्केट और बंगाली टोला में बने पूजा पंडालों में माक ड्रिल कराया गया। इस दौरान तीन मिनट के रिस्पांस टाइम में थोड़ी देर हुई। इसको लेकर उन्होंने रिस्पांस टाइम बेहतर करने और सुरक्षा के उपायों के बारे में ब्रीफकिया। साथ ही पंडालों में लगने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अलग से फोर्स तैनात की गई है।पुलिस कमिश्नर ने कहा की किसी भी दशा में हमें आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहना है। कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही हमें घटनास्थल के लिए निकल जाना है। इस बात का ख्याल रहे की जल्द से जल्द हम वहां उपस्थित हों। साथ ही पंडाल के तारों को कवर करने के निर्देश दिए। पुलिस प्रशासन और अग्निशमन विभाग ने पूजा समितियों के लिए गाइडलाइन जारी की।



### विभाग कर रहा इंतजाम

अग्निशमन विभाग की ओर से शहर कई स्थानों पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौजूद हैं।
वरुणा पार में पुलिस लाइन व पांडेयपुर के पास गाड़ी है।
शहर के मुख्य चौराहे गोदौलिया, मैदागिन पर अग्निशमन विभाग की टीम तैनात की गई है।
भेलूपुर व मंडुवाडीह में भी फायर ब्रिगेड की गाडियां मौजूद हैं।
बाइक दस्ता लगातार शहर में चक्रमण कर रहा है।
कई पूजा पंडालों में आग से बचाव के कोई इंतजाम नहीं
शहर में करीब दो सौ पूजा पंडालों को ही फायर एनओसी दी गई। जबकि दो सौ से ज्यादा छोटे-बड़े पूजा पंडालों में आग से बचाव के कोई इंतजाम नहीं है। अब हादसे के बाद फायर ब्रिगेड भी जागा है। आग से बचाव को लेकर बालू, पानी और अन्य राहत बचाव के बारे में पंडाल आयोजकों को सचेत किया गया।

### शहर व ग्रामीण में 349 पूजा समितियों ने ली एनओसी

**शहर** व ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 349 दुर्गा पूजा समितियों ने अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया है। अग्निशमन विभाग इसके लिए अन्य आयोजकों को भी इसके लिए प्रेरित कर रहा है। काशी जोन में कुल 142 स्थानों पर तथा वरुणा जोन में 52 पूजा पंडाल स्थापित किए गए हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनिमेष सिंह के अनुसार का कहना है कि पंडालों को आग से सुरक्षित रखने के लिए जरूरी कदम उठाने के लिए अग्निशमन विभाग की टीम प्रेरित कर रही है। उनसे मिलकर बताया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में 298 पंजा पंडाल स्थापित किए गए हैं।

### फायर सेफ्टी के मानक

**पंडालों** में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग द्वार होंगे।
**पंडालों** में बालू, पानी के साथ ही अग्निशमन यंत्र भी मौजूद होने चाहिए।
**पंडालों** के निर्माण में ज्वलनशील पदार्थों का इस्तेमाल जैसे लकड़ी आदि का कम से कम किया जाए।
**अगर** उनका इस्तेमाल किया जाए तो उसे कलर आदि कर दें।
**कपड़े** भी कम ही इस्तेमाल करें ताकि आग से बचाव हो सके।
**बिजली** के तारों को खुले में ना लगाएं उसे अच्छी तरह से ढकें।
**आग** आदि का प्रदर्शन पंडाल या उसके आसपास ना हो।
**दर्शनार्थियों** को भी ज्वलनशील पदार्थों ले जाने से रोकना जरूरी है।
**पंडाल** में प्रवेश और निकास द्वार कम आठ फीट चौड़ा होना चाहिए।
**बिजली** के तार पूजा पंडाल में ऊपर नहीं होने चाहिए।
**पंडाल** में सिंथेटिक कपड़ों से परहेज करना चाहिए। जबकि पूजा पंडाल में लगे कपड़ों पर अमोनियम सल्फेट, अमोनियम कार्बोनेट, बोरेक्स और बोरिक एसिड का लेप लगाकर फायर प्रूफ बनाया जा सकता है।

## बीएचयू यूजी दाखिले के लिए आवेदन अब 8 अक्टूबर तक

**वाराणसी।** देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में से एक काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) ने सत्र 2022-23 के लिए विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की आखिरी तारीख बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय द्वारा सोमवार, 3 अक्टूबर 2022 को जारी नोटिस के मुताबिक सीयूईटी यूजी 2022 स्कोर के आधार पर विभिन्न यूजी कोर्सेस में ऐडमिशन के लिए स्टूडेंट्स अपना फॉर्म अब 8 अक्टूबर तक भर सकते हैं। इससे पहले आवेदन की आखिरी तारीख 3 अक्टूबर को समाप्त हो गई थी। वहीं, बीएचयू दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया 21 सितंबर से शुरू की गई थी, जबकि सीयूईटी यूजी 2022 नतीजे 16 सितंबर को घोषित किए गए थे। बता दें कि इस साल से केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिला सीयूईटी के माध्यम से लिया जा रहा है।

# आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल के 50 साल पूरे स्वर्णिम वर्षगांठ उत्सव का हुआ आयोजन

**सोनभद्र।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेणुकूट द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेणुकूट के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्णिम वर्षगांठ उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण किया गया। स्वर्णिम उत्सव के अवसर पर हिण्डाल्को के मुखिया एवं मुख्य अतिथि एन नागेश विशिष्ट अतिथि हिण्डाल्को मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह हिण्डाल्को विद्यालय प्रबंधक वनिता वासनिक रिडक्शन हेड जेपी नायक अल्युमिना हेड एन. एन. रॉय कॉमर्शियल हेड रवि गुप्ता लीगल हेड विवेक कुमार एबीआईसी रेणुकूट के प्राधानाचार्य दयानन्द शुक्ला एवं हिण्डाल्को पब्लिसिटी व एडमिन हेड यशवंत कुमार का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक प्रार्थना गीत व सामूहिक नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या डेफ्नी अंगर के दिशा निर्देशन में नाट्य रूपांतरण के माध्यम से विद्यालय के बीते 50 वर्ष के कालखंड की उत्तरोत्तर गतिविधियों को दर्शाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मकता के आधार पर नाट्य मंचन के माध्यम से पचास वर्ष के विद्यालय की प्रगति व कार्यप्रणाली को बेहद मनमोहक रूप से प्रदर्शित किया गया। विद्यालय की 50 वर्ष की इस यात्रामयी प्रस्तुति की श्री नागेश ने भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में हिण्डाल्को के वरिष्ठ अधिकारियों सहित स्कूली बच्चों के अभिभावक शिक्षक कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे। इसके पश्चात् विद्यालय में नवीनीकृत पुस्तकालय का भी शुभारंभ श्री नागेश ने फीता काटकर किया।



# गौरवशाली संस्कृति के परिचायक हैं त्योहार: केपी. यादव

**संवाददाता।** सोनभद्र

**शारदीय** नवरात्र की महानवमी तिथि को श्री श्री दुर्गा पूजा समिति हिण्डालको रेणुसागर पावर डिवीजन द्वारा प्रेक्षागृह परिसर स्थित आदि शक्ति, महाशक्ति श्री श्री मॉ दुर्गा देवी की महानवमी पूजा, पुष्पांजली आरती व भोग, विधि विधान घण्टे घड़ियाल, शंख के साथ पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात महानवमी के अवसर पर खिचड़ी भोग का आयोजन किया गया। शारदीय नवरात्र के अवसर पर दिशिता महिला मण्डल रेनूसागर की अध्यक्षा इन्दु यादव के कुशल नेतृत्व में गरबा व डांडिया उत्सव का सोमवार की देर शाम भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गणेश वन्दना प्रस्तुत कर किया गया। तत्पश्चात रेनुसागर पावर डिवीजन के महिला डिप्लोमा अभियंताओ द्वारा मनोहारी डांडिया प्रस्तुत कर संध्या को यादगार बना दिया। नया नव दिन पुराना सौ दिन के कहावत को चरितार्थ करते हुये दिशिता महिला मण्डल की सदस्याओं द्वारा नवस्वरूप नवप्रेरणा देबी के समक्ष गरबा व डांडिया नृत्य के माध्यम से मां दुर्गा के सम्मान में आराधना करते हुए हाथ में दीपक लेकर देवी गीत पर थिरकते हुये शानदार प्रस्तुति नें दर्शक दीर्घा में बैठे श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वही कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए कालोनी परिसर के बालिकाओं द्वारा डांडिया एवं वालीवुड के मिश्रण संगीत पर थिरकते हुए मनोहारी कला का प्रदर्शन कर दर्शको की वाहवाही लूटी। कार्यक्रम के अन्त में बतौर मुख्य अतिथि रेनूसागर पावर डिविजन के अध्यक्ष ऊर्जा के पी यादव ने उपस्थित सभी भक्तों को सम्बोधित करते हुए महानवमी की शुभकामना दी तथा दिशिता महिला मण्डल द्वारा प्रस्तुत किये गये कार्यक्रम की भूरि भूरि सराहना करते हुए कहा कि रेनूसागर परिवार के लोगो में जो प्रतिभा छिपी हुई है वह काबीले तारीफ है। जिसे आज दिशिता महिला मण्डल ने मुर्तरुप प्रदान किया है। उन्होंने यह भी कहा की पर्व हमारे गौरवशाली संस्कृति के परिचायक है, ये एक ओर जहा एकता में अनेकता का सन्देश देते है वही पुरे राष्ट्र को भी एक सूत्र में पिरोने में सहायक भी है। इस अवसर पर मुख्य रूप से दिशिता महिला मण्डल की अध्यक्षा इन्दू यादव संजय सिंह शैलेश विक्रम सिंह गुलशन तिवारी सुदिप्ता नायक अनिल सिघानिया मनु अरोरा कुमार हर्षबर्धन संदीप यावले समीर आनंद राम जतन गुप्ता मनीष सिंह राजेश सैनी कर्नल जयदीप मिश्रा एवं महिला मंडल की सदस्यायें उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन दिशिता महिला मंडल की संयुक्त सचिव कविता श्रीमाली व सचिव ऋतु हर्षबर्धन ने उपस्थित सभी लोगो का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया दिशिता महिला मंडल की सदस्या कल्चरल सचिव आशा सैनी ने डांडिया कार्यकम को अंतिम रूप दिया।



# नवमी पर सिद्धिदात्री देवी के मंदिरों में उमड़ा सैलाब

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**शारदीय** नवरात्र के नवमी को गोलघर स्थित मॉ सिद्धिदात्री देवी के दरबार में हजारों नर-नारियों ने पहुँचकर दर्शन-पूजन एवं भगवती को नारियल-चुनरी, माला आदि चढ़ायें।इस दौरान दर्शन-पूजन को लेकर गोलघर से लेकर के मॉ के दरबार तक श्रद्धालुओं की कतार लगी हुई थी। इसके अलावा माला-फूल, नारियल-चुनरी, प्रसाद आदि की दुकानें अस्थायी रूप से सजी हुई थीं। यह मंदिर कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने के कारण सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गये थे। काशी की एक- दो सिद्धपीठ मंदिरों के छोड़ नगरी की समस्त मंदिरें गलियों में है। शारदीय नवरात्र के नवमी को पूजी जाने वाली भगवती सिद्धदात्री देवी की मंदिर गोलघर होने के कारण काफी भीड़ बढ़ जाती है। सुबह से लेकर देर रात श्रद्धालुओं का दर्शन-पूजन करने के लिए तांता लगा हुआ था। मंदिर के पुजारी के अनुसार मॉ सिद्धिदात्री देवी की महाआरती देर रात हुई। मंदिर में श्रद्धालुओं ने जमकर मॉ सिद्धिदात्री देवी का उद्घोष किया।



### बाबा कीनाराम आश्रम में पूजी गयीं कन्याएं व भैरव के पांव पखारे

**वाराणसी।** शारदीय नवरात्र में कन्या पूजन का विशेष महत्व है। इसी क्रम में मंगलवार को रविन्द्रपुरी स्थित विश्व विख्यात अघोर पीठ अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान के पीठाधीश्वर एवं सर्वेश्वरी समूह व अघोर सेवा मंडल के अध्यक्ष परम पूज्य बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी के दिशा निर्देश में नवकुमारी कन्याओं एवं भैरव का पूजन बड़े ही विधि विधान के साथ श्रद्धापूर्वक के साथ मनाया गया।

स दौरान स्थल प्रांगण में हजारों भक्तों ने कतारबद्ध तरीके से देविस्वरूप में सजी संवरी कुमारी कन्याओं एवं भैरव का पूजन कर आशीर्वाद लिया । इसके साथ ही अनुयायियों ने अघोराचार्य बाबा कीनाराम स्थल पर स्थित सभी समाधि का भी दर्शन पूजन किया गया कीनाराम आश्रम परिसर में हर हर महादेव के उद्घोष से पूरा आश्रम गुंजायमान रहा।नन्हीं नन्हीं कुंवारी कन्याओं को लाल-लाल चुनरी ओढ़ायी गयी एवं उनका पूजन अर्चन कर पांव पखारे गये, उन्हें पूड़ी, सब्जी, मिष्ठान, दही और फल आदि सात्विक भोजन से तृप्त किया गया। नौ देवी स्वरूपी कन्या एवं भैरव के बाल स्वरूप के पूजन विधि में आश्रम से सम्बंधित आचार्य प्रकाश जी ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम में संस्थान के सहयोग के रूप में व्यवस्थापक सेवा मण्डल के सदस्य, अनुप कुमार सिंह उर्फ( मंटू), सी एन ओझा, डी के सिंह, विनय सिंह, इत्यादि लोगों ने कार्यक्रम के प्रबंधन में सराहनीय सहयोग प्रदान किया ।

# नवमी के दिन जिले के 357 दुर्गा पूजा पंडालों में उमड़े श्रद्धालु

**संवाददाता।** मऊ

**शारदीय** नवरात्र के नवमी के दिन मंगलवार को पूजा पंडालों में पूजन.अर्चन के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। जिले के 357 पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला सुबह से ही शुरु हो गया था। सभी पूजा पंडाल दिन ढलते ही दूधिया रोशनी से जगमग हो उठा। दुर्गा पूजनोत्सव को लेकर महिलाओं व बच्चों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। साथ ही साथ पुलिस व प्रशासनिक उच्चाधिकारी पूजा पंडालों का भ्रमण करते हुए पल.पल की स्थिति का जायजा भी लेते रहे।शारदीय नवरात्र में जगह.जगह स्थापित दुर्गा पूजा पंडालों में पूजनोत्सव की धूम मची हुई है। मंगलवार को नवमी के दिन के सभी पूजा पंडालों में दर्शन.पूजन के लिए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु दिन ढलने के बाद से ही पहुंच गए। श्रद्धालुओं के पंडालों में पहुंचने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। महिला.पुरुष से लेकर बच्चों तक ने पंडालों में पहुंचकर न सिर्फ आकर्षक ढंग से सजे पंडालों व प्रतिमाओं का अवलोकन व पूजन अर्चन किया। नगर क्षेत्र के हट्ठी मदारीए सिंधी कालोनीए बाटाए सदर चौकए गोला बाजारए संस्कृत पाठशालाए मिर्जाहादीपुराए भीटीए बालनिकेतन मोड़ए हिन्दी भवनए रेलवे कालोनीए सहादतपुराए मुंशीपुरा समेत सभी पूजा पंडालों में भक्तों का पूजन.अर्चन करने के लिए रेला लगा रहा। बताते चलें कि जिले में कुल 357 स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इसमें नगर क्षेत्र अंतर्गत शहर कोतवाली में 28ए दक्षिण टोला में 11ए सरायलखंसी में 33ए घोसी में 48ए दोहरीघाट में 24ए कोपागंज में 47ए मुहम्मदाबादगोहना में 32ए चिरैयाकोट में 20ए रानीपुर में 20ए मधुबन में 64 व हलधरपुर में 30 दुर्गा प्रतिमाएं शामिल हैं। उधर सुरक्षा के बाबत पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय के निर्देश पर सभी पूजा पंडालों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा के बाबत कंट्रोल रुप के माध्यम से पल.पल की गतिविधि पर उच्चाधिकारी अपनी पैनी नजर रख रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने सख्ती के साथ चेताया है कि ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### डीआईजी ने देर शाम रूट मार्च करके सुरक्षा का लिया जायजा

**मऊ ।** नवरात्रि व दशहरा पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंगलवार की शाम को पुलिस उप महानिरीक्षक आजमगढ़ अखिलेश कुमारए पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय अद्धसैनिक बलोंए पीएसीए आरएएफ के जवानों के साथ रुट मार्च करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। नगर क्षेत्र के सदर चौकए रौजा बाजारए संस्कृत पाठशालाए सिंधी कालोनीए मिर्जाहादीपुराए औरंगाबाद आदि स्थानों पर भ्रमण करके पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा को लेकर सख्त दिशा निर्देश जारी किया। जबकि आम जन से त्योहार को शांतिपूर्ण ढ़ग से मनाने की अपील किया।

# शहीद स्थल के सुंदरीकरण का राज्यमंत्री ने किया लोकार्पण

**सोनभद्र।** शहीद स्थल प्रबंधन ट्रस्ट करारी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायत द्वारा शहीद स्थल के कराये गये सुंदरीकरण का लोकार्पण मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव सिंह गौड़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार अजय शेखर ने किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार रामनाथ शिवेन्द्र जगदीश पंथी विजय शंकर चतुर्वेदी रहे। संचालन वरिष्ठ साहित्यकार पत्रकार भोला मिश्रा ने किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गौड़ ने आश्वासन देते हुये कहा कि शीघ्र ही इस स्थल का बृहद, सुंदरी करण कराया जायेगा। उक्त अवसर पर उपस्थित जनपद के दर्जनों साहित्यकारों का अभिनंदन किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में वरिष्ठ साहित्यकार अजय शेखर नें प्रधान व आयोजक प्रद्युम्न तिवारी को बधाई देते हुये उक्त स्थल के सुंदरीकरण व शहीदों के प्रतिमा स्थापना की अनुकरणीय बताया। विचार गोष्ठी में शहीद स्थल परासी के चेयरमैन विजय शंकर चतुर्वेदी जगदीश पंथी व रामनाथ शिवेन्द्र नें शहीदों पर व्याख्यान दिये। द्वितीय सत्र में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार जगदीश पंथी संचालन अशोक तिवारी नें किया। कवि गोष्ठी में अशोक तिवारी लेखपाल कौशिल्या कुमारी चौहान जय श्री राय शिवदास जै राम सोनी ईश्वर विरागी अनमोल मणि, समेत अन्य कवियों नें एक से बढ़कर एक रचना सुनाकर सबका मन मोह लिया।



# पूजा पंडालों के भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया महाप्रसाद

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थानाक्षेत्र के विभिन्न ग्राम सभाओं में नवरात्रि पर्व के दौरान दुर्गा पूजा पंडालों में प्रतिस्थापित मां दुर्गा के प्रतिमाओं को महानवमी पर्व पर माँ सिद्धिदात्री की पूजा विधि विधान पूर्वक करके हवन कराने की प्रक्रिया वेदमंत्रों के उच्चचारण के बीच पंडितों द्वारा सम्पन्न कराया गया। विभिन्न पूजा पंडालों में विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया। एन टी पी सी रिहंद स्टेशन में आयोजित किए जा रहे पांच दिवसीय दुर्गा पूजा कार्यक्रम के दौरान चौथे दिन नवमी तिथि पर मां दुर्गा के पूजनोत्सव के पश्चात दोपहर में खिचड़ी भोग के महाप्रसाद का आयोजन किया गया। जिसमें रिहंदवासियों के अलावा ग्रामीणों नें भी महाप्रसाद ग्रहण किया। इसी कड़ी में श्री श्री दुर्गा पूजा व रामलीला समिति बीजपुर बाजार में समिति के अध्यक्ष यशवंत सिंह महामंत्री रविन्द्र कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष विनोद गर्ग व अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसका संचालन धनन्जय शर्मा व उपेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। ग्राम सभा बीजपुर के पुनर्वास प्रथम के माँ दुधइया देवी मंदिर परिसर में आयोजित दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष राम प्रवेश गुप्ता परशुराम पाल कमलेश गुप्ता व अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों के कुशल नेतृत्व में आयोजित विशाल भंडारे में हजारों के तादात में शामिल होकर श्रद्धालुओ ने महाप्रसाद ग्रहण करके माँ का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ समाजसेवी शिवधारी गुप्ता व अनिल सिंह मेहता ने किया। भक्ति गीतों के गायन के श्रवण का आनंद भी श्रद्धालुओं ने जमकर उठाया। यही आलम ग्राम सभा डोडहर व अन्य ग्राम सभाओं के पूजा पंडालों में भी देखने को मिला। जहाँ लोग भंडारे में महाप्रसाद लेकर पुण्य के भागी बने। इस दौरान सुरक्ष के मद्देनजर बीजपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना के पुलिस बल की टुकड़ियां विभिन्न टुकड़ियों में विभक्त होकर पूजा पंडालों व इर्द गिर्द चक्रमण करते हुए देखे गए।

# स्वस्थ बालक-बालिका प्रतियोगिता के तहत 60 बच्चे हुए पुरस्कृत

**संवाददाता।** मिर्जापुर

**बाल** विकास विभाग द्वारा जिले के 2668 केन्द्रों पर आयोजित स्वस्थ्य बालक बालिका प्रतियोगिता के तहत 60 बच्चों को पुरस्कृत किया गया है। इस आशय की जानकारी बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा ने दी।

बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि सितम्बर माह में जिले में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से स्वस्थ्य बालक बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें से प्रथम श्रेणी वाले 60 बच्चों को विभाग ने पुरस्कृत किया है। जिले के उन्ही केन्द्रों पर प्रतियोगिता का अयोजन किया गया जिन केन्द्रों पर बालक या बालिका के परिवार वालों को आसानी से बुलाया जा सके। प्रतियोगिता के दौरान शिक्षा विभाग कके सदस्योंए एएनएमए आशा व पोषण पंचायत के सदस्यों को बुलाया गया जिससे कि प्रतियोगिता के दौरान पारदर्शिता बनाया जा सके। उसके बाद ग्राम प्रधानोंए ग्राम पंचायत सदस्य व जनप्रतिनिधियों के सदस्यों ने भी प्रथमए द्वितीय व तृतीय स्थान पर चयनित होने वाले बालक बालिका को भी प्रमाण पत्र दिया ।

बाल विकास परियोजना अधिकारी विकास ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान स्वच्छ वातावरण के लिए केन्द्रों को गुब्बारों से सजाया गया और केन्द्रों पर आने वाले बच्चों में मिष्ठान का वितरण भी किया गया। इस समय केन्द्रों पर आधार फीडिंग के बाद पोषण टैकर के माध्यम से सामने आया है कि 335000 बच्चों का पठन पाठन केन्द्रों पर चल रहा है ।

स्वस्थ बालक-बालिका प्रतियोगिता में मासिक वृद्धि निगरानी के पांच, व्यक्तिगत स्वच्छता के 10ए सामान्य श्रेणी में बने रहने या फिर सैम से मैम और मैम से सामान्य श्रेणी में आने पर 10 अंकए छह माह तक केवल स्तनपानए दो वर्ष तक स्तनपान और अनुपूरक पुष्टाहार का नियमित सेवन और पांच वर्ष तक प्राप्त होने वाले अनुपूरक पुष्टाहार का नियमित सेवन करने पर 10 अंकए समय से टीकाकरण के 10 अंक और समय पर कीड़े निकालने की दवा खाने के पांच अंक दिए गए । प्राप्त अंकों के आधार पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताए सहायिकाए पोषण पंचायत के सदस्यए ग्राम सभा के प्रतिनिधिए एएनएमए आशा और स्थानीय शिक्षक ने प्रतियोगिता में सफल बच्चों को नामित किया ।राम नरेश का कहना है कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन एक अच्छी पहल है।

## होसबोले का भाषण

### स्पष्ट सरोकार

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ-आरएसएस के नेता दत्तात्रेय होसबोले ने अपने भाषण में गरीबी, बेरोजगारी तथा बढ़ती असमानता पर चिन्ता प्रकट की है। वैसे जब भी भारत के बारे में असहज करने वाली खबरें आती हैं, उनमें खराब मानव विकास सूचकांक, भूख, प्रेस पर नियंत्रण, आदि चीजें शामिल होती हैं। लेकिन ऐसे लेखकों व संबंधित प्रकाशकों के प्रति सरकार तथा भारतीय जनता पार्टी संतुलित दृष्टिकोण नहीं अपनाती है। अक्सर उनके इरादों व क्रियाविधि पर सवाल उठाए जाते हैं और कभी-कभी ऐसी खबरों की फौरन निन्दा की जाती है। लेकिन आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबोले के भाषण पर ऐसी प्रतिक्रिया नहीं हो सकती है। रविवार को उन्होंने सरकार व भाजपा के सामने विचारार्थ ऐसे मुद्दे रखे जिनको वे ज्यादा पसंद नहीं करते हैं। इनमें देश में बढ़ रही गरीबी, बेरोजगारी तथा बढ़ती असमानता हैं। उन्होंने कहा कि देश में गरीबी हमारे सामने एक भयानक राक्षस की तरह खड़ी है और इस राक्षस का वध करना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में लगभग 20 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे हैं तथा 4 करोड़ बेरोजगार हैं। उन्होंने कहा कि देश में बेरोजगारी दर 7.6 प्रतिशत है। स्पष्ट है कि होसबोले के विचारों को 'खान मार्केट गैंग' या 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' की लफ्फाजी बता कर खारिज नहीं किया जा सकता है। वे संघ परिवार के केन्द्र आरएसएस के वरिष्ठ नेता हैं। यदि वे कुछ कहते हैं तो उनकी बात सुनी जानी चाहिए। यह भी देखा जाना चाहिए कि उन्होंने क्या कहा है और क्या नहीं तथा इसके गहन निहितार्थ क्या हैं।



हालांकि नरेन्द्र मोदी सरकार ने अनेक मामलों में बहुत अच्छा काम किया है जिसमें ढांचागत विकास, राजकोषीय घाटे का प्रबंधन व कुछ उद्यमों का निजीकरण शामिल है, लेकिन कुछ अन्य मामलों में उसका प्रदर्शन इतना संतोषजनक नहीं रहा है। तटस्थ दृष्टिकोण से देखा जाए तो व्यक्तिगत व नागरिक स्वतंत्रताओं के मामले में भी उसका प्रदर्शन मानकों से पीछे है, लेकिन यह आरएसएस की ज्यादा चिन्ता का विषय नहीं है। लेकिन गरीबी और बेरोजगारी दिखाई देते हैं और वे सुखद नहीं हैं। केवल कट्टर भाजपा समर्थक ही कह सकते हैं कि बेरोजगारी या गरीबी बड़े मुद्दे नहीं हैं और शायद होसबोले का दृष्टिकोण आलोचनात्मक है। इसलिए समय आ गया है कि सरकार इन मुद्दों का समाधान पूरी गंभीरता से निकालने का प्रयास करे। सबसे पहले तो उसे समस्या के अस्तित्व से इनकार करना बंद करना चाहिए और उनको स्वीकार करना चाहिए। उसे अपने उस आत्ममुग्धता वाले दायरे से बाहर निकलना चाहिए जिसे उसने स्वयं तैयार किया है। इसमें चौबीसों घंटे काम करने वाली प्रचार मशीनरी तथा मीडिया के बड़े हिस्सों का योगदान शामिल है जो लगातार उसे प्रसन्न करने में लगे रहते हैं। इस दायरे से बाहर निकलने के बाद सरकार को उचित कदम उठाते हुए सप्लाई पक्ष को सुधारने का प्रयास करना चाहिए ताकि अर्थव्यवस्था वर्तमान गतिरोध से निकल सके। वर्तमान समय में शायद बड़ी-बड़ी घोषणाओं व प्रतीकवादी उपायों को ही गंभीर अर्थनीति मान लिया गया है। जहां तक होसबोले का सवाल है, अर्थव्यवस्था की समस्याओं के बारे में उनकी स्पष्टवादिता आश्चर्यजनक है, लेकिन हम नहीं जानते कि उनके या उनके संगठन आरएसएस के पास इसके क्या समाधान हैं। होसबोले ने ये टिप्पणियां आरएसएस से जुड़े संगठन स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित वेबिनार में की हैं। वह 'भारतीय आर्थिक माडल' प्रस्तुत करता रहा है जिसमें अनेक चीजें शामिल हैं। वर्तमान युग में आर्थिक नीति संभवत: इन फार्मूलों से आगे निकल चुकी है जिसे सरकार व आरएसएस को स्वीकार करना चाहिए।

# नए अवसर देता कौशल संवर्धन

**संस्थानों के कौशल संवर्धन से हम ऐसे समय अनेक खोए अवसर प्राप्त कर सकते हैं, जब भारत नई संभावनाओं के द्वार पर दस्तक दे रहा है।**



**विरजेश उपाध्याय**
(लेखक, एक स्तम्भकार हैं।)



**देश** में पहला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान-आईटीआई 1950 में स्थापित हुआ था। इसके बाद अगले सात दशक में देश में लगभग 10,000 आईटीआई खुल चुके हैं। लेकिन आईटीआई छात्रों का पहला दीक्षान्त समारोह होने में 72 साल लग गए। तथ्य यह है कि इस उदाहरण से सिद्ध होता है कि भारत में कौशल संवर्धन नीति-निर्माताओं की कितनी भयंकर अनदेखी का क्षेत्र है। केवल ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में कौशल विकास पर एक अध्याय था। लेकिन इसके बाद से इसक महत्व पर लगातार जोर दिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पद पर आने के बाद से इस मामले में नाटकीय परिवर्तन आया है। पिछले आठ सालों में विश्वस्तरीय कौशल प्रशिक्षण पर व्यापक रूप से जोर दिया जा रहा है। इससे भारतीय कामगारों की रोजगार पाने की क्षमता में बढ़ोत्तरी हुई है। यदि हम कौशल संवर्धन के प्रति प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण पर गंभीरता से गौर करें तो इससे तीन मुख्य आयाम उभरते हैं। पहला, कौशल विकास को नीति-निर्माण के केन्द्र में रखा जाए। 2014 में उपलब्ध वर्तमान कौशलों पर नजर रखने के लिए एक अलग मंत्रालय का गठन किया गया।

इसके साथ ही सरकार का एक शुरुआती फ्लैगशिप कार्यक्रम 'स्किल इंडिया' शुरू किया गया। इन प्रयासों का नतीजा निकला। पिछले आठ साल में देश में लगभग 5,000 नए आईटीआई खोले गए तथा चार लाख से अधिक सीटें बढ़ीं। हर साल एक करोड़ से अधिक नौजवान 'स्किल इंडिया' कार्यक्रम में शामिल होते हैं और इससे लाभ उठाते हैं। इसके पीछे मंत्रालय का लक्ष्य नौजवानों को बेहतर आजीविका के लिए उपयुक्त कौशल से लैस करना है। पीएमकेवीवाई के अंतर्गत 1.3 करोड़ से अधिक उम्मीदवारों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। निश्चित रूप से भविष्य में यह संख्या बढ़ेगी क्योंकि सरकार ने भारत में कौशल विकास को गति देने के लिए 5,000 से अधिक नए 'स्किल हब' खोलने का निर्णय किया है।

कौशल विकास के महत्वाकांक्षी मूल्य को बढ़ावा देना तथा उसे औपचारिक शिक्षा से जोड़ना प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण का दूसरा आयाम है। अनेक अवसरों पर यह बात सामने आई है कि ज्ञान केवल अकादमिक योग्यता तक सीमित नहीं है। कौशल प्राप्त करना समान रूप से महत्वपूर्ण है और कौशल को अन्य योग्यताओं के समकक्ष समझा जाना चाहिए। यह विचार सर्वोत्तम रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अभिव्यक्त हुआ है जिसमें अनुभव आधारित सीखने को प्रोत्साहित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कौशल विकास को भविष्य के लिए कार्यबल तैयार करने का एक तरीका समझते हैं और इससे उनके दृष्टिकोण का तीसरा आयाम स्पष्ट होता है। इसका अर्थ शोध के माध्यम से यह समझना है कि दुनिया कैसे बदल रही है तथा नीतियां बनाने में काम व सक्रियता को महत्व दिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री के हालिया भाषणों व खासकर राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन को उनके संबोधन पर गौर किय जाए तो स्पष्ट होगा कि उन्होंने न केवल उद्योग-4, बल्कि रोबोटिक्स का उल्लेख किया है जो परिवर्तनशील काम के घंटों के अनुसार दुनिया में कहीं से भी काम करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने इन परिवर्तनों को महिला श्रमशक्ति सहभागिता के अनुकूल बताया है।

उन्होंने श्रम मंत्रालय से इस पर जोर देने को कहा है जो 'अमृत काल' में विज़न-2047 पर पहले से ही ध्यान दे रहा है। इसका उद्देश्य यह पता लगाना है कि देश में उभरते नए क्षेत्रों में महिलाओं को कैसे शामिल किया जा सकता है। इस दृष्टिकोण से देखने पर प्रधानमंत्री द्वारा आईटीआई के 'कौशल दीक्षान्त समारोह' को एक प्रकार का फालोअप समझा जा सकता है। राष्ट्रीय श्रम सम्मेलनों के उलट इस बार प्रधानमंत्री एक असमान समूह से बात कर रहे थे जिसमें छात्र व नीति-निर्माता, दोनों शामिल थे। इसलिए प्रधानमंत्री ने इस बार दोनों के बारे में बातें कीं। उन्होंने देश में रोजगार सृजन का उल्लेख करते हुए कहा कि तकनीक परिष्करण की संभावनायें उजागर हो रही हैं। उन्होंने छात्रों से अपना भावी कौशल बढ़ाने के लिए 'स्किलिंग, रिस्किलिंग व अपस्किलिंग' का मंत्र दिया जिसमें सभी क्षेत्रों में नवीनतम बदलावों पर ध्यान देना जरूरी है।

इसके साथ ही उन्होंने जोर दिया कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र, सौर ऊर्जा व बिजली वाहनों के मामले में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। रोजगार तलाशने वालों की सुविधा के लिए अनेक आईटीआई में इस संबंध में पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। यदि स्वतंत्रता के बाद भारत की यात्रा पर गौर करें तो यह दु:खद स्थिति हमारे सामने आती है कि कुछ उल्लेखनीय संस्थान स्थापित करने और शोध में विश्व नेतृत्व की स्थिति प्राप्त करने के बावजूद हम दुनिया में चल रही शोध व विकास की संस्कृति विकसित करने में विफल रहे हैं। विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, बिजनेस व नीतिगत मामलों में ऐसा ही हुआ। प्रधानमंत्री ने शुरुआत से ही इस मामले को संबोधित करने का प्रयास किया है तथा केवल इसी उद्देश्य से नीति आयोग का गठन किया गया है। इसके साथ ही पीएम-ईएसी का गठन किया गया है जो प्रधानमंत्री को आर्थिक मामलों पर सलाह देती है। लेकिन विभिन्न मंत्रालयों व संस्थानों के स्तर पर ऐसी ही व्यवस्थाओं को और मजबूत करने की जरूरत है जो न केवल प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण समझ कर उसका विश्लेषण करें, बल्कि उसे जनादेश के अनुकूल विस्तार दे सकें। श्रम मंत्रालय हमारी जनसंख्या के सबसे बड़े हिस्से पर ध्यान देता है तथा कामकाज की बदलती दुनिया को देखते हुए उसके मुद्दों को संबोधित करता है।

उसके पास श्रम बाजार शोध के लिए दो संस्थान हैं-वीवी गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान तथा दत्तोपंत ठेंगड़ी नेशनल बोर्ड आफ वर्कर्स एजुकेशन एंड डेवलपमेंट-डीटीएनबीडब्लूडी। इन संस्थानों ने दूसरी और तीसरी औद्योगिक क्रांति के कालखंड में देश की अच्छी सेवा की है। हम पहली तीन औद्योगिक क्रांतियों में पिछड़े रहे, पर उद्योग-4 के मामले में नेतृत्वकारी भूमिका अदा कर रहे हैं। डिजिटल ढांचागत संरचना में अनेक विकसित देशों से आगे हैं और कम से कम निकट भविष्य में यह स्थिति बनी रहेगी। हमें श्रम बाजार विनियमनों व कार्यबल की रोजगार योग्य क्षमता में ऐसे ही नेतृत्व की जरूरत है। श्रम कानून, खासकर सामाजिक सुरक्षा से जुड़े कानून बहुत ढीलेढाले हैं, जबकि इनका दृष्टिकोण गिग व प्लेटफार्म इकोनोमी को देखते हुए भविष्योन्मुखी होना चाहिए। डीटीएनबीडब्लूडी ने मोतीलाल नेहरू इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलोजी-एमएनएनआईटी के साथ संसाधनों का साझा करने तथा इंदिरा गांधी नेशनल ओपेन युनिवर्सिटी-इग्नू से एमओयू पर हस्ताक्षर कर इस दिशा में कदम बढ़ाए हैं। इससे श्रमिकों को डिप्लोमा व प्रमाणपत्र देने में आसानी होगी। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य डिजिटल साक्षरता, नए युग की ट्रेड यूनियनों, श्रम कानूनों पर प्रमाणीकृत विशेषज्ञ तैयार करना तथा क्षमता निर्माण है। लेकिन उभरते क्षेत्र में रोजगार क्षमता की संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए बहुत कुछ करना बाकी है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन-आईएलओ ने कहा है कि उद्योग-4 में सफलता का बड़ा हिस्सा इस बात पर निर्भर करेगा कि कामगारों को नए उभरते क्षेत्रों के बारे में पहले से क्या जानकारी है और वे नए रोजगारों के मामले में कितने कुशल हैं। इससे उनको बेहतर शिक्षा व प्रशिक्षण सुविधाओं में चयन का अवसर मिलेगा तथा देश को कौशल व मानव विकास पूंजी का लाभ मिलेगा। भावी कौशल विकास आवश्यकताओं की पहचान व उनको लागू करने के लिए विभिन्न संस्थानों के बीच समन्वय, व्यावहारिकता तथा मूलभूत शोध की आवश्यकता है। हम संस्थानों की सहायता तथा इस उद्देश्य से लागू योजनाओं के माध्यम से असंगठित कामगारों के कौशल को ई-श्रम के माध्यम से प्रमाणित करने के प्रयास भी कर रहे हैं। उद्योग-4 का युग एकदम अलग होगा। नई चुनौतियों का सामना करने तथा नेतृत्वकारी स्थिति बनाए रखने के लिए न केवल श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, बल्कि उसके संस्थानों को भी तत्काल भविष्य के लिए अपना पुन: मूल्यांकन करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 'चौथी औद्योगिक क्रांति' के लिए त्वरित निर्णय लेने तथा उनका तेजी से क्रियान्वयन करने की आवश्यकता होगी।

# फेफड़ों के लिए घातक वायु प्रदूषण

> वायु प्रदूषण को अब दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य खतरा माना जाता है, जिससे हर साल दुनिया भर में 70 लाख मौतें होती हैं।

**सूर्यकांत**
(लेखक केजीएमसी लखनऊ में प्रोफेसर हैं)



**जैसा** कि हम जानते हैं कि फेफड़े श्वसन के लिए प्राथमिक अंग हैं। वे शरीर को ऑक्सीजन की आपूर्ति करने और कार्बन डाइऑक्साइड को बाहर निकालने के लिए अथक प्रयास करते हैं। सांस लेने से बोलने और गाने की क्षमता में भी मदद मिलती है। जीवन पहली सांस से शुरू होता है और आखिरी सांस पर खत्म होता है। यह न्यूनतम कोशिकीय स्तर तक शरीर और उसके सभी अंगों के कामकाज के लिए महत्वपूर्ण है। 350 लीटर ऑक्सीजन पाने के लिए हम रोजाना 10,000 लीटर हवा में सांस लेते हैं। हम भोजन के बिना तीन सप्ताह तक जीवित रह सकते हैं, बिना पानी के तीन दिन, लेकिन ऑक्सीजन के बिना हम तीन मिनट से अधिक नहीं रह सकते। कोविड -19 महामारी ने ऑक्सीजन, फेफड़े और फेफड़ों के विशेषज्ञों के महत्व को प्रकट किया। वातावरण में मौजूद विभिन्न प्रकार के हानिकारक एजेंटों या प्रदूषकों के संपर्क में आने से श्वसन प्रणाली लगातार प्रभावित होती है। यह अनुमान है कि दुनिया भर में कम से कम दो अरब लोग बायोमास ईंधन के दहन से उत्पन्न जहरीले धुएं के संपर्क में हैं। सात अरब से अधिक लोग प्रदूषित हवा में सांस लेते हैं।

वायु प्रदूषण के कारण श्वसन तंत्र और फेफड़े सबसे अधिक प्रभावित मानव अंग हैं। कुछ सामान्य प्रभाव खांसी, घरघराहट, सांस की तकलीफ, अस्थमा, निमोनिया और बच्चों में फेफड़ों की क्षमता में कमी, वायुमार्ग में रुकावट, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी), फेफड़े का कैंसर और कई अन्य हैं।

वायु प्रदूषण को अब दुनिया का सबसे बड़ा पर्यावरणीय स्वास्थ्य खतरा माना जाता है, जिससे हर साल दुनिया भर में 70 लाख मौतें होती हैं। वायु प्रदूषण के कारण भारत में हर साल 17 लाख लोगों की मौत होती है। वायु प्रदूषण अस्थमा, फेफड़ों के कैंसर, फेफड़ों के अन्य रोगों को बढ़ाता है, जबकि हृदय रोग जैसी कई बीमारियों को भी बढ़ाता है। लगभग सभी भारतीय हवा में सांस लेते हैं जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशानिर्देशों से अधिक है। इसकी 2021 की रिपोर्ट में बताया गया है कि मध्य और दक्षिण एशिया के 15 सबसे प्रदूषित शहरों में से 11 भारत के थे। भारत में लगभग 16.7 लाख मौतें वायु प्रदूषण के कारण हुईं, जो 2019 में देश में हुई कुल मौतों का 17.8 प्रतिशत थी। इसका मतलब है कि, भारत में प्रति मिनट तीन मौतें वायु प्रदूषण के कारण हुईं।

2019 में उच्च रक्तचाप, तंबाकू और खराब आहार के बाद वैश्विक स्तर पर जल्दी मौत के जोखिम वाले कारकों में वायु प्रदूषण चौथे स्थान पर है। वैश्विक स्तर पर, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज से होने वाली मौतों में से लगभग 40 प्रतिशत, कम श्वसन संक्रमण से होने वाली मौतों में से 30 प्रतिशत और फेफड़ों के कैंसर से होने वाली 19 प्रतिशत मौतों का कारण वायु प्रदूषण था। भारत में, वायु प्रदूषण के कारण होने वाली फेफड़ों की बीमारियों से लगभग 45 प्रतिशत मौतें होती हैं और 40 प्रतिशत नुकसान अस्वस्थता, विकलांगता या जल्दी मृत्यु के कारण होता है। वायु प्रदूषण से निपटने और बदलाव लाने के लिए तत्काल और उचित कार्रवाई की आवश्यकता है।

श्वसन रोगों के प्रभाव में सीओपीडी जैसी पुरानी स्थितियां और निमोनिया जैसी गंभीर बीमारियां या निचले श्वसन पथ के संक्रमण दोनों शामिल हैं। 2019 में निमोनिया से 2.5 मिलियन से अधिक लोगों की मृत्यु हुई, जिससे यह दुनिया में सबसे अधिक प्रचलित तीव्र बीमारियों और मृत्यु के कारणों में से एक बन गया। यह 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए भी मृत्यु का सबसे बड़ा कारण है, जो नवजात नहीं हैं।

इसके अतिरिक्त, सार्स-सीओवी-2 मृत्यु दर उन वयस्कों में कोविड-19 के परिणामस्वरूप नाटकीय रूप से बढ़ गई, जिनमें अंतर्निहित सहवर्ती रोग थे, विशेष रूप से उन लोगों में जिन्होंने श्वसन रोग या निमोनिया विकसित किया, 6.3 मिलियन से अधिक व्यक्तियों की मौत हो गई, ज्यादातर श्वसन कारणों से। 2020 में, टीबी से 1.5 मिलियन लोगों की मृत्यु हुई, जिससे यह कोविड-19 महामारी के बाद सबसे अधिक प्रचलित घातक संक्रामक रोग बन गया। दुनिया भर में, 10 मिलियन से अधिक व्यक्तियों ने टीबी का अनुबंध किया, जबकि भारत में 2.6 मिलियन लोग प्रभावित हुए। जीर्ण श्वसन रोग की शुरुआत को ऐसे तीव्र श्वसन संक्रमण और अन्य आनुवंशिक-पर्यावरणीय अंत:क्रियाओं से भी जोड़ा जा सकता है, जिसमें बचपन की बीमारी खराब स्वास्थ्य के लिए एक विकासात्मक प्रक्षेपवक्र स्थापित करती है। विश्व स्तर पर, अनुमानित 544.9 मिलियन लोग 2017 में पुरानी श्वसन स्थिति से पीड़ित थे। दुनिया में, सीओपीडी लगभग 200 मिलियन लोगों, या चार प्रतिशत आबादी को प्रभावित करता है, और सालाना 3.2 मिलियन लोगों को मारता है, जिससे यह मृत्यु दर का तीसरा सबसे बड़ा कारण बनता है। . अस्थमा दुनिया भर में 350 मिलियन लोगों (भारत में 35 मिलियन) को प्रभावित करता है और बच्चों में सबसे अधिक बार होने वाली पुरानी बीमारी है।

बच्चे विशेष रूप से आसानी से प्रभावित होते हैं क्योंकि वे अभी भी बढ़ रहे हैं और उनके फेफड़े, दिमाग और प्रतिरक्षा प्रणाली विकसित हो रही हैं। कम उम्र में वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से फेफड़ों के विकास में बाधा आ सकती है, मस्तिष्क के विकास में बाधा आ सकती है और अस्थमा जैसी स्थितियों का खतरा बढ़ सकता है। दमा से पीड़ित बच्चों के फेफड़े और वायुमार्ग आसानी से फूल जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप परेशान करने वाले दैनिक लक्षण होते हैं जो खेल, खेल, स्कूल और नींद में बाधा डालते हैं।

5 जून, 2022 को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन) आंदोलन शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि लाइफ का दृष्टिकोण एक ऐसी जीवन शैली जीना है जो हमारे ग्रह के अनुरूप हो और इसे नुकसान न पहुंचाए। ऐसा जीवन जीने वालों को 'प्रो-प्लैनेट पीपल' के रूप में जाना जाता है। मिशन लाइफे अतीत से उधार लेता है, वर्तमान में काम करता है, और आगे देखता है। हमारा जीवन कम करने, पुन: उपयोग करने और रीसायकल करने की अवधारणाओं से बुना गया है।

## आप की बात

### हृदयविदारक घटना

**उत्तर** प्रदेश के भदोही शहर में एक धार्मिक आयोजन में लगी आग में 6 लोगों की मृत्यु एवम 50 श्रद्धालुओं का घायल होना अत्यंत दुखदाई एवम हृदय विदारक घटना है. इससे पूर्व भी कानपुर में श्रद्धालुओं से को लेकर जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें करीब 23 लोगों की मृत्यु हो गई थी. और बड़ी संख्या में लोगों को गंभीर चोट आई है. धार्मिक अनुष्ठान के आयोजकों को ध्यान रखना चाहिए कि किसी तरह की दुर्घटना ना हो. यदि हो भी जाए तो रोकने के पुख्ता इंतजाम करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजकों के द्वारा स्थानीय शासन प्रशासन की अनुमति, वॉलिंटियर्स, ट्रैफिक , पर्यावरण , एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होती है जिसके कारण यदि कोई दुर्घटना होती है तो बचाव के कार्य में सरकार को भारी मशक्कत का सामना करना पड़ता है और जानमाल का नुकसान भी होता है इसलिए ऐसे आयोजनों पर सरकार को भी निगरानी रखनी होगी। धार्मिक आयोजनों में उत्सवों में और यात्राओं में श्रद्धालुओं को भी सावधानी बरतनी होगी। जान-माल का भारी नुकसान बेहद दर्दनाक होता है केवल सरकार के ऊपर जिम्मेदारी डाल देना किसी भी तरह से उचित नहीं है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** नई दिल्ली

### पाप का अंत कब?

**वर्षो** से चली आ रही परम्परा दशहरे पर रावण दहन गांवो से लेकर अंचलो , नगरों, महानगरों व पुरे देश मे बुराई पर अच्छाई की जीत हेतु किया जाता है. और दहन पश्चात एक दूसरे को शुभकामनाएं, बधाई दी जाती है! रावण के पुतले के दहन के बाद विजयी पताका का इतना जोश , उत्साह होता है की हमने हमेशा हमेशा के लिए बुराई का अंत कर दिया, दहन कर दिया! परन्तु विडंबना है की वर्तमान दौर मे देश को खोकला करने वाले अर्थपिशाचो व संस्कार, संस्कृति को धूमिल करने वाले, सभ्यता को कलंकित करने वाले इन भरस्टाचारी व दुष्कर्मी रावणों का दहन कब होगा? क्या इन कलयुगी रावणों मे बुराई नहीं है? आये दिन मासूमों का बलात्कार, महिलाओ से छेड़छाड़, महिलाओ के साथ बलात्कार, जघन्य हत्याएं, क्या यह अपराध या बुराई नहीं? फिर इनका खात्मा करने के लिए कौन सा राम जन्म लेगा? देश मे घोटाले व आर्थिक अनियमियता की खबरों से व रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ने की खबरें सुर्खियों मे होती है ! क्या अर्थ पिसाची रावण के खात्मे के लिए कोई कारगर व ठोस नीति नहीं है.. ? देश मे यह कृत्य आखिर सीमा क्यों लांघ रहे है!

– **योगेश जोशी,** बड़वाह, मप्र

### ग्लोबल वार्मिंग के खतरे

**जब** जब भी प्रकृति करवटें बदलती है और देश में अनहोनी होती है तब तब हर कोई जलवायु परिवर्तन पर बहस करता है। सब के अपने तर्क होते हैं और हर कोई उसे श्रेष्ठ जताता है। सब का फोकस ग्लोबल वार्मिंग पर ही होता है जो आज बड़ी चिंता का विषय बनता जा रहा है। अध्ययन और शोध पर विश्वास करें तो आने वाले सालों में मानव जीवन के लिए मुसीबतें ही पैदा होना है। वास्तव में ग्लोबल वार्मिंग बड़े संकट का संदेशा है। ग्लेशियरों का पिघलना, मौसम में गर्मी बढ़ना और हीटवेव का एक निर्धारित अंतराल के बाद नियमित चलना कुछ ऐसी चेतावनी या हैं जिन पर गौर जरूरी है। गर्मी के मौसम में असहनीय गर्मी और अचानक मौसम का बदलना, बरसात होना या ठंड का चमकना शोधकर्ताओं की निगाहों में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं है। 2010 के ऊंचे तापमान को आधार मानकर सामने आए निष्कर्ष एक चेतावनी है जो हर तीसरे साल हीटवेव चलने की आशंका व्यक्त करते हैं। मौसम का मिजाज अगर अनुकूल होता तो दशकों के बाद निर्मित होने वाली असहनीय गर्मी की स्थिति साल दर साल न बढ़ती।

– **अमृतलाल मारू,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**राजस्थान** में नए मुख्यमंत्री के नाम पर विधायकों के भड़कने का नया मामला था।
– **अशोक गहलोत**
राजस्थान के मुख्यमंत्री



**ऊर्जा** संकट व मुद्रास्फीति के मामले में हमारे पास आगे बढ़ने की स्पष्ट योजना है।
– **लिज़ ट्रस**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री



**सत्तारूढ़** लोगों द्वारा महात्मा गांधी की विरासत पर कब्जा करना आसान है, पर उनके रास्ते पर चलना कठिन।
– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# मां महागौरी की उपासना से गुंजायमान हुआ बाघंबरी मठ

● **महंत बलबीर गिरि जी महाराज ने किया कन्याओं का पूजन**

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



कन्या पूजन करते महंत बलबीर गिरि व कमिश्नर।

**शारदीय नवरात्र** के आखिरी दिन नवमी में बाघंबरी मठ में हवन एवं कन्या पूजन किया गया। मां महागौरी की आराधना के साथ नवरात्र पूजन का समापन हुआ। इस दौरान मठ के महंत बलबीर गिरि जी महाराज ने महायज्ञ किया। महायज्ञ के बाद महंत द्वारा कन्या पूजन और देवी स्वरूप कन्याओं का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इस तिथि पर कन्या को देवी रूप में मानते हैं। कन्या में देवी की शक्ति का प्रवेश होना माना जाता है। कन्या पूजन करने वाले को पूरी स्वच्छता के साथ रहना चाहिए। इस मौके पर बलबीर गिरि ने अपने गुरु महंत नरेंद्र गिरि के मंदिर का भूमि पूजन किया। उनके समाधि स्थल के रूप में मंदिर को बनाया जाएगा। मंदिर में नरेंद्र गिरी से जुड़ी वस्तुओं को रखा जाएगा।

इस अवसर पर प्रयागराज के कमिश्नर विजय विश्वास पंत अपने परिवार के साथ अनुष्ठान में सम्मिलित हुए। मठ बाघंबरी गद्दी में नवरात्र के उपलक्ष्य में पिछले नौ दिनों से मठ में कार्यक्रम हुआ। गुरु मठ के पूर्व महंत और अखाड़ा परिषद के तत्कालीन अध्यक्ष नरेंद्र गिरि की तरह महंत बलबीर गिरि ने भी नवरात्र में आयोजन किया। नवरात्र के अंतिम दिन मठ में कन्या पूजन की परंपरा का निर्वाहन किया।

श्रीमठ बाघम्बरी गद्दी में शारदीय नवरात्रि बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के अनुष्ठान शतचण्डी पाठ माँ दुर्गा का अभिषेक शिव पंचायतन पूजा एवं 51 वेद पाठी ब्राम्हणों के द्वारा शतचण्डी यज्ञ और कन्या पूजन किया गया। मां भगवती से यही प्रार्थना है। समस्त संसार का कल्याण कर विश्व को महामारी जनित बिमारियों से मुक्ति प्रदान करें। आज विजय दशमी दशहरा के मौके पर नरेन्द्र गिरी जी महराज की समाधि स्थल का भूमि पूजन किया गया। पूजन में अखाड़े से आये हुये गणमान्य संत व प्रयागराज के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत परिवार सहित पूजन में शामिल हुए।

# देश ही नहीं विदेशों में भी चल रहीं संघ की शाखाएं: गोपाल अग्निहोत्री

● **आरएसएस ने मनाया विजयादशमी उत्सव**

● **रज्जू भैया नगर के स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन और शस्त्र पूजन**

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



पथ संचलन करते रज्जू भैया नगर के स्वयंसेवक।

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ** रज्जू भैया नगर प्रयाग दक्षिण के स्वयंसेवकों ने मंगलवार को विजयादशमी उत्सव दयानंद बस्ती स्थित विवेकानंद पार्क में मनाया। इस दौरान शस्त्र पूजन के साथ ही स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में पथ संचलन किया। मुख्य वक्ता प्रयाग दक्षिण भाग के भाग संघचालक गोपाल अग्निहोत्री ने स्वयंसेवकों और समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा संघ की स्थापना विजयादशमी के दिन ही हुई थी। संघ इस दिन शक्ति की उपासना कर स्थापना दिवस मनाता है। विजयादशमी के दिन 1925 में संघ की स्थापना होने के बाद भी आरएसएस अपना स्थापना दिवस नहीं मनाता।

वह विजयादशमी उत्सव ही प्रमुखता से मनाता है और उसमें शक्ति की उपासना करता है। संघ के संस्थापक डा केशव बलिराम हेडगेवार ने कहा था कि हम जन्म दिवस मनाने के लिए संघ की स्थापना नहीं कर रहे हैं। हम शक्ति की उपासना के लिए संघ की स्थापना कर रहे हैं। हमें काम अपना प्रारंभ करना है। 97 वर्षो से संघ निरंतर यह उत्सव मनाता आ रहा है। आज संघ की शाखाएं देश ही नही विश्व में भी लगाई जा रहीं हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिक्षक सुनील कुमार पांडेय ने कहा कि आरएसएस अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।

भारत विश्व गुरु एक दिन जरूर बनेगा। श्री पांडेय ने एकजुट होकर समाज को राष्ट्र निर्माण में योगदान का आवाहन किया। कहा समाज की एकता से ही क्षेत्र में समृद्धि आती है।कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में पथ संचलन किया। जो विवेकानन्द पार्क कालिंदीपुरम से शुरू होकर राजरूपपुर सब्जी मंडी चौराहा कालिंदीपुरम होते हुए दोबारा कार्यक्रम स्थल पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मुख्य कार्यक्रम प्रारंभ होने पर प्रयाग दक्षिण के भाग संघचालक गोपाल अग्निहोत्री ने शस्त्र पूजन किया। इस अवसर पर भाग व्यवस्था प्रमुख आत्मदेव नगर संघचालक रवि प्रकाश नगर कार्यवाह भूपेंद्र संचलन प्रमुख सौरभ धीरज पंकज अमित विजय मनीष हेमन्त चंद्रभूषण रामानुज शैलेन्द्र हरिप्रसाद राम प्रकाश दिनेश राम लोचन गुरमीत सहित बड़ी संख्या में नगर के स्वयंसेवक और आम नागरिक उपस्थित रहे।

# विजयदशमी का पर्व सकुशल व शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं: मंडलायुक्त

● **अधिकारियों ने लोगों को दी पर्व की बधाई**

**अयोध्या।** मंडलायुक्त नवदीप रिणवा ने मंडलवासियों एवं जनपद वासियों को विजयदशमी की हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने मंडलवासियों एवं जनपदवासियों से कहा कि विजयदशमी का पर्व सकुशल व शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने जनपदवासियों को विजयदशमी की बधाई दी है। उन्होंने जनपदवासियों से विजयदशमी का पर्व शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। पुलिस उपमहानिरीक्षक अयोध्या रेंज अमरेन्द्र प्रसाद सिंह ने अयोध्या रेंज के समस्त वासियों को विजयदशमी की हार्दिक बधाई देते हुए पर्व को सकुशल मनाने की अपील की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत शर्मा ने जनपद वासियों को विजयदशमी का पर्व सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। नगर आयुक्त विशाल सिंह व सीडीओ अनीता यादव ने जनपद वासियों को विजयदशमी की हार्दिक बधाई दी है। उप निदेशक सूचना डॉक्टर मुरलीधर सिंह ने जनपद वासियों, साधु संतों को विजयदशमी की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि भगवान रामचंद्र के बताए गए मार्गों पर सभी से चलने की अपील की है।

## कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों की होगी सराहना

**प्रयागराज।** साल दो हजार बाइस के दौरान लोगों को पॉपुलर फिक्शन शोज़ और लीक से हटकर रियलिटी शोज़ दिखाने के बाद अब ज़ी टीवी के लिए साल का वो समय है। जब यह चैनल अपने ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स के जरिए उन एक्टर्स डायरेक्टर्स प्रोड्यूसर्स क्रिएटिव टीमों और टेक्नीशियनों का सम्मान करता है। जो सबका मनोरंजन करने के लिए दिन रात मेहनत करते हैं। भव्य समारोह में दर्शकों और उनके पसंदीदा किरदारों के बीच गहरे रिश्तों का अभूतपूर्व जश्न मनाया जाएगा।

## हिन्दू महासभा शिवलिंग की कार्बन डेटिंग के पक्ष में नही

**अयोध्या।** अखिल भारत हिन्दू महासभा काशी विश्वनाथ मंदिर में मिले शिवलिंग की कार्बन डेटिंग कराए जाने के पक्ष में नहीं है। हिन्दू महासभा के प्रदेश मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने आज यहां शिवलिंग की कार्बन डेटिंग कराए जाने को लेकर आने वाले निर्णय से पूर्व अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कार्बन डेटिंग के लिए शिवलिंग के साथ छेड़छाड़ यानी किसी न किसी रूप में उसे खंडित किया जाएगा। जो की सनातन धर्म में इसका अनादर होगा, क्यों कि सनातन धर्म खंडित प्रतिमा की पूजा की अनुमति नहीं देता है। ज्ञात हो की वाराणसी के बहुचर्चित ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले में अधिवक्ता आयुक्त के सर्वे में सामने आए शिवलिंग की कार्बन डेटिंग के मुद्दे पर मुकदमे की पांच वादी महिलाओं में से एक राखी सिंह ने कार्बन डेटिंग के पक्ष में नहीं है, जिसका समर्थन करते हुए हिन्दू महासभा ने भी न्यायालय पर भरोसा जताया कि कार्बन डेटिंग के नाम पर शिवलिंग को खंडित करने का निर्देश नहीं देगी।

# सांसद लल्लू सिंह के अनुरोध को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने किया स्वीकार

● **छावनी परिषद फैजाबाद का नाम बदलकर किया गया छावनी परिषद अयोध्या, रक्षामंत्री ने जारी किया आदेश**

**संवाददाता।** अयोध्या

**सांसद लल्लू सिंह** के प्रयासों के बाद आर्मी ऐरिया छावनी परिषद फैजाबाद के बजाए अब छावनी परिषद अयोध्या के नाम से जाना जायेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से इस सन्दर्भ में सांसद लल्लू सिंह ने अनुरोध किया था। विजयदशमी की पूर्व संध्या पर रक्षा मंत्री ने इस अनुरोध को पूर्ण किया। जिसका रक्षामंत्री द्वारा आदेश जारी कर दिया गया। दो दिन बाद इसका शासनादेश जारी कर दिया जायेगा।

सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि मोक्षदायिनी सप्तपुरियों में एक नगरी अयोध्या का नाम आते ही आध्यात्म व मर्यादा परिवेश में घुल जाती है। रामराज्य परिकल्पना अयोध्या निकल पर वैश्विक स्तर पर परिभाषित हुई है। प्रदेश सरकार ने फैजाबाद का नाम अयोध्या करके इसी अध्यात्मिक उर्जा को सम्बल प्रदान किया है। दीपोत्सव जैसे आयोजनों की वजह से आज अयोध्या विश्व पयर्टन के मानचित्र पर स्थापित हो गयी है। उन्होंने कहा कि फैजाबाद रेलवे स्टेशन का नाम अयोध्या कैंट होने के उपरान्त जनता के द्वारा छावनी परिषद फैजाबाद का नाम भी अयोध्या किये जाने की मांग की जा रही थी। जनता की इस अपेक्षा को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा पूरा किया गया। अब छावनी परिषद फैजाबाद अयेध्या कैंट के नाम से जानी जायेगी।

## वन विभाग व पुलिस की मिलीभगत से काटे जा रहे हरे पेड़

**असोथर/फतेहपुर।** एक ओर सरकार पौधरोपण के लिए जोर दे रही है, वहीं पुलिस व वन विभाग की मिलीभगत से लकड़ी माफिया हरे नीम के वृक्ष धड़ल्ले से काट जा रहे रहे हैं। ग्रामीणों की सूचना देने के बाद भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। जागेश्वर धाम में मंगलवार को लकड़ी माफिया द्वारा हरे नीम के वृक्षों को काटा गया। ग्रामीणों ने पुलिस तथा वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। ग्रामीणों का कहना था कि सरकार पौधे लगाने के लिए जोर दे रही है, रुपये भी खर्च कर रही है, लेकिन अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से हरे वृक्ष नीम, आम व शीशम को लकड़ी माफिया धड़ल्ले से काट रहे हैं। उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। क्षेत्र में बगैर लाइसेंस के आरा मशीनें भी धड़ल्ले से चल रही हैं। वन दारोगा रामराज ने बताया कि सूचना के बाद मौके पर गया था, नीम का पेड़ काटा गया है, कार्रवाई की जा रही है। जो आरा मशीन बगैर लाइसेंस के चल रही हैं, उन मशीनों की जांचकर कार्रवाई की जाएगी है।

## क्विक न्यूज

### छात्रसंघ संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक को जान से मारने की धमकी मिली

**प्रयागराज (भाषा)।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्रसंघ की बहाली और फीस वृद्धि वापस लिए जाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे छात्र नेता अजय सिंह सम्राट को सोमवार को फोन पर जान से मारने और और तेजाब से जलाने की कथित रूप से धमकी मिली है। अजय सिंह ने मंगलवार को कर्नलगंज थाना में इस संबंध में तहरीर दी जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई। तहरीर के अनुसार, सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में कुछ अराजक तत्वों ने दो छात्रों को पिस्तौल की जोर पर मारा-पीटा और उनसे पैसे छीन लिए। तहरीर के अनुसार, घटना का पता चलते ही अजय सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर उन अपराधियों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वे भाग निकले। तहरीर के अनुसार, सोमवार की रात अजय सिंह के मोबाइल पर कॉल करके एक व्यक्ति ने उन्हें जान से मारने और तेजाब से जलाने की धमकी दी। उसमें कहा गया है कि इसके बाद दो अन्य मोबाइल नंबरों से भी उन्हें जान से मारने की धमकी मिली। कर्नलगंज थाना में तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 506 और 507 के तहत मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### प्रसिद्ध कहानीकार शेखर जोशी का निधन

**प्रयागराज (भाषा)।** हिंदी के प्रसिद्ध कहानीकार शेखर जोशी का मंगलवार को गाजियाबाद के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। उनके पुत्र प्रतुल जोशी ने बताया कि जोशी का आज अपराह्न 3:20 बजे गाजियाबाद के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। पिछले 10 दिनों से उनकी आंत का इलाज चल रहा था। जोशी के परिवार में दो पुत्र और एक पुत्री हैं। उन्होंने बताया कि 10 सितंबर, 1932 को उत्तराखंड के अल्मोड़ा में जन्मे शेखर जोशी ने गत 10 सितंबर को नोएडा में अपना 90वां जन्मदिन मनाया था। नई कहानी धारा में शेखर जोशी को एक प्रमुख रचनाकार माना जाता है। कोसी के घटवार उनकी काफी लोकप्रिय कहानी है। प्रयागराज के कवि संतोष चतुर्वेदी ने बताया कि शेखर जोशी नई कहानी आंदोलन के कथाकार थे और वे नए लेखकों को काफी प्रोत्साहित करते थे। इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में वह 50 वर्ष से अधिक समय तक रहे और अपनी लगभग सभी रचनाएं उन्होंने यही लिखी। चतुर्वेदी ने बताया कि बताया कि शेखर जोशी की प्रमुख कृतियों में कोसी का घटवार, बदबू और मेंटल शामिल हैं। हाल ही में उन्होंने पार्वती नाम से एक कविता संकलन भी पेश किया था। जोशी को इफको की ओर से कला साहित्य सम्मान और देहरादून में विद्या सागर नौटियाल सम्मान से सम्मानित किया गया था।

### गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

**भीटी अंबेडकर नगर।** महुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत गश्त के दौरान पुलिस ने गांजे के साथ एक युवक को पकड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिकंदर सिंह पुत्र बीपत सिंह निवासी रिऊना थाना भीटी मंगलवार की सुबह 8.30 बजे अपने घर जा रहा था महरुआ चौराहे पर पुलिस को देखते ही भागने का प्रयास किया एसआई दिलीप कुमार त्रिपाठी गश्त पर निकले थे। इसी बीच पुलिस ने धर दबोचा। तलाशी के दौरान युवक के पास 1 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ थाना अध्यक्ष गजेंद्र विक्रम सिंह ने युवक के खिलाफएनडीपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत कर के जेल भेजा गया।

### मुलायम सिंह यादव के स्वास्थ्य लाभ के लिए किया हवन

**प्रयागराज (भाषा)।** समाजवादी पार्टी के संरक्षक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के स्वस्थ होने की कामना करते हुए समाजवादी प्रबुद्ध सभा के लोगो ने मंगलवार को नैनी के शनि मंदिर मे हवन और पूजन किया। सपा के जिला मीडिया प्रभारी सैयद मोहम्मद अस्करी ने बताया किसपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ और दीर्घायु की कामना करते हुए समाजवादी प्रबुद्ध सभा के कार्यकर्ताओ ने नैनी के शनि मंदिर मे हवन पूजन किया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर प्रबुद्ध सभा के महानगर अध्यक्ष शिव कुमार तिवारी, वरिष्ठ समाजवादी नेता सत्यवीर यादव, पूर्व महानगर सचिव संतोष यादव, प्रबुद्ध सभा उपाध्यक्ष राहुल पांडेय आदि उपस्थित रहे।

### भक्तों ने किए माता के दर्शन

**फर्रुखाबाद।** महानवमी के अंतिम दिन भक्तो ने बड़ी संख्या में विभिन्न मंदिरों के दर्शन किए। आठ दिन में मां नौ देवियों के व्रत के बाद कन्याओं व लंगूरा को मैया का प्रसाद पूरी, हलवा, खीर, सब्जी खिलाकर अपना अपना व्रत खोला। नगर में गुड़गांवा देवी मंदिर, खतराना में नौ देवियां, रेलवे रोड में मठिया देवी, बढ़पुर में काली देवी, शीतला देवी, संतोषी माता, भोलेपुर में वैष्णो देवी, जयनारायण वर्मा रोड पर काली देवी मंदिर के भक्तो ने सुबह से देर रात्रि तक दर्शन किए।

# स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर भाजपा ने की बैठक



**भीटी अंबेडकर नगर।** स्नातक एमएलसी चुनाव के सम्बन्ध में भारतीय जनता पार्टी खजुरी मंडल एवं भीटी मंडल की तैयारी बैठक आज भीटी बाजार के राम जानकी मैरिज लान में हुई। तैयारी बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री दीपक तिवारी रहे। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता स्नातक एमएलसी चुनाव के विधानसभा संयोजक संतोष सिंह जी रहे बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिलीप तिवारी ने की संचालन रानेश पाण्डेय ने किया बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा स्नातक वोटर बनाने के लिए आह्वान किया गयाए बैठक में प्रमुख रूप से जिला मंत्री संजय सिंह, स्नातक एमएलसी चुनाव के मंडल संयोजक कुलदीप अग्रहरि, भीटी मंडल महामंत्री गंगा प्रसाद वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष भीटी एडवोकेट आनंद श्रीवास्तव, कौशलेंद्र निराला, दीपक दुबे, विनोद दुबे, इंद्र प्रताप पांडेय, विनय गुप्ता, दिलीप मिश्रा, शत्रुघ्न सिंह, अरुण कांत सिंह ,योगेश सिंह, अनिल सिंह अरुणकांत पांडेय, झिनकू राम जायसवाल, अमरजीत वर्मा एवं अन्य कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पालिका ईओ ने गड्ढे भरने व अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

**फतेहपुर।** मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन सहित दशहरा पर्व पर सवारियां निकाले जाने को लेकर मंगलवार को नगर पालिका की अधिशाषी अधिकारी मीरा सिंह ने सम्बन्धित मार्गो का निरीक्षण किया। उन्होंने बाकरगंज पुलिस चौकी के सामने रोड के गड्ढो को भरने एवं अतिक्रमण को हटाये जाने के निर्देश दिए। दशहरा पर्व पर सवारियां निकालने वाले मार्गो का ईओ ने जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अधिकारी ने कहा कि मार्ग में जहां गड्ढे हो उन्हें सही कर लिया जायें। जिससे दशहरा पर्व पर सवारियां निकालने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने अतिक्रमण प्रभारी को सड़क किनारे के अतिक्रमण को हटाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने दुकनदारों से सड़क किनारे से अपना समाना हटा लेने की अपील की। उन्होंने कहा की दुकनदार अपना सामान स्वयं हटा लें अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें।

# किराएदार ने लगाया दुकान पर जबरिया कब्जा करने का आरोप



**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** टाण्डा नगर में कानून व्यवस्था की स्थित बद से बदतर हो गयी है। किरायेदारों की दुकान तोड़कर कब्जा करने का सिलसिला जारी है। एक दिन पहले किरायेदार ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत किया और दूसरे दिन दुकान तोड़कर कब्जा होने के साथ दुकान का माल भी गायब कर दिया गया। किराएदार ने पूरी घटना का जिममेदार भाजपा के नगर अध्यक्ष व कोतवाल टाण्डा तथा मकान मालिक पर लगाया है। उक्त दुकान का मुकदमा सिविल न्यायालय में विचाराधीन है और न्यायालय के अमीन द्वारा मौके का कमीशन भी हो चुका है। घटना के बाद टाण्डा कोतवाली पुलिस ने मकान मालिक व किरायेदार को शांति भंग की आशंका की धारा 151,107,116 सीआरपीसी के तहत एसडीएम न्यायालय चालान कर मामले की इतिश्री कर दिया किरायेदार ने रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। चौक घण्टा घर के सामने पूरब तरफदेवेंद्र आर्या के मकान में शैलेन्द्र जायसवाल पुत्र प्यारे लाल निवासी छज्जापुर किरायेदार है। जिसको मकान मालिक खाली कराने का प्रयास कर रहा था जिसपर शैलेंद्र ने सिविल न्यायालय में एक मुकदमा दायर किया। न्यायालय द्वारा कमीशन भी ही चुका है कि इस बीच बीते 3 अक्टूबर की देवेंद्र आर्या ने दुकान को तोड़कर दिन दहाड़े कब्जा कर लिया। शैलेन्द्र जायसवाल का आरोप है कि उक्त दुकान पर भाजपा टाण्डा नगर अध्यक्ष व कोतवाल टाण्डा की मिली भगत से कब्जा किया गया है।

## परंपरागत तरीके से निकलेगी जय श्री राम नव युवा कमेटी की चौकी

**प्रयागराज।** गढ़ी कला लीडर रोड से विजयदशमी के अवसर पर 5 अक्टूबर को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान विष्णु के अवतार भगवान नरसिंह द्वारा हिरण्यकश्यप वध की चौकी गढ़ी कला लीडर रोड से सायंकाल 7 बजे निकलकर हीवेट रोड साउथ मलाका रामबाग नवग्रह मंदिर होते हुए आर्य कन्या डिग्री कॉलेज पर पथरचट्टी रामलीला कमेटी में सम्मिलित होगी। महाआरती विधान परिषद सदस्य निर्मला पासवान एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी करेंगे। समस्त कार्यक्रम कमेटी के अध्यक्ष रजत सोनकर प्रिंस की देखरेख में होंगे समस्त जानकारियां चौकी की अगुवाई करता जय शिवसेना के प्रदेश सचिव बिरजू सोनकर भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी जय शिवसेना प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर श्री राम नव युवा कमेटी के उपाध्यक्ष राहुल निषाद अचल सोनकर, हर्षित अग्रवाल नवीन श्रीवास्तव श्याम द्विवेदी भानु आदि लोग मौजूद रहेंगे।

# फीस वृद्धि को लेकर विवि प्रशासन और छात्रों की बातचीत बेनतीजा

**भाषा।** प्रयागराज

**इलाहाबाद विवि** में फीस वृद्धि वापस लेने की मांग के साथ आंदोलन कर रहे छात्रों की मंगलवार को विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ हुई वार्ता विफल रही। छात्रों ने आंदोलन को और वृहद रूप देने की चेतावनी दी है। छात्र संघ के उपाध्यक्ष अखिलेश यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ करीब ढाई घंटे चली बैठक पूरी तरह विफल रही। उन्होंने बताया कि इस बैठक में 20 छात्र शामिल हुए। विवि प्रशासन की ओर से इस वार्ता में कुलपति शामिल नहीं थीं। उन्होंने बताया कि छात्रों की इस वार्ता में दो सूत्री मांग– पहली 300 प्रतिशत फीस वृद्धि को वापस लेने और दूसरी छात्र संघ को बहाल करने की थी। इन दोनों मांगों पर विवि प्रशासन ने चुप्पी साधे रखी।

यादव ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से वार्ता में डीएम, मंडलायुक्त, आईजी और एसएसपी शामिल नहीं थे, बल्कि सिटी मजिस्ट्रेट, एसीएम, एसपी सिटी और क्षेत्राधिकारी ही वार्ता में जिला प्रशासन की ओर से आए। वहीं, विवि प्रशासन की ओर से इस वार्ता में चेयरपर्सन के तौर पर प्रोफेसर अनामिका राय, रजिस्ट्रार, डिप्टी रजिस्ट्रार, चीफ प्राक्टर, डीएसडब्लू शामिल हुए। अखिलेश यादव ने कहा, अब हम आंदोलन का स्वरूप और वृहद करेंगे और इस आंदोलन को अन्य विश्वविद्यालयों में भी लेकर जाएंगे।

जिला प्रशासन ने विवि में चल रहे गतिरोध को दूर करने की दिशा में रविवार को आंदोलनकारी छात्रों की कलेक्ट्रेट में एक बैठक बुलाई थी जिसमें विवि प्रशासन के साथ चार अक्टूबर को छात्रों की वार्ता कराने की बात कही गई थी। इस बैठक में जिला प्रशासन की ओर से किसी वरिष्ठ अधिकारी का मौजूद नहीं होना, अपने आप में इस बैठक को लेकर प्रशासन की गंभीरता पर सवाल खड़ा करता है। इलाहाबाद विवि के स्नातक स्तर की शिक्षा की फीस प्रति छात्र 975 रुपए प्रतिवर्ष थी जिसे हाल ही में 300 प्रतिशत से अधिक बढ़ाकर 4,151 रुपए प्रति वर्ष कर दिया गया है। छात्र फीस वृद्धि के खिलाफ पिछले 28 दिन से आंदोलन कर रहे हैं।

# प्रतिमा विसर्जन को लेकर प्रशासन व केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति में टकराव की स्थिति

● **अधिकारियों के मनमाने रवैये से नाराज महासमिति के पदाधिकारियों ने प्रतिमा विसर्जन संपन्न कराने की जिम्मेदारी प्रशासन को सौंपी**



**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** शारदीय नवरात्र पर विसर्जन स्थल मार्ग का निरीक्षण करने आए अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक से विसर्जन स्थल मार्ग एवं विद्युत आपूर्ति की समस्याओं को लेकर श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति और अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी की घंटों वार्ता के उपरांत भी अधिकारियों द्वारा महासमिति के पदाधिकारियों को संतुष्ट नहीं किया जा सका। महासमिति ने अधिकारियों पर प्रशासनिक उपेक्षा का आरोप लगाया। अधिकारियों के मनमाने रवैये से नाराज महासमिति के पदाधिकारियों ने दुर्गा पूजा प्रतिमा का विसर्जन संपन्न कराने की जिम्मेदारी प्रशासन को सौंप दी है। जिसके बाद दोनो अधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन के अमले के साथ वार्ता किया।

नवरात्रि के महापर्व पर केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति की पदाधिकारियों द्वारा प्रशासन को 27 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया था। महासमिति का आरोप है कि प्रशासन ने उनके एक भी मांगों को पूरा नहीं किया है और सिर्फ लीपापोती करने में लगी हुई हैं। महासमिति के महामंत्री दिनेश मौर्या ने बताया कि इस वर्ष नवरात्रि पर्व पर विसर्जन स्थल मार्ग को खोदकर उसपर गिट्टी डाला गया है जिससे श्रद्धालु भक्त उसपर गिरते रहते हैं लेकिन प्रशासन को इसकी कोई फिक्र नहीं है वहीं दूसरी तरफ बिजली आपूर्ति को लेकर उन्होंने बताया कि इस वर्ष बिजली आपूर्ति बद से बदतर है। महामंत्री ने यह भी बताया कि बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर जब संबंधित अधिकारियों को फोन किया जाता है तो या तो वह फोन नहीं उठाते या फिर मोबाइल बंद कर लेते हैं जिससे जो लोग दुर्गा जी की प्रतिमा को स्थापित किए हैं उन्हें तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

महा समिति के अध्यक्ष विशाल माँझी ने बताया कि प्रशासन द्वारा त्यौहार के पूर्व में ही पीस कमेटी का बैठक किया जाता है अधिकारियों द्वारा सारी समस्याओं को सुना जाता है और यह आश्वासन दिया जाता है कि समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा परंतु उसके बाद उन समस्याओं पर अधिकारियों की नजर नहीं पड़ती है। अध्यक्ष ने यह भी कहा कि पूर्व में रहे अधिकारियों द्वारा पहले ही निरीक्षण कर लिया जाता था लेकिन इस वर्ष अधिकारी अपनी आंख बंद करके बैठे हुए हैं। आज अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार कन्नौजिया, अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय के साथ पूरी फोर्स लेकर विसर्जन स्थल मार्ग पर पहुंच गए और वहां का निरीक्षण किया लेकिन इस संदर्भ में ना तो महासमिति के पदाधिकारियों को सूचना दी गई और ना ही उन्हें वहां पर बुलाया गया जिसके बाद आक्रोशित पदाधिकारियों ने विसर्जन कराने की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन के हवाले कर दी। उसके बाद सभी अधिकारी झारखंडी पर पहुंचे जहां पर मंदिर परिसर में वार्ता कर महासमिति के लोगों को संतुष्ट करने का प्रयास किया और विद्युत विभाग के एक अवर अभियंता की ड्यूटी लगाए जाने का आदेश जारी किया और मार्ग को साफकराने का आश्वाशन दिया। टाण्डा में 156 दुर्गा प्रतिमा विसर्जन 6 अक्टूबर गुरुवार को होना निश्चित है। फिलहाल इस वर्ष स्थानीय प्रशासन व केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति में टकराव की स्थित देखने को मिल रही है वही अधिकारियो का दावा है कि सब सही कर लिया जाएगा।

सिधौली में चला अपना दल पार्टी का सदस्यता अभियान

# अपना दल पार्टी का एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्यः आरबी. सिंह

● कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे अपना दल के राष्ट्रीय महासचिव

● कार्यक्रम में अपना दल के राष्ट्रीय महासचिव ने मीडिया से किया संवाद

संवाददाता। सिधौली सीतापुर



**एक करोड़** सदस्य बनाने का लक्ष्य अपना दल पार्टी द्वारा रखा गया है जिसको हमने लगभग प्राप्त कर लिया है। प्रदेश की सभी विधानसभाओं में सदस्यता अभियान चलाकर जोड़ा जा रहा है। उत्तर प्रदेश में आज अपना दल तीसरे नंबर की पार्टी बन चुकी है। यह बात सिधौली पहुंचे अपना दल के राष्ट्रीय महासचिव आर.बी. सिंह ने जिला पंचायत गेस्ट हाउस में मीडिया से वार्ता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पार्टी अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित किए है और 2027 के लिए तैयारी में जुट चुकी है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के दिशा निर्देश में सीतापुर जिले में पूजा सिंह वर्मा और जिला अध्यक्ष जय प्रकाश पटेल के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया है जिसमे बहुत से लोग पार्टी से जुड़े है और आगे भी लोग जुड़ते रहेगें। मीडिया द्वारा पूंछे गए अनुप्रिया पटेल को मुख्यमंत्री के रूप में देखने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी उनका लक्ष्य पार्टी को मजबूत करना है, पार्टी का हर सदस्य चाहता है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल मुख्यमंत्री बने। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पूजा सिंह वर्मा, जयप्रकाश पटेल, लालता सिंह चौहान, सच्चिदानंद विधानसभा अध्यक्ष, आरती गौतम, राधेश्याम जयसवाल, रामसनेही गुप्ता, दिनेश लोधी, ओमप्रकाश लोधी, भाई लाल यादव, राजू, विजय गुप्ता, राजेश द्विवेदी, सुनील द्विवेदी, राजेंद्र पासवान, कौशल किशोर, प्यारेलाल मोरिया, मुनीर, महेंद्र पाल, विनोद सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## माता के जगराता में रात भर झूमे श्रद्धालु

संवाददाता। जहांगीराबाद सीतापुर

**विगत** नौ दिनों से क्षेत्र में चल रहे दुर्गा महोत्सवों में अन्तिम दिनों में विविध धार्मिक और सांस्कृतिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। निकटवर्ती देवरिया खुर्द गांव में हो रहे दुर्गा पूजा महोत्सव में सोमवार को मातारानी का भव्य जगराता हुआ जिसमें लखनऊ से पधारे मोहित जागरण पार्टी के कलाकारों ने देवी भजनों का समा बांध दिया। मां के भजनों पर पूरी रात श्रद्धालु भक्त झूमते नाचते मातारानी के जयकारे लगाते रहे। इस मौके पर भजनों के बीच पार्टी कलाकारों द्वारा सुन्दर एवं आकर्षक झांकियों काघ् सजीव प्रदर्शन किया गया जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। खासकर झांकी में बाल रूपी श्रीकृष्ण का नटखट रूप का प्रदर्शन देख सभी दर्शक आश्चर्य चकित हो गये। सभी ने उसकी भूरि भूरि प्रशंसा की। इस बार आयोजन समिति द्वारा जागरण मंच के निकट ही मातारानी की भव्य विशाल प्रतिमा की स्थापना की गयी है। इस अवसर पर कमेटी के लोगों ने राधा और श्रीकृष्ण के साथ मिलकर जोरदार फूलों कीघ् होलीघ् खेली। मोहित जागरण पार्टी के कलाकारों ने रात भर श्रद्धालुओं से हांथ ऊपर उठवाकर तालियां बजवायीं और झूम झूमघ्करघ् खूबघ् नचाया । मातारानी का जगराता पूरी रात चलता रहा। अलख सुबह तारा रानी की कथा के बाद हलुआ छोला प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक नरेन्द्र कुमार वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, देवेन्द्र कुमार वर्मा, योगेश वर्मा, प्रदीप वर्मा, शिवम् वर्मा, कुलदीप वर्मा, आशीष वर्मा, रोहित वर्मा,अमित वर्मा , अनिल राजघ्,राजेन्द्र प्रसाद तिवारी एवं के अलावा भारी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुषों और बच्चों ने पूरी रात भजनों का आनन्द लिया। इस अवसर पर भंडारा भी हुआ जिसमें तमाम भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।



सुन्दर मनमोहक झांकियों ने सभी का मन मोहा पायनियर

## कमलापुर में दशहरा मेले का धूमधाम से हुआ आयोजन

**कसमंडा सीतापुर।** विगत वर्षो की भाति इस वर्ष भी कसमण्डा राजपरिवार द्वारा कमलापुर मे दशहरा मेले का आयोजन धूमधाम से किया गया जिसमे रामलीला मंचन के साथ रावण दहेन भी हुआ पुरानी परम्परा के अनुसार कसमण्डा स्टेट के बड़े राजा दिब्यकर प्रताप सिंह व राजकुमार दिनकर प्रताप सिंह ने महेल मे जनता दरबार लगाकर अपनी प्रजा से मुलाकात करके भारी पुलिस बल की सुरच्छा ब्यवस्था के बीच मित्र भवन कसमण्डा पायलेश से निकल कर अपने पूर्वजो द्वारा बनवाए गए सुप्रसिद्ध प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर पहुंचकर दर्शन पूजन किया उसके उपरान्त मेले मे पहुंचकर रामलीला देखी और कलाकारो को पुरस्कार देकर उनका उत्साह वर्धन किया इस मौकेपर प्रभारी निरीक्षक थाना कमलापुर राज करन शर्मा, उपनिरीक्षक शुरेन्द्र बहादुर सिंह, आरछी आकाश बाबू , मधुकर पाण्डेय,मोहम्मद तालिब, बेद सिंह, पिन्टू मिश्रा,अरविंद पाण्डेय,नवीन कुमार शुक्ला,अनुपम सिंह, किसान नेता धीरज सिंह आदि सैकणो की संख्या मे समर्थक मौजूद रहे।

## 11 अक्टूबर को आयुर्वेद भाषण प्रतियोगिता होगी आयोजित

संवाददाता। श्रावस्ती

**आयुर्वेद** के प्रवर्तक माने जाने वाले भगवान धनवंतरि की जयंती 23 अक्तूबर को मनायी जायेगी जिसके उपलक्ष्य में प्रदेश भर में आयुर्वेद पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके अर्न्तगत 11 अक्टूबर को जनपद स्तर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा । प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को मण्डल व राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने का अवसर दिया जाएगा। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉ अशोक कुमार पाण्डेय ने बताया कि जिले में 14 आयुर्वेदिक व 1 यूनानी अस्पताल स्थित हैं।जिनके द्वारा 12 से 23 अक्तूबर तक हर दिन हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम को अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। जिसके तहत हर सप्ताह में विभिन्न लोगों को चिकित्साधिकारी, फार्मेसिस्ट तथा योग प्रशिक्षक द्वारा आयुर्वेद व योग के सम्बंध में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तीसरे सप्ताह में जनपद के समस्त सरकारी, वित्त पोषित एवं निजी इण्टर कॉलेज के कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को इस भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका दिया जायेगा। भाषण का विषय मेरे दैनिक जीवन में आयुर्वेद की उपयोगिता रखा गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रतिभागी को अधिकतम तीन मिनट का समय दिया जायेगा जिसमें हर कॉलेज से कक्षा 9 से 12 तक के केवल तीन छात्र-छात्राएं ही भाग ले सकेंगे। जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा साथ ही दो प्रतिभागी को सांत्वना पुरूस्कार दिया जाएगा। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 5100, द्वितीय स्थान पाने वाले को 2100, तृतीय को 1100 तथा दो सांत्वना पुरूस्कार पाने वाले को 501 रुपये दिये जायेंगे।

## लंपी वायरस से ग्रसित गौवंश की सेवा में जुटा सिपाही शिवराम



संवाददाता। कोंच (जालौन)।

**कोतवाली** की भेंड़ चौकी में तैनात जांबाज सिपाही शिवराम फौजी ने एक गाय में लंपी वायरस के लक्षण देखे तो उसकी सेवा में जुट गए। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पशु चिकित्सक को दी और रोग के बारे में डॉक्टर से जानकारी लेकर वह खुद ही गाय के उपचार में जुट गए। डॉक्टर की मदद से उस गाय का टीकाकरण कराया। एक जगह पर गाय घायल भी थी जिसका सिपाही शिवराम ने मरहम पट्टी कर मानवता की मिसाल पेश की है। इस संबंध में सिपाही शिवराम ने बताया कि वह पुलिस विभाग से पहले फौज में था जहां वह देश की रक्षा करता था। वहां पर कोई भी जानवरों की देखरेख के लिए नहीं होता था तो फौजी लोग मिलकर जानवरों की देखभाल करते थे। तभी से वह लोग पशुओं की सेवा करते आ रहे हैं। बचपन से ही पशु सेवा में उनकी रुचि रही है।

## गोला विस उपचुनाव को लेकर जिलाधिकारी ने की राजनैतिक दलों के साथ की बैठक

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

● डीएम ने निष्पक्ष व सकुशल चुनाव को लेकर सभी दलों से मांगा सहयोग

**मंगलवार** को जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र गोला गोकरणनाथ के उपनिर्वाचन विभाग 2022 के संबंध में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की, जरूरी निर्देश दिए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने विधानसभा गोला गोकरननाथ उप निर्वाचन 2022 को सकुशल, निष्पक्ष एवं निर्विघ्न संपन्न कराने में सभी राजनीतिक दलों का अपेक्षित सहयोग मांगा। उपनिर्वाचन में मा. भारत निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों एवं आदर्श आचार संहिता का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। विधानसभा 139-गोला गोकरननाथ उपनिर्वाचन की अधिसूचना 07 अक्टूबर 2022 (शुक्रवार) को जारी होगी। नाम निर्देशन हेतु अंतिम दिनांक 14 अक्टूबर (शुक्रवार) है। नाम निर्देशनों की जाँच 15 अक्टूबर (शनिवार) को होगी। नाम वापसी हेतु अंतिम दिनांक-17 अक्टूबर (सोमवार) है। मतदान 03 नवंबर (बृहस्पतिवार) को एवं मतगणना 06 नवंबर (रविवार) को होगी। वह दिनांक जिसके पूर्व निर्वाचन पूर्ण कर लिया जायेगा-08 नवंबर (मंगलवार) है।

उन्होंने बताया कि 139-गोला गोकरननाथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का उप निर्वाचन-2022 हेतु अभ्यथियों के नामांकन, नाम निर्देशनों की जाँच, नाम वापसी, प्रतीक आवंटन का कार्य सम्बन्धित विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर द्वारा सम्बन्धित कार्यालय में किया जायेगा। विधानसभा 139-गोला गोकरननाथ के रिटर्निंग आफिसर अनुराग सिंह , उप जिलाधिकारी, गोला गोकरननाथ (मोबाइल नं.- 9454416569) है। वही नामांकन स्थल न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि./रा.), कलेक्ट्रेट परिसर, खीरी है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में कोई भी जानकारी प्राप्त करनी है, तो अपने रिटर्निंग अधिकारी, एडीएम, सीडीओ या उनसे कभी भी कर सकते हैं। इस दौरान सीडीओ अनिल कुमार सिंह व एडीएम संजय सिंह ने विस गोला गोकरणनाथ उपनिर्वाचन 2022 के सभी कायदे कानून बताएं।

बैठक के उपरांत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अफसरों की मौजूदगी में जिला निर्वाचन कार्यालय में माननीय भारत निर्वाचन आयोग से नामित भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के इंजीनियर की निगरानी में चल रही इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) का भी अवलोकन किया।

बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, डिप्टी डीईओ/एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी अरुण सिंह, रिटर्निंग अधिकारी/एसडीएम गोला अनुराग सिंह, सहायक रिटर्निंग अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता व प्रदीप कुमार चौधरी, एडीआईओ नरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### सड़क पर उतरी पुलिस, लड़कों-लड़कियों से की पूछताछ

● महिला अपराध रोंकने को लेकर चला एंटी रोमियो अभियान

ऐलिया पुलिस ने काजीकमलापुर चौराहे पर की बालिकाओं से पूछताछ

**सीतापुर।** प्रदेश की योगी सरकार महिला अपराध पर रोंक लगाए जाने को लेकर फिक्रमंद है, सीतापुर पुलिस भी ऐसी कोई महिलाओं, छात्राओं के साथ घटना न होने पाए, जिसको लेकर ऐलिया थाने की पुलिस ने एंटी रोमियों अभियान चलाया। अभियान में बालिकाओं से पुलिस ने पूंछताछ की, वहीं दूसरी तरफ घूम रहे लड़कों के पुलिस ने नाम नोट किए और कोई समस्या न होने की भी जानकारी ली। आपको बता दें कि यह अभियान बढ़ती घटनाओं को रोंकने के लिए महिला सुरक्षा को लेकर चलाया गया है। अभियान के दौरान हेड कांस्टेबल नवल सिंह, महिला आरक्षी दीक्षा रानी, शिवांगी यादव सड़क पर घूम रहे लड़कों से पूछताछ कर उनके नाम नोट करने के साथ लड़कियों से पूछताछ की। कहा कि आप लोगों को कोई समस्या तो नहीं है, कोई परेशान तो नहीं कर रहा है।

### पराली जलाने को लेकर प्रशासन सख्त

**मोहम्मदी-खीरी।** उपजिलाधिकारी ने बताया की पराली जलाना मना है प्रदूषण को रोकने के लिए एनजीटी और सरकार द्वारा इसे मना किया गया है। इसके बावजूद भी कुछ किसान इसे जला रहे है। जिससे प्रदूषण भी हो रहा है इसके लिए कृषि पुलिस और राजस्व निरीक्षक लेखपाल आदि की टीम गठित की गई है। तहसीलदार और नायब तहसीलदार की टीम गठित किया गया है। आज औचक निरीक्षण किया गया जिसमे गांव दुल्हापुर में बलवीर सिंह और पड़री गांव में बलजीत सिंह खेत में पराली जलाते पाए गए। इनके खिलाफ संबंधित धारा में कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। अर्थदंड लगाया गया इनके खिलाफ अर्थदंड लगाया गया है। उन्होंने किसानों से अपील है की पराली न जलाए नही तो एफ आई आर दर्ज होगी और अर्थ दंड भी वसूला जाएगा। सभी प्रधान लेखपाल सचिव कृषि विभाग के कर्मचारी आदि गांव में बैठक करे कोई भी पराली जलाए तो मेरे मोबाइल नमबर 9454416568 पर जानकारी दे सकते है नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### अफसरों संग मंडी पहुंचे डीएम, देखा स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल

**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह के साथ कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर पहुंचे, जहां उन्होंने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र गोला गोकरननाथ के उप निर्वाचन 2022 की तैयारियों के संबंध में स्थलीय भ्रमण कर स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल देखा। डीएम ने मतगणना स्थल की तैयारियों एवं स्ट्रांग रूम में ईवीएम के रख-रखाव की व्यवस्था पर अफसरों संग मंथन किया। डीएम ने ईवीएम को रखने के लिए विधानसभा के स्ट्रांग रूम एवं उसके अंदर ईवीएम के रखने के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मतगणना से जुड़ी समस्त तैयारियां समय से पूर्व पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी 139 गोला गोकरननाथ/ एसडीएम गोला अनुराग सिंह सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुर्वेद विषय पर वृद्धाश्रम में आयोजित हुआ कायक्रम

● जीवेम शरदः शतम सूत्र को धारण करने का किया संकल्प।

● हर दिन हर घर आयुर्वेद चला कार्यक्रम

**लखीमपुर-खीरी।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. विजय प्रकाश के मार्गदर्शन में आयुर्वेद दिवस 2022 के उपलक्ष्य में पूरे जिले के आयुर्वेदिक अस्पतालों द्वारा चलाये जा रहे, हर दिन हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम के अन्तर्गत इस सप्ताह वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य को लेकर आयुर्वेद से चिकित्सा एवं बढ़ती उम्र में शरीर में होने रोगों से बचने के लिए आयुर्वेद में कई उपचार विधियां हैं जिसमें, जड़ी-बूटियां, दिनचर्या, ऋतु चर्या योग प्राणायाम को अपना कर जीवेम शरद शतम स्वस्थ रह सकते हैं । इसी विषय को लेकर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर के डॉ.हरबंश कुमार द्वारा वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों (बुजुर्गों) के बीच आयुर्वेद की उपयोगिता के बारे में बताया साथ ही आयुर्वेद से दीर्घायु होने के प्रति जागरूक करते हुए च्वनप्राश वितरण के साथ आँवला, अश्वगंधा की उपयोगिता एवं उसको खाने के तरीके के बारे में चर्चा की गई। इस दौरान योग वेलनेस सेंटर के योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा, भृत्य रमाशंकर श्रीवास्तव, वृद्धाश्रम प्रभारी के पंकज सिंह सहित स्टॉफ उपस्थित रहा।

### स्विफ्ट कार से दो बकरियां चुरा ले गये चोर

**कोंच( जालौन )।** नगर के मोहल्ला तिलक नगर से दो बकरियों के चोरी हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस चोरी में खास बात यह है कि करीब 4 की संख्या में आए चोरों ने स्विफ्ट कार का उपयोग बकरियां चुराने में किया और बकरियों के मालिक ने चोरों का पीछा भी किया लेकिन वे भागने में कामयाब रहे। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला तिलक नगर नरिया निवासी कमलसिंह पुत्र कढ़ोरेलाल कुशवाहा ने बकरियां पाल रखीं हैं। सोमवार की शाम रोज की तरह उसने अपनी दोनों बकरियां बाड़े में बांधी थी। रात लगभग 2 बजे उसे बकरियों की मिमियाहट सुनाई दी तो उसकी आंख खुल गई। उसने बाड़े की झांक कर देखा तो चोर उसकी बकरियों को स्विफ्ट कार में ठूंस रहे थे। कमल ने चिल्लाते हुए चोरों का पीछा किया लेकिन तब तक वे भाग चुके थे। कमल ने मामले की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन की है।

## प्राइवेट महिला चिकित्सक का अमानवीय चेहरा आया सामने

● प्रसव कराने आई गरीब महिला ने अस्पताल के बाहर ऑटो में जन्मा बच्चा

संवाददाता। कोंच (जालौन)





आटो में बच्चे को जन्म देती महिला पायनियर

**नगर में** एक प्राइवेट अस्पताल की महिला चिकित्सक का अमानवीय चेहरा उस समय सामने देखने को मिला जब प्रसव कराने आई एक गरीब महिला को मजबूरन अस्पताल के बाहर वहां की कुछ बूढ़ी बुजुर्ग महिलाओं के सहयोग से ऑटो में ही बच्चे को जन्म देने पर मजबूर होना पड़ा। भगवान का दूसरा रूप कहे जाने वाले ऐसे चिकित्सक की नगर में जमकर थू थू हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के ग्राम बिरगुवां निवासी 28 वर्षीय महिला छाया पत्नी रोहित परिहार गर्भवती थी।मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे असहनीय दर्द वेदना के बीच वह नगर के चंदकुआँ चौराहे के समीप संचालित एक प्राइवेट अस्पताल अपनी ससुर सुल्तान सिंह, सास गायत्री देवी, अजिया सास गुड्डी देवी आदि परिजनों के साथ एक ऑटो में सवार होकर पहुंची थी। अस्पताल की महिला चिकित्सक ने उक्त महिला का चेकअप कर उसके शरीर में पानी की बहुत कमी होने का हवाला देकर उसे ऑपरेशन द्वारा ही बच्चा होने की बात कही जिससे महिला के परिजन ऑपरेशन होने की बात सुनकर परेशान हो गये।परिजन महिला को वापस ले जाने के लिए अस्पताल के बाहर खड़ी ऑटो में बैठ ही पाये थे तभी महिला ने ऑटो में एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दे दिया।उक्त नजारा देख अस्पताल के आसपास रहने वाली कुछ बूढ़ी बुजुर्ग महिलाओं ने मौके पर पहुंचकर ऑटो के चारों ओर कपड़े का पर्दा लगाया और महिला की मदद की। बाद में महिला के परिजनों ने उक्त महिला चिकित्सक के पास पहुंचकर जच्चा बच्चा को देखने (चेकअप) की काफी आरजू मिन्नत की लेकिन महिला चिकित्सक का जरा भी दिल नहीं पसीजा और उसने देखने से साफ इंकार कर दिया जिसके बाद मजबूरन परिजन उक्त महिला को यहां से लेकर चले गये।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का मंचन देखकर भावविभोर हुए दर्शक

● रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

संवाददाता। तिकुनिया खीरी

**कस्बे में** स्थित महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने कुशल अभिनय से अपना कार्यक्रम पेश किया। जिसमें बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ सहित अन्य तमाम कार्यक्रम देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह ने की। इस अवसर पर कस्बे के गणमान्य व्यक्तियों सहित एसडीएम राजेश कुमार, कोतवाल राजू राव मौजूद रहे।

महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में इस बार कुल 15 प्रोग्राम का मंचन कॉलेज परिसर के मंच पर संपन्न किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना मां शारदे मां शारदे की मधुर वाणी से शुरू हुआ। इसके बाद बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ कि लघु नाटिका देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए, वहीं बाल गीत छोटा बच्चा जान के मुझे ना बहकाना रे पर दर्शकों ने खूब तालियां बजायी इसके बाद देश गीत पर पंडाल में एकदम से शांति छा गई गीत के बोल अब के बरस तुझे धरती की रानी बना दूंगा इस गीत को सुनकर दर्शक भावविभोर हुए। कृष्ण रुक्मणी संवाद को भक्ति भाव से दर्शकों ने देखा जिसमें बाल कलाकारों ने बेहतर प्रदर्शन किया। इसके लिए वाद विविधता में एकता बाल विवाह देखकर दर्शक आनंदित हुए। जिले में दशवें स्थान पर रही स्तुति अग्रवाल सहित अन्य छात्रों को सम्मानित किया गया।

इस दौरान कालेज के प्रबंधक आशीष अग्रवाल अध्यक्ष पवन जैन धीरज मित्तल कैलाश गोयल आशीष गर्ग वचनलाल राजीव मिश्र सहित अन्य तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। मुख्य अतिथि अमनदीप सिंह और विशिष्ट अतिथि विकास अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन किया तथा संचालन शत्रुंजय शुक्ला ने किया।

### यह रहे जज

महाराजा अग्रसेन जयंती पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 5 जजों को नियुक्त किया गया, यह लोग प्रस्तुतीकरण, वेशभूषा और उद्देश्य को लेकर नंबर देगे। मोनिका जैन,कंचन गोयल,अर्तिका अग्रवाल,आंशिक अग्रवाल और नीतू गर्ग को जज बनाया गया।

### यह रही समस्या

कार्यक्रम में विद्यालय के एनसीसी छात्र छात्राओं ने अनुशासन व्यवस्था संभाल रखी थी लेकिन फिर भी कुछ स्कूल के छात्र अनुशासन तोड़कर बार बार व्यवधान पैदा कर रहे थे। शौचालय की तरफ बिजली व्यवस्था न होने के कारण लोगों को काफी असुविधा हो रही थी।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 5 अक्टूबर, 2022



# कुछ नेता चाहते थे नामांकन वापस लूं: थरूर

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस अध्यक्ष पद के उम्मीदवार शशि थरूर ने मंगलवार को दावा किया कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से कुछ नेताओं ने आग्रह किया था कि वह उनसे (थरूर से) नामांकन वापस लेने के लिए कहें। चुनाव प्रचार के लिए केरल पहुंचे थरूर ने संवाददाताओं से यह भी कहा कि राहुल गांधी ने ऐसा आग्रह करने वाले नेताओं से कहा कि वह नामांकन वापस लेने के लिए नहीं कहेंगे क्योंकि चुनावी मुकाबले से पार्टी को फायदा होगा। तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सदस्य ने कहा, उन्होंने (राहुल ने) मुझे याद दिलाया कि वह पिछले 10 वर्षों से कह रहे हैं कि पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होना चाहिए। थरूर ने दावा किया, उन्होंने (राहुल ने) मुझे यह भी बताया कि कुछ लोगों ने उनसे आग्रह किया था कि वह मुझसे नामांकन वापस लेने के लिए कहें। वह ऐसा नहीं करेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि मुझे नामांकन वापस नहीं लेना चाहिए और मुकाबले में बने रहना चाहिए। इससे पहले, थरूर ने कहा कि उन्होंने कभी भी पार्टी के बड़े नेताओं से समर्थन की उम्मीद नहीं की थी और अब भी नहीं करते हैं, लेकिन उन्हें सभी लोगों के साथ की जरूरत है। थरूर ने यह बयान ऐसे समय पर दिया है जब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के. सुधाकरन ने सार्वजनिक रूप से यह घोषणा की है कि वह थरूर के प्रतिद्वंद्वी मल्लिकार्जुन खड़गे का समर्थन करेंगे। तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सदस्य थरूर ने संवाददाताओं से कहा कि वह चुनाव से पीछे हटकर उन लोगों के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहते जो अब तक उनका समर्थन करते आ रहे हैं। मैं पार्टी के बड़े नेताओं से किसी तरह के समर्थन की उम्मीद नहीं कर रहा था और अब भी नहीं कर रहा हूं। वास्तव में, पिछले दिनों मैंने नागपुर, वर्धा और हैदराबाद में पार्टी के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की थी। कार्यकर्ता मुझसे चुनाव लड़ने और इससे पीछे नहीं हटने के लिए कह रहे हैं। थरूर का कहना था, मैंने उन्हें भरोसा दिलाया है कि मैं पीछे नहीं हटूंगा। मैं उन लोगों के साथ विश्वासघात नहीं करूंगा जिन्होंने अब तक मेरा समर्थन किया है। मुझ पर उनका जो विश्वास है वही मुझे आगे बढ़ने की ताकत देता है। कांग्रेस सांसद के अनुसार, उनके ज्यादातर समर्थक युवा नेता हैं और पार्टी कार्यकर्ता हैं, हालांकि उन्हें हर किसी के समर्थन की जरूरत है। यह पूछे जाने पर कि क्या सुधाकरन की टिप्पणी उन लोगों को हतोत्साहित करने के लिए है जो उनका समर्थन कर रहे हैं, तो थरूर ने कहा, हो सकता है। लेकिन मैं ऐसा नहीं कर रहा हूं। मैं यह नहीं बता सकता कि लोगों के दिमाग में क्या चल रहा है। मैं सिर्फ एक चीज कहूंगा कि चाहे कोई कुछ गुप्त रूप से कहे या सार्वजनिक रूप से कहे, मतदान गोपनीय है। कोई नहीं जान पाएगा कि किसने किसे वोट दिया। लोग अपनी मर्जी और विश्वास के अनुसार मतदान कर सकते हैं। वे फैसला कर सकते हैं कि वे पार्टी को मजबूत करने और भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने की खातिर इसे तैयार करने के लिए किसे चुनना चाहते हैं। थरूर का यह भी कहना था कि सुधाकरन ने संभवत: अपने निजी फैसले और प्राथमिकता के बारे में बताया है और इसमें कुछ गलत भी नहीं है। सुधाकरन किसी को निर्देशित नहीं कर सकते क्योंकि पार्टी की ओर से जारी दिशानिर्देश में स्पष्ट किया गया है कि कोई पदाधिकारी किसी उम्मीदवार का प्रचार नहीं करेगा। कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण ने सोमवार को जारी दिशानिर्देश में कहा था कि अध्यक्ष पद के चुनाव में यदि पार्टी का कोई पदाधिकारी किसी उम्मीदवार के पक्ष या विरोध में प्रचार करना चाहता है तो उसे पहले संगठन की जिम्मेदारी छोड़नी होगी। खड़गे और थरूर कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में उम्मीदवार हैं। यदि पार्टी के इन दोनों नेताओं में से कोई भी अपना नामांकन वापस नहीं लेते हैं, तो 17 अक्टूबर को मतदान होगा, जिसमें 9,000 से अधिक डेलीगेट (निर्वाचक मंडल के सदस्य) मतदान करेंगे। मतगणना 19 अक्टूबर को होगी।

**● राहुल से आग्रह किया था कि वह मुझसे ऐसा कहें**

## बाल ठाकरे के नाम पर 700 स्वास्थ्य क्लीनिक खोलेगी महाराष्ट्र सरकार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे के नाम पर 700 आपला दवाखाना (स्वास्थ्य क्लीनिक) शुरू करेगी। स्वास्थ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाना उनकी सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है और स्वास्थ्य क्षेत्र के बजट को दोगुना किया जाएगा। बयान के अनुसार, आपला दवाखाना शुरू करने का मकसद लोगों को उनके घरों के पास स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराना है। राज्य में ऐसे करीब 700 क्लीनिक शुरू किए जाएंगे और सिर्फ मुंबई में ऐसे 227 क्लीनिक होंगे, जिनमें से 50 ने दो अक्टूबर से काम करना शुरू कर दिया है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका के असन्न चुनाव के मद्देनजर सरकार द्वारा उठाया गया यह बड़ा कदम है। साथ ही सरकार ने यह घोषणा शिवसेना के दो प्रतिस्पर्धी धड़ों की दशहरा रैली (पांच अक्टूबर) से महज एक दिन पहले की है।



'हर स्टार्ट' प्रोजेक्ट के उद्घाटन के बाद अहमदाबाद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल व अन्य नेतागण

## कांग्रेस नेता मोढवाडिया व पूर्व मुख्यमंत्री वाघेला को भ्रष्टाचार मामले में समन जारी

**अहमदाबाद।** गुजरात में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अर्जुन मोढवाडिया और पूर्व मुख्यमंत्री शंकरसिंह वाघेला ने मंगलवार को कहा कि मेहसाणा की एक अदालत ने भ्रष्टाचार के एक मामले में गवाह के तौर पर पेश होने के लिए उन्हें समन जारी किया है। भ्रष्टाचार का यह मामला पूर्व गृह मंत्री और सहकारिता नेता विपुल चौधरी के खिलाफ है। दोनों नेताओं ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें अदालत ने छह अक्टूबर को मामले में गवाह के तौर पर पेश होने के लिए समन जारी किया है। उन्होंने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर अपने फायदे के लिए कानून का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वे सत्ताधारी दल द्वारा किए गए प्रयासों का मुकाबला करेंगे और मेहसाणा में विशाल रैली करेंगे।

गुजरात भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने पिछले महीने दूधसागर डेयरी में करीब 800 करोड़ रुपए की वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में चौधरी को गिरफ्तार किया था। एसीबी के अनुसार वित्तीय अनियमितताओं के समय चौधरी डेयरी के प्रमुख थे। मोढवाडिया ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल ने सहकारी नेताओं पर उसके सामने झुकने या नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहने का दबाव बनाया।

उन्होंने कहा, दुग्ध सहकारी समितियों के सदस्यों को अपना अध्यक्ष, उपाध्यक्ष या निदेशक नियुक्त करने का अधिकार है... चौधरी भाजपा के सामने झुकने को तैयार नहीं थे, जिस वजह से उन्हें जेल जाना पड़ा। उन्होंने कहा कि सहकारिता सदस्यों की है न कि भाजपा की और उसके नेताओं को इसमें हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए, नहीं तो उन्हें रास्ता दिखाया जाएगा। वाघेला ने कहा,सरकारी वकील भाजपा नेताओं की सहायता कर रहे हैं और यह पूरी घटना राजनीति से प्रेरित है और चौधरी के खिलाफ कार्वाई का कोई आधार नहीं है।

## वाघेला का कांग्रेस में हमेशा स्वागत है : वरिष्ठ नेता अर्जुन मोढवाडिया

**अहमदाबाद।** गुजरात के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अर्जुन मोढवाडिया ने मंगलवार को कहा कि पार्टी में वापसी करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री शंकर सिंह वाघेला का हमेशा स्वागत है। भ्रष्टाचार के एक मामले में गवाह के तौर पर पेश होने के लिए जारी समन के बारे में बात करने के लिए वाघेला और मोधवाडिया ने यहां संयुक्त संवाददाता सम्मेलन किया। गुजरात विधानसभा में विपक्ष के नेता के पद से इस्तीफा देने के बाद वाघेला ने 2017 में कांग्रेस छोड़ दी थी। वह करीब दो दशक तक कांग्रेस के साथ रहे थे। यह पूछे जाने पर कि मंच साझा करना वाघेला के पार्टी में वापस आने का संकेत हो सकता है, इस पर मोढवाडिया ने कहा कि वाघेला के लिए कांग्रेस में शामिल होने का मार्ग प्रशस्त है और इस बाबत उन्हें और पार्टी आलाकमान को फैसला करना है। वहीं, इस संबंध में पूछे जाने पर वाघेल ने कहा कि मोढवाडिया ने जो कहा वह सही है। गुजरात में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री वाघेला ने पिछले साल फरवरी में कहा था कि उन्हें भाजपा से लड़ने के लिए कांग्रेस में शामिल होने में कोई दिक्कत नहीं है।

# सचिन पायलट ने मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास से भेंट की

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** में राजनीतिक संकट की पृष्ठभूमि में पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने सोमवार की रात खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के सिविल लाइंस स्थित आवास पर मुलाकात की। राज्य में हालिया राजनीतिक घटनाक्रम के मद्देनजर बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राज्य में जुलाई 2020 में राजनीतिक संकट के दौरान अशोक गहलोत खेमे में गए खाचरियावास ने मंगलवार को कहा कि पायलट के साथ बातचीत कोई नई बात नहीं थी। हालांकि उन्होंने दोनों के बीच हुई बातचीत के बारे में कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। गौरतलब है कि खाचरियावास जुलाई 2020 से पहले पायलट खेमे में हुआ करते थे। खाचरियावास ने आज मुख्यमंत्री कार्यालय में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से भी मुलाकात की। गहलोत द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव का नामांकन भरने के मामले में राज्य में मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे माने जाने वाले पायलट सोमवार की रात खाचरियावास के आवास पर गए थे। सूत्रों के अनुसार, दोनों की यह मुलाकात करीब डेढ़ घंटे तक चली।

बैठक को लेकर पायलट की ओर से कोई बयान नहीं आया। खाचरियावास ने सोमवार को सचिवालय में संवाददाताओं से कहा कि पायलट के साथ बातचीत करना कोई नई बात नहीं है क्योंकि वह और पायलट विधानसभा में एक ही बेंच पर बैठते हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि लंबे समय के बाद यह मुलाकात हुई है। उन्होंने कहा, अगर हम बात करें तो यह कोई नई बात नहीं है। हम विधानसभा में बात करते रहते हैं। अगर पायलट साहब मेरे घर आएंगे तो जाहिर है हम भजन कीर्तन करेंगे नहीं... सारी बातें करेंगे। हमने हर चीज के बारे में बात की और हमने जो बात की वह यहां साझा करने लायक नहीं है। उन्होंने कहा, मैं मुख्यमंत्री से मिला हूं, मैं मंत्री हूं और उनसे मिलना-जुलना भी होता रहता है।

वहीं दूसरी ओर राज्य मंत्री राजेंद्र गुढ़ा पायलट के आवास पर पहुंचे और बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि खाचरियावास का दिल पायलट के साथ है। पायलट के निवास पर संवाददाताओं से बातचीत में गुढा ने कहा, मैं प्रताप सिंह खाचरियावास को लंबे समय से जानता हूं। वह मिलनसार व्यक्ति हैं। उनका दिल पायलट के साथ है। गुढ़ा का एक वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर सामने आया है जिसमें वह लोगों से यह कहते हुए दिख रहे हैं कि पायलट की छवि खराब करने की साजिश रची गई थी। उन्होंने पायलट के धैर्य की प्रशंसा करते हुए उनकी तुलना प्राचीन हिंदू महाकाव्य महाभारत के एक योद्धा अभिमन्यु से की। गहलोत के करीबी माने जाने वाले गुढ़ा ने हाल ही में सचिन पायलट के समर्थन में बयान दिया है। इस बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए विभिन्न विभागों के सचिवों की मंगलवार को बैठक की वहीं पायलट ने अपने आवास पर लोगों से मुलाकात की।

## गुजरातः खेड़ा जिले में गरबा स्थल पर भीड़ ने किया हमला, सात लोग घायल

**भाषा।** खेड़ा

**गुजरात** के खेड़ा जिले में कथित तौर पर मुस्लिम समुदाय की भीड़ ने गरबा स्थल पर हमला कर दिया, जिसमें सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा कि करीब 150 लोगों की भीड़ ने सोमवार रात उंधेला गांव में एक मंदिर परिसर में गरबा कर रहे समूह पर पथराव किया। पुलिस उपाधीक्षक वी. आर. बाजपेई ने बताया कि मातर पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने 13 लोगों को हिरासत में लिया। उन्होंने बताया कि घटना के बाद गांव में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया है। बाजपेई ने संवाददाताओं से कहा, गांव के सरपंच ने एक मंदिर में गरबा का आयोजन किया था। मुस्लिम समुदाय की भीड़ ने इसे रोकने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि भीड़ ने पथराव भी किया। ग्राम रक्षक दल (जीआरडी) के एक जवान और एक पुलिसकर्मी सहित कम से कम सात लोग घायल हो गए। इससे पहले, खेड़ा के पुलिस अधीक्षक राजेश गढ़िया ने कहा था कि आरिफ और जहीर नामक व्यक्ति के नेतृत्व में एक समूह नवरात्रि गरबा स्थल में घुस गया और हंगामा कर दिया।


पटियाला में दशहरा पर्व के लिए रावन का पुतला बनाकर दुकान पर सजाए हुए विक्रेता।

# मराठवाड़ा में खराब रेल नेटवर्क के लिए निजाम शासन जिम्मेदारः रेल राज्यमंत्री

**औरंगाबाद (महाराष्ट्र)।** केंद्रीय रेल राज्यमंत्री रावसाहेब दानवे ने मंगलवार को यहां कहा कि महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में अच्छे रेल नेटवर्क का अभाव है क्योंकि एक समय यह निजाम शासन के तहत आता था। उन्होंने रेल बोगी रखरखाव केंद्र की आधारशिला रखने के बाद यह बात कही। दानवे ने कहा, मराठवाड़ा में खराब रेलवे नेटवर्क का कारण यह है कि यह क्षेत्र ब्रिटिश शासन के अधीन नहीं बल्कि निजाम के अधीन था। निजाम शासन को रेलवे की जरूरत नहीं थी। आजादी से पहले मराठवाड़ा हैदराबाद रियासत का हिस्सा था। भाजपा के नेता दानवे ने आश्वासन दिया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार इस क्षेत्र में रेलवे नेटवर्क का विस्तार करेगी।

दानवे के बयान की स्थानीय लोकसभा सदस्य और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता इम्तियाज जलील ने आलोचना की। निजाम शासन 70 साल पहले खत्म हो गया और दानवे अब भी उनका नाम लेकर रोना रो रहे रहे हैं। सरकार ने औरंगाबाद रेलवे स्टेशन को नया रूप देने की घोषणा तो की, लेकिन जब कोई ही ट्रेन नहीं है तो इसका क्या उपयोग है। जलील ने कहा, हम उत्तर भारत और अन्य क्षेत्रों के लिए और ट्रेनों की घोषणा की उम्मीद कर रहे हैं। दानवे ने यह भी कहा कि एआईएमआईएम से ताल्लुक रखने वाले जलील के साथ उनके अच्छे और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं, और ऐसा लगता है कि वह भाजपा के ही व्यक्ति हैं। इसपर प्रतिक्रिया देते हुए जलील ने कहा, मैं एआईएमआईएम के साथ हूं और इसके साथ ही रहूंगा। मैं भाजपा में शामिल होने का पाप नहीं करूंगा।

## क्विक न्यूज

### बिहार में नगर निकाय चुनाव में ओबीसी कोटा अवैध : पटना उच्च न्यायालय

**पटना।** पटना उच्च न्यायालय ने मंगलवार को शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग के लिए सीटों के आरक्षण को अवैध बताया। मुख्य न्यायाधीश संजय करोल और न्यायमूर्ति एस कुमार की खंडपीठ ने राज्य चुनाव आयोग को ओबीसी के लिए आरक्षित सीटों को फिर से अधिसूचित करके, उन्हें सामान्य श्रेणी की सीटों में शामिल करके चुनाव कराने का निर्देश दिया। छुट्टी के दिन पारित किए गए इस आदेश से चल रही चुनाव प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न हो सकता है। पहले चरण का मतदान अब से एक सप्ताह से भी कम समय में 10 अक्टूबर को होना था। 29 सितंबर के अपने पिछले आदेश में, अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि फिलहाल चल रही चुनावी प्रक्रिया अदालत के सामने विचाराधीन याचिका के परिणाम के अधीन होगी और अगर राज्य निर्वाचन आयोग कार्यक्रम में परिवर्तन करने की जरूरत समझे, तो कर सकता है। राज्य निर्वाचन आयोग ने तदनुसार 30 सितंबर को सभी संबंधित जिलाधिकारियों को एक परिपत्र जारी कर कहा था कि प्रथम चरण का मतदान जोकि 10 अक्टूबर को निर्धारित है उसकी निवाचन प्रक्रिया एवं परिणाम पटना उच्च न्यायालय द्वारा समादेश उक्त याचिका में पारित निर्णय से आच्छादित होगा और उक्त आशय की सूचना सभी अभ्यर्थियों को भी दे दिए जाने को कहा था।

### टीआरएस का नाम बदलकर भारत राष्ट्र समिति हो सकता है

**हैदराबाद।** तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) का नाम बदलकर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) किए जाने की संभावना है और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को देश भर में प्रदर्शित किया जाएगा ताकि इसे (पार्टी को) राष्ट्रीय ताकत के रूप में उभरने में मदद मिल सके। सत्ताधारी दल के सूत्रों ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। टीआरएस अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के बुधवार को विजयादशमी के मौके पर पार्टी के लिए नए नाम की घोषणा करने की उम्मीद है। नाम बदलने की क्वायद और इसके तेलंगाना सुशासन मॉडल को पेश करके लोगों तक पहुंचने की योजना, राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश करने और भाजपा से प्रभावी रूप से निपटने के लिए पार्टी के प्रयासों का हिस्सा है। टीआरएस की आम सभा की बैठक बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय तेलंगाना भवन में होनी है, जिसमें नाम परिवर्तन को प्रभावी बनाने वाला एक प्रस्ताव पारित किया जाएगा। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम और प्रासंगिक नियमों के मुताबिक इस परिवर्तन के बारे में चुनाव आयोग को अवगत कराया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि नाम परिवर्तन के बारे में निर्वाचन आयोग को ई-मेल और बाद में व्यक्तिगत रूप से छह अक्टूबर को सूचित किया जाएगा।

### मेट्रो ट्रेन में पेंटिंग : केरल पुलिस अहमदाबाद में गिरफ्तार इतालवी नागरिकों से पूछताछ करेगी

**कोच्चि।** केरल पुलिस इटली के उन चार नागरिकों से पूछताछ करेगी जिन्हें अहमदाबाद पुलिस ने मेट्रो ट्रेन के डिब्बों पर पेंटिंग बनाने के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। केरल पुलिस पूछताछ के साथ ही पुष्टि करेगी कि कुछ महीने पहले कोच्चि मेट्रो के डिब्बों को खराब करने के पीछे क्या यही गिरोह था। मेट्रो पुलिस स्टेशन के प्रभारी सहित चार सदस्ईय टीम जल्द ही गिरोह से पूछताछ करने के लिए अहमदाबाद जाएगी। समझा जाता है कि चारों इतालवी नागरिक अंतरराष्ट्रीय समूह 'रेल गुंडों' के सदस्य हैं जो वाहनों और सार्वजनिक संपत्तियों पर पेंटिंग बनाने के लिए कुख्यात हैं। हालांकि, एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि अभी तक इस बात की पुष्टि नही हुई है कि क्या वही गिरोह कोच्चि की घटना में शामिल था।

### बिहार के विधान पार्षद को भाजपा ने बनाया सिक्किम का प्रभारी

**नई दिल्ली।** भाजपा ने बिहार विधान परिषद के सदस्य दिलीप कुमार जायसवाल को सिक्किम का प्रभारी नियुक्त किया है। भाजपा ने एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बिहार विधान परिषद के सदस्य डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल को सिक्किम प्रदेश भाजपा का प्रभारी नियुक्त किया है। जायसवाल बिहार के सीमांचल क्षेत्र से ताल्लुक रखते हैं। उन्होने लगातार तीसरी बार विधान परिषद चुनाव में जीत दर्ज की है।


### अजय देवगन के साथ स्क्रीन शेयर करना चाहती हैं कंचन

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री कंचन अवस्थी का कहना कि यदि अजय देवगन जैसे महान कलाकार के साथ स्क्रीन शेयर करने का मौका मिला तो मुझे बहुत अच्छा लगेगा। अजय देवगन सर ने मुझे एक्टिंग के क्षेत्र में एक अलग मुकाम बनाने के लिये शुभकामनाएं दीं हैं। बता दें कि कंचन अवस्थी को अभी हाल ही में भारत सम्मान-2022 से सम्मानित किया जा चुका है। कंचन ने फ्राड सैंया, गन वाली लव स्टोरी, भूत वाली लव स्टोरी, लव हैकर्स, अंकुर अरोड़ा मर्डर केस, मंटो रीमिक्स सहित बहुत सी फिल्मों, वेब सीरीज, सीरियल, विज्ञापन फिल्मों में अभिनय किया है।

## चीतों के आगमन को लंपी वायरस से जोड़ने वाले पटोले के बयान पर उनकी खिंचाई

**भोपाल।** नामीबिया से चीते लाकर उन्हें कुनो नेशनल पार्क में छोड़ने और देश के मवेशियों में संक्रामक लम्पी वायरस फैलने से जुड़े बयान को लेकर महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले को आड़े हाथों लेते हुए मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि पटोले को चंपी (सिर की मालिश) की जरूरत है। गौरतलब है कि पटोले ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा था कि चीते नाइजीरिया से लाए गए थे जहां से त्वचा रोग लम्पी फैल रहा है। इसपर पलटवार करते हुए मिश्रा ने कहा, नाना पटोले जी को अपने सिर की चंपी (मालिश) की आवश्यकता है। मिश्रा ने कहा, ए नाना पटोले के सिर की चंपी जरूरी है। अब ए चीते से क्या तुलना कर रहे हैं और कुछ तो भी बोल देते हैं। थोड़ा ज्ञान का विस्तार करना चाहिए, उन्हें। जिस तरह से भारत का गौरव चीतों के साथ लौटा है, पूरे देश में इसे सराहा। अब इन पटोले जी को समझ में नहीं आ रहा है तो उन्हें समझाएगा भी कौन, चंपी नहीं हुई तो। महाराष्ट्र के भंडारा में पत्रकारों से बात करते हुए पटोले ने आरोप लगाया था कि पहली बार किसानों को बर्बाद करने के लिए लम्पी वायरस जैसी बीमारियां भारत में लाई जा रही हैं। उन्होंने कहा, लम्पी वायरस संक्रमण नाइजीरिया से फैल रहा है। हम चीते नाइजीरिया से लाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन (17 सितंबर) पर कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। पटोले ने आरोप लगाया, लेकिन इसे एक इवेंट बनाया गया और विदेशी बीमारी को देश में लाया गया... इससे पहले गाय और बैल इस तरह की बीमारी से कभी नहीं मरे। पहली बार किसानों को तबाह करने के लिए इस तरह की बीमारियां भारत में लाई जा रही हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ट्वीट किया, चीतों को नाइजीरिया से नहीं नामीबिया से भारत लाया गया है। उन्होंने इसे पटोले को टैग किया।

## राजनाथ ने फैजाबाद छावनी का नाम बदलकर अयोध्या छावनी करने को मंजूरी दी



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फैजाबाद छावनी का नाम बदलकर अयोध्या छावनी करने को मंजूरी दे दी है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। दशहरा समारोह से पहले इस छावनी का नाम बदला गया है। एक सूत्र ने बताया, फैजाबाद छावनी अब अयोध्या छावनी के नाम से जाना जाएगा। सिंह फिलहाल उत्तराखंड की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। वह मंगलवार शाम को देहरादून में सैनिकों के साथ बड़ा खाना खाएंगे। बुधवार को वह विजयदशमी के मौके पर चमोली में शस्त्र पूजा करेंगे। वह औली और माना में सैनिकों के साथ दशहरा मनाएंगे एवं बद्रीनाथ धाम में पूजा-अर्चना करेंगे।

# फिल्म आदिपुरुष टीजर के जारी होते ही विवादों में घिरी

**नई दिल्ली (भाषा)।** बॉलीवुड फिल्म आदिपुरुष अपनी रिलीज़ से चार महीने पहले टीजर के जारी होते ही विवादों में घिर गई। फिल्म में रावण और हनुमान के किरदारों के हुलिए की वजह से लोग खफा हो गए और ट्विटर पर फिल्म को बहिष्कार किए जाने की मांग ट्रेंड करने लगी। तान्हाजी: द अनसंग वॉरियर से ख्याति हासिल करने वाले ओम राउत द्वारा निर्देशित फिल्म आदिपुरुष का 1.46 मिनट का टीजर अयोध्या में रविवार को जारी किया गया। इसके फौरन बाद विवाद खड़ा हो गया। फिल्म में भगवान राम का किरदार बाहुबली के अभिनेता प्रभास निभा रहे हैं जबकि 10 सिर वाले राक्षस राजा लंकेश (रावण) की भूमिका में सैफ अली खान हैं। इसमें लंकेश की दाढ़ी है, उसकी उग्र आंखें हैं, जिससे वह बर्बरता का अवतार लगता है। इस वजह से कई लोगों ने फिल्म निर्माताओं को रावण का इस्लामीकरण करने के लिए आड़े हाथों लिया। फिल्म में हनुमान के किरदार की दाढ़ी है और उनकी मूंछे नहीं हैं तथा उन्होंने चमड़े से बनी पोशाक पहनी है। इसे लेकर भी लोगों ने आलोचना की है। हैशटैग बॉयकॉट (बहिष्कार) आदिपुरुष और बैन (रोक) आदिपुरुष के सोशल मीडिया पर गति पकड़ने के साथ ही, मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्र ने चेतावनी दी कि अगर हिंदू धर्म के देवी-देवताओं को गलत तरीके से दिखाने वाले दृश्यों को नहीं हटाया गया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मध्य प्रदेश सरकार के प्रवक्ता मिश्रा ने भोपाल में पत्रकारों से कहा, मैंने आदिपुरुष का टीजर देखा है। इसमें आपत्तिजनक दृश्य हैं। उन्होंने कहा कि ट्रेलर में दिख रहे हिंदू देवताओं के कपड़े और हुलिए स्वीकार्य नहीं हैं। मिश्रा ने कहा, हनुमान जी को चमड़े के कपड़े पहने दिखाया गया है, जबकि (शास्त्रों में) देवता की वेशभूषा का वर्णन अलग है... ए ऐसे दृश्य हैं जो धार्मिक भावनाओं को आहत करते हैं।

## केरल पुलिस ने अपने कर्मियों केपीएफआई से संबंध होने की खबरों को किया खारिज

**तिरूवनंतपुरम।** केरल पुलिस ने मीडिया में आई इन खबरों को मंगलवार को बेबुनियाद करार दिया, जिनमें दावा किया गया था कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने राज्य पुलिस प्रमुख को सैकड़ों पुलिसकर्मियों के पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया से संबंध होने की बात कही थी। कुछ खबरों में दावा किया गया कि एनआईए ने राज्य पुलिस प्रमुख को एक रिपोर्ट दी थी, जिसमें यह संकेत दिया गया था कि केरल पुलिस के 873 कर्मियों के पीएफआई से संबंध हैं। एनआईए ने हाल में देशभर में पीएफआई के दफ्तरों में छापा मारा था और संगठन के नेताओं को गिरफ्तार किया था। राज्य पुलिस के मीडिया सेंटर द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, इस तरह की खबरें बेबुनियाद हैं। केंद्र सरकार ने 27 सितंबर को पीएफआई को प्रतिबंधित कर दिया था और इसके अगले ही दिन संगठन की केरल इकाई के एक नेता ने एक बयान में कहा कि संगठन को भंग कर दिया गया है।

# रूस के उच्च सदन ने यूक्रेनी क्षेत्रों के विलय को मंजूरी दी



**भाषा।** लाइमैन (यूक्रेन)

**रूसी** संसद के उच्च सदन ने चार यूक्रेनी क्षेत्रों के विलय से जुड़ी संधियों को मंगलवार को मंजूरी दे दी। रूसी संसद के ऊपरी सदन फेडरेशन काउंसिल ने मंगलवार को पूर्वी दोनेत्सक व लुहान्स्क और दक्षिणी खेरसॉन तथा जापोरिज्जिया क्षेत्रों को रूस का हिस्सा बनाने से जुड़ी संधियों को मंजूरी देने के लिए मतदान किया। निचले सदन ने पिछले सप्ताह क्रेमलिन-ऑर्केस्ट्रेटेड एनेक्सेशन पर जनमत संग्रह के बाद उस पर मुहर लगा दी थी। इस जनमत संग्रह को यूक्रेन और उसके पश्चिमी सहयोगियों ने अवैध बताकर खारिज कर दिया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भी मंगलवार को अनुमोदित की गई संधियों को जल्द मंजूरी देने की उम्मीद है। इस बीच, रूसी सैनिकों के शव पूर्वी यूक्रेन के प्रमुख शहर में सड़कों पर पड़े नजर आए। यूक्रेन के बलों द्वारा घेरे जाने के डर के कारण रूसी सैनिक सप्ताहांत में लाइमैन शहर से बाहर आ गए थे। इससे यूक्रेन की कार्वाई को काफी बल मिला, जो रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों को दोबारा अपने नियंत्रण में लेने के लिए लगातार जद्दोजहद कर रहा है। यूक्रेनी सेना ने लाइमैन में भीषण युद्ध के बाद अपने सैनिकों के शवों को वहां से हटा दिए, लेकिन रूसी सैनिकों के शवों को तत्काल हटाया नहीं गया। यूक्रेन के एक सैनिक ने कहा, हम अपनी सरजमीं के लिए, अपने बच्चों के लिए लड़ रहे हैं ताकि हमारे लोग बेहतर जिंदगी जी पाएं... लेकिन इसकी एक भारी कीमत है। भूतल और अन्य सुरक्षित स्थानों पर छुपे लाइमैन के निवासी भी लड़ाई थमने के बाद बाहर निकले। इस शहर में मई से पानी, बिजली और गैस सेवाएं ठप हैं। वैलेंटाइना कुजमिचना (85) ने हाल ही में हुए एक विस्फोट को याद करते हुए कहा, मैं एक हॉल में थी जब करीब पांच मीटर दूर एक धमाका हुआ। यूक्रेन की सेना द्वारा पूर्व व दक्षिण में जवाबी हमले करने के बाद, रूसी सेना ने मंगलवार को यूक्रेनी शहरों पर और मिसाइल हमले शुरू किए। यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव में कई मिसाइलें दागी गईं, जिससे शहर के बुनियादी ढांचे को काफी नुकसान पहुंचा और बिजली आपूर्ति ठप पड़ गई। खारकीव के गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने बताया कि हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ वर्षीय एक बच्ची सहित दो अन्य लोग घायल हो गए। वहीं दक्षिण में निकोपोल शहर पर रूस ने मिसाइलें दागी, जिसमें चार लोग घायल हो गए। वाशिंगटन स्थित इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर ने युद्ध की स्थिति के अपने नए आकलन में कहा कि दोनेत्सक क्षेत्र में लाइमैन को अपने नियंत्रण में लेने के बाद यूक्रेनी बल पूर्व की ओर बढ़ रहे हैं और हो सकता है कि वे क्रेमिना की ओर बढ़ते हुए पड़ोसी लुहान्स्क क्षेत्र की सीमा तक जाएं।

## अमेरिका जल्दी ही यूक्रेन को चार और उन्नत रॉकेट प्रणाली देगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका जल्दी ही यूक्रेन को चार और उन्नत रॉकेट प्रणाली मुहैया कराएगा ताकि रूस के साथ युद्ध में वह बढ़त हासिल कर सके। अमेरिकी अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम मंगलवार को घोषित किए जाने वाले 62.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर के सहायता पैकेज का हिस्सा है। इससे पहले अमेरिका ने जुलाई के अंत तक यूक्रेन को 16 ऐसी रॉकेट प्रणाली दी थी। रूसी हमले को रोकने के लिए यह प्रणाली यूक्रेन की काफी मददगार साबित हुई है। इस प्रणाली से यूक्रेन ने उन पुलो को निशाना बनाया है जिनका उपयोग रूस ने अपने सैनिकों को आपूर्ति करने के लिए किया है। इसके बाद यूक्रेनी सेना ने उन क्षेत्रों में अपनी बढ़त बनाई है जहां रूसी बलों का नियंत्रण हो गया था। नए सहायता पैकेज में यूक्रेन के सैनिकों के लिए अन्य गोला-बारूद और साजोसामान भी शामिल किए जाने की उम्मीद है।

# प्रियंका चोपड़ा ने कमला हैरिस से कहा, एक तरह से हम दोनों ही भारत की बेटियां हैं




**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस तथा भारतीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस ने भारत से अपने जुड़ाव को साझा करते हुए विवाह एवं वेतन में समानता और जलवायु परिवर्तन समेत विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। अब लॉस एंजिलिस मे रह रहीं अभिनेत्री एवं निर्माता प्रियंका को डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी के वीमन लिडरशिप फोरम ने उपराष्ट्रपति हैरिस का साक्षात्कार करने के लिए आमंत्रित किया था। गायक निक जोनस से शादी के बाद से प्रियंका अमेरिका में बस गई हैं। दोनों की एक बेटी भी है, जिसका जन्म इस साल जनवरी में हुआ था। अभिनेत्री ने इस साक्षात्कार की शुरुआत दोनों के भारत से जुड़े होने के बारे में बात करते हुए की। प्रियंका ने डेमोक्रेटिक पार्टी के देशभर के कुछ प्रख्यात लोगों की मौजूदगी के बीच कहा, मुझे लगता है कि एक तरह से हम दोनों ही भारत की बेटी हैं। उन्होंने कहा, आप अमेरिका की एक बेटी हैं, जिनकी मां भारतीय और पिता जमैका से थे। मैं एक भारतीय माता-पिता की बेटी हूं, जो हाल ही में इस देश में आ बसी। हैरिस (57) का जन्म कैलिफोर्निया के ओकलैंड में हुआ था। उनकी मां श्यामला गोपालन भारत के तमिलनाडु से नाता रखती थीं और पिता डोनाल्ड जे. हैरिस जमैका के थे। दोनों ही अपने-अपने देश छोड़कर अमेरिका में जा बसे थे। वह अमेरिका के उप राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने वाली पहली अश्वेत अमेरिकी महिला और पहली दक्षिण एशियाई अमेरिकी हैं। यूनीसेफ (संयुक्त राष्ट्र बाल कोष) की सद्भावना दूत प्रियंका चोपड़ा जोनस ने कहा कि अमेरिका पूरी दुनिया के लिए आशा, स्वतंत्रता की एक किरण के रूप में पहचाना जाता है और इस समय इन सिद्धांतों पर लगातार हमले किए जा रहे हैं। अभिनेत्री (40 वर्ष) ने कहा कि 20 साल तक काम करने के बाद पहली बार इस साल उन्हें पुरुष कलाकार के बराबर पैसे मिले। उन्होंने वैवाहिक जीवन में समानता पर भी बात की। वहीं, हैरिस ने भी माना कि हम एक अस्थिर दुनिया में रह रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं एक उपराष्ट्रपति के तौर पर दुनियाभर की यात्रा कर रही हूं। मैंने 100 विश्व नेताओं से मुलाकात की है या फोन पर बात की है।

## भौतिकी का नोबेल पुरस्कार क्वांटम मेकैनिक्स में योगदान के लिए तीन वैज्ञानिकों को देने की घोषणा

**भाषा।** स्टॉकहोम

**भौतिकी का** इस वर्ष का नोबेल पुरस्कार क्वांटम सूचना विज्ञान पर कार्य करने के लिए एलै एस्पै, जॉन एफ क्लाउसर और एंतन साइलिंगर को दिया गया है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज के महासचिव हैंस एल्लेग्रेन ने स्टॉकहोम के कैरोलिस्का इंस्टीट्यूट में मंगलवार को विजेता की घोषणा की। चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार सोमवार को स्वीडिश वैज्ञानिक स्वैंते पैबो को देने की घोषणा की गई थी। उन्हें मानव के क्रमिक विकास पर शोध के लिए यह पुरस्कार दिया गया। रसायन विज्ञान के नोबेल पुरस्कार की घोषणा बुधवार को की जाएगी। साहित्य का नोबेल पुरस्कार बृहस्पतिवार को दिया जाएगा। नोबेल शांति पुरस्कार,2022 की घोषणा शुक्रवार को और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार की घोषणा 10 अक्टूबर को की जाएगी।

## इक्वाडोरः लाटाकुंगा जेल में हिंसक झड़प में 15 कैदियों की मौत, 20 अन्य घायल

**क्विटो (इक्वाडोर)।** मध्य इक्वाडोर में स्थित लाटाकुंगा जेल में सोमवार को कैदियों के बीच हुई हिंसक झड़प में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने इसे मादक तस्कर के स्थानीय व अंतरराष्ट्रीय गिरोहों की झड़प बताया है। इक्वाडोर की राष्ट्रीय सुधार-गृह सेवा ने मृतक संख्या की पुष्टि की है। लाटाकुंगा जेल क्विटो से 50 मील (80 किलोमीटर) दक्षिण में स्थित है। हालांकि, कारागार में तलाश अभियान अब भी जारी है। घटना के वीडियो में कैदियों के चीखने और गोलियों की आवाजें सुनी जा सकती हैं। सुधार-गृह सेवा के अनुसार, पिछले साल इक्वाडोर की जेलों में करीब 316 कैदी मारे गए थे। इस साल अब तक 90 की मौत हो चुकी है। सबसे भयावह हिंसा पिछले साल सितंबर में ग्वायाकिल के लिटोरल जेल में हुई थी, जिसमें 125 कैदी मारे गए थे।

## दुनिया अस्तित्व के लिए जीवन या मरण के संघर्ष के दौर में में है : गुतारेस

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने आगाह किया है कि जलवायु परिवर्तन से अराजकता फैलने के साथ दुनिया अस्तित्व के लिए जीवन या मरण संघर्ष के दौर में है। इसके साथ ही उन्होंने विश्व के 20 सबसे धनी देशों पर धरती को गर्म होने से बचाने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाने का आरोप लगाया। उन्होंने सोमवार को कहा कि वैश्विक ताप वृद्धि के लिए जिम्मेदार ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन चरम पर है और मौजूदा समय सबसे अधिक ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन करने वाले अमीर विकसित देशों तथा इसका सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव झेलने वाली उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच क्वांटम स्तर के समझौते का है। गुतारेस ने नवंबर में मिस्र के शरम अल-शेख रिजॉर्ट में होने वाले संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन के लिए तैयारियों के वास्ते कांगो की राजधानी किनशासा में सरकार के प्रतिनिधियों की एक बैठक में यह टिप्पणी की।

# उत्तर कोरिया ने मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल दागी




**भाषा।** सियोल

**उत्तर कोरिया** ने मंगलवार को एक मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल दागी, जो जापान के ऊपर से गुजरते हुए प्रशांत महासागर में जा गिरी। जापान और दक्षिण कोरिया ने यह जानकारी दी। ऐसा माना जा रहा है कि उत्तर कोरिया ने क्षेत्र में अमेरिकी सहयोगियों को निशाना बनाने वाले हथियारों का परीक्षण तेज कर दिया है। जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि उत्तर कोरिया की ओर से कम से कम एक मिसाइल दागी गई, जिसके जापान के ऊपर गुजरते हुए प्रशांत महासागर में गिरने की आशंका है। जापान के अधिकारियों ने आस-पास की इमारतों को खाली करने के वास्ते पूर्वोत्तर क्षेत्र के निवासियों के लिए जे -अलर्ट जारी किया है। 2017 के बाद पहली बार ऐसा अलर्ट जारी किया गया है। जापान के होक्काइदो और आओमोरी क्षेत्र में ट्रेन सेवाएं कुछ समय के लिए निलंबित की गईं थी, जो अब बहाल कर दी गई हैं। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने

### ● जापान के ऊपर से गुजरी

पत्रकारों से कहा, उत्तर कोरिया द्वारा हाल ही में किए गए परीक्षण की कड़ी निंदा करता हूं... उन्होंने कहा कि वह स्थिति को लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के साथ चर्चा करेंगे। जापान कैबिनेट के मुख्य सचिव हिरोकाजू मात्सुनो ने कहा कि उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण के बाद किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि मिसाइल 22 मिनट तक हवा में रहने के बाद देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर समुद्र में गिरी। वहीं दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि उन्हें उत्तर के उत्तरी अंतर्देशीय क्षेत्र से दागी गई बैलिस्टिक मिसाइल के बारे में पता चला है। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया की सेना ने निगरानी बढ़ा दी है और अमेरिका के साथ निकट समन्वय बनाए हुए है।

## अमेरिका ने चुनावों में विदेशी हस्तक्षेप को लेकर आगाह किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में प्रतिनिधि सभा और सीनेट के नवंबर में होने वाले चुनाव के मद्देनजर संघीय अधिकारियों ने आगाह किया है कि रूस देश के चुनावों की अखंडता के बारे में संदेह बढ़ाने पर काम कर रहा है जबकि चीन भी इसमें हस्तक्षेप की कोशिश कर रहा है। द एसोसिएटेड प्रेस द्वारा हाल में हासिल एक खुफिया परामर्श रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ऐसे उम्मीदवारों को रोकने के लिए कुछ चुनावों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है जिन्हें वह खासतौर से बीजिंग के प्रतिकूल मानता है।

## पेंटागन में पाकिस्तान के सेना प्रमुख से मुलाकात करेंगे अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन मंगलवार को पेंटागन में पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा से मुलाकात करेंगे। दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग बढ़ने के संकेतों के बीच यह बैठक होने जा रही है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने पिछले सप्ताह वाशिंगटन में विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन समेत (अमेरिका के राष्ट्रपति जो) बाइडन प्रशासन के कई शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की थी। ऑस्टिन पेंटागन में बाजवा का स्वागत करेंगे, जिसके बाद दोनों द्विपक्षीय व क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे।


## ट्रंप ने मानहानि के लिए सीएनएन से 47 करोड़ 50 लाख डॉलर का हर्जाना मांगा

**न्यूयॉर्क (अमेरिका)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को सीएनएन के खिलाफ मुकदमा दायर कर 47 करोड़ 50 लाख डॉलर का हर्जाना मांगा है। ट्रंप ने सीएनएन नेटवर्क पर उनके खिलाफ अपमान व बदनामी का अभियान चलाने का आरोप लगाया है। फ्लोरिडा के फोर्ट लाउडरडेल में अमेरिकी जिला अदालत में यह मुकदमा दायर किया गया है। इस मामले पर सीएनएन की तरफ से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। राष्ट्रपति पद पर रहते हुए ट्रंप समय-समय पर सीएनएन की आलोचना करते रहते थे।

# शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 1,277 अंक उछला

### बैंक, धातु शेयर चमके

**भाषा।** मुंबई



**घरेलू शेयर** बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स में 1,277 अंक की बढ़त रही। वैश्विक शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच बैंक, धातु और आईटी शेयरों में लिवाली से घरेलू बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 1,276.66 अंक यानी 2.25 प्रतिशत उछलकर 58,065.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,311.13 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 27 लाभ में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 386.95 अंक यानी 2.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,274.30 अंक पर बंद हुआ। धातु, बैंक और आईटी शेयरों की अगुवाई में लिवाली चौतरफा रही। इससे शेयर बाजार में जोरदार तेजी आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वॉल स्ट्रीट (अमेरिकी शेयर बाजार) में सोमवार की तेजी तथा बैंकों के उत्साहजनक कारोबारी आंकड़े से बाजार में उत्साह रहा। अमेरिका में पीएमआई विनिर्माण में नरमी से यह संभावना बनी है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दर बढ़ाने के मामले में थोड़ा नरम रुख अपना सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी डॉलर के अनुरूप अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल नीचे आया है। सेंसेक्स के तीस शेयरों में इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज,बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, विप्रो, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ पावरग्रिड, सन फार्मा और डॉ. रेड्डीज में गिरावट रही। सेंसेक्स में सोमवार को 638.11 अंक की गिरावट आई थी, जबकि निफ्टी 207 अंक टूटा था। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा कि सकारात्मक वैश्विक रुख तथा कर्ज देने और उसकी अदायगी को लेकर दूसरी तिमाही के आंकड़े उत्साहजनक रहने से दोनों मानक सूचकांक दो प्रतिशत से अधिक मजबूत हुए। उन्होंने कहा कि त्योहारों से पहले विभिन्न खंडों में खुदरा मांग को लेकर बाजार में उत्साह है। नवरात्रि त्योहार समाप्त होने से पहले आईटी समेत सभी खंडवार सूचकांक लाभ में रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की लाभ में रहे। अमेरिकी बाजार में तेजी के बाद एशियाई बाजारों में मजबूती रही। अमेरिका में कुछ विनिर्माण पीएमआई आंकड़े कमजोर होने से यह संभावना जताई जा रही है कि फेडरल रिजर्व आक्रामक रूप से ब्याज दर में वृद्धि पर कुछ अंकुश लगा सकता है।

### जोरदार तेजी से निवेशकों की पूंजी 5.66 लाख करोड बढ़ी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजारों मे मंगलवार को जोरदार लिवाली का जोर रहने से इक्विटी निवेशकों की पूंजी 5.66 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई। सकारात्मक वैश्विक संकेतों से शेयर बाजारों मे शुरू से ही तेजी देखी गई और कारोबार के अंत मे बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 1,276.66 अंकों की जबर्दस्त तेजी के साथ 58,065.47 अंक पर बंद हुआ। बीएसई मे सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) इस उछाल के दम पर 5,66,318.84 करोड़ रुपए बढ़कर 2,73,92,739.78 करोड़ रुपए हो गया। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, मजबूत वैश्विक संकेतों से मानक सूचकांक मे जोरदार तेजी देखी गई। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा कि वैश्विक बाजारों से सकारात्मक संकेत मिलने से घरेलू शेयर बाजारों मे रौनक लौटी और ए दो प्रतिशत से अधिक बढ़ गए।

## रिलायंस की अनुषंगी का सैनमिना के साथ संयुक्त उद्यम सौदा संपन्न

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की अनुषंगी आरएसबीवीएल और अमेरिकी फर्म सैनमिना कॉरपोरेशन ने करीब 3,300 करोड़ रुपए के मूल्यांकन वाला एक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण संयुक्त उद्यम स्थापित करने का सौदा पूरा कर लिया है। दोनों कंपनियों की तरफ से मंगलवार को जारी एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक, रिलायंस स्ट्रैटजिक बिजनेस वेंचर्स लिमिटेड (आरएसबीवीएल) के पास इस उद्यम की 50.1 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी जबकि सैनमिना के पास 49.9 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। आरएसबीवीएल सैनमिना की मौजूदा भारतीय इकाई में 1,670 करोड़ रुपए का निवेश कर यह हिस्सेदारी हासिल करेगी। इस निवेश के बाद सैनमिना की भारतीय इकाई संयुक्त उद्यम में परिवर्तित हो जाएगी। और उसमें 20 करोड़ डॉलर से अधिक पूंजी लगाई जाएगी।

# शीर्ष आठ शहरों में घरों की कीमत 3-10 प्रतिशत बढ़ी, कार्यालय किराए में 13 फीसदी का उछाल

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश के शीर्ष आठ शहरों** में इस साल जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान घरों की औसत कीमतों में सालाना आधार पर तीन ने 10 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई। वहीं संपत्तियों की मांग बढ़ने से कार्यालय स्थल के किराए में 13 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई। संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने की रिपोर्ट भारतीय रियल एस्टेट-कार्यालय और आवास बाजार जुलाई-सितंबर-2022 में यह निष्कर्ष निकाला गया है। बेंगलुरु में 2022 कैलेंडर वर्ष की तीसरी तिमाही के दौरान औसत आवास मूल्य के साथ औसत कार्यालय किराए में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई। प्राथमिक आवास बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई-सितंबर तिमाही में बेंगलुरु में घरों की औसत कीमत 10 प्रतिशत बढ़कर 5,428 रुपए प्रति वर्ग फुट हो गई।जो एक साल पहले की समान अवधि में 4,928 रुपए प्रति वर्ग फुट थी। वहीं दिल्ली-एनसीआर के बाजार में भी घरों की कीमत आठ प्रतिशत बढ़कर 4,489 रुपए प्रति वर्ग फुट हो गई। आंकड़ों के अनुसार, मुंबई, पुणे, चेन्नई और हैदराबाद में आवासीय संपत्तियों की औसत कीमत में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह क्रमशः 7,170 रुपए प्रति वर्ग फुट, 4,250 रुपए प्रति वर्ग फुट, 4,300 रुपए प्रति वर्ग फुट और 4,977 रुपए प्रति वर्ग फुट हो गई। कोलकाता में आवास कीमतें चार प्रतिशत बढ़कर 3,350 रुपए प्रति वर्ग फुट हो गईं, जबकि अहमदाबाद में औसत मूल्य तीन प्रतिशत बढ़कर 2,885 रुपए प्रति वर्ग फुट हो गया। नाइट फ्रैंक की रिपोर्ट के अनुसार, देश के शीर्ष आठ शहरों में इस साल की तीसरी तिमाही में घरों की बिक्री 15 प्रतिशत बढ़कर 73,691 इकाई हो गई। एक साल पहले की समान तिमाही में कुल 64,010 घर बेचे गए थे। वहीं जनवरी-सितंबर के दौरान बिक्री 40 प्रतिशत बढ़कर 2,32,396 पहुंच गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल अर्थव्यवस्था के खुलने और कर्मचारियों की कार्यस्थल पर धीरे-धीरे वापसी के साथ कार्यालय स्थल की बेहतर मांग से भी किराए में वृद्धि हुई है।

# देश भर में 25,000 टॉवर लगाने के लिए 26,000 करोड़ रुपए मंजूर

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार ने अगले** 500 दिनों में 25,000 मोबाइल टॉवर लगाने के लिए 26,000 करोड़ रुपए की राशि मंजूर कर दी है। दूरसंचार मंत्रालय की तरफ से मंगलवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इस परियोजना के लिए वित्तीय समर्थन सार्वभौम सेवा दायित्व कोष से किया जाएगा और भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क इसका क्रियान्वयन करेगा। दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को संपन्न राज्यों के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रियों के डिजिटल इंडिया सम्मेलन में इस परियोजना की घोषणा की। दूरसंचार मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि डिजिटल इंडिया के लिए संपर्क सुविधा अहम है और देश के हरेक कोने तक इसकी पहुंच होनी चाहिए। अगले 500 दिनों में 25,000 नए मोबाइल टॉवर लगाने के लिए 26,000 करोड़ रुपए की राशि को मंजूरी दे दी गई है।

## दिवाली को लेकर बााजर में उत्साह

**लखनऊ।** लुलु मॉल ने अपने सबसे बड़े फेस्टिवल कैंपेन श्लुलु वाली दिवाली की घोषणा की। इस अभियान के तहत लखनऊ के लोग एक शानदार खरीदारी अनुभव बेहतरीन उपहार और स्वादिष्ट हॉट फूड के साथ उत्सव के मौसम का पूरा आनंद ले सकेंगे।7 अक्टूबर से 6 नवंबर तक लुलु मॉल में कहीं भी खरीदारी करने वाले ग्राहक उपहार जीतने के लिए योग्य होंगें, जो आगंतुकों को उत्सव के माहौल के साथ एक अच्छा अनुभव प्रदान करेगा। कोई भी ग्राहक जो मॉल में कहीं भी कम से कम 2,500 रुपये की खरीदारी करता है और लुलु लॉयल्टी का सदस्य हैए उसे प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। मेगा पुरस्कार एक हुंडई औरा हैय बम्पर पुरस्कारए एक रॉयल एनफील्ड हंटर और होंडा सीडी110य दैनिक पुरस्कारों में गैजेट और रसोई के उपकरणए सोने के सिक्केए घरेलू फर्नीचर और उपहार वाउचर शामिल हैं।

# आपूर्ति सुधरने से सितंबर में वाहनों की खुदरा बिक्री 11 प्रतिशत बढ़ी

**भाषा।** नई दिल्ली



**वाहन विनिर्माताओं** से डीलरों को होने वाली आपूर्ति सुधरने और त्योहारों का मौसम आने से सितंबर में वाहनों की खुदरा बिक्री 11 प्रतिशत बढ़ गई। वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने मंगलवार को सितंबर बिक्री के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि पिछले महीने कुल खुदरा बिक्री 14,64,001 इकाइयों की हुई जो एक साल पहले की समान अवधि में 13,19,647 इकाई रही थी। फाडा ने कहा कि अक्टूबर के महीने में खुदरा बिक्री की संख्या इससे भी अधिक रहने की संभावना है क्योंकि इस दौरान दशहरा और दिवाली के त्योहार होने से उपभोक्ताओं की मांग अधिक रहने की उम्मीद है। फाडा ने कहा, डीलरों को इस महीने यात्री वाहन खंड में पिछले एक दशक का सबसे अच्छा त्योहारी मौसम रहने की उम्मीद है। हमें इस महीने बिक्री में और तेजी आने की स्थिति बनती हुई दिख रही है। ट्रैक्टर एवं कुछ तिपहिया वाहनों को छोड़कर बाकी सभी वाहन खंडों ने सितंबर के महीने में बेहतर बिक्री आंकड़े दर्ज किए। यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 2,60,556 इकाई जबकि सितंबर 2021 में 2,37,502 वाहन बिके थे। फाडा के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने एक बयान में कहा, सेमीकंडक्टर की आपूर्ति सुधरने से कारों की उपलब्धता बेहतर होने और आधुनिक खूबियों से लैस नए मॉडलों की पेशकश से उपभोक्ता अपना पसंदीदा वाहन खरीदने के लिए डीलरों के पास बड़ी संख्या में आए। यात्री वाहन खंड में मारुति सुजुकी ने सबसे ज्यादा 1,03,912 इकाइयों की खुदरा बिक्री की जबकि हुंदै मोट इंडिया ने 39,118 और टाटा मोटर्स ने 36,435 इकाइयों की बिक्री की। इसी तरह दोपहिया वाहनों की पंजीकरण भी सितंबर में नौ प्रतिशत बढ़कर 10,15,702 इकाई हो गया जबकि एक साल पहले यह संख्या 9,31,654 थी। सिंघानिया ने कहा कि एंट्री-लेवल बाइक खंड में सबसे ज्यादा उछाल देखी गई। दोपहिया वाहन खंड में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया 2,84,160 इकाइयों के साथ सबसे आगे रही। हीरो मोटोकॉर्प 2,50,246 वाहनों की बिक्री के साथ दूसरे स्थान पर रही। फाडा के मुताबिक, वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री सितंबर में 19 प्रतिशत बढ़कर 71,233 इकाई हो गई जो एक साल पहले 59,595 इकाई थी।

## ऑस्ट्रेलिया के केंद्रीय बैंक ने लगातार छठी बार बढ़ाई ब्याज दर

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के केंद्रीय बैंक ने मंगलवार को अपनी मानक ब्याज दर में लगातार छठे महीने वृद्धि की जिससे यह नौ महीनों के उच्च स्तर 2.6 प्रतिशत पर पहुंच गई। रिजर्व बैंक ऑफ आस्ट्रेलिया ने नकदी दर में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि की जो विश्लेषकों की उम्मीदों से कम है। विश्लेषकों ने 0.50 प्रतिशत वृद्धि की संभावना जताई थी। दरअसल ऑस्ट्रेलियाई केंद्रीय बैंक पिछले चार बार से ब्याज दर में 0.5-0.5 प्रतिशत की वृद्धि करता रहा है। उसके पहले मई में केंद्रीय बैंक ने 0.25 प्रतिशत की वृद्धि की थी जो अगस्त 2013 के बाद की पहली बढ़ोतरी थी। केंद्रीय बैंक के गवर्नर फिलिप लोव ने कहा कि इस बार ब्याज दर में कम वृद्धि करने का यह मतलब है कि नकदी दर सीमित अवधि में खासी बढ़ चुकी है। उन्होंने कहा कि आगामी वृद्धि का फैसला मुद्रास्फीति एवं श्रम बाजार के परिदृश्य के आकलन पर निर्भर करेगा। ऑस्ट्रेलिया में मुद्रास्फीति इस समय 6.1 प्रतिशत है और दिसंबर तिमाही में इसके 7.75 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच जाने की संभावना है।

## सोनी-जी विलय सौदे को प्रतिस्पर्धा आयोग की सशर्त मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने मंगलवार को मीडिया कंपनियों सोनी और जी के विलय को कुछ शर्तों के साथ मंजूरी दे दी। विलय के बाद बनने वाली इकाई देश के बड़े मीडिया समूह में से एक होगी। सीसीआई ने ट्विटर पर लिखा है कि उसने कुछ संशोधन के साथ सौदे को मंजूरी दी है। प्रस्तावित विलय की घोषणा पिछले साल सितंबर में की गई थी। आयोग ने कहा कि उसने जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लि. (जी) और बांग्ला एंटरटेनमेंट प्राइवेट लि. (बीईपीएल) के कल्वेर मैक्स एंटरटेनमेंट प्राइवेट लि. (सीएमई) के साथ विलय को कुछ संशोधन के साथ मंजूरी दी है। कल्वेर मैक्स एंटरटेनमेंट प्राइवेट लि. को पूर्व में सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया प्राइवेट लि. के नाम से जाना जाता था। फिलहाल मंजूरी का पूरा ब्योरा नहीं मिला है।

## दिल्ली का जीएसटी संग्रह दूसरी तिमाही में छह प्रतिशत गिरा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में दिल्ली के जीएसटी संग्रह मे एक साल पहले की तुलना में छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। दिल्ली सरकार की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई-सितंबर 2022 तिमाही मे माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का राजस्व संग्रह 13,417 करोड़ रुपए रहा। अप्रैल-जून की तिमाही के कर संग्रह 14,297 करोड़ रुपए की तुलना में यह 880 करोड़ रुपए कम है। इसके बावजूद वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही मे दिल्ली सरकार का कुल जीएसटी संग्रह 27,714 करोड़ रुपए रहा है जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक है।

## चाय की कीमतों में तेजी से मजदूरी में बढ़ोतरी की होगी भरपाई : इक्रा

**मुंबई।** वैश्विक आपूर्ति मे अड़चनों के बीच चाय की कीमतों मे वृद्धि से पश्चिम बंगाल और असम मे बढ़ी हुई मजदूरी दरों के प्रभाव की भरपाई होने की संभावना है। इक्रा की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर भारत, असम और पश्चिम बंगाल मे मजदूरी मे वृद्धि की चाय उत्पादन पर होने वाली प्राप्तियों से भरपाई होने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान मजदूरी की दरों मे वृद्धि का चाय उत्पादन कंपनियों के मार्जिन पर असर पड़ा है। इक्रा के कॉरपोरेट क्षेत्र रेटिंग्स प्रमुख और उपाध्यक्ष सुजॉय साहा ने कहा, मजदूरी की दरों के प्रभाव के बावजूद उत्पादकों के वित्तीय प्रदर्शन मे सालाना आधार पर चालू वित्त वर्ष मे सुधार की संभावना है। वैश्विक स्तर पर ओडीएक्स चाय के सबसे बड़े निर्यातक श्रीलंका मे मौजूदा आर्थिक संकट के कारण उत्पादन में कई दिक्कतें आई है। रिपोर्ट मे कहा गया है कि श्रीलंका मे उत्पादन मे कमी कुछ और समय तक जारी रहने की आशंका है।

# दुष्कर्म और लूट के आठ आरोपियों को उम्रकैद

भाषा। झांसी

**उत्तर प्रदेश** में झांसी जिले की एक अदालत ने एक किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म और लूटपाट के मामले में आरोपी आठ युवकों को दोषी करार देते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक विजय सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को बताया कि 11 अक्टूबर 2020 को एक किशोरी ट्यूशन पढ़ने जा रही थी। तभी रास्ते में स्थानीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के निकट कुछ लड़कों ने उनका अपहरण कर सामूहिक बलात्कार किया तथा इस घटना का वीडियो बनाकर उसे सार्वजनिक करने की धमकी देते हुए उससे 3000 रुपए ऑनलाइन तरीके से लिए। कुशवाहा ने बताया कि इस संबंध में सीपरी बाजार थाने में भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण कानून (पोक्सो) की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नितेंद्र कुमार की अदालत ने सोमवार को आठ आरोपियों - भरत कुमार, रोहित, संजय कुशवाहा, धर्मेंद्र सेन, मोनू, शैलेंद्र, मयंक और विपिन तिवारी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी चिकित्सक गिरफ्तार

**बस्ती (भाषा)।** बस्ती जिले में सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपी एक चिकित्सक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले में आरोपी दो अन्य चिकित्सकों की तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव के आदेश पर पुलिस ने 28 सितंबर को तीन चिकित्सकों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले के मुख्य आरोपी चिकित्सक सिद्धार्थ को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि लखनऊ की रहने वाली एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में दावा किया था कि कैली अस्पताल में बतौर चिकित्सक तैनात सिद्धार्थ से उसकी दोस्ती पिछले साल सोशल नेटवर्किंग ऐप के ज़रिए हुई थी। ऐसा आरोप है कि पिछली 10 अगस्त को साक्षात्कार के बहाने सिद्धार्थ उसे बस्ती स्थित कैली अस्पताल के छात्रावास में ले गया जहां उसने लड़की के साथ अवैध संबंध बनाने की कोशिश की।

# रामपुरा पुलिस ने किया 307 के फरार आरोपी को किया गिरफ्तार



संवाददाता। रामपुरा (जालौन)

**लंबे समय** से फरार चल रहे वारंटी दिनेश पुत्र रामनिवास निवासी ग्राम मल्हानपुरा थाना रामपुरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दिनेश के खिलाफ आईपीसी की धारा 307 के तहत मुकदमा पंजीकृत है। बताया जाता है कि आरोपी न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था जिस पर न्यायालय ने उसके लिए गैर जमानती वारंट जारी किया था। बताया जाता है कि आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए बार बार अपने ठिकाने बदल रहा था जिससे आरोपी को पकड़ने में पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। इसी मामले में दूसरा आरोपी कामता प्रसाद उर्फ भूरे पुत्र चण्डी प्रसाद एवं ज्योति पत्नी कामता प्रसाद निवासी मल्हानपुरा थाना रामपुरा को पुलिस ने 6 माह पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# ट्रैक्टर ट्राली के उपयोग पर पाबंदी, किसान आंदोलन को कमजोर करने की युक्ति : राकेश टिकैत

भाषा। पीलीभीत



**भारतीय** किसान यूनियन नेता राकेश टिकैत ने यात्रा के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली के उपयोग पर पाबंदी लगाने संबंधी उत्तर प्रदेश सरकार के कदम पर सवाल उठाते हुए मंगलवार को कहा कि इस संबंध में सरकार को जल्द ही पत्र लिखा जाएगा क्योंकि यह (ट्रैक्टर ट्रॉली) किसानों के लिए परिवहन का मुख्य साधन है। किसान नेता राकेश टिकैत ने आज सरकार के उस बयान का विरोध किया, जिसमें यात्रा के लिए ट्रैक्टर-ट्राली का उपयोग नहीं करने को कहा गया है। जनपद लखीमपुर में पिछले साल किसान आंदोलन के दौरान मरे चार किसानों की बरसी से लौट रहे भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि किसान यूनियन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ट्रैक्टर-ट्राली पर यात्रा करने से रोकने का पुरजोर विरोध करेगी। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि यह सरकार की किसान विरोधी मानसिकता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि सरकार किसान आंदोलन को कुचलना चाहती है और इस आदेश के पीछे सरकार की सोची-समझी साजिश है कि किसान आंदोलनों में ट्रैक्टर ना चल सके। गौरतलब है कि कानपुर में रविवार को हुई एक बड़ी सड़क दुर्घटना के बाद शासन ने ट्रैक्टर-ट्रॉली से यात्रा बंद करने को कहा है। कानपुर जिले में ट्रैक्टर ट्रॉली के पलट जाने से 26 लोगों की मौत और कुछ अन्य गंभीर रूप से घायल हो जाने के बाद दो अक्टूबर को जारी एक सरकारी बयान में कहा गया था कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों से यात्रा के दौरान सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा था कि ट्रैक्टर ट्रॉली तथा ट्रक से यात्रा असुरक्षित है इसलिए यात्रा के लिए किसी भी दशा में ट्रैक्टर-ट्रॉली या ट्रक का उपयोग न किया जाए। सरकार के इस बयान पर विरोध जताते हुए किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि ट्रेन अथवा अन्य वाहनों की दुर्घटना होने के बाद क्या वे बंद की गई? जो सरकार ट्रैक्टर पर रोक लगाना चाहती है। किसान नेता ने दावा किया, ट्रैक्टर पहले की तरह सड़कों पर चलेंगे, इसका विरोध करने के साथ हम सरकार को पत्र भी लिखेंगे। सरकार किसानों को बर्बाद करने पर आमादा है। टिकैत ने कहा कि सरकार को पता है कि किसान के आने जाने का सबसे बड़ा साधन ट्रैक्टर ही है। इसके पीछे सरकार की सोची-समझी साजिश है कि किसान आंदोलनों में ट्रैक्टर न चल सके।

## क्विक न्यूज

### बिना वीजा भ्रमण करने के आरोप में गिरफ्तार स्लोवाकियाई नागरिक रिहा, स्वदेश भेजा गया

**मथुरा (भाषा)।** मथुरा जनपद में करीब ढाई साल पहले वृन्दावन में बिना वीजा के भ्रमण करते पकड़े गए 60 वर्षीय स्लोवाकियाई नागरिक को मंगलवार को जेल से रिहा करने के बाद वापस स्वदेश भेजने की कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने बताया कि सरकारी सहायता से उसके लिए स्लोवाकिया का टिकट बनवा कर उसे दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना कर दिया गया है। स्थानीय अभिसूचना इकाई प्रमुख प्रदीप शर्मा ने बताया कि पीटर फर्टाला नाम के एक स्लोवाकियाई नागरिक को 28 जून 2020 को बिना वीजा के वृन्दावन में रहने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि विदेशी नागरिक पर्यटक वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी वृन्दावन में रह रहा था। उन्होंने बताया कि अदालत ने उसे ढाई साल कारावास और 500 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। उन्होंने बताया कि गत माह सभी छुट्टियां आदि मिलाकर उसकी सजा पूरी हो गई, लेकिन उसके पास अपने देश लौटने के लिए पैसे नहीं थे। उन्होंने बताया कि जेल अधीक्षक ने सरकार की अनुमति से बंदी कल्याणकारी कोष से उसके लिए टिकट कराया और उसे एलआईयू की एक टीम के साथ दिल्ली रवाना कर दिया गया। जेल अधीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि पीटर फर्टाला को वृन्दावन कोतवाली पुलिस ने बिना वीजा के भारत में रहने के आरोप में 28 जून 2020 को गिरफ्तार किया था। अदालत ने उसे ढाई वर्ष के कारावास और 500 रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई थी।

### रामलीला में अश्लील नृत्य का वीडियो वायरल, मामला दर्ज

**संभल (भाषा)।** जिले के बहजोई इलाके में रामलीला के दौरान मंच पर अश्लील नृत्य का एक वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि संभल में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था जिसमे रामलीला मंच पर अश्लील नृत्य हो रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त मामले में पुलिस ने बहजोई थाना क्षेत्र के पंवासा की रामलीला कमेटी के 10 सदस्यों व नर्तकों के खिलाफ मामला दर्ज कर निरोधात्मक कार्यवाही की है। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र ने बताया कि संभल में रामलीला मैदान के मंच पर अश्लील नृत्य का वीडियो वायरल होने के बाद उसपर संज्ञान लिया गया है। उन्होंने कहा, ऐसी सूचना मिली है कि उक्त वीडियो बहजोई थाना क्षेत्र के पंवासा गांव की रामलीला का है। पुलिस ने बताया कि इस सिलसिले में रामलीला कमेटी के विनोद, सचिन, देवेंद्र, बंटी, गुप्ता, मनोज, सोनू, मोहित, विपिन, देवेंद्र व पुष्पेंद्र तथा अज्ञात नर्तकों के खिलाफ मामला दर्ज कर निरोधात्मक कार्यवाही की गई है साथ ही भविष्य में इसकी पुनरावृति न करने की चेतावनी भी दी गई है।

### जम्मू-तवी एक्सप्रेस का एक डिब्बा पटरी से उतरा, कोई हताहत नहीं

**बुलंदशहर(भाषा)।** जिले के वैर रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार सुबह जम्मू-तवी एक्सप्रेस का एक डिब्बा पटरी से उतर गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नही है। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, जम्मू से टाटानगर जा रही जम्मू-तवी एक्सप्रेस का एक डिब्बा वैर रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतर गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर जिला मजिस्ट्रेट और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस, प्रशासन, स्वास्थ्य एवं रेलवे की टीम मौके पर पहुंची। सूत्रों ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि हादसे में कोई जनहानि नही हुई है और नाही किसी को गंभीर चोट आई है। रेलवे, पुलिस, प्रशासन और मेडिकल की टीमें मौके पर हैं और प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता देने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया पटरी से उतरे डिब्बे को अलग करके ट्रेन को उसके गंतव्य के लिए रवाना करने का प्रयास किया जा रहा है।

### तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत

**महराजगंज (भाषा)।** उत्तर प्रदेश में महराजगंज जिले के पनियरा क्षेत्र में तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सोमवार शाम पनियरा थाना क्षेत्र के कमता बुजुर्ग गांव के निवासी सैनिक महेन्द्र वर्मा का बेटा सागर (छह) और बेटी गरिमा (चार) अपने घर के सामने एक तालाब में नहा रहे थे। इसी दौरान वे गहरे पानी में चले गए और डूबने से दोनों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने दोनों शव तालाब से निकले जिन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### मौसम ने ली करवट, झमाझम बरसा पानी

**जालौन (उरई)।** नवरात्र के अंतिम दिन झमाझम बारिश से नगर के कई मोहल्लों में जलभराव की स्थिति बनी। वहीं, मौसम में भी ठंडक आई। पिछले कुछ दिनों से बारिश न होने और तेज धूप निकलने से मौसम में गर्मी आ गई थी। मंगलवार की शाम मौसम ने अचानक से करवट ली और आसमान पर बादल घिर आए। पहले बूंदा बांदी हुई और फिर तेज बारिश शुरू हो गई। लगभग एक घंटे तक हुई झमाझम बारिश से नगर के मोहल्ला चिमनदुबे, हरीपुरा, तोपखाना, शाहगंज, रावतान, मुरलीमनोहर आदि मोहल्लों में जलभराव की स्थिति हो गई। पानी सड़क से ऊपर बह रहा था। बारिश के चलते मौसम में तो ठंडक आ गई। वहीं, बच्चों ने बारिश में भीगकर बारिश का आनंद लिया।

### बाइक चालक ने मासूम को रौंदा

**जालौन (उरई)।** मंगलवार की दोपहर को 3 वर्षीय लावन्या पुत्री सुरेन्द्र निवासी हरीपुरा अपने घर के बाहर बरामदे में खेल रही थी। वहां निकल रहे जवारे देखने वह घर के बाहर सड़क पर आ गई। इसी दौरान अज्ञात बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गई। आनन फानन में परिजन उसे सामुदायिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्तपाल रेफर कर दिया गया।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर भतीजी व चाचा को बेरहमी से पीटा

**कुसमिलिया (जालौन)।** डकोर कस्बे में मंगलवार की सुबह दहेज की मांग को लेकर ससुराल बालों ने बहू और उसके चाचा के साथ बेरहमी से मारपीट की जिसकी शिकायत थाना में तहरीर देकर की गई। पीड़िता मोनिका यादव ने तहरीर में बताया कि उसकी शादी एक साल पहले 15 दिसंबर 2021 को हिंदू रीति रिवाज के अनुसार डकोर निवासी दीपक यादव पुत्र विश्राम से हुई थी। जिसमें हमारे पिता ने उनकी मांग के अनुसार दहेज दिया था लेकिन लेकिन यह लोग दहेज के लालच में आए दिन मारपीट करते हैं। जब मैंने इसकी सूचना अपने पिता ग्राम गौरी निवासी कानपुर देहात और चाचा मनोज यादव को दी। तो सूचना मिलने पर जब मेरे चाचा आये तो ससुराल के लोगों ने बेरहमी से मेरे और हमारे चाचा के साथ मारपीट कर दी जिससे गंभीर चोटें आई।

### रावण वध लीला का आयोजन आज

**जालौन (उरई)।** रामलीला महोत्सव 2022 में 5 अक्टूबर दिन बुधवार को रावण-वध एवं रावण-दहन की लीला का मंचन उरई रोड स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज के मैदान में किया जाएगा। इससे पूर्व रामलीला मैदान से दोपहर ढाई बजे राम बारात नगर भ्रमण करती हुई इंटर कॉलेज पहुंचेगी।

# दिन भर मातारानी के दरबार में जवारों को चढ़ाने पहुंचे भक्त



संवाददाता। जालौन (उरई)

**नवरात्र के** नवें दिन देवी भक्तों ने मंदिरों व देवी स्थापना पंडालों में मां सिद्धदात्री की पूजा-अर्चना की। इसके अलावा घरों में बोए गए जवारों को भी चढ़ाया गया। शारदीय नवरात्र में नवें दिन मां सिद्धदात्री की पूजा अर्चना की गई देवी भक्तों ने रोरी, चंदन व फूल, मालाऐं चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। नवरात्र में देवी मां के 9 अलग-अलग रूपों में पूजा की जाती है। जिसमें नगर व क्षेत्र के देवी मंदिरों व देवी पंडालों में गुरूवार को मां सिद्धदात्री की पूजा अर्चना की गई। कामाख्या मंदिर सहित बड़ी माता मंदिर, छोटी माता मंदिर, गणेशजी, बापूसाहब, नारोभास्कर, दबगरान, पुरानी नझाई आदि मुहल्लों पर दुर्गा पांडाल में हवन पूजन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। सभी देवी भक्त अपने-अपने घटों को लेकर अचरी गाते हुए देवी मंदिरों की ओर खिंचे चले आ रहे थे। कई भक्त नाचते-गाते देवी मैया के जयकारों के साथ मंत्र मुग्ध थे।

# श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी दो महिलाओं की मौत, 18 घायल

भाषा। चित्रकूट (भाषा)

**चित्रकूट** जिले के भरतकूप क्षेत्र में श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उस पर सवार दो महिलाओं की मौत हो गई तथा 18 अन्य घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) चक्रपाणि त्रिपाठी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार शाम कुछ श्रद्धालु मध्य प्रदेश के सतना जिले के एक देवस्थान से बच्चे का मुंडन संस्कार कराने के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली से लौट रहे थे। त्रिपाठी ने कहा कि ट्रैक्टर-ट्रॉली भरतकूप थाना क्षेत्र के कोलावा-मानपुर मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में 65 साल की महिला शिवकुमारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि इलाज के दौरान मैना देवी नामक महिला ने मंगलवार को दम तोड़ दिया। त्रिपाठी ने बताया कि हादसे में घायल अन्य 18 श्रद्धालुओं का इलाज सरकारी अस्पताल में चल रहा है। इनमें तीन की हालत गंभीर बनी हुई है।

## बांदा में भी हुआ हादसा, एक बच्चे की मौत, 20 अन्य घायल

भाषा। बांदा

**जिले** के नरैनी क्षेत्र में मंगलवार दोपहर बाइक सवार को बचाने के प्रयास में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार एक बच्चे की मौत हो गई जबकि 20 अन्य घायल हो गए। पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) नितिन कुमार ने बताया कि आज दिन में करीब साढ़े बारह बजे (12:30) नरैनी कोतवाली क्षेत्र के पनगरा गांव के पास एक मोटरसाइकिल सवार को बचाने की कोशिश में ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। उन्होंने बताया कि हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली सवार एक साल के बच्चे की मौत हो गई जबकि 20 अन्य लोग जख्मी हो गए। ट्रैक्टर-ट्रॉली पर 25 लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि घायलों में नौ लोगों की हालत नाजुक है, जिन्हें बांदा की अस्पताल भेजा गया है। बाकी 11 को नरैनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

## पानी में बही सड़क 13 दिन बाद हुई सही, यातायात बहाल

**कदौरा (जालौन)।** विगत सप्ताह पूर्व हुई लगातार बारिश के चलते कालपी-चंडौत मार्ग का इटौरा-काशीखेड़ा संपर्क मार्ग पानी के बहाव में कट गया था। एक दर्जन से अधिक गांवो का कालपी मुख्यालय से संपर्क टूटने के साथ ही कालपी से महोबा, राठ, जलालपुर जाने वाले यात्रियों को 40 से 50 किलोमीटर का चक्कर लगा कर जाना पड़ रहा था। मंगलवार को लोकनिर्माण विभाग के अवर अभियंता बृजेन्द्र सिंह ने सड़क का निरीक्षण किया और ठेकेदार को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि गैस लाइन के किनारे से लीकेज होने की वजह से पानी के रिसाव से रोड का कटान हो गया था। जिसमें सड़क लगभग 30 मीटर लंबाई और 15 मीटर की गहराई में फट गया था। जिसमें राठ से कालपी की ओर जाने वाले वाहनों का आवागमन बाधित हो गया था। मिट्टी भराई का कार्य पूरा हो गया है। मार्ग पर वाहनों का आवागमन शुरू करा दिया गया है।

# रामलीला मैदान प्रांगण में किया गया परम्परागत शस्त्र पूजन

संवाददाता। बांदा



**विजयादशमी** के पावन अवसर पर मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद जिला बाँदा के तत्वावधान में बजरंग दल, मातृशक्ति दुर्गावाहिनी जिला बांदा द्वारा रामलीला मैदान प्रांगण में सामूहिक भव्य परम्परागत शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस भव्य शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आरम्भ विश्व हिन्दू परिषद के प्रमुख आचार्यों द्वारा विधिवत मंगलाचरण स्वास्तिवाचन करते हुए सभी अस्त्र शस्त्रो का पंचोपचार पूजन विधि से सभी पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं को शस्त्र पूजन सम्पन्न कराया गया।

विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष चन्द्रमोहन बेदी ने संबोधन में सनातन धर्म और संस्कृति के पौराणिक आख्यानों का उल्लेख करते हुए सभी को शास्त्र और शस्त्र में पारंगत होने का आवाहन कियाएउन्होंने वर्तमान समय स्थिति और परिस्थितियों के बारे में जानकारी देते हुए सभी को अपने संयम नियमों का पालन करते हुए आत्मरक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा हेतु शस्त्र पूजन एवं धारण करने हेतु आमंत्रित किया। इस दौरान प्रमुख रूप से विभाग मातृशक्ति संयोजिका सुबोधिनी भटनागर, विभाग संयोजिका दुर्गावाहिनी करुणा रैकवार , विभाग गौरक्षा राजकिशोर तिवारी, विभाग मठ मंदिर प्रमुख शान्तनु , जिला संरक्षक डॉ सुरेन्द्र भटनागर, जिलाअध्यक्ष चन्द्र मोहन बेदी, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष हर्षवर्धन गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष रेखा भटनागर, जिला संगठन मंत्री विवेक, जिला कोषाध्यक्ष रवि मोहन, जिला सहमंत्री रामप्रताप सोनी, जिला धर्म प्रसार विमल, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख राकेश चौरसिया , नगर मंत्री मनीष मंगल, बजरंग दल जिला संयोजक अंकित पाण्डे, जिला सह संयोजक देवराज राजपूत, विश्राम कुमार धुरिया ,प्रमुख समाज सेवी श्याम मोहन धुरिया, नगर उपाध्यक्ष सुमित सोनी, अरविंद गुप्ता, महावीर कुशवाहा, सचिन सोनकर, सूरज विश्वकर्मा सहित विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल, मातृशक्ति दुर्गावाहिनी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पांच पीढ़ियों से रावण का पुतला बना रहा है मुसलमान परिवार

भाषा। आगरा

**दशहरा** से एक महीना पहले हर साल आगरा की रामलीला के लिए लंकापति रावण और अन्य का पुतला बनाने का काम 75 वर्षीय जफर अली और उनके परिवार को सौंपा जाता है, ताकि विजयदशमी के दिन पुतला दहन किया जा सके। पांच पीढ़ियों से रावण का पुतला बनाने का काम कर रहे परिवार के मौजूदा मुखिया अली ने कहा, आगरा रामलीला समिति के सदस्य हमें पुतले बनाने के लिए बुलाते हैं और अलग-अलग आकार के पुतले बनाने के लिए हम करीब एक महीने तक रामलीला मैदान में ही ठहरते हैं। रामलीला समाप्त होने के बाद समिति अली और उनके परिवार को सम्मानित भी करती है। अपने कौशल के बारे में बात करते हुए अली ने पीटीआई-भाषा को बताया, मैं बचपन से इस पेशे में हूं। अब हमारे परिवार की पांचवीं पीढ़ी इस पेशे में है। पहले मैं अपने दादा और पिता के साथ आया करता था और अब मैं परिवार के अन्य सदस्यों और कामगारों की अगुवाई कर रहा हूं। उन्होंने बताया कि उनके परिवार में 18 सदस्य हैं और सभी पुतले बनाने में कुशल हैं। अली ने बताया, कोविड-19 के कारण दो साल बाद इस बार रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। रावण का पुतला करीब 100 फुट ऊंचा है और कुंभकरण तथा मेघनाद का पुतला क्रमश: 65 और 60 फुट ऊंचा है। पुतलों की ऊंचाई समिति की मांग पर निर्भर करती है। उन्होंने बताया कि हर साल पुतले की ऊंचाई अलग-अलग होती है। अली ने बताया, पुतलों को बनाने में करीब एक महीने का समय लगता है। ए पुतले रंगीन कागज, जूट की रस्सियों, आटे से बने गोंद (लेई) और बांस की कमाची से बनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि कोविड के बाद फिर से यहां आकर उनके परिवार को अच्छा लग रहा है।

## संदिग्ध हालात में फांसी से लटका मिला महिला सिपाही का शव

**बलरामपुर (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के गैड़ास बुजुर्ग थाने में तैनात एक महिला कर्मी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी से लटका मिला। इस मामले में उसके पुलिसकर्मी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सिपाही कोकिला यादव (25) गैड़ास बुजुर्ग थाने में तैनात थी और थाने के पास किराए के एक मकान में रहती थी। पुलिस के अनुसार आज सुबह उसका शव कमरे में फांसी के फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने कमरे से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। उन्होंने बताया कि कोकिला यादव का विवाह पिछले साल नवम्बर में विजय कुमार यादव नामक एक सिपाही से हुआ था। वह आजमगढ़ के अतरौलिया थाने में तैनात है। यादव का कथित तौर पर किसी दूसरी लड़की से प्रेम प्रसंग था। इसे लेकर कोकिला और उसका अक्सर विवाद होता था। यादव बुधवार को कोकिला के पास भी आया था। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने मंगलवार को बताया कि सुसाइड नोट के आधार पर मृतका के पति विजय कुमार यादव के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# महानवमी पर 11 नवजात बच्चियों का जन्मोत्सव केक काटकर मनाया गया

- जिलाधिकारी ने नवेली-बुन्देली केक का किया लोकार्पण

संवाददाता। बांदा



**शारदीय** नवरात्रि के महानवमी के अवसर पर सांई दरबार रेस्टोरेन्ट एण्ड मां वैष्णवी ब्रेकर्स बांदा में नवेली.बुन्देली केक का लोकार्पण जिलाधिकारी बांदा अनुराग पटेल एवं उनकी पत्नी डॉ प्रीती पटेल के कर कमलों द्वारा किया गया। मिशन शक्ति अभियान.3 के अन्तर्गत बेटी बचाओ.बेटी पढाओ् के तहत नवेली.बुन्देली कन्या जन्मोत्सव् कार्यक्रम का आयोजन सांई दरबार रेस्टोरेन्ट एवं महिला जिला अस्पताल के प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुआ। शारदीय नवरात्रि के महानवमी के अवसर पर 11 नवजात बच्चियों का जन्मोत्सव केक काटकर हर्सोल्लास के साथ मनाया गया तथा सोहर गीत गाकर बधाई दी गई तथा कपडे, उपहार एवं जन्म प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। केक लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्या, नगर मजिस्टेट राजेश कुमार वर्मा, जिला प्रोबेसन अधिकारी मीनू सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसएन मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका सुनीता सिंह, प्रदेश सचिव भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल मनोज जैन, कवियत्री छाया सिंह, कार्यक्रम संचालिका डॉ अर्चना भारती सहित अन्य गणमान्य अतिथिगण सहित रेस्टोरेन्ट स्टाफ उपस्थित रहा। जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने शारदीय नवरात्रि के महानवमी के अवसर पर सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया। इस पहल की शुरूवात भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती के अवसर पर नवेली.बुन्देली कन्या जन्मोत्सव अभियान का शुभारम्भ मेडिकल कॉलेज के प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुआ था और उसी दिन से लगातार जनपद में जन्मी बच्चियों का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार से संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं से बच्चियों के माता पिता, दादा दादी को लाभन्वित कराया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य है पहले बुन्देलखण्ड में बेटियों के जन्म को अच्छा नही मानते थे, इसलिए बेटियों को पेट में न मारा जाए और उनका पालन पोषण कर शासन की योजनाओं से लाभान्वित कराकर प्रगति पथ की ओर अग्रसर किया जाए। अभी तक जनपद में 11108 बच्चियों का जन्म हुआ है। जन्म प्रमाण पत्र 11108 बच्चियों को दिया जा चुका है और टीकाकरण 11108 को लगाया जा चुका है। इसी क्रम में जननी सुरक्षा योजना का लाभ 9058 को दिया जा चुका है तथा प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना का लाभ 2465 को दिया जा चुका है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का लाभ 2946 तथा मातृत्व शिशु हित लाभ एवं बालिका मदद योजना का लाभ 1813 को प्रदान कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस से लेकर महानवमी तक कुल 75 कन्याओं का केक काटकर जन्म दिवस मनाया गया।

# रोसेयु का शतक, दक्षिण अफ्रीका जीता

**● अंतिम टी-20 में भारत को 49 रन से किया पराजित**

**भाषा।** इंदौर

**रिली रोसेयु** के करियर के पहले शतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को 49 रन से हरा दिया लेकिन श्रृंखला 1-2 से गंवा दी। रोसेयु ने 48 गेंद में आठ छक्कों और सात चौकों से नाबाद 100 रन की पारी खेलने के अलावा डिकॉक (68) के साथ दूसरे विकेट के लिए 90 और ट्रस्टिन स्टब्स (23) के साथ तीसरे विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी की जिससे दक्षिण अफ्रीका ने तीन विकेट पर 227 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। डेविड मिलर ने अंत में सिर्फ पांच गेंद में नाबाद 19 रन बनाए। भारतीय टीम ने इसके जवाब में नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी और अंततः 18.3 ओवर में 178 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से दिनेश कार्तिक ने सर्वाधिक 46 रन बनाए। उनके अलावा दीपक चाहर (31), ऋषभ पंत (27) और उमेश यादव (नाबाद 20) ही 20 रन के आंकड़े को छू पाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से ड्वेन प्रिटोरियस ने 26 रन देकर तीन विकेट चटकाए। केशव महाराज (34 रन पर दो विकेट), वेन पार्नेल (41 रन पर दो विकेट) और लुंगी एनगिडी (51 रन पर दो विकेट) ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए दो-दो विकेट हासिल किए। फॉर्म में चल रहे उप कप्तान लोकेश राहुल और विराट कोहली के बिना खेल रहे भारत की शुरुआत बेहद खराब रही और दूसरे ओवर में ही टीम का स्कोर दो विकेट पर चार रन हो गया। कप्तान रोहित शर्मा (00) कागिसो रबादा (24 रन पर एक विकेट) की पारी की दूसरी ही गेंद को विकेटों पर खेल गए जबकि अगले ओवर में पार्नेल ने श्रेयस अय्यर (01) को पगबाधा किया। कार्तिक ने पार्नेल पर चौके के साथ खाता खोला जबकि सलामी बल्लेबाज पंत ने भी रबादा पर चौका मारा। पंत ने लुंगी एनगिडी का स्वागत दो छक्कों और इतने ही चौकों के साथ किया लेकिन अंतिम गेंद पर कवर में स्टब्स को आसान कैच दे बैठे। उन्होंने 14 गेंद की अपनी पारी में दो छक्के और तीन चौके मारे। कार्तिक ने पार्नेल की लगातार गेंदों पर दो छक्के और एक चौका मारा। भारत ने पावर प्ले में तीन विकेट पर 64 रन बनाए। कार्तिक ने महाराज पर भी लगातार दो छक्के जड़े लेकिन बाएं हाथ के स्पिनर के ओवर की अंतिम गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 21 गेंद का सामना करते हुए



चार छक्के और इतने ही चौके मारे। सूर्यकुमार यादव भी आठ रन बनाने के बाद ड्वेन प्रिटोरियस की गेंद पर स्टब्स को कैच दे बैठे जिससे भारत का स्कोर पांच विकेट पर 86 रन हो गया। भारत ने रनों का शतक 11वें ओवर में पूरा हुआ। हर्षल पटेल (17) ने एनगिडी की गेंद पर चौका और छक्का जड़ा लेकिन फिर मिलर को कैच दे बैठे। पार्नेल ने अक्षर पटेल (09) को विकेटकीपर डिकॉक के हाथों कैच कराके भारत को सातवां झटका दिया। रविचंद्रन अश्विन (02) ने महाराज की गेंद पर रबादा को कैच थमाया। चाहर ने महाराज की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा। भारत को अंतिम पांच ओवर में 86 रन की जरूरत थी। चाहर ने एनगिडी और प्रिटोरियस पर छक्के मारे लेकिन फिर मिलर को कैच दे बैठे जिससे भारत की रही सही उम्मीद भी खत्म हो गई। प्रिटोरियस ने मोहम्मद सिराज (05) को मिलर के हाथों कैच कराके दक्षिण अफ्रीका को जीत दिलाई। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने अंतिम आठ ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 108 रन जोड़े। भारत के चारों तेज गेंदबाज दीपक चाहर (चार ओवर में 48 रन पर एक विकेट), मोहम्मद सिराज (चार ओवर में बिना विकेट के 44 रन), हर्षल पटेल (चार ओवर में बिना विकेट के 49 रन) और उमेश यादव (तीन ओवर में 34 रन पर एक विकेट) काफी महंगे साबित हुए। रोहित ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। डिकॉक शुरुआत से ही लय में दिखे। उन्होंने सिराज और चाहर पर छक्के जड़े। बावुमा ने सिराज की गेंद पर एक रन के साथ श्रृंखला में तीसरी पारी में पहला रन बनाया।

**स्कोरबोर्ड**

**दक्षिण अफ्रीकाः** डिकॉक रन आउट 68,बावुमा का रोहित बो उमेश 03,रोसेयु नाबाद 100,ट्रस्टिन का अश्विन बो चाहर 23,मिलर नाबाद 19,**अतिरिक्तः** 14,**कुलः** 20 ओवर में तीन विकेट परः 227 रन,विकेट पतनः 1-30, 2-120, 3-207,**गेंदबाजीः**चाहर 4-0-48-1,सिराज 4-0-44-0,अश्विन 4-0-35-0, उमेश 3-0-34-1, हर्षल 4-0-49-0,अक्षर1-0-13-0

**भारतः** रोहित बो रबादा 00, पंत का स्टब्स बो एनगिडी 27, अय्यर पगबाधा बो पार्नेल 01, कार्तिक बो महाराज 46,सूर्यकुमार का स्टब्स बो प्रिटोरियस 08, पटेल का डिकॉक बो पार्नेल 09,पटेल का मिलर बो एनगिडी 17,अश्विन का रबादा बो महाराज 02,चाहर का मिलर बो प्रिटोरियस 31,उमेश नाबाद 20, सिराज का मिलर को प्रिटोरियस 05,**अतिरिक्तः** 12,**कुल**:18.3 ओवर में सभी विकेट खोकरः 178 रन,**विकेट पतन**: 1-0, 2-4, 3-45, 4-78, 5-86, 6-108, 7-114, 8-120, 9-168, **गेंदबाजी**: रबादा 4-0-24-1,पार्नेल 4-0-41-2,एनगिडी 3-0-51-2,महाराज 4-0-34-2, प्रिटोरियस 3.3-0-26-3

## भारत-दक्षिण अफ्रीका मैच के लिए तैयार लखनऊ



इकाना स्टेडियम में अभ्यास करती भारतीय टीम

# बुमराह टी-20 विश्व कप में नहीं खेल पाने से निराश

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत के स्टार** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट के कारण टी20 विश्वकप में नहीं खेल पाने से बेहद निराश हैं लेकिन वह इस प्रतियोगिता के दौरान अपनी टीम का उत्साहवर्धन करते रहेंगे। बुमराह ने मंगलवार को ट्वीट किया, बेहद निराश हूं कि मैं इस बार टी20 विश्वकप का हिस्सा नहीं बन पाऊंगा, लेकिन अपने प्रियजनों से मिली शुभकामनाओं, सहयोग और समर्थन के लिए आभारी हूं। चोट से उबरने के दौरान मैं टीम का उत्साहवर्धन करता रहूंगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को कहा था कि बुमराह



आईसीसी टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाएंगे जो भारत के लिए बहुत बड़ा झटका माना जा रहा है। बुमराह की अनुपस्थिति निश्चित तौर पर ऑस्ट्रेलिया में भारत की संभावनाओं को प्रभावित करेगी क्योंकि डेथ ओवरों की गेंदबाजी अभी टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। यह तेज गेंदबाज राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में उपचार करा रहा है और बीसीसीआई को उनकी चिकित्सा रिपोर्ट का इंतजार था लेकिन यह तय था कि वह अगले कई महीनों तक क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे।

### बुमराह की गैरमौजूदगी बड़ी क्षति, उनकी कमी खलेगीः द्रविड़

**इंदौर।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने मंगलवार को स्वीकार किया कि पीठ की चोट के कारण आगामी टी20 विश्व कप से जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी भारतीय टीम के लिए बड़ी क्षति होगी। उन्होंने हालांकि कहा कि यह किसी अन्य खिलाड़ी के लिए प्रदर्शन करने का अवसर होगा।

### उदीयमान पहलवान की दिल का दौरा पड़ने से मौत

**पुणे।** अपने प्रतिद्वंद्वी को एक मुकाबले में हराने के कुछ घंटे बाद ही महाराष्ट्र के कोल्हापूर में 22 वर्ष के एक पहलवान ने दिल का दौरा पड़ने से दम तोड़ दिया। मारुति सुरवासे पिछले कुछ महीने से राष्ट्रकुल कुश्ती संकुल अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे थे। वह सोलापूर जिले के पंढरपूर के रहने वाले थे। अकादमी के संचालक राम सारंग ने कहा , कोल्हापूर जिले में दशहरे से पहले एक कुश्ती स्पर्धा का आयोजन किया गया था। सुरवासे ने एक वर्ग में जीत दर्ज की और दूसरे पहलवानों के साथ अकादमी लौट रहा था। उसे रात को छाती में दर्द हुआ।

### पीसीए अध्यक्ष चहल की शिकायत

**मोहाली।** पंजाब क्रिकेट संघ (पीसीए) के अध्यक्ष गुलजारिंदर चहल पर हितों के टकराव का आरोप लगाया जा रहा है। एक जिला इकाई के प्रमुख ने लोकपाल सह आचरण अधिकारी न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) इंदरजीत सिंह के समक्ष उनकी शिकायत की है। पीटीआई के पास मौजूद शिकायत की प्रति में दावा किया गया है कि पीसीए अध्यक्ष के व्यावसायिक हितों को देखने वाली चार्टर्ड अकाउंटेंट कंपनी को कथित तौर पर राज्य संघ का ऑडिटिंग का कार्य करने के लिए नियुक्त किया गया है जो हितों का टकराव है।

### विंबलडन चैंपियन रिबाकीना की कीज पर संघर्षपूर्ण जीत

**ओस्ट्रावा (चेक गणराज्य)।** विंबलडन चैंपियन इलेना रिबाकीना ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके मेडिसन कीज को हराकर ऐजल ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत की। रिबाकीना इस साल फ्रेंच ओपन और सिनसिनाटी में कीज से हार गई थी, लेकिन यहां वह 5-7, 6-3, 6-3 से जीत दर्ज करने मे सफल रही। चेक गणराज्य के पूर्वी शहर ओस्ट्रावा में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के अन्य मैचों में ऑस्ट्रेलिया की अजला टॉमलजानोविच ने चीन की झांग शुआई को 6-3, 6-3 से और स्थानीय खिलाड़ी पेट्रा क्वितोवा ने अमेरिका की बर्नांडा पेरा को 6-3, 2-6, 6-4 से हराया।

### यूपी कलारीपयट्टू टीम रवाना

**लखनऊ।** आगामी राष्ट्रीय कलारीपयट्टू प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश की 32 सदस्यीय टीम मंगलवार को लखनऊ से त्रिवेंद्रम के लिए रवाना हो गयी। त्रिवेंद्रम के सेंट्रल स्टेडियम में 7 से 10 अक्टूबर तक होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के 14वें संस्करण में यूपी के खिलाड़ी मेयपट्टू, चुवाडुकुल, लाठी,उर्मी, हाईकिक और फाइट की प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगे। टीम रवानगी से पहले उत्तर प्रदेश कलारीपयट्टू एसोसिएशन के सीईओ प्रवीण गर्ग ने खिलाड़ियों को किट प्रदान करते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। टीम : प्रदेश सचिव प्रियंका अग्रवाल ने बताया कि सब जूनियर बालक वर्ग में अमृत राज त्रिवेदी,दक्षेश सिंह, सार्थक अंबेडकर,शिवांश कुमार, प्रांजल यादव, बालिका वर्ग में आशु पटेल,अदिति दत्त तिवारी,पवित्रा दुबे, जूनियर बालक वर्ग में अनुराग गिरी, अनंत कुमार साहू, दीपांशु गुप्ता, अभय सैनी, सुल्तान सैनी, पवन साहनी, सुजीत विश्वकर्मा,लकी सिंह, गौतम, नितेश यादव, जूनियर बालिका वर्ग में सिमरन यादव,स्वाति सैनी,ज्योति, खुशी पटेल, जबकि सीनियर वर्ग में नितेश यादव, महेश सिंह, विरेंद्र सिंहए सनी, सुशील कुमार, अभिनव चौधरी चयनित हुए है।

# जेमिमा-दीप्ति की पारी से भारत की और जीत



**● एशिया कप : यूएई को 104 रन से रौंदा**

**भाषा।** सिलहट

**जेमिमा रोड्रिग्स** और दीप्ति शर्मा के अर्धशतक से भारत ने मंगलवार को यहां महिला टी20 एशिया कप में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 104 रन से रौंद दिया। यूएई ने शानदार शुरुआत करते हुए पांच ओवर के भीतर ही भारत का स्कोर तीन विकेट पर 20 रन कर दिया था जिसके बाद जेमिमा (45 गेंद में नाबाद 75) और दीप्ति (49 गेंद में 64 रन) ने 13.3 ओवर में 128 रन जोड़कर भारत को पांच विकेट पर 178 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचाया। भारतीय मूल के 11 खिलाड़ियों की मौजूदगी वाली यूएई की टीम ने कभी इस लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास ही नहीं किया और टीम 20 ओवर में चार विकेट पर 74 रन ही बना सकी। भारत ने लगातार तीन मैच जीते हैं और सेमीफाइनल में जगह बनाने का उसका दावा काफी मजबूत है। टीम को हालांकि बांग्लादेश और पाकिस्तान के खिलाफ अभी अपने दो बड़े मैच खेलने हैं। स्मृति मंधाना, एस मेघना और खराब फॉर्म से जूझ रही शेफाली वर्मा के जल्दी पवेलियन लौटने के बाद जेमिमा और दीप्ति ने 12वें ओवर तक भारतीय पारी को संवारा और फिर आक्रामक बल्लेबाजी की जिससे आगे यूएई की गेंदबाज बेबस दिखीं।

### जेमिमा आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष दस में

**दुबई।** शानदार फॉर्म में चल रही भारत की जेमिमा रौड्रिग्ज आईसीसी महिला टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष दस में पहुंच गई है। वह फिलहाल आठवें स्थान पर है और चार पारियों में दो अर्धशतक जमा चुकी है। रौड्रिग्ज चार पायदान चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गई। आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी रैंकिंग में शीर्ष पर है। शीर्ष दस में भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा भी है जो क्रमशः तीसरे और सातवें स्थान पर बनी हुई है।

# शेष भारत ने ईरानी कप जीता

**● सौराष्ट्र को आठ विकेट से हराया**

**भाषा।** राजकोट

**तेज गेंदबाज** कुलदीप सेन के पांच विकेट और अभिमन्यु ईश्वरन के नाबाद अर्धशतक की मदद से शेष भारत ने 2019-20 के रणजी चैंपियन सौराष्ट्र को मंगलवार को यहां आठ विकेट से हराकर 29वीं बार ईरानी कप क्रिकेट प्रतियोगिता जीती।

शेष भारत ने 105 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 24 रन के अंदर दो विकेट गंवा दिए थे, लेकिन ईश्वरन (नाबाद 65) और विकेटकीपर बल्लेबाज श्रीकर भरत (नाबाद 27) ने इसके बाद टीम को कोई झटका नहीं लगने दिया और 32वें ओवर में उसे लक्ष्य तक पहुंचाया। सौराष्ट्र के कप्तान जयदेव उनादकट (37 रन देकर दो विकेट) ने 89 रन की बेहतरीन पारी खेलने के बाद शेष भारत को शुरू में ही दो झटके दिए। उन्होंने मयंक अग्रवाल की जगह स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे प्रियांक पांचाल (दो) को विकेट के पीछे कैच कराने के बाद युवा बल्लेबाज यश धुल (आठ) को पगबाधा आउट किया। इसके बाद ईश्वरन और भरत ने तीसरे विकेट के लिए 81 रन की अटूट साझेदारी की। सौराष्ट्र की टीम पहली पारी में केवल 98 रन पर सिमट गई थी जिसके जवाब में शेष भारत ने 374 रन बनाकर 276 रन की मजबूत बढ़त हासिल की थी। सौराष्ट्र ने दूसरी पारी में 380 रन बनाए। सौराष्ट्र ने मैच के चौथे दिन सुबह अपनी दूसरी पारी आठ विकेट पर 368 रन से आगे बढ़ाई लेकिन उसने 12 रन जोड़कर बाकी बचे दोनों विकेट गंवा दिए। कप्तान उनादकट आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज थे। शेष भारत की तरफ से तेज गेंदबाज कुलदीप सेन ने दोनों विकेट लेकर पारी में 94 रन देकर पांच विकेट लिए। दूसरी पारी में भी सौराष्ट्र का स्कोर एक समय पांच विकेट पर 87 रन था और उस पर पारी की हार का खतरा मंडरा रहा था, लेकिन शेल्डन जैकसन (71), अर्पित वासवदा (55), प्रेरक मांकड़ (72) और उनादकट के अर्धशतकों की मदद से वह मैच को चौथे दिन तक खींचने में सफल रहा। इस मैच में सभी की निगाहें भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा पर टिकी थी लेकिन वह दोनों पारियों में असफल रहे।





# यूपी के राम बाबू ने राष्ट्रीय रिकार्ड के साथ जीता स्वर्ण

**राष्ट्रीय खेल : महिला जैवलिन थ्रो में अन्नू रानी, महिला 3000 मीटर स्टीपल चेज में पारुल चौधरी और महिला भारोत्तोलक पूर्णिमा पांडेय को भी स्वर्णिम सफलता**

**लखनऊ।** गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन लगातार जारी है। आज यूपी के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण पदक जीते। मंगलवार को उत्तर प्रदेश को पहला स्वर्ण पदक राम बाबू ने दिलाया। उन्होंने पुरुष 35 किमी रेस वॉक 2 घंटे 36 मिनट 34 सेकंड में पूरा कर नया राष्ट्रीय रिकार्ड बनाया। इसके साथ महिला जैवलिन थ्रो में राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता अन्नू रानी ने 54.56 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। महिला 3000 मीटर स्टीपल चेज में उत्तर प्रदेश की पारुल चौधरी ने स्वर्ण पदक जीता जो इन खेलों में उनका दोहरा स्वर्ण पदक है। महिला भारोत्तोलन के 87 किग्रा से अधिक भार वर्ग में उत्तर प्रदेश की पूर्णिमा पांडेय ने स्वर्णिम सफलता हासिल की। पुरुष जेवलिन थ्रो में उत्तर प्रदेश के रोहित यादव को रजत पदक मिला। इसी के साथ उत्तर प्रदेश के





खिलाड़ियों ने मंगलवार को समाचार लिखे जाने तक 4 स्वर्ण व 2 रजत पदक जीते। उत्तर प्रदेश इन खेलों में अब तक 18 स्वर्ण पदकए 14 रजत पदक व 9 कांस्य पदक सहित कुल 41 पदक जीत चुका है। इन खिलाड़ियों की सफलता पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने बधाई देते हुए कहा कि रामबाबू ने पुरुष 35 किमी रेस वॉकए महिला जेवलिन थ्रो में अन्नू रानी, महिला 3000 मीटर स्टीपल चेज में पारुल चौधरी ने और महिला भारोत्तोलक पूर्णिमा पाण्डेय ने स्वर्णिम सफलता हासिल करके उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। उन्होंने अन्य पदक विजेताओं को भी बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। पुरुषों की 35 किमी रेस वॉक में रामबाबू ने ऐसा शानदार प्रदर्शन किया कि सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। उन्होंने मंगलवार को 2 घंटे 36 मिनट 34 सेकंड का समय निकाला और इस होड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी हरियाणा के जुनैद खान 2: 40, 16:0 रांची 2022 को पछाड़ा। राम बाबू ने अच्छी शुरुआत की और और तेजी से समय के साथ रेस खत्म करने के लक्ष्य में बढ़ती गर्मी ने उनकी गति धीमी कर दी। हालांकि इसके बाद भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अव्वल रहे। इस वर्ग में जुनैद खान दूसरे और सर्विसेज के चंदन सिंह तीसरे स्थान पर रहे। रामबाबू ने जुनैद खान को साढ़े तीन मिनट से अधिक समय के अंतर के साथ हराने के बाद खुशी जताते हुए कहा कि अब मेरी निगाह अंतरराष्ट्रीय इवेंट में भी ऐसे समय को दोहराने के लिए कड़ी मेहनत पर होगी। 2018 में चोट के चलते दौड़ना बंद करने के बाद राम बाबू ने रेस वॉकिंग शुरू की थी। रामबाबू पिछले साल वारंगल में हुई राष्ट्रीय ओपन चैंपियनशिप में 2: 46:31:00 घंटे के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ विजेता थे।

### भारत के एस श्रीकृष्ण ने विश्व 6 रेड स्नूकर खिताब जीता

**कुआलालंपुर।** भारत के श्रीकृष्ण सूर्यनारायण ने मंगलवार को यहां बेस्ट ऑफ नाइन फ्रेम के एकतरफा फाइनल में बहरीन के हबीब सबाह को 5-1 से हराकर विश्व 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप का खिताब जीता। पिछले सत्र में भारत के लक्ष्मण रावत ने खिताब जीता था। सेमीफाइनल मैच के दौरान सोमवार को दिखाए गए अपने जबरदस्त फॉर्म को जारी रखते हुए श्रीकृष्ण मंगलवार को शुरुआत से ही होवी हो गए और उन्होंने विरोधी खिलाड़ी को कोई मौका नही दिया। श्रीकृष्ण राष्ट्रीय 6 रेड स्नूकर चैंपियन (2021) है और उन्होंने 2019 में राष्ट्रीय बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप जीती थी।

### स्टिमक का करार एएफसी एशियाई कप 23 तक बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने मंगलवार को अगले साल एएफसी एशियाई कप तक अपने करार में विस्तार पर हस्ताक्षर किए। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की तकनीकी समिति ने पिछले महीने करार आगे बढाने का फैसला किया जिसे कार्यकारी समिति ने मंजूरी दी। कार्यकारी समिति ने तकनीकी समिति के सुझाव को भी स्वीकार कर लिया कि भारत को एशियाई कप फाइनल खेलना है।

### विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिपः भारतीय पुरुष टीम प्री क्वार्टर फाइनल में, चीन से होगी भिड़ंत



**चेंगदू।** भारतीय पुरुष टीम मंगलवार को यहां विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप में फ्रांस से 0-3 से हारने के बावजूद प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। भारतीय टीम ने ग्रुप चरण में तीसरे स्थान पर रहने वाली शीर्ष रैंकिंग वाली टीम में से एक के रूप में प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रणनीति में बदलाव करते हुए भारत ने मानव ठक्कर के साथ दुनिया के 30वें नंबर के एलेक्सिस लेब्रून के खिलाफ शुरुआत की। ठक्कर की 0-3 (6-11, 8-11, 8-11) की हार ने टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। दुनिया के 37वें नंबर के खिलाड़ी जी साथियान ने दूसरे मैच में फेलिक्स लेब्रून के खिलाफ उतरे 86वीं रैंकिंग के फ्रांस के खिलाड़ी ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करते हुए भारतीय खिलाड़ी को सीधे गेम में 11-4, 11-2, 11-6 से हराकर अपनी टीम को 2-0 से आगे कर दिया। हरमीत देसाई भी जूल्स रोलैंड के खिलाफ दबाव झेलने में नाकाम रहे और उन्हें 11-13, 13-11, 7-11, 11-8, 11-7 से हार का सामना करना पड़ा।

### भारत ने एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर्स में मालदीव को 5-0 से करारी शिकस्त दी

**अल खोबार (सऊदी अरब)।** भारत ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को यहां मालदीव को 5-0 से करारी शिकस्त देकर एएफसी अंडर-17 एशियाई कप 2023 के क्वालीफायर्स में अपने अभियान की धमाकेदार शुरुआत की। भारत की तरफ से कप्तान वनलालपेका गुइटे, ललमिंगछुआंगा फनाई, अमन, बॉबी सिंह और फीनिक्स ओइनम ने एक-एक गोल किया। भारतीय टीम ने शुरू से ही हावी होकर खेलने की रणनीति अपनाई जिसमें वह सफल भी रही। उसके पास नौवें मिनट में ही गोल करने का मौका था लेकिन वह चूक गया। कप्तान गुइटे ने हालांकि जल्द ही भारत की तरफ से पहला गोल दाग दिया। फनाई ने 24वें मिनट में भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। भारतीय कप्तान के पास अपना दूसरा गोल करने का भी मौका था लेकिन मालदीव के पेनल्टी बॉक्स के पास से ली गई उनकी फ्री किक बार से टकरा गई। भारत मध्यांतर तक दो गोल से आगे था। उसने दूसरे हाफ में भी शुरू से ही दबदबा बनाए रखा और 15 मिनट के बाद अपना तीसरा गोल भी कर दिया। टीम के लिए यह गोल अमन ने किया। भारत को इसके आठ मिनट बाद हुजैफा अहमद दार के फाउल करने से पेनल्टी मिली जिसे बॉबी सिंह ने गोल में बदला। इसके कुछ मिनट बाद ही फीनिक्स ने 25 गज की दूरी से करारा शाट जमाकर भारत की तरफ से पांचवां गोल किया।

### भारत की मुमताज खान एफआईएच की सर्वश्रेष्ठ उभरती हुई खिलाड़ी चुनी गई



**नई दिल्ली।** भारत की फारवर्ड मुमताज खान को इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका में जूनियर विश्व कप में देश के अभियान के दौरान उनकी शानदार भूमिका के लिए एफआईएच की साल की उभरती हुई सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया। लखनऊ की रहने वाली 19 वर्षीय मुमताज ने अप्रैल में पोटचेफस्ट्रूम में भारत के चौथे स्थान पर रहने के दौरान छह मैच में हैट्रिक सहित आठ गोल किए थे। वह विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर रही थी। वह पूरे टूर्नामेंट में सिर्फ नीदरलैंड के खिलाफ एक मैच में गोल करने में विफल रही। मुमताज ने इंग्लैंड के खिलाफ कांस्य पदक मुकाबले में 2-2 की बराबरी के दौरान भारत की ओर से दोनो गोल किए। भारत को हालांकि शूट आउट में हार के साथ चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। मुमताज ने कहा, मुझे विश्वास नही हो रहा है कि मैने यह पुरस्कार जीता है। साल भर में हमारी पूरी टीम की मेहनत रंग लाई है और मै इसे अपनी टीम को समर्पित करती हूं। मुझे लगता है कि यह पुरस्कार एक संकेत है कि मैने पिछले एक साल मे प्रशिक्षण के दौरान जो कड़ी मेहनत की है उससे मुझे एक खिलाड़ी के रूप में बहुत सुधार करने में मदद मिली है।

### बेयरस्टो की टांग में तीन जगह फ्रैक्चर, टखना भी खिसका

**लंदन।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने अपनी चोट की गंभीरता का खुलासा किया है जिसके कारण वह ऑस्ट्रेलिया में इस महीने होने वाले टी20 विश्वकप में नहीं खेल पाएंगे। एक महीने पहले गोल्फ खेलते समय बेयरस्टो का बाईं टांग टूट गई थी जबकि उनका टखना भी खिसक गया था। इससे कुछ देर पहले ही उन्हें इंग्लैंड की विश्वकप टीम में शामिल किया गया था। वह संतुलन बनाए रखने के प्रयास में गिर गए थे जिसके कारण उन्हें चोटें आई।

# दूसरा दिन उलटफेरों के नाम, यूपी के वंशराज क्वार्टरफाइनल में

**● एशियन जूनियर टेनिस टूर्नामेंट**

**लखनऊ।** लखनऊ में चल रही अंतरराष्ट्रीय एशियन जूनियर टेनिस प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज कई उलटफेट देखने को मिले। इस टूर्नामेंट में अंडर 14 बालक और बालिका दोनों ही वर्गों में कई बड़े उलटफेर हुए। बालिका वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त हनी जुमानी को गैर वरीयता प्राप्त खुशी गौर ने 7-5,6-2 से हराकर सबको चौंका दिया। इसी तरह बालिका वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त मेहर शर्मा को आश्रिता माहेश्वरी ने 6-3,1-6,6-4 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। एक अन्य में शीर्ष वरीयता प्राप्त अलीना फरीद ने समाइरा कोहली को 6-2,6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। बालिका वर्ग में हुए अन्य मैचों मे अग्रिमा जायसवाल ने परिज्ञा यादव को 6.2ए6.1 से हरा दिया। वहीं तीसरी वरीयता प्राप्त दिया चौधरी ने मेहा पाटिल को सीधे सेटों में 6.2ए6.2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में अपनी बर्थ पक्की ली। एक अन्य मैच में काव्या पांडेय ने आयरा को 6-1,6-0 से आसानी से हरा दिया। वहीं शेरी शर्मा ने येश्रिता एरेती को 6-2,6-2 से पराजित कर दिया। आठवीं वरीयता प्राप्त तनिष्का भटनागर ने जुफिशा खान को आसानी से 6-0,6-1 से हराकर आखिरी आठ में जगह बना ली। बालक वर्ग के मुकाबले भी उलटफेरों से अछूते नहीं रहे। आज हुए मुकाबलों में पांचवी वरीयता प्राप्त शौर्य भारद्वाज को गैरवरीयता प्राप्त वरद उंद्रे ने 6-4,6-4 से हरा दिया। इसी तरह छठी वरीयता प्राप्त अयान दहिया को गैर वरीयता प्राप्त दिशेंदर लांबा ने 6-3,6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली।



# माता-पिता और गुरु के सानिध्य से प्राप्त होते हैं लक्ष्यः मनोज अवस्थी

● घरों पर किये गए कन्याभोज और पूजन ● मंदिरों में भागवत कथा का दौर जारी रहा



पुखरायां में कन्याभोज के पहले कन्याओं का पूजन करती महिला

**पुखरायां/रसूलाबाद।** कानपुर देहात

**शारदीय नवरात्र** के अंतिम दिन मंगलवार को क्षेत्र में महानवमी का पर्व बड़ी ही श्रद्धापूर्वक मनाया गया। घरों पर कन्या भोज आयोजित किए गए और मंदिरों में श्रीमद् भागवत कथाओं का दौर जारी रहा। समापन पर भण्डारे का प्रसाद भी वितरित किया गया। अमरौधा के ज्वालादेवी और सुंदररानी मंदिरों में भक्तों ने विधिविधान से महागौरी की पूजा की। माता महागौरी का भोग लगाकर कन्याओं को प्रसाद वितरित करके दक्षिणा भी दी गई। कस्बा पुखरायां की मौहरदेवी, सिद्धेश्वरी, मूसानगर के मुक्तादेवी, कथरी की कत्यायनी देवी मंदिरों में भागवतकथा का दौर जारी है। यहां पर दर्शनार्थियों की भारी भीड़ रही। भीड़ कम करने के लिये मंदिर के दो दिशाओं में कपाट खोले गए। वहीं अमरौधा के कालूराम शास्त्री स्मारक समिति एवं सांस्कृतिक कला केंद्र के तत्वाधान में रावण दहन मेले की तैयारियां होती रहीं। एकादशी के दिन रावण का पुतला दहन किया जाएगा। रसूलाबाद के श्री धर्मगढ़ बाबा मंदिर में चल रहे वार्षिक महोत्सव के नवम दिवस पर श्रीमदभागवत कथा का समापन हुआ। धर्मगढ़ बाबा के वार्षिक महोत्सव के नवम दिवस पर अंतराष्ट्रीय भागवताचार्य मनोज अवस्थी ने कहा कि बचपन में मिल जाये मां, जवानी में मिले महात्मा तो बुढ़ापे में परमात्मा मिल जाते हैं। जवानी में ही गुरु को खोज लेना चाहिए नहीं तो परमात्मा की प्राप्ति नहीं होगी। बिना गुरु के कुछ नहीं। जीवन के तीनों लक्ष्य माता-पिता और गुरु है। दिन में जहां श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होता तो वहीं रात्रिकालीन बेला में रासलीला का आयोजन होता है।

# ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से बाइक पर सवार मां-बेटी की मौत

**रूरा, कानपुर देहात।** मंगलवार को झींझक मार्ग पर ओवरटेक करने के प्रयास में एक बाइक सड़क पर ही पलट गई। जिससे उसमें सवार मां-बेटी ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहे पुत्र को मामूली चोटें आई है। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने ट्रैक्टर कब्जे में लेकर ,शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मंगलवार की सुबह असेनी थाना दिबियापुर निवासी मोहम्मद नौशाद अपनी मां खातून बेगम (54) व अपनी बहन रेशमा (32) को बाइक से लेकर हसनापुर गया था। नौशाद के मुताबिक बहन रेशमा बीमार रहती थी। जिसके झाड़फूंक के लिए हसनापुर गांव ले गया था। वापसी में झींझक मार्ग पर खुमानपुरवा गांव के सामने आगे चल रहे ट्रैक्टर को ओवरटेक करने के दौरान सड़क के किनारे नहर पटरी की बालू में बाइक फिसलने से बाइक में पीछे बैठी मां बेटी गिरकर ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गई। घटना को देखकर चालक मौके से भाग गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मां बेटी को रूरा सीएचसी भेजा। जहां पर चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लिया है। सिठमरा के चौकी प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने मां बेटी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मां खातून बेगम और बहन रेशमा की एक साथ मौत देखकर बाइक चला रहा रोशन के रो-रोकर बुरा हाल थे।

# दो करोड़ 35 लाख की लागत से बने फुट ओवर ब्रिज का सांसद ने किया लोकार्पण

**खागा/फतेहपुर।** नगर के रेलवे स्टेशन पर 2 करोड़ 35 लाख की लागत से निर्माण कराए गए फुट ओवर ब्रिज का लोकार्पण केंद्रीय मंत्री एवं सांसद साध्वी निरंजन ज्योति ने फीता काटकर किया। अब तक जिले में साढ़े पांच सौ किलोमीटर सड़कों का जाल बिछाया जा चुका है और 240 किमी सड़कों के निर्माण के लिए स्वीकृति मिल चुकी है। आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री एवं सांसद साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि खागा रेलवे स्टेशन का नाम अमर शहीद ठाकुर सिंह दरियाव किए जाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है! उन्होंने अलग-अलग स्टेशनों के नाम भी बताएं जिनका नाम बदला गया है। व्यापारियों द्वारा ट्रेन के ठहराव को लेकर बताया कि ट्रेन के ठहराव के लिए रेल मंत्री को पत्र भी लिखा है! उन्होंने कहा कि गांव से लेकर जनपद तक के प्रतिनिधियों के योगदान से जिले का नाम पांचवें नंबर पर आ गया है जबकि पहले 113 वें नंबर पर जिले का स्थान रहा है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड जैसी सुविधाएं दिलाए जाने के लिए फतेहपुर में भी मिर्जापुर तथा सोनभद्र जैसी हर घर नल जल योजना के तहत ग्रामीण अंचलों में युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। तेलंगाना में केंद्र सरकार द्वारा गरीब लोगों को आवास बनाए जाने के लिए धन स्वीकृत किया गया है। मगर प्रदेश में भाजपा सरकार न होने की वजह से वहां के मुख्यमंत्री ने बजट को रिलीज नहीं किया है।



लोकार्पण करतीं केंद्रीय राज्यमंत्री

क्षेत्रीय विधायक श्रीमती कृष्णा पासवान ने भी अपने चार साल के कार्यकाल का बखान करते हुए बताया कि गांव गांव सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है और चारों तरफ सड़कों का चौड़ीकरण भी किया जा रहा है। जनपद में सबसे ज्यादा सड़क निर्माण के लिए खागा विधानसभा को दी गई है। जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह ने मोदी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि देश दिन प्रतिदिन आगे की ओर बढ़ता जा रहा है और दुनिया में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की जा रही है। हमारा देश विकास की ओर अग्रसर है।

# महाराणा प्रताप व अबंतीबाई की लगेगी मूर्ति पांचाल घाट का होगा सौदर्न्यीकरणः पर्यटन मंत्री




**फर्रुखाबाद।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का विजय दशमी पर्व पर शस्त्र पूजन एवम् मेधावी छात्र छात्रा व क्षत्रिय गौरव सम्मान समारोह का आयोजन बघार, जहानगंज रोड स्थित राजपूताना पब्लिक स्कूल में पूर्व प्रधानाचार्य रणवीर सिंह परिहार की अध्यक्षता में हुआ। क्षत्रीय महासभा के जिला अध्यक्ष राम बहादुर सिंह तथा सांसद मुकेश राजपूत ने महाराणा प्रताप की मूर्ति तथा वीरांगना अबंतीबाई की मूर्ति लगाने व पांचाल घाट में सुंदर पक्के घाट व सुलभ शौचालय बनाने का मांग पत्र पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को दिया। मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 2014 में मैने बसपा प्रत्याशी के रूप में जनपद से लोकसभा का चुनाव लड़ा था, पर मुकेश राजपूत भाजपा प्रत्याशी से चुनाव हार गया था। आपने उस समय मुकेश को सांसद बनाया था। मांगो के बारे में मंत्री ने कहा कि पांचाल घाट में सुंदर पक्के घाट व सुलभ शौचालय बनाया जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार किसी तिराहे, चौराहे पर मूर्ति नहीं लगाई जा सकती है। आप लोग स्थान तलाश ले महाराणा प्रताप की 12 फुट की अष्टधातु की 10 लाख रुपए की लागत वाली मूर्ति लगाई जाएगी, इसके अलावा सांसद की मांग पर वीरांगना अवंतिवाई की मूर्ति भी लगाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि क्षत्रीय जाति नहीं बल्कि धर्म है, हमेशा क्षत्रियों ने गरीबों, मजलूमों को न्याय दिलाने का काम किया है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने दलित व आदिवासियो के लिए काम किया। मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ ने माफियाओं, अपराधियों के खिलाफ अपनी सरकार में जबरदस्त कार्यवाही की है। पूरे प्रदेश में योगी बाबा का बुलडोजर चल रहा है। केंद्र में मोदी जी का अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस, आस्ट्रेलिया सहित सभी यूरोपीय देशों व विश्व के देशों में डंका बज रहा है। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि श्रीराम ने आदिवासी समाज की शवरी के जूठे बेर खाए और संदेश दिया कि आदिवासी, दलित को साथ लेकर चलना चाहिए। पर्यटन मंत्री संकिसा के लिए सवा सौ बीघा जमीन के निर्माण हेतु एक हजार करोड़ रुपए दे रहे हैं जिसमे महात्मा गौतम बुद्ध की विशालकाय मूर्ति लगेगी। विधायक सुशील शाक्य ने कहा कि क्षत्रीय देश को दिशा दे रहे है। मोदी के आगे आतंकवादियों की चल नही रही है।

महासभा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि क्षत्रीय भवन बनाने के लिए मैने जमीन क्षत्रीय ट्रस्ट के नाम दान कर दी है अब उसको बनाने हेतु समाज के लोग ईट, सीमेंट, लबिया, मौरम ,गिट्टी देकर सहयोग करे।सभी सहयोगियों के नाम का पत्थर इस भवन में लगेगा और शादी, व अन्य कार्यक्रम के लिए न्यूनतम दर पर भवन समाज के लोगो को उपलब्ध होगा।

राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू ने कहा कि शहीद कौशलेंद्र सिंह की मूर्ति का लोकार्पण ठाकुर जयवीर सिंह ने किया था।हम संगठन के लोग है चुनाव लडने का काम नहीं करते है बल्कि समाज के लोगो को चुनाब लड़बाने का काम करते है। कार्यक्रम में कई दर्जन मेधावियों तथा क्षत्रीय समाज के लिए योगदान देने वाले क्षत्रियों को क्षत्रीय गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को हरदोई सबाजापुर के विधायक मानवेंद्र सिंह रानू, शाहजहांपुर कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह, राष्ट्रीय संगठन मंत्री डी एस राठौर, दुग्ध संघ अध्यक्ष सत्यपाल सिंह, पूर्व विधायक अरविंद प्रताप सिंह, विधायक सत्यपाल सिंह, पूर्व विधायक राहुल राठौर सहित कई लोगो ने संबोधन दिया। इस मौके पर प्रोफेसर मुकेश राठौर, प्रदीप सिंह, सुमन व रमला राठौर, मुन्नू सिंह चौहान, बदले सिंह, उदय प्रताप सिंह, लक्ष्मण सिंह सहित समाज के कई सैकड़ा लोग मौजूद रहे। संचालन सुरेंद्र सिंह गौर ने किया, अंत में पूर्व प्रधानाचार्य रणवीर सिंह परिहार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पूजा कर लौट रहीं मां-बेटी को डंफर ने रौंदा, मां की मौत, बेटी गंभीर

**फतेहपुर।** मां दुर्गा के दर से दुआएं मांगकर वापस लौट रहीं मां-बेटी को बेकाबू डम्फर ने रौंद डाला। हादसे में मां की मौके पर ही मौत हो गई। बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। परिवार की खुशियां तबाह हो गई। बेटी की नाजुक हालत देख कानपुर रेफर किया गया है। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के पहाड़पुर घोष गांव निवासी ऊषा देवी (35) पत्नी राजू अपनी आठ वर्षीय बेटी ममता को लेकर सोमवार की रात उसरहापुर स्थित मां दुर्गा के पांडाल में पूजा-अर्चना करने के लिए गईं थीं। रात करीब साढ़े 11 बजे जब वह वापस घर समीप ही प्रेमनगर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डम्फर ने उन्हें कुचल दिया। ऊषा की मौके पर ही मौत हो गई। बेटी माला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत नाजुक देख कानपुर रेफर किया गया है। निरीक्षक ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

# महानवमी पर जयकारों के बीच देवी मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

● देवी पंण्डालों में भी कन्या भोज के साथ हुआ प्रसाद वितरण



देवी दर्शन के लिये लाइन में लगे भक्तगण

**घाटमपुर।** शरदीय नवरात्र पर्व के आज आखिरी दिन पर्व घूम धाम से मनाया गया तथा क्षेत्र के देवी मंदिरों में माता के जयकारों के बीच भक्तों की भीड़ देर शांम तक उमड़ती रही, वहीं ग्रामीण इलाकों के देवी मंदिरों के साथ जगह-जगह स्थापित देवी पंण्डालों में कन्या भेज के साथ दिन भर प्रसाद बितरण के आयोजन चलता रहा। नगर के कानपुर रोड पर स्थित माँ कुष्मॉण्डा देवी मंदिर मे वैसे तो पूरे नवरात्रि भर श्रद्वालुओं की भीड़ उमड़ती रही पर आज नवरात्रि पर्व के 9 वें दिन यानी नवमी होने के चलते मंन्दिर में भोर पहर से ही लोग जयकारों के बीच पूजा-अर्चन के लिये पंहुचने लगे थे, उधर श्रद्वालुओं की उमड़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर के दोनों मुख्य गेट पर बेरिंकेटिंग कर हल्के वाहनो के अंन्दर आने पर रोक लगा दी गयी थी, देवी दर्शन के लिये जाने वाले श्रद्वालुओं के लिये भी बेरिकेटिंक की गयी थी जिसमें महिला व पुरुष श्रद्वालुओं को अलग-अलग पंहुचने की ब्यवस्था की गयी थी तथा सुरक्षा के लिये पुलिस फोर्स भी तैनात किया गया था, परिसर में कई जगह भक्तो ने प्रसाद बितरण किया, सोमवार को समाचार पत्र बितरक सेवा समिति अध्यक्ष सुभाष चंद्र द्विवेदी ने प्रसाद बितरण किया इस मौके पर पत्र बितरक हरिशचंद्र अवस्थी, हरि त्रिवेदी, सचिन शुक्ला, अशोक दीक्षित, मदन गुप्ता आदि भी मौजूद रहे। आम आम आदमी पार्टी की प्रदेश सचिव कृष्णा सिंह की अगुवाई में प्रसाद बितरण किया गया। आम आदमी पार्टी के अरुण कुमार बर्मा, सुनीता बर्मा, बिनय शुक्ला, सुलेख शुक्ला, छोटू श्रीवास्तव, राम कुमार तिवारी, ज्योती निषाद, रुचि मिश्रा आदि लोग भी मौजूद रहे।

# धुन्नी सिंह की हैसियत में इजाफा, बने प्रभारी

● जनता दरबार में जुटती है भीड़

**खागा/फतेहपुर।** हुसैनगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक बनकर राज्यमंत्री रहे रणवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी सिंह की सियासी हैसियत में लगातार इजाफा हो रहा है। पार्टी की ओर से उन्हें नगर निकाय चुनाव में बांदा का प्रभारी बनाया गया है।हाल में तिरंगा यात्रा में भी भारी भीड़ जुटाकर श्री सिंह सियासी हैसियत दिखा चुके हैं। खास बात यह है कि आज भी उनके आवास पर फरियादियों की भीड़ जुटती है और आज भी वे लोगों की समस्याओं का समाधान करते हैं,जैसा कि राज्यमंत्री होते हुए किया करते थे। 2022 के चुनाव में भले ही श्री सिंह को शिकस्त मिली है लेकिन उनकी राजनीतिक हैसियत और जन समर्थन में कहीं कोई कमी नजर नहीं आ रही है। हाल ही में उन्होंने तिरंगा यात्रा में हुसैनगंज के तीनों मंडलों में आयोजित रैली में बेतहाशा भीड़ जुटाकर अपनी हैसियत दिखा चुके हैं और अब भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें नगर निकाय चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी दी है जिसके अंतर्गत उन्हें बांदा नगर निकाय चुनाव का प्रभारी बना कर भेजा जा रहा है।श्री सिंह हमेशा से जनता के नेता रहे हैं।यही कारण है कि विपक्ष में रहकर भी वे कई बार जन समर्थन के चलते सरकार को हिला चुके हैं। इस समय जबकि उनकी सरकार है लेकिन वे विधायक नहीं हैं फिर भी विभिन्न कार्यक्रमों में जनता उनके पीछे खड़ी रहती है। राजनीति में इसे छोटी बात नहीं कही जा सकती।

उधर, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं उनके समर्थकों ने श्री सिंह को बधाई दी है। सोशल मीडिया पर लगातार बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। सिंह की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वे जिस गांव या जिस जगह जाते हैं,बड़ी संख्या में लोग उनके स्वागत के लिए खड़े रहते हैं।वे एक तरह से जन नेता के रूप में अपनी राजनीतिक छवि बना चुके हैं। श्री सिंह ऐसे नेता है जो मुख्यमंत्री से सीधे मुलाकात करते हैं। अपने मंत्री काल में उन्होंने विकास के बहुत बड़े-बड़े कार्य कराए जिसमें नौबस्ता में पक्का पुल भी शामिल है। जिस तरह उन्हें निकाय चुनाव का प्रभारी बनाया गया है, इससे लगता है कि आने वाले समय में संगठन या सरकार में श्री सिंह को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, ऐसी उम्मीद उनके समर्थक लगा रहे हैं।

# निजी अस्पताल में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने किया हंगामा

**फतेहपुर।** स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी कहें या निजी अस्पताल संचालकों की जिले के स्वास्थ्य महकमें से सांठगांठ। तभी तो जिले में सैकड़ों अवैध निजी अस्पतालों का मकड़जाल फैला हुआ है। इन सबका खामियाजा अंततः यहां आए मरीजों को आये दिन जान गवां कर चुकानी पड़ती है। जिले की स्वास्थ्य विभाग की निष्क्रियता के चलते सोमवार देर रात एक निजी अस्पताल में भर्ती मरीज की मौत हो गई। इलाज में लापरवाही का आरोप लगा परिजनों ने जमकर हंगामा काटा। जब तक पुलिस पहुंचती परिजन शव लेकर घर चले गए। शहर के अशोक नगर मोहल्ला निवासी सुरेश गुप्ता शनिवार को अपने साथी मुन्ना के साथ केवई मंदिर जा रहे थे। इस दौरान रास्ते मे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। घटना में सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां से हालत चिंताजनक देख सुरेश को कानपुर रेफर कर दिया था। परिजन मरीज को कानपुर न ले जाकर शांतिनगर स्थिति रामरतन मेंमोरियल हास्पिटल में भर्ती कराया था। परिजनों ने बताया कि अस्पताल में पैर का आपरेशन किया गया जिसके बाद से मरीज की हालत और बिगड़ती चली गई। बार-बार कहने के बाद भी इलाज में लापरवाही बरती गई, जिससे रात करीब डेढ़ बजे मरीज की मौत हो गई। यह देख आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया।

## क्विक न्यूज

### प्रसूता की मौत, इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा

**फतेहपुर।** जिला अस्पताल में मंगलवार सुबह प्रसूता की मौत हो जाने पर आक्रोशित परिजनों ने जिला महिला अस्पताल में जमकर हंगामा काटा। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने समझा-बुझाकर किसी तरह से परिजनों को शांत कराया और मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। शहर के अमरजई मोहल्ला निवासी अमृता सिंह 25 वर्ष पत्नी रणवीर सिंह दो अक्टूबर की शाम करीब साढ़े छह बजे प्रसव के लिए जिला महिला अस्पताल में भर्ती की गई थी। दोपहर 2 बजे प्रसूता ने बच्ची को जन्म दिया। इसके कुछ देर बाद प्रसूता की हालत अचानक बिगड़ने लगी और थोड़ी देर में उसकी मौत हो गई। प्रसूता की मौत के बाद महिला के परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए हंगामा काटना शुरू कर दिया। रोते बिलखते परिजनों ने अस्पताल प्रशासन और स्टाफ पर इलाज के दौरान लापरवाही के आरोप लगाए। महिला अस्पताल में हंगामे की सूचना पर कोतवाली से पुलिस फोर्स पहुंच गई लेकिन बार-बार समझाने के बाद भी आक्रोशित परिजन शांत होने का नाम नहीं ले रहे थे। किसी तरह कड़ी मशक्कत के बाद कोतवाली पुलिस ने महिला के परिजनों को समझा कर मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया।

### आरोपी दे रहे हैं जानमाल की धमकी, गिरफ्तारी की मांग

**फतेहपुर।** पुरानी रंजिश के चलते दो माह पहले दबंग पिता पुत्रों ने खेत में काम करते समय एक बुजुर्ग किसान पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। घटना में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।जिसकी कुछ ही दिनों बाद मौत हो गई थी। मामले के आरोपी अभी बी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मृतक के पुत्र ने एसपी से गिरफ्तारी के लिए गुहार लगाई है। मलवां थाना क्षेत्र के खानपुर गांव निवासी रविंद्र कुमार ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि पुरानी रंजिश के चलते बीती 30 जुलाई को गांव के छोटू नीरज अमित और दर्शन ने खेत में काम करते समय उसके पिता छत्रपाल को लाठी-डंडों से जमकर मारा पीटा था। इसे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के बाद गत 2 सितंबर को छत्रपाल की मौत हो गई थी। जिस पर परिजनों ने स्थानीय थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद से आरोपी मृतक के परिजनों को आए दिन गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़ित ने एसपी से आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने की मांग की है।

### ट्रेनों के ठहराव के लिए केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**खागा/फतेहपुर।** मंगलवार को व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल के नेतृत्व में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नगर एवं क्षेत्र के व्यापारियों, नगरवासियों और क्षेत्रवासियों की ओर से केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को खागा स्टेशन में ट्रेनों के ठहराव के लिए एक ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल ने ज्ञापन के माध्यम से केन्द्रीय मंत्री को जानकारी दी कि व्यापार मंडल कई बार इसके पहले भी आपके माध्यम से रेलवे मंत्रालय को खागा रेलवे स्टेशन में ट्रेनों के ठहराव के लिए ज्ञापन सौंप चुका है,मगर अभी तक कोई पहल नहीं हुई। व्यापार मंडल पुनः ज्ञापन सौंप कर ट्रेनों के ठहराव के लिए मांग कर रहा है। बगल के ही रेलवे स्टेशन सिराथू स्टेशन में जितनी ट्रेनों का ठहराव होता है, उतनी ही गाडियां खागा रेलवे स्टेशन में भी खड़ी हों। जानकारी दी गई कि व्यापारी वर्ग प्रयागराज और कानपुर से अपनी दुकानों का सामान लाकर व्यापार करते हैं। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय, खागा व्यापार मंडल अध्यक्ष अमिताभ शुक्ल, उपाध्यक्ष अतुल साहू, धीरज मोदनवाल, मनोज शुक्ल, जनार्दन त्रिपाठी, सूरज सिंह, ब्रजेश सिंह, मंसूर आलम आदि मौजूद रहे।

### भंडारे में भक्तों ने चखा प्रसाद

**फतेहपुर।** मलवां विकासखंड के ग्राम पंचायत गूगौली में नव युवक जागरण कमेटी द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां पर हजारों से ज्यादा लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर मां के जयकारे लगाए। भंडारे का आयोजन नवयुग कमेटी के अध्यक्ष मयंक सिंह गौतम अभिषेक सिंह भदौरिया छोटू सिंह भदौरिया विपिन बाजपेई लाल जी शुक्ला समरजित सिंह भदौरिया किरनेश सिंह विशाल भंडारे के आयोजन में कन्याओं को भंडारे में पहले प्रसाद ग्रहण कराया इसके बाद भंडारे का काम सुबह से लेकर देर रात तक चलता रहा यह भंडारा विगत कई वर्षों से नवयुग कमेटी द्वारा कराया जा रहा है।

### मानवाधिकार सेवा संगठन की कमेटी भंग

**खागा/फतेहपुर।** मानवाधिकार सामाजिक सेवा संगठन की प्रदेश,जिला एवं ब्लाक की सभी पुरानी कमेटियों को भंग कर दिया गया है। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष शाहिद शेख ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मानवाधिकार सामाजिक सेवा संगठन की प्रदेश, जिले और ब्लॉक की सभी पुरानी कमेटियों को भंग किया गया है। जल्द ही नई कमेटियों का गठन होगा।

### रेलवे ट्रैक में मिली महिला अस्पताल में भर्ती

**फतेहपुर।** रेलवे स्टेशन के समीप मंगलवार की सुबह पुलिस ने रेलवे ट्रैक से एक लगभग 28 वर्षीय अज्ञात महिला को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहीं सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि महिला का नाम पिंकी है। हालांकि जिला चिकित्सालय में घायल महिला को भर्ती तो कराया गया। लेकिन वह वहां से चली गई। समाचार लिखे जाने तक महिला की जानकारी नहीं हो सकी।

### अधेड़ को सर्प ने डसा

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरिया खेत में काम करते समय 58 वर्षीय अधेड़ को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सेमरिया गावं निवासी स्व. प्रभू दयाल का पुत्र अशोक कुमार खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। जानकारी होने पर परिजन उसे तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# मूर्ति विसर्जन के लिए ट्रैक्टरों का प्रयोग वर्जित

**धाता/फतेहपुर।** थाना क्षेत्र में धूमधाम से नव दुर्गा पूजा मनाए जाने के बाद पूर्व की भांति मूर्तियों का विसर्जन यमुना किनारे के घाटों एवं हिनौता नहर के पास विसर्जन किए जाने की व्यवस्था है लेकिन ट्रैक्टर से हो रही लगातार दुर्घटनाओं को देखते हुए मूर्तियों को पिकअप या किसी अन्य मालवाहक साधनों से विसर्जन हेतु ले जाया जा सकेगा। 96 स्थानों पर दुर्गा पंडालों की व्यवस्था थी। नौ दिन तक मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा अर्चना के बाद मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा। मूर्तियों के विसर्जन की व्यवस्था के संबंध में थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि हिनौता नहर के पास तथा सलेमपुर, दामपुर आदि घाटों में भी मूर्तियों के विसर्जन की व्यवस्था की गई है। मूर्तियों को विसर्जन करने हेतु सभी घाटों में पुलिस बल मौजूद रहेगा तथा पहले से ही गड्ढे बने रहेंगे जिसमें मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है ट्रैक्टर ट्रालियों से बराबर हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए शासन के निर्देशानुसार मूर्तियों को विसर्जन के लिए ट्रैक्टर ट्रालियों में नहीं ले जाया जा सकेगा।

# बच्चों के विवाद में दो पक्ष आपस में भिड़े, चटकी लाठियां, पांच घायल

● दूसरे पक्ष ने छेड़छाड़ करने का लगाया आरोप मुकदमा दर्ज

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के सुकुई गांव में दुर्गा पंडाल में खेल रहे दो बच्चों के आपसी विवाद में दोनों पक्षों के परिजन आपस में भिड़ गए। जिसमें पाँच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुकुई गांव निवासी ब्रज बहादुर पुत्र शिवलोचन लोधी ने बताया कि रविवार की शाम उसके पुत्र अमन व गांव के ही जगलाल के बेटे अहम के मध्य कहासुनी हो गई थी। अहम को चोटे आई थी। सुलह करने का प्रयास किया तो दूसरे पक्ष ने लाठी - डंडा लेकर घर पर चढ़ाई कर दिया। चढ़ाई कर गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जगलाल, बृजमोहन, इंद्रपाल ने कुल्हाड़ी व डंडा से छोटेलाल पुत्र रामगोपाल, शिवनारायण पुत्र राम प्रताप व प्रार्थी को लहू - लुहान कर दिया। दूसरे पक्ष के जगलाल पुत्र इंद्रपाल लोधी पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि रविवार की रात उसकी बहन गांव में ही दुर्गा पंडाल से घर वापस आ रही थी तभी रास्ते में घात लगाए वीर पुत्र सुलोचन ने बहन को बुरी नियत से पकड़ लिया और अश्लील हरकतें करने लगा।

शोर मचाने पर आरोपी वीर मौके से फरार हो गया। जिसका उलाहना लेकर आरोपित के घर गए तो वीर पुत्र सुलोचन, शिवनारायण पुत्र प्रताप, वीर बहादुर पुत्र सत्यदेव, छोटेलाल पुत्र रामगोपाल ने लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी से भाई बृजमोहन व बहन प्रियंका पर जानलेवा प्रहार कर दिया जिससे बहन प्रियंका बेहोश होकर गिर पड़ी। ग्रामीणों की मदद से अचेता अवस्था में बहन को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालत गंभीर देख कानपुर हैलट के लिए रेफर कर दिया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। मामले पर थाना अध्यक्ष आशुतोष सिंह का कहना रहा कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है जांच कर कार्यवाही की जा रही है।

# खर-दूषण वध, सीता हरण, राम विलाप का हुआ मंचन

● क्रोधवंत तब रावन लीन्हिसि रथ बैठाई। चला गगनपथ आतुर भय रथ हांकि न जाई



**फर्रुखाबाद।** श्रीरामलीला मण्डल के तत्वावधान में लीला सूप नखा अंगहीन होना खर और दूषण के बीच महासंग्राम एवं खर दूषण वध, सीता हरण, मारीचबंध, श्री राम का विलाप, शबरी मिलन आदि मानस प्रसंगों का मंचन किया गया। शबरी मिलन लीला कर प्रभुश्री राम ने समाज में समरसता व निम्न वर्ग की जनजातियों का उद्धार करने का संदेश दिया। लंका में विलाप करती हुई सूर्पनखा अपने भाई रावण को दंडकवन। पूरा प्रकरण बताती है। क्रोधित रावण अपने मामा मारीच को माया मृग बनने को कहता है। मारीच उसको समझाता है, परंतु रावण के कुपित होने पर यह सोच कर कि रावण के हाथों मृत्यु से अच्छा है श्रीराम के द्वारा मृत्यु पर उद्धार होना वह स्वर्ण मृग वन कर दंडक वन जाता है। रावण खुद कपटी साधुवन पंचवटी की ओर जाता है। सीता जी स्वर्णमृग को देख कर उसकी मृगछाला लाने को कहती है। श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण को सीता की रक्षा के लिये छोड़ कर मृग का पीछा करते हैं। मृग उन्हें वन में दूर ले जाता है। मारीच को वाण लगते ही ष्हा-लक्ष्मणश् कहते हुए प्राण त्याग देता है। आवाज सुन सीताजी लक्ष्मण को श्रीराम की सहायता के लिए भेजती हैं। लक्ष्मण कुटिया के बाहर लक्ष्मण रेखा खीच कर सीता जी से अंदर रहने को कहा है चले जाते हैं। कपटी साधू रावण मिक्षा के बहाने सीता जी का हरण कर लेता है तथा रथ पर बैठा कर लंका की ओर जाता है। श्रीराम लक्ष्मण की भेंट मार्ग में होती है। वापस खाली कुटिया देख प्रभु श्रीराम विलाप करते रहते हुए सीता की खोज में आगे बढ़ते हैं। मार्ग में शवरी से उनकी भेंट होती। प्रभु श्रीराम शवरी के वेरों को खाते हैं।

(लीला निर्देशक)- विजय दुबे, मटर लाल, रामजी दीक्षित, मोहन दुबे सत्यम दीक्षित (व्यास) जीतू शुक्ला शिव ओम पाण्डेय अंशित दीक्षित, अवधेश वाजपेई, विमल, अखिलेश, आदित्य तिवारी, अशोक मिश्रा, नरेन्द्र पाठक पं. शान्तीत्रिपाठी आदि ने लीला मंचन व व्यवस्था में सहयोग दिया।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 5 अक्टूबर 2022



# आकर्षण का केंद्र बना एनटीपीसी का दुर्गा पंडाल

संवाददाता। ऊंचाहार



**एनटीपीसी** में चल रहा दुर्गा पूजा एवं रामलीला महोत्सव न केवल एनटीपीसी कर्मचारियों के लिए श्रद्धा और भक्ति का पर्याय है बल्कि परियोजना के आसपास के सैकड़ों गांवों के लिए यह मेला आस्था, उल्लास, कौतुहल और आकर्षण का केन्द्र बन चुका है। शाम ढलते ही परियोजना की तरफ के सभी मार्ग भीड़ से पट जाते हैं। हजारों की संख्या में श्रद्धालु नर-नारी एवं बच्चे मेला परिसर में चल रहे झूलों की तरफ बढ़ते चले आते हैं। राम की सुंदर लीलाओं एवं झाकियों के वशीभूत होकर रामलीला देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ती है। रामलीला में धनुष यज्ञ, रावण-बाणासुर संवाद, धनुष भंग, परशुराम-लक्ष्मण संवाद, केवट मिलन, सीता हरण, लंका दहन, अंगद-रावण संवाद जैसे प्रसंगों ने लोगों को अपलक निहारने और सुनने के लिए विवश सा कर दिया। रामलीला की मोहक संवाद अदायगी, कलाकारों का प्रस्तुतीकरण तथा मंच सज्जा ने लोगों में विशेष कौतूहल और रोमांच पैदा किया है। इस प्रकार कोरोना के बाद लगने वाले इस विशाल दशहरा महोत्सव ने आसपास के हजारों लोगों के लिए मनोरंजन के साथ-साथ श्रद्धा भक्ति और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का सुनहरा मौका दिया है। इस महोत्सव के आयोजन से परियोजना परिसर के आसपास के हजारों परिवारों में एनटीपीसी के प्रति एक सकारात्मक भावना सुदृढ़ हुई है। मेले में सजी घरेलू उपयोग की वस्तुओं की दुकानें, इलैक्ट्रोनिक बाजार, हथकरघा उद्योग, सूक्ष्म एवं लघु उद्योग की स्टॉलों ने पूरे परिसर में स्वरोजगार एवं स्वावलंबन को एक नया आयाम देने का काम किया है। इससे युवाओं को स्टार्टअप की ओर आकर्षित किया है। मेले में लगी खिलौनों तथा खाने-पीने की वस्तुओं में जहां आधी रात तक भारी भीड़ रहती है वहीं दुर्गा पूजा पंडाल में चल रही परियोजना प्रमुख अभय कुमार समैयार सभी कार्यक्रमों में सपरिवार उपस्थित रहकर समय-समय पर पूजा समिति के पदाधिकारियों को उत्साहित करते रहते हैं वहीं उनके साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारी व सहयोगी मेले की प्रत्येक व्यवस्था को योजनाबद्ध तरीके से संचालित कर रहे हैं। श्री समैयार ने नवरात्र के अंतिम दिन यानी नवमी को कन्याओं को अपने हाथ से भोजन करवाया तथा उनसे आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात् सभी के लिए विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग पांच हजार लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## अवैध रूप से संचालित हो रहे मेडिकल स्टोर

**नसीराबाद रायबरेली।** नसीराबाद क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे मेडिकल स्टोर कहीं ना कहीं जिम्मेदारों की उदासीनता दर्शा रहें है।जहां बिना डिग्री बिना फार्मासिस्ट के मरीजों की जान जोखिम में डालकर धड़ल्ले से दवाईयां बेची जा रही है।वहीं नहीं चंद पैसों की लालच को लेकर इन अवैध मेडिकल स्टोरों पर प्रतिबंधित व नशीली दवायें बेंच कर जहां लोगों की जान जोखिम में डाल रहें है।वहीं गौर करने वाली बात यह है कि जिले में जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह से मौन है।या यूं कहा जाये कि ड्रग अधिकारी कमीशन को लेकर अवैध रूप से संचालित हो रहे मेडिकल स्टोरों पर काफी मेहरबान नजर आ रहें है।बताते चलें कि नसीराबाद क्षेत्र में तकरीबन सैकड़ों की संख्या में मेडिकल स्टोर संचालित हो रहे है। जहां ग्रामीण अंचलों से आये मरीजों को मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा बिना किसी डिग्री या डिप्लोमा के ही मरीजों को दवा बेची जा रही है।

# मकान ढहा, मलबे में पुत्रियां दबीं

संवाददाता। खीरो (रायबरेली)



**थाना** क्षेत्र के दुगपाल गंज गांव में मंगलवार की दोपहर एक किसान का कच्चा मकान ढह गया । जिसके मलबे में उसकी तीन पुत्रियां दब गयी । जबकि किसान व उसकी पत्नी को मामूली चोट आई । आसपास मौजूद लोगों ने मलबा हटाकर तीनो को बाहर निकाला । तथा एम्बुलेंस बुलाकर सीएचसी खीरो पहुंचाया । जहां तीनो का उपचार किया जा रहा है । मलबे में दबी किसान की एक पुत्री की दो माह पूर्व शादी है । जिसकी तैयारी के लिए साफ सफाई करते समय हादसा हो गया । गपालगंज गांव निवासी किसान चंदिका प्रसाद शर्मा की पुत्री राधा शर्मा की दो दिसंबर को शादी है । जिसकी तैयारी के लिए चंदिका प्रसाद शर्मा , उसकी पत्नी सुनीता , पुत्री लक्ष्मी शर्मा 23 वर्ष , राधा शर्मा 20 वर्ष व सुधा शर्मा 16 वर्ष मंगलवार की दोपहर साढ़े ग्यारह बजे अपने घर के अंदर साफ सफाई कर रहे थे । जबकि उनका एक मात्र पुत्र दुर्गेश 05 वर्ष घर के बाहर खेल रहा था । इसी दौरान अकस्मात उनका कच्चा मकान ढह गया । जिसके मलबे के नीचे लक्ष्मी शर्मा , राधा शर्मा व सुधा शर्मा दब गई । जबकि चंदिका प्रसाद व सुनीता के ऊपर भी कुछ मलबा गिरा । चंदिका प्रसाद के चिल्लाने पर आसपास के लोगो ने दौड़कर मलबा हटाकर तीनो पुत्रियों को बाहर निकाला । तथा एम्बुलेन्स बुलाकर सीएचसी खीरो पहुंचाया । जहां तीनो बहनों का उपचार किया जा रहा है । सीएचसी खीरो में तैनात डॉक्टर मनोज मिश्रा ने बताया कि तीनों को मामूली चोट आई है । सभी खतरे से बाहर है । थानाध्यक्ष खीरो देवेंद्र अवस्थी ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है । सभी घायल सुरक्षित व खतरे से बाहर है ।

# पैदल जा रहे वृद्ध को बाइक सवार ने मारी टक्कर, मौके पर मौत

संवाददाता। खीरो (रायबरेली)

**गुरुबक्स** गंज थाना क्षेत्र के भीतरगांव में मंगलवार की शाम 5 बजे एक बाइक सवार ने पैदल जा रहे बृद्ध को टक्कर मार दिया । जिससे बृद्ध की मौके पर मौत हो गयी । जबकि बाइक चालक को चोटें आई । आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना देते हुए बाइक चालक को सीएचसी खीरो पहुंचाया । जहां उसका उपचार चल रहा है । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है । गुरुबक्सगंज थाना क्षेत्र के चेहटा गांव निवासी किसान गया दीन 70 वर्ष बीते काफी दिनों से अपनी पुत्री रामलली के साथ उसकी ससुराल पांडेय का पुरवा मजरे भीतर गांव में रहता था । गया दीन मंगलवार कि शाम लगभग पांच बजें भीतर गांव की बाजार से वापस पांडेय पुरवा जा रहा था । जैसे ही वह वह अशोक पांडेय के घर के सामने पहुंचा । तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार ने गया दीन को जोरदार टक्कर मार दिया । जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी । गयादीन की मौत की खबर उसकी पुत्री रामलली व पैतृक गांव पहुंचने पर पुत्री रामलली , दामाद बच्चन लाल , तथा पुत्र छोटेलाल सहित सभी का रोरोकर बुरा हाल है । घटना की सूचना पर पहुंचीं गुरुबक्स गंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है ।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया गया है । परिजनों से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है ।

## कांग्रेस कमेटी ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली

**रायबरेली,** कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से भाजपा नेताओं की हताशा और निराशा देखी जा सकती है, केरल,तमिलनाडु और कर्नाटक में जनता का अपार समर्थन भारत जोड़ो यात्रा को मिल रहा है यही वजह है कि भाजपा नेताओं की ओर से कभी राहुल गांधी जी के जूते तो कभी उनकी टीशर्ट को मुद्दा बनाया जा रहा है, भारत जोड़ो यात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश में बढ़ रही नफरत को मिटा कर आपसी प्रेम एवं सदभावना को बचाना है और देश की सबसे बड़ी समस्या मंहगाई एवं बेरोजगारी पर जनता को जागरूक करना है। इस अवसर पर मुन्ना घोसी,हाजी उस्मान,महताब आलम,अनवर पठान,सूर्य कुमार बाजपेयी,पंकज सोनकर,सर्वोत्तम मिश्रा,अमीन पठान,मनोज मिश्र, प्रवीन कुमार सिराज, शफीक,शब्बू,यासीन,हाफिज कलाम आदि लोग उपस्थित रहे।

# जवाबी कीर्तन में राखी आजाद को मिला विजेता का खिताब

संवाददाता। रायबरेली






**18वीं नव** दुर्गा पूजा के उपलक्ष में गीता फीलिंग स्टेशन परिसर में हुआ जवाबी कीर्तन का आयोजन शिवगढ़,रायबरेली। शिवगढ़ क्षेत्र के गीता फिलिंग स्टेशन प्रांगण में आयोजित 18वीं नव दुर्गा पूजा के पावन उपलक्ष में आयोजित विशाल जवाबी कीर्तन में उरई जालौन की मशहूर कीर्तनकारा श्राखी आजादश् छतरपुर मध्यप्रदेश के मशहूर कीर्तनकार जे.पी.मनचला को पराजित कर विजयी रही। गौरतलब हो कि शिवगढ़ क्षेत्र के बांदा-बहराइच हाईवे पर गीता फिलिंग स्टेशन परिसर में स्थित मां सिद्धिदात्री शक्तिपीठ मन्दिर पिछले 18 वर्षो से शिवगढ़ क्षेत्र ही नहीं आस-पास के कई जनपदों के श्रद्धालुओं के आस्था का अटूट केंद्र बना हुआ है। गत वर्षो की भांति आयोजित 18वीं नव दुर्गा पूजा के पावन उपलक्ष में नवरात्रि की अष्टमी को गीता फिलिंग स्टेशन के मालिक सुशील कुमार वैश्य द्वारा विशाल जवाबी कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। जवाबी कीर्तन की शुरुआत मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा बेड़ारु के शाखा प्रबन्धक आसेन्द्र पटेल, विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य एवं राज्यमंत्री प्रतिनिधि विनय वर्मा ने मां सिद्धीदात्री शक्तिपीठ मन्दिर में माथा टेककर श्माता रानीश् का आशीर्वाद लेकर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से की। छतरपुर मध्य प्रदेश के जाने-माने मशहूर कीर्तनकार श्जे.पी.मनचलाश् व उरई जालौन की जानी-मानी मशहूर कीर्तनकारा श्राखी आजादश् के बीच रातभर पुराने फिल्मी गीतों की तर्ज पर एक से एक ज्ञानवर्धक धार्मिक प्रसंगो एवं नए और पुराने फिल्मी गीतों की तर्ज पर गाय गए कटपीसों पर सवाल-जवाब चलता रहा। राखी आजाद ने जहां इस अंजुमन में मैया आपको आना है बार-बार... गाकर अपने मृदुल कंठ से ज्ञानवर्धक प्रसंगों की शुरुआत की तो वहीं जवाब में जे.पी.मनचला ने तुम शारदा हो मान मां, अरे काया तेरी हो मां गाकर ज्ञानवर्धक सत्संग से श्रोताओं को ओतप्रोत करते हुए सभी श्रोताओं को तालियां बजाने को मजबूर कर दिया। दोनों कीर्तन कलाकारों के मध्य हुए कांटे की टक्कर में कुछ प्रसंगों पर जे.पी.मनचला का सटीक जवाब न मिलने पर निर्णायक मण्डल और श्रोताओं द्वारा श्राखी आजादश् को पहला स्थान देकर विजई घोषित किया गया। गीता फिलिंग स्टेशन के मालिक सुशील कुमार वैश्य, मैनेजर राजेश पांडेय, उत्कर्ष ऑटो मोबाइल हीरो एजेंसी के मालिक दिनेश शुक्ला,निर्णायक मण्डल के पं.रामविलास शुक्ला, दिनेश सिंह भदौरिया, शिक्षक रामबक्स सिंह, जितेंद्र सिंह द्वारा राखी आजाद को विजेता का और जे.पी.मनचला को उप विजेता का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सबसे खास बात रही दोनों कलाकारों ने ज्ञानवर्धक प्रसंगो के तीर चलाकर श्उत्सुकताश् की डोर से रात भर श्रोताओं को बांधे रखा, अधिकांश श्रोता रात भर टस से मस नही हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन क्षेत्र के मशहूर संचालनकर्ता पूर्व प्रधान प्रतिनिधि शिवराज उर्फ लल्लन सिंह द्वारा किया गया। संचालनकर्ता लल्लन सिंह रात भर कीर्तन कलाकारों को समय के प्रति सचेत करते रहे।

# देवी के दर्शनों के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**मुसाफिरखाना अमेठी।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर अष्टमी तिथि को स्थानीय कस्बा सहित ग्रामीण अंचलों में स्थापित देवी प्रतिमाओं के कपाट दर्शन के लिए खुल गए हैं। इसके साथ ही देवी मां पूजा.आराधना के साथ ही दुर्गा पंडालों का पट खुल गया। इसके साथ ही देवी मां के दर्शन के लिये भक्त उमड़ने लगे। शाम होते.होते मुसाफिरखाना कस्बा व ग्रामीण क्षेत्रो में बने भव्य पंडालों में रंग.बिरंगी लाइटिंग जगमगाने लगी। लाउड.स्पीकर पर देवी पूजा के मंत्र और गीत गूंजने लगे।इसी क्रम में गाजनपुर गांव में स्थापित दुर्गा पंडालो पर युवा समाजसेवी व दुष्यंत इंटर कॉलेज के प्रबन्धक अभिषेक प्रताप सिंह ने पहुँचकर विधि विधान पूजा पाठ के साथ दुर्गा प्रतिमाओं का नेत्र खोलकर आर्शीवाद की कामना की।इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अभिषेक प्रताप सिंह ने कहा कि माँ तो माँ है। हिंदू धर्म के शास्त्रों में उल्लेख है की हमें अपने सभी देवी देवताओं की पूजा अर्चना पूरे विधि विधान के साथ करनी चाहिए।शारदीय नवरात्रि में माँ की आराधना करने से हर व्यक्ति की मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है।आगे श्री सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा महोत्सव में क्षेत्र के सभी पंडालों पर पहुचकर माँ का आशीर्वाद लेना है।और क्षेत्र की हर खुशहाली के लिए भगवती से सुख समृद्धि की कामना है। लोगो से अपील करते हुए अभिषेक ने कहा कि सभी भक्तजन शांति के साथ दुर्गा पूजा महोत्सव का आनंद उठाये कहि किसी प्रकार का तालमेल न बिगाड़े।इस मौके पर डॉ अभय प्रताप सिंहए सोम सिंहए अंकित सिंहए राणा प्रताप यादवएराकेशए अरुण लवकुश दिलीप सिंह सहित अन्य लोग रहे।

# मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से अभी भी कोसों दूर, पांच की हुई गिरफ्तारी




**जामो अमेठी।** कोर्ट का सम्मन देने व आरोपी को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम से परिजनों को उलझना और वारंटी को जबरदस्ती छुड़ा लेना उस समय भले ही अच्छा लगा हो लेकिन अब इन सबको बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है प् अभी 4 दिन पहले रंजीत धोबी पुत्र श्यामलाल को थाने की पुलिस पकड़ने के लिए गौतम पुर गांव गई थी रंजीत को पुलिस ने पकड़ भी लिया था लेकिन परिजनों के हस्तक्षेप व जबरदस्त भिड़ंत के बाद पुलिस को रंजीत को छोड़कर वापस खाली हाथ आना पड़ा जिससे पुलिस की क्षेत्र में काफी किरकिरी भी हुई थी और इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था उसके बाद पुलिस हरकत में आई और वाद.विवाद में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में मुकदमा लिख कर आज जेल भेज दिया पकड़े गए लोगों में श्यामलाल पुत्र राम हेत निर्मला पत्नी श्यामलाल कृष्ण कुमार मिश्रा पुत्र गजाधर मिश्रा सुनीता व शिल्पी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# दो सौ बारह वर्ष पुरानी है शिवरतन गंज के दशहरा की परंपरा

संवाददाता। तिलोई अमेठी।


**सिंहपुर** क्षेत्र के शिवरतनगंज में सन 1810 में पन्हौना रियासत के तालुकेदार शिवरंतन सिंह ने पहली बार दशहरे का आयोजन कराते हुए राम लीला की शुरुवात करायी थी। और तालुकेदार ने दस बीघे जमीन दशहरा आयोजन के लिए दी थी जो राजस्व अभिलेखों में आज भी राम लीला कमेटी के नाम दर्ज है।हालांकि इस जमीन के काफी भू.भाग पर अवैध कब्जा भी हो गया है। दो सौ बारह वर्ष पूर्व शुरू हुई रामलीला आज भी स्थानीय कस्बाइयों द्वारा उल्लास पूर्वक परंपरागत रूप से जारी है द्य

पन्हौना रियासत के तालुकेदार की रंग मंच की दिलचस्पी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि रामलीला कराने के लिए एक महीने तक डेरा डालकर सभी कलाकारों के साथ यहीं रहते थे यहीं पर रिहर्सल होता था तत्पश्चात राम लीला का मंचन होता था। जानकार बताते हैं कि जहाँ पर शिवरतन गंज कस्बा बसा है यहाँ पर कभी बहुत ही बियावान जंगल हुआ करता था।और इसी जंगल को दशहरा मेला आयोजन का केंद्र बनाते हुए तालुकेदार शिवरतन सिंह ने पन्हौना गाँव से ही एक राम लीला का मंचन करने वालों की टोली तैयार करते हुए शुरुवात करायी थी। बाद में दर्जन भर से अधिक बनिया जाति के परिवारो को यहीं लाकर बसाया था। और कालान्तर में इस स्थान का नाम शिवरतन गंज पड गयाद्यतालुकेदार शिव रतन सिंह की मौत के बाद इनके पुत्र तालुकेदार रावत कन्हैया बक्स सिंह ने बाजार की भी शुरुवात कराई थी।समय के साथ रामलीला व दशहरा के आयोजन को औ ृबृहद रूप देते हुए इस कार्यक्रम को तीन दिन से बढाकर एक सप्ताह कर दिया गया और आज भी वही परम्परा जारी है राम लीला में वर्षो से पात्र की भूमिका अदा करने वाले रमेश गुप्ता ;दशरथ और बाली तथा नारदद्धबाबू लाल गुप्ता ;जामवंतद्धराम शंकर मौर्य ;सुग्रीवद्धसिद्धेश्वर अवस्थी परदे के पीछे प्राउंटर तथा विनोद या राकेश अवस्थी ;हनुमानद्धअशोक अवस्थी ;रावणद्ध श्रवण कुमार अवस्थी ;रामद्धअश्वनी अवस्थी; लक्ष्मणद्धचंदन श्रीवास्तव;भरतद्ध रामप्रकाश यादव;शत्रुहनद्ध का पात्र अदा करते हैं।यह सभी लोग आज भी एक वर्ष दशहरे के आयोजन का बड़ी बेसब्री से इंतजार करते है और अपने अपने पात्र का अभिनय बड़ी ही तल्लीनता के साथ निभाते हैं। राम व सीता जैसे पात्र का अभिनय करने वाले कलाकार लगातार उम्र के अनुसार बदलते रहते है द्य वर्तमान में श्रवण कुमार; राम द्धव अश्वनी ;लक्ष्मणद्धके पात्र अभिनीत कर रहे हैं ।राम लीला कमेटी के प्रबंधक सुरेश सिंह ;धुन्नीद्धजो पेशे से अधिवक्ता है का कहना है कि शिवरतनगंज कस्बे का नाम यहाँ पर राम लीला व दशहरा के आयोजन की शुरुवात करने वाले तालुकेदार शिवरतन सिंह के नाम पर पडा और शुरुवात में कस्बे में वही परिवार बसे थे। जो रामलीला में भूमिकाएं अदा करते थेद्य वर्ष 1904 में शिवरतन गंज में थाना बनने के साथ ही कस्बे में आबादी का बिस्तार होना शुरू हुआ जो आज हजारों की आबादी में तब्दील हो गया है द्य विजय दशमी के दिन दशहरा मैदान में रावण बध की सजीव लीला का आनंद लेने के लिए क्षेत्र के सैकड़ों गांवों की हजारों की भीड़ आज भी उमड़ती है द्य

## तालुकेदार द्वारा रचित किताब से होती है रामलीला

**तालुकेदार** कन्हैया बक्श सिंह की लिखी राधेश्याम कृत रामलीला की पुस्तक से शिवरतनगंज की रामलीला का मंचन आज भी होता है।बताते हैं कि लगभग पचास वर्षो तक रामलीला मंचन में पात्र करने वालों के लिए तालुकेदार द्वारा लिखी रामलीला की किताब के अनुसार सभी पात्रों के लिए उनके संवाद लिखने का काम मोक्षेलाल जायसवाल करते थे।कुछ साल पहले उनकी मौत हो गई है लेकिन आज भी उन्ही के लिखे संवाद रामलीला मंचन में बोले जाते हैं।

# सड़क हादसे में दो लोगों की मौत पांच घायल, शोक में डूबा परिवार



**मुसाफिरखाना, अमेठी ।** गांधी परिवार के करीबियों में क्षेत्र के गांव पूरे लुसई मजरे पूरे प्रेमशाह निवासी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य व लोक सभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार राहुल गांधी के प्रस्तावक रहे मुसाफिरखाना के पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामबरन मौर्य के घर दशहरा का त्यौहार शोक में डूबा हुआ है।रामबरन के भाई रामहेत के परिवार के दो सदस्यों की मौत व पांच अन्य के गंभीर रूप से घायल होने से परिवार के साथ रिश्तेदारों का रो.रोकर बुरा हाल है। दो लाशों के गांव पहुँचने पर पूरा गांव शोक के गम डूब गया ।मंगलवार को दोनों शवों का अंतिम संस्कार किया गया।दोनों चिताओ को देखकर आमजन दुख में भयभीत दिखेए हर ओर आंसू की बुंदे ही टपकती दिखी।वही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग घर पहुँचकर अपार दु:ख में मौर्या परिवार को अपनी अपनी संबेदनाए दे रहे है। सोमवार भोर में रामहेत कार से पत्नी रामादेवी, पुत्र मुकेश कुमार, बहू रीता पौत्र नितिन, पौत्री आद्या , बेटी श्वेता और नाती जितिन के साथ दिल्ली जा रहे थे। सुबह करीब सात सभी जैसे ही उन्नाव जिले के औरास स्थित लखनऊ.आगरा एक्सप्रेस.वे पर पहुंचे थे कि अचानक कार का टायर फट गया और अनियंत्रित कार सड़क पर पलट गई।दुर्घटना में सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने औरास सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने श्वेता व आद्या को मृत घोषित कर दिया वही रामादेवी, मुकेश, रीता, नितिन और जितिन की हालत गंभीर देख ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। बुआ व भतीजी की मौत की सूचना गांव पहुंची तो परिवार में कोहराम मचा गया।

# रामराज्य की सुंदर झांकी के चित्रण से भक्त हुए भावविभोर





**अमेठी ।** विकासखंड गौरीगंज के मऊ गांव में विधायक राकेश प्रताप सिंह के यहां चल रही श्रीराम कथा के अंतिम दिवस मंगलवार को स्वामी प्रणव पुरी महाराज ने रामराज्य की सुंदर बांकी झांकी का चित्रण कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। स्वामी जी ने कथा को आगे बढ़ाते हुए बताया कि लंका विजय के उपरांत भगवान पुष्पक विमान पर चढ़कर अयोध्या के लिए रवाना हुए।वहां नंदीग्राम में भरत जी से भेंट और अयोध्या वासियों से एक क्षण में विविध रूप धारण कर मिले।अयोध्या में उत्सव का माहौल रहा।भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ। रामराज्य का चित्रण करते हुए उन्होंने मानस की चौपाइयों का उद्धरण देते हुए बताया कि दैहिक दैविक भौतिक तापा। राम राज नहिं काहुहि ब्यापा।

सब नर करहिं परस्पर प्रीती। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती।। रामराज्य में किसी को दैहिक दैविक और भौतिक तकलीफनहीं थी। सब मनुष्य परस्पर प्रेम करते थे और वेदों में बताई हुई नीति में तत्पर रहकर अपने.अपने धर्म का पालन करते।चारिउ चरन धर्म जग माहीं। पूरि रहा सपनेहुँ अघ नाहीं।।राम भगति रत नर अरु नारी। सकल परम गति के अधिकारी।।धर्म अपने चारों चरणों सत्य शौच दया और दान से जगत् में परिपूर्ण हो रहा है। स्वप्न में भी कहीं पाप नहीं है। पुरुष और स्त्री सभी रामभक्ति के परायण हैं और सभी परम गति के अधिकारी हैं। अल्पमृत्यु नहिं कवनिउ पीरा। सब सुंदर सब बिरुज सरीरा।।नहिं दरिद्र कोउ दुखी न दीना। नहिं कोउ अबुध न लच्छन हीना।।छोटी अवस्था में मृत्यु नहीं होती न किसी को कोई पीड़ा होती । सभी के शरीर सुंदर और निरोग। न कोई दरिद्र है न दु:खी है और न दीन ही है। न कोई अज्ञानी है और न शुभ लक्षणों से हीन ही है। रामराज्य का सुंदर चित्रण करते हुए स्वामी जी ने शारदीय नवरात्र के प्रथमा तिथि से श्री राम कथा का प्रारंभ करते हुए आज नवरात्रि को कथा का विश्राम किया।श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से इस ज्ञान गंगा में डुबकी लगाई। कथा के विभिन्न मार्मिक प्रसंगों को सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। कथा में मुख्य रूप से विधान परिषद सदस्य अक्षय प्रताप सिंहए दिनेश सिंह प्रतापगढ़ मुन्ना सिंह नागेंद्र सिंह अमर चौरसिया बांके सिंह रिंकू पांडे बिंदु मिश्रा सहित हजारों कथा प्रेमी उपस्थित रहे।

# भारत जोड़ो यात्रा के बहाने कांग्रेस अपनी जमीन तलाश रही: तिवारी

**संवाददाता। बस्ती**

- आधुनिक भारत के शिल्पकार के रूप में जाने जाते हैं मोदी
- वैश्विक महाशक्ति बनाने में पीएम मोदी की रही विशेष भूमिका
- मोदी है, तो मुमकिन है, आने वाला दिन भी मोदी का ही होगा
- 'न खाउंगा न खाने दूंगा' ने देश में एक अद्भुत अकल्पनीय उर्जा का संचार किया


तिवारी

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता और जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन का कहना और मानना है, कि 'कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा नहीं बल्कि कांग्रेस खोजो' बनकर रह गई है। यात्रा के बहाने काग्रेस अपनी जमीन तलाश कर रही है। कहा कि जिस तरह कांग्रेस में बिखराव हो रहा है, उससे पता चलता है, कि कांग्रेस दिन प्रति दिन कितना कमजोर होती जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी के बारे में उन्होंने कहा कि यह आधुनिक भारत के षिल्पकार के रुप में जाने-जाते हैं। वैष्विक महाषक्ति बनने में पीएम मोदी की विषेष भूमिका है। कहा कि मोदी है, तो मुमकिन है, आने वाला दिन मोदी का ही होगा। यह बातें श्री तिवारी ने चुनिंदा पत्रकारों से बातचीत में कही। कहा कि दबंग भारत की छवि मोदी के नेतृत्व की ही देन है। उन्होने दुनियां को बतला दिया कि भारत मौनी बाबा की तरह चौथी-पांचवी पंक्ति में बैठ हूं-हूं करने के बजाय डट कर आमने-सामने शेर की आंख में आँख मिलाकर बात करने में सक्षम है। कहा कि मोदी जैसा तेजस्वी बनना भारत के लिए वैश्विक महाशक्ति का श्रीगणेश है। मोदी का साहस, मोदी का सामर्थ्य, मोदी का समर्पण और मोदी की वैश्विक नीति कैसी है, जैसे मोदी की होनी चाहिए। जर्मनी के एकीकरण के वास्तुकार विस्मार्क ने अपने राष्ट्रनीति को स्पष्ट करते हुए कहा था-''जर्मनी का ध्यान प्रषा उदारवाद पर नहीं अपितु उसकी शक्ति पर लगा है। कहा कि जिस प्रकार विस्मार्क ने प्रखर राष्ट्रवाद की नींव पर जर्मनी के एकीकरण की वास्तु खड़ी की थी, ठीक उसी प्रकार नरेन्द्र मोदी भारत को विश्वगुरू बनाने की वास्तु रख रहें हैं। बड़े-बड़े अकल्पीय आंकड़ों वाले घोटालों व आर्थिक अपराधों को देख-देख कर देश की जनता का मानस दु:खी व राजनैतिक अवसाद में आ खड़ा हुआ था, तब देश के प्रधानमंत्री की दहाड़ ''ना खाउंगा न खाने दूंगा'' ने देश में एक अद्भुत अकल्पनीय उर्जा का संचार कर दिया। मोदी सरकार का भ्रष्टाचार विहीन व भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टालरेंस देखकर देश की जनता राहत की सांस ले रही है। असाधारण भाषण कला, करिश्माई नेतृत्व, त्वरित निर्णय क्षमता, स्पष्ट दूर दृष्टि, मजबूत समर्थन का आधार, अनुशासित जीवन, एक असाधारण योजनाकार, तकनीक के प्रति प्रतिबद्धता, फ्टिनेस के प्रति सतर्कता, उत्साह से भरा जीवन, धैर्यशीलता, नेतृत्व कुशलता और विनम्रता नरेन्द्र मोदी की व्यक्तिगत पूंजी है। कहा कि ''सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास'' का लक्ष्य लेकर जमीन से घुसकर आसमान की उंचाईयों को नीचा करते हुए अपने राष्ट्र का ध्वज को लहराने वाले व्यक्तित्व का नाम विश्व में ढूंढा जाय तो कहीं न कहीं यह जरूर मिलेगा कि ''एक नरेन्द्र वैश्विक मंच पर भारत का लोहा मनवाया था, दूसरा नरेन्द्र ''त्राटक दृष्टि'' (शेर की आंख में आंख मिलाना) कर विश्व के स्वनामधन्य महाशक्तियों के लिए विचाराणीय ही नहीं अपितु उनकी मजबूरी बनता जा रहा है। अगर कोई भी बात जन-गण-मन की जुबान पर आती है तो एक ही है ''मोदी है तो मुमकिन है''। देश ने जिन राष्ट्रीय नेताओं को आत्मसात कर लिया है, उनमें आज अग्रणी नाम स्वनामधन्य मोदी का है। सुदुरू गांव की पगडंडियों से चल के ग्रामीण, जन, महिला-पुरूष, बालवृन्द छात्र-छात्राएं, किसान एवं मजदूर, की जुबान पर तो है ही यह नाम कस्बा, उपनगर, शहर, महानगरों तक जन सामान्य की जुबान पर भी है। लीक से हटकर सोचना, करना और निरन्तर अग्रसर रहना मोदी के भारत का गौरव है ही उसे विश्व स्तर पर स्थापित भी किया है। कहा कि राष्ट्रवादी विचार को धार देकर विकसित करने वाले श्री मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव को राष्ट्र महोत्सव का रूप दे दिया। घर-घर तिरंगा फ्हरा कर राष्ट्र नायक की उनकी छवि भी उभरी है। राष्ट्र के सबसे बड़े फोड़े कश्मीर का आपरेशन कर जिस हिम्मत, साहस और धैर्य का प्रदर्शन किया वह नि:सन्देह श्लाघ्नीय है। मेट्रो संचालन, बुलेट ट्रेन, राष्ट्र रक्षा सामग्री के निर्माण के साथ ही विदेश नीति तथा गृह मामले में देश सुरक्षित एवं संबर्धित हो रहा है। कुछ कीर्तिमान नया वही बना पाते हैं, जो राष्ट्र के नायक होते हैं। अयोध्या, काशी और मथुरा को भी सम्मान देने का काम कोई कर सकता था वह श्रेय सिर्फ मोदी को ही जाता है। सबको भोजन, सबको वस्त्र, सबको आवास, सबको दवाई, सबको पढ़ाई पं0 दीन दयाल उपाध्याय के अन्त्योदय की परिणति ही नरेन्द्र मोदी हैं। आज भारत अपनी देशी ''विक्रान्त'' बनाकर विश्व के महान देशों की श्रेणी में आकर खड़ा हो गया है। मित्र राष्ट्रों के साथ ही साथ पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री तक मोदी की तारीफ से नहीं चूक रहे। महिलाओं में भी माँ सबरी के उत्तराधिकारी आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति जैसे दायित्व पर अलंकृत करना मोदी के ही बस की बात है। मोदी जी जीवेम् शरद: शतम् व उनका यशस्वी नेतृत्व निरन्तर उन्नति करे यही कामना है। दूरदर्शी दृष्टि एवं सम्यक वैचारिक अवगाहन सीमावर्ती सारे राष्ट्र भारत के होते जा रहे हैं। यही नहीं पूरे देश में राष्ट्रध्वज के साथ भाजपा ध्वज भी लगातार, निरन्तर उन्नत आकाश में लहराता जा रहा है।

## अपर पुलिस अधीक्षक व एसडीएम इकौना ने मूर्ति विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण

**श्रावस्ती, इकौना।** अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व उप जिलाधिकारी इकौना तथा क्षेत्राधिकारी इकौना महेंद्र पाल शर्मा ने थाना इकौना व श्रावस्ती क्षेत्र का भ्रमण कर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया, इस दौरान दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण कर थाना प्रभारी को दिशा-निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक व उप जिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकारी इकौना द्वारा थाना श्रावस्ती व इकौना में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल बलुआ घाट व अंधर पुरवा राप्ती नदी घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया साथ ही संभ्रांत व्यक्तियो व ग्राम प्रधान से वार्तालाप की गई। विसर्जन स्थल की साफ सफाई व प्रकाश ब्यवस्था के संबंध में प्रभारी निरीक्षक व ग्राम प्रधान को आवश्यक निर्देश दिए।

## हवन के बाद व्रतियों ने 9 कन्याओं को पूजा

**संवाददाता। संतकबीरनगर**


हवन करती व्रती महिलायें — पायनियर

**शारदीय** नवरात्र की महानवमी के अवसर पर आज मंदिरों व घरों से हवन का सुगंधित धुआं उठते ही पूरा वातावरण भक्ति में डूब गया और चारो ओर नवरात्र की धूम अपने उत्कर्ष पर पहुंच गई। प्रतिपदा एवं महाअष्टमी का व्रत रखने वालों के साथ ही नवरात्र का पूरे नौ दिन का व्रत रखने वाले व्रतियों ने आज हवन किया तो व्रत न रहने वालों ने भी हवन करके पुण्यलाभ अर्जित करने हुए देवी की आराधना की। इस अवसर पर मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी तथा पूजा-अर्चना के साथ ही हवन करके शारदीय नवरात्र के पूर्ण होने पर देवी के प्रति अपनी भक्ति का प्रदर्शन करते हुए अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने के लिए प्रार्थना की। जिला मुख्यालय के विभिन्न मंदिरों में आज पौ फ्टते ही हवन कराने वालों का तांकता लग गया। वैसे तो सभी मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही लेकिन श्रद्वालुओं की सर्वाधिक भीड़ प्रसिद्व समय माता मंदिर, मॉ सिद्विदा मंदिरा, बरदहिया बाजार व उस्का कला की वन देवी मंदिर में देखी गई। हर तरफ हवन करते लोगों की कतारें लगी थी और आज पण्डितों के पास समय का भारी अभाव था। हजारों की संख्या में लोग सामूहिक हवन किए और पूरा मंदिर परिसर तथा आसपास का वातावरण हवन के सुंगधित धुंए से भक्तिमय हो गया। इस मौके पर कई व्रतियों से संकल्प भी लिया। मंदिरों में भीड़ को संभालने के लिए जहां मंदिर प्रबंधन समितियों के स्वंयसेवकों ने पूरा परिश्रम किया वहीं पुलिस व्यवस्था भी चुस्त रही। हीरालाल रामनिवास इण्टर कालेज खलीलाबाद के भारी संख्या में स्काउट/गाइड के स्वंयसेवक भी लगे रहे।

## ब्लॉकों पर सामुदायिक शौचालय एवं पंचायत भवन का बनेगा रजिस्टर: डीएम

**बस्ती।** डीएम प्रियंका निरंजन ने बताया कि सभी विकास खंडों में पंचायत भवन एवं सामुदायिक शौचालय रजिस्टर बनाने के निर्देष डीपीआरओ को दिए गएं है। इस रजिस्टर में पंचायत भवन के पूर्ण होने की तिथि रोजगार सेवक का नाम और मोबाइल नंबर रहेगा। ठीक इसी तरह सामुदायिक षौचालयों के निर्माण का तिथि और केयर टेकर का नाम और मोबाइल नंबर रहेगा। इस रजिस्टर के बनाने के पीछे डीएम की मंषा यह देखना है, कि कितने षौचालय और पंचायत भवन का निर्माण आहरित धन के सापेक्ष पूरा हुआ कि नहीं नहीं? क्यों प्रषासन और डीपीआरओ को निरंतर इस बात की जानकारी मिल रही हैं, कि धन तो आहरित कर लिया गया, मगर निर्माण नहीं कराया गया। ब्लॉकों के एडीओ पंचायत भी निरंतर इसी तरह की रिपोर्ट मुख्यालय को कर रहे है। डीपीआरओ ने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए एक पेज निर्धारित किया जाएगा।

# आचार्य रामचन्द्र शुक्ल को किया नमन प्रतिमा को विकसित करने की उठी मांग

- बड़ेबन के पास प्रतिमा पर चित्रांश क्लब ने माल्यार्पण कर किया नमन

**संवाददाता। बस्ती**



**हिन्दी** आलोचना सम्राट आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की 138 वीं जयन्ती पर चित्रांश क्लब पदाधिकारियों ने सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार को उनकी बड़ेबन के निकट स्थित उपेक्षित पड़ी प्रतिमा पर माल्यार्पण करं नमन् किया।

क्लब अध्यक्ष जी. रहमान ने माल्यार्पण के बाद कहा कि अति शीघ्र क्लब की ओर से मांग किया जायेगा कि आचार्य शुक्ल की उपेक्षित प्रतिमा को विकसित कराया जाय जिससे लोग अपने जनपद के साहित्यिक नक्षत्र को स्मृतियों में सहेजे रख सके। क्लब के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अगौना में जन्मे आचार्य शुक्ल की बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष के पद पर रहते हुए ही 2 फ्रवरी 1941 में हृदय गति रूकने से मृत्यु हो गई। उनकी समीक्षा सदैव अजर अमर रहेगी। माटी के ऐसे सपूत की उपेक्षा स्वीकार्य नही है। राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि हिंदी साहित्य का इतिहास, हिंदी शब्द सागर, चिंतामणि व नागरी प्रचारिणी पत्रिका आचार्य शुक्ल की प्रमुख कृतियां हैं। पूरा प्रयास होगा कि आचार्य शुक्ल की प्रतिमा का उद्धार हो। कहा कि हिंदी साहित्याकाश के चमकते तारे आचार्य रामचंद्र शुक्ल किसी परिचय के मोहताज नहीं है। रामानन्द 'नन्हें' ने कहा कि हिंदी के प्रतिष्ठित आलोचक पंडित रामचंद्र शुक्ल के गांभीर और बहुआयामी व्यक्तित्व एवं कृतित्व का हिंदी साहित्य सदैव आभारी रहेगा। पुण्य तिथि पर आचार्य शुक्ल को नमन् करने वालों में क्लब संस्थापक राजेश चित्रगुप्त, डॉ. कृष्ण कुमार प्रजापति, शेष नारायण गुप्ता, रणदीप माथुर, सर्वेश श्रीवास्तव, शरद सिंह रावत, मो. मुजीद, सरदार परमजीत सिंह, रमेश श्रीवास्तव, हरिनाथ चौधरी, अजय गौड़, सोनू गुप्ता आदि शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में हिन्दी के परम विद्वान डा. रामदल पाण्डेय के निधन पर दो मिनट का मौन रखते हुये श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

## व्यापारी स्व. मनीष को न्याय दिलाने के लिए सक्रिय है अभा उद्योग व्यापार मण्डल

**संतकबीरनगर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिला इकाई द्वारा महुली बाजार के मनीष कांड में पुलिस को 3 अक्टूबर तक प्रभावी कार्यवाही करने हेतु दिए गए। अल्टीमेटम के क्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष अमित जैन तथा जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रहरि द्वारा महुली बाजार का दौरा किया गया तथा पुलिस द्वारा इस मामले की विवेचना कर रहे सब इंस्पेक्टर उदयभान मिश्रा को हरिश्चंद्र के दुकान पर बुलाकर अब तक पुलिस द्वारा किए गए। कार्यवाही का अपडेट लिया गया। जिसके क्रम में उन्होंने बताया कि इस घटना में शिथिलता बरतने वाले दो पुलिसकर्मियों (अशोक सिंह, उमेश यादव) को संगठन के मांग के क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा निलंबित कर दिया गया है। नामजद अभियुक्तों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। कुछ लोगों के परिजनों को थाने में बैठाया गया।

## दुर्गा पूजा मेला: शहर में पैदल गश्त पर निकले डीएम-एसपी

**संवाददाता। संतकबीरनगर**


सीओ से जानकारी लेते जिलाधिकारी — पायनियर

**जनपद** में परंपरागत एवं हर्षोल्लास के साथ मनाए जा रहे त्यौहार नवरात्र एवं दुर्गा पूजा के दौरान शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत विगत दिवस देर शायं तक जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने शहर के विभिन्न इलाकों में भ्रमण कर लगाए गए। दुर्गा पूजा पंडालों में साफ सफ्ई, विद्युत व्यवस्था, दुर्गा पूजा पंडालों के आसपास आवागमन व्यवस्था सहित अन्य संबंधित सुविधाओं एवं सुरक्षा मानकों का पालन किए जाने संबंधी व्यवस्थाओं आदि का निरीक्षण किया। डीएम व एसपी ने निरीक्षण के दौरान जनपद वासियों से नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा त्यौहार को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं भाईचारे की भावना के साथ एक दूसरे के साथ मिलजुलकर मनाने की अपील भी किया। उन्होंने दुर्गा पूजा आयोजन समित के अध्यक्ष व सदस्यों को आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए व मानक के अनुरूप दिए गये दिशा-निर्देशों के अनुसार पाण्डाल की सुरक्षा व्यवस्था व पर्याप्त मात्रा में बालू, पानी आदि रखने के लिए सचेत किया। साथ ही लोगों को प्रतिमा विसर्जन के दौरान मालवाहक वाहनों, ट्रैक्टर ट्राली में यात्रा न करने हेतु जागरूक किया गया। लोगों को बताया गया कि माल वाहक वाहनों यथा ट्रैक्टर ट्राली, डाला, डम्फ्र इत्यादि पर यात्रा करना खतरनाक है, किसी भी दशा में ट्रैक्टर ट्राली, डाला, डम्फ्र इत्यादि पर आवागमन न करें, यातायात नियमों का पालन करें। पैदल गश्त के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी अंशुमान मिश्र, ट्रेनी सीओ श्रीमती दिपांशी राठौर सहित पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

# 'अंकुश' ने बढ़ाया जीआईसी कालेज और जिले का मान

- राज्य स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश में मिला तीसरा स्थान

**संवाददाता। बस्ती**



**राजकीय** इंटर कालेज में दसवीं कक्षा के 'अकुंष' ने कालेज और जिले दोनों का मान बढ़ाया। इन्हें प्रयागराज में आयोजित 'बुनियादी विज्ञान चुनौतियां एवं सम्भावनाएं' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में पूरे प्रदेष में तीसरा स्थान मिला। इस प्रतियोगिता में जाने से पहले अकुंष ने पूरे जिले और मंडल में पहला स्थान प्राप्त किया था। इस उपलब्धि को लेकर स्कूल में भी 'अकुंष' को सम्मानित किया गया। इनकी उपलब्धि पर प्रधानाचार्य षिव बहादुर सिंह, षिक्षक/प्रवक्ता हरिनंदन यादव, राजेष कुमार सिंह, सुरेषचंद्र षर्मा, उदयभान सिंह, अषोक पांडेय, चंद्रभान पांडेय, अमित कुमार यादव, बागीष पाठक, षिवपूजन वर्मा, अजय प्रकाष लाल, हीरालाल षर्मा, अभिनंदन श्रीवास्तव, रविप्रताप, राजेष कुमार सिंह, बलवंत सिंह पटेल, सत्येंद्र कुमार, अजय कुमार, मनीष कुमार, धनंजय कुमार, मृत्युंजय कुमार, सीता गुप्ता, वरिष्ठ सहायक नफीस अहमद, विमल त्रिपाठी, ज्ञानदास एवं कार्यालय के अन्य स्टाफने बधाई दी।

## कबीर की धरती के विकास पुरुष पूर्व सांसद स्व. भालचन्द्र की पुण्यतिथि पर हजारों लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता। संतकबीरनगर**


पूर्व सांसद स्व. भालचन्द्र यादव

**आखिरी** सांस तक गरीबों की सेवा और अन्याय के खिलाफसंघर्ष करने वाले राजनीतिक योद्वा स्व0 भालचन्द यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर आज उनके पैतृक गांव भगता स्थित इंटर कालेज में आयोजित श्रद्वाजलि सभा में हजारों लोगों ने पहुंचकर नम आंखो ने श्रद्वाजलि दी। भाजपा सांसद देवरिया डॉ0 रमापति राम त्रिपाठी, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह, गोरखपुर ग्रामीण के पूर्व विधायक बहादुर यादव, पूर्व एमएलसी संतोष यादव सनी भईया आदि प्रदेश स्तरीय नेताओं सहित विभिन्न दलों ने नेताओं ने कार्यक्रम में पहुंचकर श्रद्वासुमन अर्पित किया। श्रद्वाजलि सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि जनपद संतकबीरनगर सहित पूर्वाचल के विभिन्न जिलों में अपनी अलग राजनीतिक पहचान बनाने वाले राजनीतिक योद्वा स्व0 भालचंद्र यादव ने जिस दृढ़ता, निर्भीकता और त्याग की बदौलत बड़ी से बड़ी राजनैतिक चुनौतियों से जूझने की उनकी क्षमता आज की युवा पीढ़ी के लिए आदर्श है। वरिष्ठ नेता लाल चन्द्र यादव ने कहा कि स्व0 भालचन्द्र यादव ने अपने संघर्षो और गरीबों की सेवा करके अपना स्थान बनाया था। वह किसी भी ताकत के आगे कभी नहीं झूके यदि झूके तो जनता-जनार्दन के आगे। इसी का नतीजा है कि इतनी बड़ी संख्या में आप लोग उन्हें श्रद्वासुमन अर्पित करने आए है। श्रद्वाजलि सभा को संबोधित करते हुए स्व0 भालचन्द्र यादव के पुत्र सुबोध चन्द्र यादव ने भावुक होकर कहा कि उनके पिता का सपना था कि उसे वे पूरा करेंगे। उन्होने कहा कि आज जो भी विकास दिखाई देता है चाहे वह जिजले की स्थापना हो, बिड़हर घाट सहित अन्य बड़े पुल हों या बीएमसीटी मार्ग हो उनके पिता के अथक संघर्ष की देन है। सभा को संचालन स्व0 भालचन्द्र यादव के पी.ए. रहे गिरिजेश यादव ने किया। श्रद्वाजलि सभा में पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी, बस्ती सदर विधायक महेन्द्र यादव, चेयरमैन खलीलाबाद श्याम सुन्दर वर्मा, पूर्व चेयरमैन जगत जायसवाल, भाजपा नेत्री श्रीमती सुनीता अग्रहरि, आप के जिलाध्यक्ष रमेश चन्द्र यादव, सपा नि0 जिलाध्यक्ष गौहर अली खॉ, वरिष्ठ नेता जयराम पाण्डेय, जि0पं0 सदस्य हनुमान कन्नौजिया, शैलेन्द्र यादव, मो0 अहमद, रमेश चन्द्र यादव, सहित बड़ी संख्या में विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता समाजसेवी एवं सभ्रांत नागरिकगण उपस्थित रहे।

# सांसद रवि किशन व भजन सम्राट प्रमोद त्रिपाठी के गीतों पर झूमे श्रोता

- जय मां जगदम्बे ग्रुप के तत्वावधान में भगवती जागरण का हुआ आयोजन

**संवाददाता। संतकबीरनगर**


भगवती जागरण मंच पर उपस्थित अतिथि — पायनियर

**खलीलाबाद** के एचआर इंटर कॉलेज में जय मां जगदंबे ग्रुप के तत्वाधान में विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें भजन सम्राट प्रमोद त्रिपाठी ने अपनी सुरीली आवाज से जमकर जलवा बिखेरा। इनके भजनों पर पूरी रात श्रोता झूमते रहे। आपको बता दें कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि गोरखपुर के सांसद व अभिनेता रवि किशन, सांसद प्रवीण निषाद व सदर विधायक अंकुर तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यहां पर कार्यक्रम के आयोजक मोनू वर्मा और देवीलाल गुप्ता ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। इस दौरान जगराता में सांसद रविकिशन के माइक पकड़ते ही उनके आवाज पर बच्चे, बूढ़े व जवान सभी जमकर थिरकते नजर आएं, इस दौरान सभी के उम्र की सीमाएं टूट गई। सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों से हमें सीख लेने की आवश्यकता है, मां के सभी स्वरूपों को समझे और सत्य के मार्ग पर चलें, विजय अवश्य हासिल होगी। उन्होने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यों के लिए आपका यह बेटा हमेशा सेवा के लिए तैयार है। सांसद एवं अभिनेता रवि किशन और भजन गायक प्रमोद त्रिपाठी ने भजनों का ऐसा माहौल जमाया कि श्रद्धालु उनके भजनों से ताल एवं सुर मिलाने लगे। उन्होने अपने मधुर भजनों से शेर पर सवार होके आजा शेरावालिए, तूं आजा माई दौड़ के तेरा ही इंतजार है, शेर की सवारी मां तुम्हारी बेमिशाल है भजन सुनकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, भाजपा नेता वैभव चतुर्वेदी, भाजपा नेत्री सुनीता अग्रहरी, भाजपा के युवा नेता सुधांशु सिंह, सहजनवा के ब्लाक प्रमुख विकास सिंह, सत्य प्रकाश गुप्ता उर्फ सिपाही, भाजपा नेता विवेकानंद वर्मा, रूद्र प्रताप सिंह, गगनदीप सिंह उर्फ़ शैंकी, दुष्यंत अग्रहरि, श्रवण कुमार अग्रहरी, अमित जैन, अजय वर्मा, प्रिंस वर्मा, आदर्श जायसवाल, अमरकांत वर्मा, डिशू वर्मा, शेरू कसौधन, स्वतंत्र जायसवाल अनूप वर्मा, गोलू वर्मा समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

# स्वच्छता रैंकिंग में चित्रकूट नगर पालिका को मिला देश में 25 वां और प्रदेश में 10वां स्थान

● **चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता ने अधिकारियों-कर्मचारियों को मिठाई खिलाकर किया खुशी का इजहार**

संवाददाता। चित्रकूट

**स्वच्छ** सर्वेक्षण 2022 में नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम ने छलांग लगाई है। पिछले साल की तुलना में इस बार स्वच्छता रैंकिंग में नगर पालिका परिषद चित्रकूट ने 50हजार से एक लाख की पॉपुलेशन के बीच देश में जॉन रैंकिंग में 25 वां स्थान हासिल किया है। वहीं प्रदेश में दसवां स्थान हासिल किया है। इससे नगर पालिका के अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता व अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील द्वारा खुशी का इजहार करते हुए शहर वासियों धन्यवाद ज्ञापित किया है। नगर पालिका के ईओ राम अचल कुरील ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत का स्वच्छ सर्वेक्षण कराया जाता है। यह सब सर्वेक्षण पूरे देश की निकायों में एक साथ होता है। इसके बाद रैंकिंग जारी की जाती है शहर में यह सर्वेक्षण मार्च में हुआ।सफाई निरीक्षक कमला कांत शुक्ला ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर पालिका ने अपनी रैंकिंग में पहले की अपेक्षा काफी सुधार किया है। पिछले वर्ष इस सर्वे में नगर पालिका ने प्रदेश में 12वीं और देश में जोन वाइज 26 वां स्थान प्राप्त किया था। नगर पालिका द्वारा हर बरस अपनी कमियों को दूर कर रैंकिंग में सुधार किया जा रहा है। इस बार कोई रैंकिंग में नगर पालिका चित्रकूट ने देश में जोन वाइज 25 वां व प्रदेश में 10 वीं रैंक हासिल की है। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने सभी नगर वासियों को बधाई दी है। साथ ही नगर पालिका स्पेक्टर कमलाकांत शुक्ला एवं जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन शिवाकुमार का आभार व्यक्त किया व कर्मचारियों का मुंह मीठा करा उत्साह वर्धन किया।इस मौके पर अवर अभियंता संतोष सिंह राठौर,लेखाकार सुभाष गुप्ता,राजेंद्र राम,ज्ञान गुप्ता,रवि कौशल आदि मौजूद रहे।


चेयरमैन का मुंह मीठा कराते ईओ पायनियर

## ट्रैक्टर-लोडर का टीआई योगेश यादव ने किया 85 हजार का ई-चालान

संवाददाता। चित्रकूट

**पुलिस** अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर दशहरा पर्व पर यातायात व्यवस्था चौकस करने को यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव की टीम शहर में सक्रिय है।

मंगलवार को सीओ यातायात एसपी सोनकर की अगुवाई में यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव की टीम ने शहर में ट्रैक्टर व पिकअप में सवारियां लेकर आने वाले वाहनों की जांच की। उन्होंने ट्रैक्टर व पिकअप में सवारी लादकर चलने वाले वाहनों की जांच को अभियान चलाया। जांच अभियान में 14 टैक्टर व लोडर वाहनों का 85 हजार रुपये का ई-चालान किया। चार ट्रैक्टर भी सीज किये। उन्होंने जांच अभियान दौरान वाहन चालकों एवं आम जनता से कहा कि ट्रैक्टर व लोडर में सिर्फ सामान की ढुलाई करें। इसके लिए जागरुक कर मुख्यमंत्री के आदेश के बारे में जानकारी भी दी।

# कारीगर रावण का पुतला बनाने के लिये दिन रात कर रहे हैं मेहनत

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

**विजयादशमी** के पर्व पर नगर के तीन स्थानों पर रावण दहन का आयोजन संपन्न होगा। समय रहते रावण का पुतला बनाने को लेकर कारीगर दिन रात एक किए हुए हैं।

विजयादशमी के पर्व पर नगर के कुम्हरोड़ा मोहल्ले, नेशनल रोड व मराठी पुरा में अलग-अलग रावण दहन का कार्यक्रम संपन्न होता है। कुम्हरोड़ा स्थित की नवयुवक कमेटी ने रावण दहन के मैदान की सफाई आदि करवा रावण के पुतले का निर्माण शुरू करा दिया है जिसमें कारीगर मनीराम प्रजापति तथा रामविशाल उर्फ लल्लू रावण के पुतले को अंतिम रूप देने के लिए दिन रात एक किए हुए हैं इसके अलावा नगर के नेशनल रोड व मराठी पुरा में भी बुधवार को रावण दहन का आयोजन संपन्न होगा। इस दौरान भगवान श्री राम सीता, लक्ष्मण व हनुमान आदि अन्य देवी देवताओं की आकर्षक झांकियों के नगर भ्रमण के बाद रावण दहन का कार्यक्रम संपन्न होगा। उक्त कार्यक्रम को संपन्न कराने के लिए उप जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी विवेक यादव व कोतवाली प्रभारी भरत कुमार ने रावण दहन स्थलों व झांकियां निकलने वाले मार्गों का निरीक्षण कर रावण दहन संपन्न कराने वाली कमेटियों से वार्ता कर त्यौहार शांतिपूर्वक व आपसी मेलजोल के साथ संपन्न कराने की अपील की है। बताते चलें कि दो दशक पूर्व नगर में दशहरा के जुलूस निकालने को लेकर बवाल हुआ था जिस मामले के 28 साल बाद एक पूर्व मंत्री व कई भा ज पा नेताओंसमेत ग्यारह लोगों को सजा सुनाई गई है।


रावण का पुतला बनाने में लगे कारीगर पायनियर

# सद्गुरु के डांडिया नृत्य में दिखी एक भारत-श्रेष्ठ भारत की झलक

संवाददाता। चित्रकूट

**विश्व** महामारी कोविड के दो साल बाद धर्मनगरी में एक बार फिर से नवरात्रि में धूम देखने को मिल रही है। प्रतिदिन मां दुर्गा के मंदिरों में जहां भक्तों की पूजन-अर्चन और दर्शन की भीड़ जुट रही है, वहीं दूसरी ओर दुर्गा पंडालों में डांडिया व गरबा नृत्य महोत्सव की भी काफी धूम मची है। सैकड़ो बालक व बालिकाएं, पुरुष और महिलाएं देश के अलग-अलग प्रांतों से अलग अलग टोली बनाकर डांडिया व गरबा नृत्य कर रहे हैं। मंगलवार को इस नृत्य में 14 टीमें गुजरात की हिस्स ले रही हैं। ये सुंदर नजारा दुर्गा अष्टमी पर सद्गुरु सेवा ट्रस्ट चित्रकूट के परिसर में देखने को मिला। जहां एक भारत-श्रेष्ठ भारत की झलक दिखायी दी। यहां आयोजित भव्य गरबा महोत्सव में जंहा बुंदेलखंडी व देशभक्ति नृत्य के साथ गुजरात का डांडिया व गरबा नृत्य देखने को मिला। आयोजन को देखने को उप्र व मप्र के सीमावर्ती जिलों के आस-पास लोग भारी तादाद में पहुंचे। सदगुरु शिक्षा समिति की अध्यक्षा ऊषा बी जैन ने बताया कि चित्रकूट ग्रामीण अंचल में समय समय पर कुछ उत्सव होते रहने चाहिए। इससे लोगो में एकता और स्नेह की भावना बनी रहती है। लगभग 40 वर्षों से ट्रस्ट में नवरात्रि के दिनो में नौ दिन डांडिया होता है। इसमें न जाति न धर्म किसी प्रकार कोई भेदभाव नहीं होता है। सब धर्म जाति के लोग एक साथ मिलकर इस गरबा नृत्य में भाग लेते है। इससे सभी में भाईचारा बढ़ता है। जब आपस में भाईचारा बढ़ेगा, तभी हमारा देश एक भारत श्रेष्ठ भारत बनेगा।



# बद्री विशाल त्रिपाठी बने जिला स्तरीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय प्रबंधक सभा के अध्यक्ष

● **वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश कुमार सिंह को मिला महासचिव पद का दायित्व**

संवाददाता। चित्रकूट

**मुख्यालय** स्थित श्रीगंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कालेज कर्वी में सम्पन्न हुई जनपद के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रबंधकों की बैठक में जिला प्रबंधक सभा चित्रकूट की जिला समिति का गठन किया गया।जिसमें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कृषक इंटर कालेज भौरी के प्रबंधक बद्री विशाल त्रिपाठी को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया।वहीं जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं श्रीगंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कालेज के प्रबंधक कमलेश कुमार सिंह को महासचिव पद का दायित्व सौपा गया। उत्तर प्रदेश प्रबंधक महासभा लखनऊ के निर्देश पर मुख्यालय के शंकर बाजार स्थित श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कालेज कर्वी चित्रकूट में रविवार को पूर्व निधारित सूचना के अनुसार अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रबंधक महानुभावों की जिला प्रबंधक सभा की जिला समिति का निर्विरोध गठन किया गया। जिसमें कृषक इंटर कालेज भौरी के प्रबंधक बद्री विशाल त्रिपाठी को अध्यक्ष, त्यागी इंटर कालेज ऐंचवारा के प्रबंधक बुआराम शुक्ला व महर्षि बाल्मीकि इंटर कालेज खंडेहा के प्रबंधक संत कुमार को उपाध्यक्ष,श्रीगंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कालेज कर्वी के प्रबंधक वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश कुमार सिंह को महासचिव चुना गया है। इसके अलावा रतननाथ इंटर कालेज रसिन के प्रबंधक राजेश दुबे को सचिव,स्व0श्रीलाला भाई पटेल इंटर कालेज कपना के प्रबंधक श्रीकांत सिंह को कोषाध्यक्ष के पद का दायित्व सौपा गया। वहीं चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी के प्रबंधक भोलानाथ गुप्ता,गोस्वामी इंटर कालेज छीबो के प्रबंधक संतोष कुमार पांडेय,श्रीहनुमत इंटर कालेज नांदी-तौरा के प्रबंधक सुभाष चंद्र द्विवेदी,श्रीसुभाष इंटर कालेज इटवां के प्रबंधक सर्वेंद्र त्रिपाठी एवं स्व0श्री नाथूराम चंदेल संकट मोचन इंटर कालेज बछरन के प्रबंधक राजकुमार सिंह को समिति का सदस्य चुना गया। इसके अलावा पं0पुरूषोत्तम द्विवेदी इंटर कालेज मऊ के प्रबंधक रामयज्ञ द्विवेदी को कमेटी का संरक्षक बनाया गया।


अध्यक्ष का स्वागत करते महासचिव कमलेश सिंह पायनियर

## क्विक न्यूज

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**राठ (हमीरपुर)।** राठ कस्बे में आज अज्ञात कारणों के चलते महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी है। कस्बे के अतरौलिया मोहल्ला निवासी अर्चना(27) पत्नी फूल सिंह अनुरागी ने मंगलवार को कमरे में साड़ी का फंदा डालकर फांसी लगा ली। जब सास ने बहू को फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के ससुर छोटेलाल ने बताया कि वह हमीरपुर में अपना विकलांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए गया था। उसका पुत्र फूल सिंह सुबह करीब पांच बजे चार पहिया वाहन लेकर बुकिंग में कालपी के पुखरायां गया था। घर पर उसकी पत्नी राजकुमारी और बहू अर्चना थी। बताया कि अज्ञात कारणों के चलते उसकी बहू ने फांसी लगाकर जान दे दी है। बताया कि दो दिन पहले उसका समाधी घर आया था। उसके पुत्र ने साला रोहित के इलाज के लिए दस हजार रुपए ससुर को दिए थे। मृतका अपने पीछे 3 वर्षीय पुत्र अंश और डेढ़ माह की बच्ची छोड़ गई है।

### छोटे भाई को ईंट मार कर सिर फोड़ दिया

**राठ (हमीरपुर)।** बड़े भाई ने शराब के नशे में छोटे भाई को ईंट मार उसका सिर फोड़ दिया। पीड़ित ने बड़े भाई सहित माता पिता के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली के नदना गांव निवासी अजेंद्र कुमार ने बताया कि उसे एक पुत्र और एक पुत्री है। उसके बड़े भाई राजकुमार को तीन पुत्रियां हैं। बड़े भाई को पुत्र न होने पर उससे खुन्नस मानता है। शराब के नशे में आए दिन उसका भाई गाली गलौज कर झगड़ा करता है। सोमवार की रात भाई राजकुमार, पिता दलपत और मां गिरजारानी घर में आए और बिना कारण गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर तीनों ने बेहरमी से मारा पीटा। आरोप लगाया कि बड़े भाई ने शराब के नशे में ईंट मारकर उसका सिर फोड़ दिया। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं हैं। पुलिस पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी भेजा है।

### ट्रैक्टर से मुंडन कराने जा रही श्रद्धालुओं को पुलिस ने रोका, छह घंटे बाद छोड़ा

**राठ (हमीरपुर)।** मुंडन कराकर एक दर्जन से अधिक महिलाओं को लेकर ट्रैक्टर ट्राली से लेकर गांव जा रहे ट्रैक्टर को पुलिस कोतवाली के सामने रोक लिया। पुलिस ट्राली में सवार महिलाओं को उतार कर ट्रैक्टर ट्राली को कोतवाली में खड़ा करा दिया। महिलाओं की आरजू मिन्नतें करने पर पुलिस देर ट्रैक्टर को छोड़ दिया। जनपद महोबा के चरखारी थाना अंतर्गत गौरहारी निवासी नरेश पुत्र श्यामसुंदर अपनी पुत्री कोमल का मुंडन कराने ट्रैक्टर ट्राली से कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ले मां शीतला माता मंदिर में आए थे। साथ में गांव की एक दर्जन से अधिक महिलाएं भी थीं। सोमवार की शाम को नरेश मुंडन करा कर ट्रैक्टर ट्राली से महिलाओं को लेकर वापस अपने गांव जा रहा था। तभी कोतवाली के अतरौलिया गेट के पास सीओ पीके सिंह सहित पुलिस बल ने चैकिंग के दौरान ट्रैक्टर ट्राली को रोक लिया। ट्राली में बैठी दर्जनों महिलाओं को देख पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कोतवाली में खड़ा करा दिया। बाद में छह घंटा बाद छोड़ दिया।

### तीन के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा ( हमीरपुर)।** कुरारा थाना क्षेत्र के कुतुबपुर गाँव निवासी ग्रामीण ने बीती रात कुरारा से गाँव जाते समय रास्ते में रोककर तीन के खिलाफमारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। क्षेत्र के कुतुबपुर गाँव के निवासी मानवेन्द्र सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह ने पुलिस को बताया कि बीती रात कस्बा कुरारा से बाइक द्वारा अपने घर जा रहा था । खरौंज मोड़ के पास तीन लोगों ने बाइक रोककर मेरे साथ मारपीट की तथा छीना झपटी की जिससे मेरे चेहरे पर चोट आई है। वही पीड़ित द्वारा जानकारी मिलने पर पुलिस ने तीन लोगों को मौके से बाइक सहित गिरफ्तार किया है। जिनमे मोहित पुत्र कामता प्रसाद कोरी, अनिल पुत्र छन्नी लाल कोरी डामर व पंकज पुत्र रामकृपाल झलोखर के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया है।

### सड़क दुर्घटनाओं में युवा वैज्ञानिक सहित दो घायल

**हमीरपुर।** सुमेरपुर क्षेत्र में मंगलवार को दो अलग-अलग घटनाओं में युवा वैज्ञानिक सहित दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। एक युवक को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया। मंगलवार को पहली घटना छानी मार्ग में इंगोहटा के पास हुई। बाइक सवार गौरव सिंह निवासी रुरीपारा को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। इस घटना में गौरव सिंह को गंभीर चोटें लगीं। प्राथमिक उपचार के बाद इसको सदर अस्पताल भेजा गया। दूसरी घटना नेशनल हाईवे में फैक्टरी एरिया पुलिस चौकी के समीप हुई। हाईवे किनारे पड़ी बालू में इंगोहटा निवासी साइंटिस्ट अमन धुरिया की बाइक फिसल गई। इस घटना में यह युवा वैज्ञानिक घायल हो गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के बाद इसको घर भेज दिया गया है।

### बोहदपुरा में कुल्हाड़ी से प्रहार कर युवक को किया मरणासन्न

**उरई(जालौन)।** ग्राम बोहदपुरा में प्रातः 9 बजे चार लोगों ने लाठी, डंडा, कुल्हाड़ी से विकास सिंह चौहान पर हमला बोलते हुये उसे मरणासन्न कर दिया। हमलावर मौके से भाग जाने में सफल हो गये। बाद में घायल युवक को उसके परिजनों ने उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मिली जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बोहदपुरा निवासी प्रातः 9 बजे सुबह मेरे चाचा विकास, सोमेन्द्र व बाबा त्रिलोकी शरण अपने ही मकान के बाहर बैठे आपस में बातचीत कर रहे थे तभी मेरे ही गांव के रहने वाले रामकुमार पुत्र महावीर सिंह, महावीर सिंह पुत्र समरथ सिंह, विपिन सिंह पुत्र महावीर सिंह, श्रीमती सीलम पत्नी रामकुमार सिंह अपने-अपने हाथो में लाठी कुल्हाड़ी हॉकी लिए हुए आये और मेरे चाचा व बाबा के साथ गाली गलौज करने लगे मना करने पर वह मारपीट करने लगे व मेरे चाचा विकास को जान से मारने की नियत से कुल्हाड़ी से सिर पर बार किया जिससे वह घायल होकर वही गिर पड़े मेरे बाबा त्रिलोकी शरण ने बचाया तो उन्हें भी लाठी, डंडा, कुल्हाड़ी से मारने लगे उनके भी शरीर पर गंभीर चोटे आयी व घायल होकर वही गिर गये बाद में मेरे चाचा सोमेन्द्र व वेद चौहान पुत्र संतराम सिंह ने बचाया तो यह लोग जान से मारने की धमकी देते हुए यह कहते हुये भाग निकले कि तूने मेरा बहुत विरोध किया उसका मजा चखा दूंगा। फिलहाल पुलिस ने इस मामले को संज्ञान में लेकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### रामलीला रंगमंच पर कालनेम की माया का दृश्य रहा आकर्षण का केंद्र

**जालौन (उरई)।** रामलीला महोत्सव 2022 में लक्ष्मणशक्ति व कालनेम की माया का मंचन किया गया। जिसमें हनुमान-मेघनाद संवाद, लक्ष्मण मेघनाद संवाद के अलावा कालनेम की माया का दृश्य विशेष आकर्षणयुक्त रहा। नगर में ऐतिहासिक श्रीरामलीला का 174वां मंचन किया जा रहा है। जिसमें लक्ष्मण शक्ति, कालनेम की माया, भरत-हनुमान संवाद, मेघनाद हनुमान संवाद के अलावा लक्ष्मण व हनुमान संवाद विशेष सराहनीय रहे। मंचन के प्रथम दृश्य में श्रीराम द्वारा लंका पर आक्रमण किए जाने की योजना बनाई गई। सभी वानरों ने लंका को चारों ओर से घेर लिया तभी रावण की आज्ञानुसार मेघनाद युद्ध करने के लिए आया। सर्वप्रथम उसकी मुलाकात हनुमान जी से होती है जहां दोनों के बीच जमकर संवाद होता है। पर्वत पर विविध प्रकार की बूटियों में संजीवनी बूटी को पहचान नहीं पाते हैं तो वह पूरा पर्वत लेकर रामदल की ओर चल देते हैं। वहीं बीच में जब हनुमान जी पर्वत लेकर अयोध्या के ऊपर से गुजरते हैं तो भरत ने उन्हें कोई राक्षस समझकर एक ही वाण से घायलकर जमीन पर गिरा दिया। अंत में हनुमान जी भरत को पूरी कथा बताकर रामदल पहुंचते हैं।

# स्वरोजगार के लिये पहली बार कालेजों में होगा कौशल विकास मिशन का प्रशिक्षण

संबादादाता। हमीरपुर

**उत्तर प्रदेश** कौशल विकास मिशन योजना में हुनरमंद युवाओं को शत प्रतिशत काम में सफलता न मिल पाने से अब शासन ने इंटर कालेजों में पहली मर्तवा कक्षा नौ से बारह तक के छात्र छात्राओं को दो पीरियड(कलांश) लगाकर प्रशिक्षण देने का फैसला किया है। इसके लिये जिले में राजकीय इंटर कालेज(जीआईसी) व राजकीय वालिका इंटर कालेज(जीजीआईसी) का चयन किया गया है। जानकारी के मुताबिक जिले में मिशन के तहत पांच वर्ष में पांच हजार छात्र छात्राओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है जिसमे गैर प्रांत में करीब 1700 लोगो को विभिन्न ट्रेडो में कंपनिया काम के लिये ले गयी थी जिसमे करीब एक हजार प्रशिक्षित युवा व युवती कम मानदेय के कारण वहा से भाग आये है। जिससे युवाओ में कुंठा जाग्रत हो रही है. लिहाजा शासन ने अब कालेजों में कक्षा नौ से बारह तक के बच्चों को प्रशिक्षण देने का फैसला किया है। माध्यमिक शिक्षा विभाग व शासन के इसके लिये टाई अप हो चुका है। जिल में जीआईसी व जीजीआईसी के 280 छात्रों को प्रशिक्षित किया जायेगा। कालेज में 45-45 मिनट के दो पीरियड लगेगे यह प्रशिक्षण चार महीने का होगा। हर छात्र की चार सौ घंटे की हाजिरी होना अनिवार्य है उनकी हाजिरी बायोमेट्रिक से भरी जायेगी। कालेज में छात्र छात्राओं को स्वरोजगार के लिये प्रेरित करने के साथ साथ हुनर सिखाया जायेगा। छात्रों को कम्प्यूटर व छात्राओं को ब्यूटीशियन व कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षित युवाओ ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद बैंक उन्हे कोई ऋण नही देती है जिससे वे कोई रोजगार नही कर पाते है। विभिन्न विभागो में आउट सोर्सिंग में होने वाली भर्तियों में कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण के युवाओ को भर्ती करने का कोई प्रावधान नही किया गया है जिससे युवा युवतिया काम के लिये दर दर भटकती रहती है। शासन ने कहा है कि जिला जेल में बंद पुरुष व महिला बंदियों को भी कौशल विकास के तहत प्रशिक्षित किया जायेगा ताकि लोग जेल से रिहा होने के बाद अपने इस हुनरका उपयोग कर सके और अपराधिक दुनिया से दूर रहे,इसके बाद कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छात्राओ को भी कौशल मिशन के तहत प्रशिक्षण करने का फैसला लिया गया है। राज्य कौशल विकास मिशन के जिला प्रबंधक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि जिले में कौशन मिशन के 7 केंद्र संचालित है। कि अभी तक सिलाई,कम्प्यूटर,नर्सिंग,फैशन डिजाइनर के लिये युवक युवतियों को प्रशिक्षित किया गया है।

## भाजपा नेता के आवास पर विधायकों, जिलाध्यक्ष ने की चुनावी चर्चा

**जालौन ( उरई )।** आगामी नगर पालिका चुनावों को लेकर तहसील क्षेत्र के दो विधायक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष भाजपा नेता व समाजसेवी संजू खत्री के आवास पर पहुंचे और नगर पालिका चुनावों को लेकर चर्चा की। नगर पालिका के चुनावों को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। इसको लेकर अंदरखाने तैयारियां भी चल रही है। नवरात्र के अंतिम दिन भाजपा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर उर्फ बनाजी, कालपी विधानसभा के पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, माधौगढ़ विधायक मूलचंद सिंह निरंजन व सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा समाजसेवी व भाजपा नेता सतेंद्र उर्फ संजू खत्री संजू खत्री के मुरलीमनोहर स्थित आवास पर पहुंचे। विधायकों, पूर्व विधायक के साथ जिलाध्यक्ष ने आगामी नगर पालिका चुनाव को लेकर उन्होंने चर्चा की।

# कोर्ट के आदेश पर बारह ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज

● **मारपीट कर दोनों सगी बहनों को घर से निकाला**

**राठ ( हमीरपुर )।** दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों ने दो सगी बहनों को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं होने पर पीड़ितों ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने 12 ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। झांसी जिला के गरौठा थाना क्षेत्र हाल निवास कस्वा राठ की अरिसा खातून पुत्री मो. हनीफ ने पुलिस को बताया कि उसकी दौलत खां और उसकी छोटी बहन शिफा खातून की शादी चांद खां पुत्र मुन्ना खां के साथ गत 26 फरवरी 2022 को मुस्लिम रीति रिवाज से हुई थी। दोनों बहनों की शादी में माता पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया था। लेकिन पहली विदा में जैसे ही हम दोनों बहने ससुराल पहुंची तो ससुरालीजनों ने मानसिक रूप से प्रताड़ित शुरू कर तीन लाख रुपए और एक एक मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। अरिसा खातून ने बताया यह जानकारी माता पिता को दी तो वह लोग रिश्तेदारों के साथ ससुराल आए और आरजू मिन्नत की, 18 मई को रात में उसे और उसकी बहन शिफा खातून को कमरे में बंद कर लात घूसों से मारपीट की और अगले दिन उसके जेवर छीन कर चार पहिया कार में डालकर रात में ही कस्बे के गल्ला मंडी के पास छोड़ दिया। किसी तरह अपने मायके पहुंची और बात बताई। आरिसा खातून ने बताया छोटी बहन शिफा खातून को ससुराल में बंधक बनाकर मारपीट कर रहे हैं और उससे बात नहीं हो पा रही है उसकी जान को खतरा है। पति दौलत खां के अन्य महिला से संबंध है और दूसरी शादी करने की धमकी दे रहे हैं।

# दबंग लाठियां बरसाता रहा, किसान दया की भीख मांगता रहा, वीडियो वायरल

संवाददाता। हमीरपुर

**बिवार** क्षेत्र के सायर गांव में एक दबंग किसान पर ताबडतोड़ हमला कर दिया,किसान हाथ जोड़ कर दया की भीख मांगता रहा मगर संवेदनहीन दबंग को कोई रहम नही आयी बाद में मारपीट का बीडियो वायरल होने पर पुलिस हरकत में आयी और दबंग के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है।

गांव के लखनलाल पाल खेत से ट्रैक्टर लेकर लौट रहा है, तभी भरसवां गांव निवासी सौरभ यादव रास्ते में दो साथियों के साथ उसे ट्रैक्टर से खींच कर उसकी पिटाई करना शुरू कर दी। पीड़ित किसान लगातार हाथ जोड़ कर दबंगों के सामने गिड़गिड़ा रहा है, लेकिन दबंग उस पर ताबड़तोड़ लाठियों से हमला करते रहे हैं। इस संबंध में जानकारी करने पर पीड़ित किसान लखनलाल पाल ने बताया की बीते रविवार को इन दबंगों की महिलाएं उसके खेत की मेड़ पर खड़े बबूल के पेड़ को काट रहीं थीं, जिस पर उसने पेड़ काटने से मना किया था, इसी बात को लेकर आरोपी सौरभ ने अपने दो सहयोगियों के साथ मिलकर सोमवार की शाम रास्ते में रोककर उसे लाठियों से पीटा है। पीड़ित लखनलाल पाल ने बिवांर थाना पुलिस को तीनों आरोपियों के खिलाफ तहरीर दे दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।


किसान पर लाठिया बरसाता दबंग पायनियर

# हनुमान के अतुलित बल और पराक्रम देख दर्शकों ने बजाई तालियां

संवाददाता। कोंच(जालौन)

**कोंच** रामलीला के जारी 170वें महोत्सव में सोमवार की रात लंका दहन लीला का शानदार मंचन किया गया जिसमें सभी पात्रों ने अपने अभिनय में जान फूंकने का बहुत ही उम्दा प्रयास किया। इस लीला में हनुमान के अतुलित बल और पराक्रम का वर्णन है। सीता से अशोक वाटिका में भेंट कर अक्षय का हनुमान ने बध किया और लंका में आग लगाकर हनुमान ने रावण को कड़ा संदेश दिया।

प्रसंग में दिखाया गया कि सुग्रीव वानरों को बुलाकर उन्हें सीता की खोज एक माह के भीतर कर लौटने का आदेश देकर चारों दिशाओं में भेजता है। अंगद की अगुवाई में दक्षिण दिशा की ओर जाने वाले दल में हनुमान, जामवंत, नील, नल आदि शामिल हैं जिन्हें चलते चलते भूख और प्यास सताती है तब उनकी भेंट तपस्विनी स्वयंप्रभा से होती है जो उन्हें समुद्र तट पर भेज देती है। वहां संपाती उन्हें सीता के लंका में होने की बात बताता है। आकाश मार्ग से जाते हनुमान के बल और बुद्धि की परीक्षा लेने के लिए सर्पों की माता सुरसा मिलती हैं। लंका पहुंचने पर लंकिनी उनका मार्ग रोकती है जिसे एक ही घूंसे में हनुमान मूर्छित कर देते हैं। बिभीषण से भी हनुमान की भेंट होती है जो परम रामभक्त है। वह बताता है कि सीता अशोक वाटिका में है। हनुमान वहां सीता से भेंट कर सारा वृत्तांत सुनाते हैं और उनसे आज्ञा लेकर फल खाने के बहाने वाटिका उजाड़ देते हैं। हनुमान द्वारा रावण पुत्र अक्षय का बध, मेघनाद द्वारा ब्रह्म पाश में बंधने और रावण से गर्मागर्म संवादों का दर्शकों ने आनंद उठाया। रावण का आदेश पाकर राक्षस हनुमान की पूंछ में आग लगा देते हैं और हनुमान लंका जला देते हैं। हनुमान की भूमिका सिद्धहस्त कलाकार रमेश तिवारी, रावण संजय सिंघाल, बिभीषण प्रमोद सोनी, लंकिनी अभिषेक रिछारिया श्पुन्नीश, सुग्रीव लकी दुवे, अंगद महावीर लाक्षकार, जामवंत शिवकुमार गुप्ता, मेघनाद गिरिधर सकेरे, अक्षय कुमार धनु आदि ने बखूबी निभाए।

